Year - 10 Volume - 40
April 2026

ISSN 2456-0898



# GLOBAL THOUGHT
# (ग्लोबल थॉट)

(MULTI DISCIPLINE MULTI LANGUAGE RESEARCH JOURNAL)

(An International Peer Reviewed Refereed Quarterly Research Journal)

http://www.gtirj.com

❍ Year : 10 ❍ Volume : 40 ❍ April 2026 ❍ ISSN : 2456-0898

# GLOBAL THOUGHT

# ग्लोबल थॉट

(MULTI DISCIPLINE MULTI LANGUAGE RESEARCH JOURNAL)

(An International Peer Reviewed Refereed Quarterly Research Journal)

*Special Note :*

***Anti National Thoughts are not acceptable.***

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक रूपेश कुमार चौहान द्वारा 47, ए-3 ब्लॉक, गली नं. 5, धर्मपुरा एक्सटेंशन, (नजदीक संकट मोचन मंदिर), पी.एस. नजफगढ़, दिल्ली से प्रकाशित एवं डॉल्फिन प्रिंटोग्राफिक्स, 4 ई/7, पाबला बिल्डिंग, झंडेवालान् एक्सटेंशन, नई दिल्ली में मुद्रित।
सम्पादक-रूपेश कुमार चौहान

**Ph. 09555222747, 9267944100, 9555666907**
**• Website : www.gtirj.com**
**Email : researchjournal2016@gmail.com**

# प्रकाशनार्थ सूचना

* **शोध-पत्र हमारी विशेषज्ञ समीक्षा समिति (Peer Reviewed Committee) के द्वारा द्वि-स्तरीय समीक्षित होकर प्रकाशन हेतु स्वीकृत किया जाता है।**
* शोध-पत्र प्राप्त होने के उपरांत शोधार्थी के पास ईमेल / व्हाट्सएप्प या फोन के माध्यम से शोध-पत्र प्राप्ति की सूचना दी जायेगी।
* शोध-पत्र प्राप्त होने के उपरांत सम्पादक-मंडल द्वारा इसे सम्बन्धित विषय के विशेषज्ञ (रीव्यूवर) के पास भेजा जायेगा। जिसका विषय विशेषज्ञ द्वारा विधिवत मूल्यांकन एवं परीक्षण / संशोधन किया जायेगा। तदुपरांत सम्पादक मंडल के पास प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जायेगा।
* विषय विशेषज्ञ / सम्पादक मंडल के पास शोध-पत्र के प्रकाशन / संशोधन का पूर्ण अधिकार होगा।
* कोई भी शोध-पत्र सम्पादक मंडल / रीव्यू पैनल द्वारा पूर्णतया मूल्यांकन के उपरांत ही प्रकाशित किया जायेगा।
* पूर्णतया स्वीकृति के उपरांत ही किसी भी शोधार्थी को सम्बन्धित आलेख के प्रकाशन की सूचना दी जायेगी।
* लेखक से अनुरोध है कि शोध-पत्र वॉकमैन चाणक्य 905 या क्रुतिदेव फॉन्ट में वर्ड या पेजमेकर में टाइप (टङ्कण) कराकर शोध-पत्रिका के ई-मेल पर प्रेषित करें।
* शोध-लेख **अंग्रेजी, हिन्दी अथवा संस्कृत भाषा में** न्यूनतम 1500 शब्द एवं अधिकतम 3000 शब्द तक मान्य है तथा इसके साथ लेखक का पद-नाम, कीवर्ड्स, सारांश एवं सभी संदर्भ के साथ स्वयं की फोटो (छवि-चित्र) अत्यन्त अनिवार्य है।
* प्रकाशनार्थ प्राप्त लेख सलाहकार परिषद् एवम् संपादक मण्डल की अनुमति के पश्चात् स्तरीय होने पर ही प्रकाशित होगा।
* शोध-पत्र भेजने के बाद उसे प्रकाशित करने हेतु किसी भी तरह का दबाव स्वीकार्य नहीं होगा। शोध-पत्र में यदि चित्र का प्रयोग हुआ है तो उसे भी अवश्य प्रेषित करें।
* **'ग्लोबल थॉट'** किसी भी तरह के परामर्श का स्वागत करती है, इसलिए अपनी प्रतिक्रिया अवश्य दें।
* यह स्पष्ट किया जाता है कि शोध पत्र में प्रस्तुत तथ्य शोधकर्त्ता के अपने विचार हैं तथा सलाहकार परिषद् एवं सम्पादक मण्डल का इसमें कोई सरोकार नहीं होगा। इसके लिए शोधकर्त्ता स्वयं उत्तरदायी है।
* शोध-पत्रिका की किसी भी सामग्री को प्रकाशक एवं मुद्रक की जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशन अनुचित होगा।
* प्रत्येक अङ्क पत्रिका की वेबसाइट पर अध्ययन हेतु उपलब्ध रहता है।
* अपेक्षित आर्थिक सहयोग अथवा अंशदान के लिए हम आपके अत्यंत आभारी रहेंगे।
* **कृपया लेख के साथ अपनी पासपोर्ट साइज की फोटो अवश्य भेजें।**
* **पत्रिका का वितरण नि:शुल्क किया जाता है एवं विशेष अनुदान के लिए किसी पर कोई प्रतिबंध नहीं है। प्रकाशन के लिए कोई भी आवश्यक शुल्क नहीं है।**
* **आगामी अङ्क में प्रकाशनार्थ लेख आमंत्रित हैं। यदि आप लेख टाइप करा कर भेजने में असमर्थ हैं तो हस्तलिखित प्रति पत्रिका में दिये गये पत्र-व्यवहार के पते पर भेज दें।**

**Email : researchjournal2016@gmail.com • Website : www.gtirj.com**

## सलाहकार परिषद् :

- **डॉ. मनमोहन सिंह चौहान**
*(कुलपति, पंडित गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखण्ड)*
- **प्रो. इन्द्र नारायण सिंह**
*(बौद्ध अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **प्रो. गिरीश चन्द्र पंत**
*(पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली)*
- **प्रो. रामनाथ झा**
*(संस्कृत एवं प्राच्य विद्या अध्ययन संस्थान, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **डॉ. राजवीर शर्मा**
*(पूर्व प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र विभाग, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **प्रो. मोहम्मद मंसूर आलम**
*(अध्यक्ष, उर्दू विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया)*
- **प्रो. रसाल सिंह**
*(प्रोफेसर एवं प्राचार्य, रामानुजम् महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **डॉ. सोहनपाल सुमनाक्षर**
*(राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारतीय दलित साहित्य अकादमी एवं प्रसिद्ध दलित चिंतक)*
- **प्रो. सुभाष कुमार सिंह**
*(प्रोफेसर एवं प्राचार्य, सत्यवती महाविद्यालय (प्रातः), दिल्ली)*
- **प्रो. सत्यदेव पोद्दार**
*(इतिहास विभाग, त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, त्रिपुरा)*
- **प्रो. काशीनाथ जेना**
*(राजनीति-शास्त्र विभाग, त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, त्रिपुरा)*
- **डॉ. राघवेन्द्र प्रताप सिंह**
*(इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश)*
- **डॉ. एम. रहमतुल्लाह**
*(कंसल्टिंग एडिटर, दूरदर्शन न्यूज, भारत सरकार)*
- **प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह**
*(रसायन शास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*

**© सर्वाधिकार सुरक्षित : रूपेश कुमार चौहान**

**ISSN : 2456-0898**

**विशेष सूचना :** शोध पत्रिका में प्रकाशित लेखों में दिए गये तथ्यों और इनसे सम्बन्धित किसी भी विवाद का पूर्ण दायित्व लेखक का होगा, प्रकाशक, सम्पादक, मुद्रक एवं पत्रिका से सम्बन्धित अन्य किसी भी व्यक्ति का नहीं। प्रेषित स्पष्टीकरण अवश्य प्रकाशित किया जायेगा।

- सभी पद अवैतनिक एवं परिवर्तनीय हैं।
- **'ग्लोबल थॉट'** से संबंधित सभी विवादास्पद मामले केवल दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे।
- सारे भुगतान मनीआर्डर : चेक/ बैंक ड्राफ्ट **'वाक् सुधा'** के नाम से किए जाएं। कृपया दिल्ली से बाहर के चेक में बैंक कमीशन के 35.00 रुपये अतिरिक्त जोड़ें।

**Registered Office :** *H.No. 47, A-3 Block, Gali No. 5,*
*Near Sankat Mochan Mandir, Dharampura Extn., Najafgarh, Delhi-110043*
**Ph. 09555222747, 9267944100, 9555666907 • Website : www.gtirj.com**

*Editor*
***Dr. Rupesh Kumar Chauhan***
M.A., M.Phil., Ph.D. (Sanskrit),
M.A. (History)
*Assistant Professor*
Kirorimal College, University of Delhi
Mob : 9555222747, 9267944100

*Executive Editior*
***Dr. Pramod Kumar Singh***
M.A., Ph.D. (Sanskrit), M.A. (Philosophy)
Gold Medalist
Associate Professor,
Department of Sanskrit, Maitreyi College,
University of Delhi
Mob : 9717189242

*Sub.- Editor*
***Dr. Rajesh Kumar***
M.A., M.Phil., Ph.D. (Sanskrit)
*Assistant Professor*
Department of Sanskrit
PGDAV College (Morn.),
University of Delhi, Delhi
Mob. 9555666907, 9891526584

*Legal Advisor :*
***Arun Kumar Shukla***
LL.B., LL.M., D.U.
Mob. : 7011474039, 9650088311

*Managing Editor*
***Thakur Prasad Chaubey***
Mob. : 9810636082

*Office Addresses :*
***Head Office (Delhi) :***
**Dharam Pal**
*309, Usha Kiran Building, Commercial Complex, Azadpur,* ***Delhi****-110033*
*Mob : 9267944100*

***Branch Office (International) :***
• **Mrs Kirthee Devi Ramjatton**
Impasse Bois Cheri, Bois Cheri Road,
Moka- 80804 Mauritius
Email: kdramjatton@yahoo.com
Contact no.: +230 57882178

• **Correspondence Address :**
B-11/39, MIG Flats IIIrd Floor,
Near DDA Market,
Sector 18, Rohini, Delhi-110089
Mob : 9555222747

• **Correspondence Address :**
House No. 417, Ist Floor,
Paradise Apartment, Sector-18,
Rohini, Delhi-110089
Mob. : 9267944100

• **Branch Office :**
R 7-8, Ward No. 2,
Near Football Ground, Transit Camp,
Rudrapur, Udham Singh Nagar,
Uttrakhand-263153
Mob. : 8433465378

**Website : www.gtirj.com**

*Designer :*
***Kawal Malik, J.D. Computers***
Mob. : 9818455819

## सम्पादक मंडल :

- **डॉ. शाहिद तस्लीम**
*(असिस्टेंट प्रोफेसर, उज्बेक भाषा विशेषज्ञ, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली)*
- **डॉ. शंकर नाथ तिवारी**
*(एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, त्रिपुरा)*
- **प्रो. गिरिधर गोपाल शर्मा**
*(प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, पीजीडीएवी महाविद्यालय (प्रातः), दिल्ली)*
- **प्रो. दिलीप कुमार झा**
*(प्रोफेसर, संस्कृत विभाग, पीजीडीएवी महाविद्यालय (प्रातः), दिल्ली)*
- **डॉ. जितेन्द्र कुमार**
*(असिस्टेंट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय)*
- **डॉ. देवेन्द्र नाथ ओझा**
*(असिस्टेंट प्रोफेसर, एमिटी इंस्टीट्यूट फॉर संस्कृत स्टडीज, एण्ड रिसर्च, एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, नोएडा)*
- **डॉ. वी.के. तोमर**
*(एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **डॉ. चंद्रशेखर पासवान**
*(बौद्ध अध्ययन एवं सभ्यता विभाग, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा)*
- **डॉ. के.के. झा**
*(सीनियर लेक्चरर, हिन्दी विभाग, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, मोका, मॉरिशस)*
- **डॉ. सुधीर कुमार सिंह**
*(एसोसिएट प्रोफेसर, राजनीति विभाग, दयाल सिंह कॉलेज (प्रातः), दिल्ली)*
- **प्रो. चन्द्रशेखर राम**
*(प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय, दिल्ली)*
- **डॉ. नन्दिनी सहाय**
*(समाज-कार्य विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा)*
- **Mrs. Kirthee Devi Ramjatton**
*(Senior Lecturer, Department of Sanskrit, School of Indological Studies, Mahatma Gandhi Institute, Moka - 80808 Mauritius)*
- **डॉ. कुमारी शुभ्रा**
*(प्रख्यात लेखिका एवं साहित्यकार, दिल्ली)*
- **डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी**
*(एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, श्यामलाल महाविद्यालय (सांध्य), दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **प्रो. प्रद्युम्न कुमार सेठी**
*(भौतिक विभाग, किरोड़ीमल महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*
- **डॉ. सुनील कुमार सिंह**
*(एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन शास्त्र विभाग, किरोड़ीमल महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)*

## संरक्षक :

- **प्रो. जगमोहन सिंह राजपूत**
(पद्मश्री सम्मानित एवं पूर्व एन.सी.ई.आर.टी. निदेशक, दिल्ली)
- **प्रो. मदन मोहन अग्रवाल**
(पूर्व अध्यक्ष एवं संकाय अध्यक्ष,
संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली)
- **प्रो. दलवीर सिंह चौहान**
(पूर्व अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया, बिहार)

# अनुक्रमणिका

*Editorial* ---------------------------------------- viii
**हिंदी साहित्य और समाज-निर्माण : विमर्श, समालोचना और संभावनाएँ** .................................. 1
*जय प्रकाश नारायण*
**प्रकृति और आदिवासी संस्कृति : आदिवासी साहित्य** .... 8
*आरती थापा*
**'नेपथ्य राग' नाटक में स्त्री अस्मिता के चिह्न** .......... 12
*स्नेहा*
**सुप्रसिद्ध साहित्यिक रचनाओं पर बनी हिंदी की कालजयी फिल्में** ................................................ 16
*डॉ. चित्तरंजन कुमार*
**आजादी के बाद आदिवासी राजनीतिक संघर्ष के संदर्भ में हिन्दी उपन्यास** .................................. 23
*अमित कुमार सिंह*
**दलित महिला : सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और कानूनी संघर्षों का बहुआयामी विश्लेषण** ........ 31
*आयुषी*
**भारत में आंतरिक सुरक्षा की बदलती प्रवृत्तियाँ और उसका प्रभाव** ............................................ 37
*डॉ. रंजीत कुमार / जयवर्द्धन कुमार*
**India-Bangladesh Relations in the Post-Pandemic Era: Structural Transformation in Human Development, Trade, and Sustainability** ---------------------- 45
*Dr. Ram Pravesh Roy*
**Educational and Socio-Cultural Status of Dalit Women in Haryana: Role of SCSP** ---------- 53
*Neetu*
**A Decade of Nari Shakti: Evaluating the Multi-Sectoral Impact and Implications of the Beti Bachao Beti Padhao (BBBP) Scheme in India** ---------------------------------- 57
*Arti Kumari*
**From Liability to Agency: Evaluating the Balika Samriddhi Yojana in the Educational Journey of Dalit Girls** ----------- 64
*Riya Tiwari*
**Inclusive Society and its Need for Sustainable Development in Post-Pandemic Era in India** --- 69
*Dr. Archita Singh*
**An Analysis of the Educational Empowerment of Women in Haryana with Special Reference to the Balika Samridhi Yojana** --- 73
*Anjali*
**Renewable Energy and Sustainable Living: Building a Greener Future for all** ----------- 77
*Tushar*
**रामानंद सम्प्रदाय : मध्यकालीन भारतीय समाज में समावेशी चेतना का विश्लेषण** .......................... 81
*प्राञ्जल सिंह*
**Soft Pragmatism enroute Strategic Partnership: India and Morocco Relations** --- 87
*Dr. Tsupokyemla*
**Re-evaluating the Concepts of 'Killer' and 'Healer' in Buddhist Narratives and Modern Historiography: A Re-evaluation of the Personality of Ashoka the Great** ---- 94
*Krishna Murari*
**The Dialectics of Word and Essence: A Comparative Investigation of Maṇḍana Miśra's Sphoṭasiddhi and Vācaspati Miśra's Tattvabindu** ----------- 103
*Devaki Mishra*
**नवजागरणकालीन पत्रिकाएँ और स्त्री-प्रश्न : स्त्री की बदलती उपस्थिति का अध्ययन** ............. 107
*विकास कुमार*
**मर्यादा के आवरण से समाधि का संगीत : कबीर और ओशो की विद्रोही वैचारिकी का तुलनात्मक समाजशास्त्र** .................................. 111
*मृत्युंजय कुमार शर्मा*
**माधवी के जीवन की त्रासदी पुरुष अहं का शिकार** ... 117
*मुस्कान गिरि*
**वैराग्य का पलायन बनाम सृजन का यथार्थ : 'यशोधरा' और 'यशोधरा जीत गई' के विशेष संदर्भ में** ......... 121
*आयुष दुबे*
**आधुनिक हिन्दी साहित्य : चेतना के नए स्वर** ....... 125
*विनय यादव*
**भोजपुरी लोकगीतों में पर्यावरणीय चेतना, देशज ज्ञान और लोक संस्कृति का अंतर्संबंध** ....... 130
*उदित सिंह*
**महाभोज उपन्यास में चित्रित सामाजिक यथार्थ** ...... 135
*श्रेया*

वैश्वीकरण के दौर में भाषा और पहचान : 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म के सन्दर्भ में ................ 139
*निवेदिता*
**Environmental Federalism and Centre–State Relations in Climate Governance in India (2015–2025) ----------------------------146**
*Kalim*
संत रविदास और समतामूलक समाज की कल्पना : बेगमपुरा एक दृष्टि .......................................... 153
*मानसी*
गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों में समकालीन बोध ............................................................ 158
*रवितोष कुमार पाण्डेय*
संत रविदास के काव्य में मानवीय मूल्य.............. 164
*शुभम मणि त्रिपाठी*
ब्लाइंड स्ट्रीट में दृष्टिबाधितों की अंधेरी दुनिया का सच......................................................... 169
*ओम प्रकाश*
पर्यावरणीय संकट और समकालीन कविता ........ 174
*रेशमी कुमारी*
**Determinants of Women's Labour Force Participation in India: Evidence from NFHS-6 ---- 182**
*Himanshi*
**Governance of Urban Food Security in India: State Capacity and Welfare Outcomes -----186**
*Bhupendra / Paritosh*
अशोक के फूल के आधार पर हजारी प्रसाद द्विवेदी की सांस्कृतिक दृष्टि.......................................... 193
*मोहम्मद आजम*
1857 की क्रांति के उपरान्त हरियाणा का राजनीतिक एवं प्रशासनिक पुनर्गठन : एक ऐतिहासिक विश्लेषण ... 197
*कृष्ण कुमार जून*
लोकप्रिय साहित्य में मीडिया विमर्श : स्त्री-छवि का एक आलोचनात्मक अध्ययन........................ 204
*अनिता कुमारी*
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर और विनायक दामोदर सावरकर : लोकतंत्र, जाति-संघर्ष, धार्मिक सुधार और सामाजिक न्याय का तुलनात्मक अध्ययन नवयान बौद्ध धर्म के विशेष संदर्भ में.................. 209
*कनक गौर*
बौद्ध राजनीतिक चिंतन और पारिस्थितिक न्याय : एक समकालीन विश्लेषण ................................ 216
*रूपल*
**A Critical Study of Causation in Nyāya–Vaiśeṣika Philosophy ------------- 223**
*Dr. Vedanidhi*
**Unveiling Potential and Fostering Inclusion: The Role of Women in Africa's Digital Economy -- 231**
*Ms. Madhu Tripathi*
**Air Pollution, Heatwaves and Women's Menstrual Health : Emerging Environmental Challenges in India ---------240**
*Anmol*
**Beyond Vulnerability: Reframing Female Agency in Climate Finance Portfolios from "Victims" to "Architects of Localized Adaptation" ---------------------249**
*Amit Kumar*
**Economic Disparities on the Basis of Gender linkage in Indian Railway Vendors ---------257**
*Akshay Sangita Jagannath*
हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत............. 265
*ज्योति*
नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध........... 272
*डॉ. ज्योति सिंह*
हड़प्पा सभ्यता की निरंतरता और आर्य आक्रमण पर समकालीन दृष्टिकोण ................................ 276
*डॉ. विक्रम सिंह चौधरी*
प्रेमचंद के बाल-साहित्य में कौतूहल और सामाजिक यथार्थ का द्वंद्वात्मक अध्ययन.............. 279
*विजय शंकर गुप्ता*
अशोक के धम्म में धार्मिक समन्वय और सामाजिक नैतिकता : एक अध्ययन ................... 284
*लीशा*
**The Dilemma of Post-Colonial Statehood: Democracy and Authoritarianism in South Asia ---------------------------------------289**
*Shwetank Shukla*
**Upstream Abundance, Downstream Power: China's Processing Dominance and the Geopolitics of Critical Mineral Supply Chains ------------ 294**
*Aabhankita*
**Indian Perspective on Peace: Embracing the Idea of Vasudhaiva Kutumbakam -----------303**
*Mohit Yadav*
कश्मीरस्य साहित्ये संस्कृतभाषायाः योगदानम् ...... 310
*डॉ. भूपेन्द्रकुमार:/डॉ. साक्षी*
**Foreign Aid and Transitional Justice in Africa's Great Lakes Region: A Comparative Analysis of Rwanda's Gacaca Courts and Justice Sector Reforms in the Democratic Republic of the Congo -----313**
*Nikita Jyani*
**Panchayati Raj institutions: Features, working and assessment---------------------------------321**
*Tanu*



# सम्पादकीय

श्री सोमनाथ में मई महीने में सोमनाथ पर्व मनाया गया। सोमनाथ में वर्तमान मंदिर के पुर्ननिर्माण और प्राणप्रतिष्ठा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पांच दिनों का यह अमृत पर्व मनाया गया। इससे पहले जनवरी में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 8 से 11 जनवरी के बीच मनाया गया था। यह उत्सव विनाश को याद करते हुए नहीं बल्कि आस्था, सांस्कृतिक आत्मसम्मान और पुनर्जन्म की भावना के सम्मान के रूप में मनाया गया।

गौरतलब है कि सोमनाथ में यह आयोजन 1026 ई. में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया गया। (1026–2026) सोमनाथ मंदिर पर 17 वार हमला हुआ। जिसमें 1026, 1297, 1394 और 1706 में औरंगजेब के शासन काल में मंदिर को लूटा गया और ध्वस्त किया गया। इसलिए सोमनाथ कट्टरता पर आस्था का, विनाश पर सृजन का प्रतीक है। इस तरह पहले हमले से लेकर अंतिम आक्रमण तक विधर्मियों ने मंदिर को लूटा। सोमनाथ का यह संघर्ष 1000 साल का लम्बा संघर्ष है। हजारों साल में हिंदुओं की आस्था को कोई डिगा नहीं सका। इन हजार सालों में विनाश और पराजय के बीच विजय और पुनर्निर्माण भी हम सबके पूर्वजों ने कराया। पूर्वजों के पराक्रम, त्याग और बलिदान की कथा के पर्व का नाम है सोमनाथ पर्व। देश जब आजाद हुआ तो राष्ट्र के स्वाभिमान को पुन:स्थापना के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 13 नवम्बर 1947 को सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। सरदार पटेल ने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर कहा था कि इस नववर्ष (दिपावली के दिन) पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह का योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी। उनके इस संकल्प ने न सिर्फ सौराष्ट्र, गुजरात बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष अमूल्य योगदान दिया।

1951 में मंदिर जब बनकर तैयार हुआ तब सरदार पटेल जीवित नहीं थे। तब देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के द्वारा इस मंदिर का लोकार्पण और प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 11 मई 1951 को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अपने भाषण में डॉ राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। 75वीं वर्षगांठ अवसर है उन बलिदानियों को स्मरण करने का जिन्होंने अपने जान से उपर सोमनाथ के मान को रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री सोमनाथ न्यास के प्रमुख हैं। द्वादश परम पवित्र ज्योतिर्लिंगों में पहले स्थान पर सोमनाथ का ज्योतिर्लिंग है। जिसका उल्लेख स्कन्द पुराण श्रीमद्भागवत, शिवपुराण आदि में है। सोमनाथ केवल एक सनातनी हिंदुओं का पवित्र पूजा स्थल नहीं है। हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनन्त काल की अनूभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितना भी विकराल क्यों न हो, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लम्बे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस बात से अपनी बात समाप्त करता हूँ कि सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है तब उसे लम्बे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भावना है। सोमनाथ में आप भारत के उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाएं रखा।

**— डॉ. राजेश कुमार**
*उपसम्पादक*

शोध-पत्र

# हिंदी साहित्य और समाज-निर्माण : विमर्श, समालोचना और संभावनाएँ



जय प्रकाश नारायण


**शोध-सार**

प्रस्तुत लेख ''हिंदी साहित्य और समाज-निर्माण : विमर्श, आलोचना और संभावनाएँ'' विषय के अंतर्गत साहित्य और समाज के गहरे तथा अंतर्संबंधित स्वरूप का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें प्रतिपादित किया गया है कि हिंदी साहित्य केवल समाज का प्रतिबिंब मात्र नहीं है, बल्कि उसके निर्माण, पुनर्गठन और परिवर्तन का एक सक्रिय एवं सशक्त माध्यम भी है। लेख में भारतेन्दु युग से लेकर समकालीन हिंदी साहित्य तक की विभिन्न धाराओं का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि साहित्य ने सामाजिक समानता, जागरूकता, न्याय, मानवता और संवेदनशीलता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

भारतेन्दु हरिश्चंद्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, प्रेमचंद, निराला और मुक्तिबोध जैसे साहित्यकारों के साथ-साथ समकालीन दलित और स्त्री लेखन के उदाहरणों के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि हिंदी साहित्य ने सामाजिक विसंगतियों, असमानताओं और अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त आलोचनात्मक दृष्टि विकसित की है। इसके अतिरिक्त, लेख में वैश्वीकरण, उदारीकरण और डिजिटल माध्यमों के प्रभावों का भी विश्लेषण किया गया है, जो साहित्य के स्वरूप और उसके सामाजिक सरोकारों को प्रभावित करते हैं।

अंततः यह निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है कि हिंदी साहित्य समाज-निर्माण की प्रक्रिया में एक जीवंत, गतिशील और परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में कार्य करता है, जो वर्तमान और भविष्य दोनों में सामाजिक चेतना, मानवीय मूल्यों और समावेशी विकास को दिशा प्रदान करने में सक्षम है।



**मुख्य शब्द**

हिंदी साहित्य, साहित्य और समाज, समाज-निर्माण, सामाजिक विमर्श, समकालीन साहित्य और सामाजिक परिवर्तन।


**प्रस्तावना**

हिंदी साहित्य भारतीय समाज की सांस्कृतिक स्मृति, ऐतिहासिक अनुभव और वैचारिक चेतना का एक बहुआयामी और जीवंत दस्तावेज है, जो केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय हस्तक्षेप करने वाली सृजनात्मक शक्ति भी है। साहित्य का मूल स्वभाव ही ऐसा है कि वह व्यक्ति के अनुभवों को सामूहिक अनुभवों में रूपांतरित करता है और इस प्रकार सामाजिक चेतना का निर्माण करता है। यही कारण है कि साहित्य को केवल 'कला' या 'रचना' के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रिया के रूप में भी देखा जाता है।

हिंदी साहित्य का विकासक्रम यह स्पष्ट करता है कि यह केवल यथार्थ का चित्रण नहीं करता, बल्कि उस यथार्थ को बदलने की आकांक्षा भी रखता है। भारतेन्दु युग से लेकर समकालीन साहित्य तक, हिंदी साहित्य ने सामाजिक जागरण, राष्ट्रीय चेतना, नैतिक पुनर्संरचना, वर्ग-संघर्ष, लैंगिक समानता, दलित अस्मिता और सांस्कृतिक पुनर्परिभाषा जैसे अनेक विमर्शों को अपने भीतर समाहित किया है।

समकालीन संदर्भ में, जब समाज वैश्वीकरण, उदारीकरण, डिजिटल क्रांति और सांस्कृतिक विखंडन के दौर से गुजर रहा है, तब साहित्य की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह लेख हिंदी साहित्य को समाज-निर्माण की प्रक्रिया में एक

सक्रिय, समालोचनात्मक और संभावनाशील शक्ति के रूप में विश्लेषित करता है।

**साहित्य और समाज का अंतर्संबंध : सैद्धांतिक परिप्रेक्ष्य**

साहित्य और समाज का संबंध अत्यंत गहरा, जीवंत और परस्पर एक दूसरे पर निर्भर है। यह संबंध केवल इतना नहीं है कि साहित्य समाज का प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है, बल्कि यह उससे कहीं अधिक जटिल और सक्रिय प्रक्रिया है, जिसमें साहित्य और समाज दोनों एक-दूसरे को निरंतर प्रभावित, रूपांतरित और विकसित करते रहते हैं। साहित्य समाज से जन्म लेता है और उसकी भाषा, संस्कृति, परंपराएँ, संघर्ष और अनुभव साहित्य को आकार देते हैं। इसके बदले में साहित्य समाज को नई दृष्टि, संवेदनशीलता और वैचारिक दिशा प्रदान करता है। इस प्रकार यह संबंध एक सतत संवाद की तरह है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे के बिना अधूरे हैं।

भारतीय परंपरा में साहित्य को सदैव 'लोकमंगल' से जोड़ा गया है। इसका अर्थ है कि साहित्य केवल मनोरंजन या सौंदर्य-बोध का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के कल्याण, नैतिक उन्नयन और सांस्कृतिक विकास का साधन भी है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने साहित्य को 'लोकमंगल की भावना' से प्रेरित माना, जो समाज के व्यापक हित में कार्य करता है। इस दृष्टिकोण के अंतर्गत साहित्य का मूल्य इस बात से तय होता है कि वह समाज के जीवन को कितना समृद्ध और सार्थक बनाता है। इसलिए हिंदी साहित्य की परंपरा में हम पाते हैं कि प्रमुख रचनाकारों ने अपने समय की सामाजिक समस्याओं, जैसे असमानता, अन्याय, अंधविश्वास और शोषण को अपने लेखन का केंद्र बनाया और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में योगदान दिया।

पाश्चात्य साहित्यिक चिंतन में भी साहित्य और समाज के संबंध पर गहन विचार किया गया है। मार्क्सवादी दृष्टिकोण के अनुसार साहित्य समाज की आर्थिक और सामाजिक संरचना का प्रतिबिंब होता है। कार्ल मार्क्स के सिद्धांत के अनुसार समाज की 'आधार संरचना' आर्थिक व्यवस्था और 'अधिरचना' विचार, संस्कृति, साहित्य आदि के बीच गहरा संबंध होता है। इस दृष्टि से साहित्य केवल व्यक्तिगत अनुभवों की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि वर्ग-संघर्ष, शोषण और सामाजिक असमानताओं का दर्पण भी होता है। हिंदी साहित्य में प्रगतिवादी धारा इसी दृष्टिकोण से प्रभावित रही, जिसमें साहित्य को सामाजिक परिवर्तन का उपकरण माना गया।

इसके साथ ही, आधुनिक साहित्यिक सिद्धांतों ने साहित्य और समाज के संबंध को और अधिक व्यापक और बहुआयामी रूप में समझने का प्रयास किया है। स्त्रीवादी आलोचना साहित्य को पितृसत्तात्मक संरचनाओं के विरुद्ध एक प्रतिरोध के रूप में देखती है। यह बताती है कि साहित्य में स्त्रियों के अनुभवों और उनकी आवाज को कैसे दबाया गया और किस प्रकार स्त्री लेखन ने इस मौन को तोड़ा। हिंदी साहित्य में महादेवी वर्मा, मन्नू भंडारी और कृष्णा सोबती जैसे लेखकों ने स्त्री अनुभवों को केंद्र में लाकर समाज की लैंगिक असमानताओं को उजागर किया।

इसी प्रकार, उपनिवेशोत्तर दृष्टिकोण साहित्य को औपनिवेशिक सत्ता और सांस्कृतिक वर्चस्व के विरुद्ध एक विमर्श के रूप में देखता है। यह बताता है कि किस प्रकार साहित्य ने औपनिवेशिक मानसिकता का विरोध किया और स्वदेशी पहचान को स्थापित करने का प्रयास किया। भारतेन्दु युग और उसके बाद का हिंदी साहित्य इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता के विचार स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

साहित्य उन वर्गों की आवाज को सामने लाने का प्रयास करता है, जो इतिहास और मुख्यधारा के विमर्शों में उपेक्षित रहे हैं, जैसे दलित, आदिवासी और श्रमिक वर्ग। हिंदी साहित्य में दलित साहित्य का उदय इसी प्रक्रिया का परिणाम है, जिसमें ओमप्रकाश वाल्मीकि, तुलसीराम और अन्य लेखकों ने अपने अनुभवों के माध्यम से समाज की गहरी असमानताओं को उजागर किया। यह साहित्य समाज के उन पहलुओं को सामने लाता है, जिन्हें लंबे समय तक अनदेखा किया गया।

साहित्य और समाज के अंतर्संबंध को समझने के लिए यह भी आवश्यक है कि हम इसे केवल सिद्धांतों तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जीवन के अनुभवों से जोड़कर देखें। साहित्य समाज के भीतर मौजूद भावनाओं, संबंधों और संघर्षों को अभिव्यक्त करता है। यह मनुष्य को अपने समय और परिवेश को समझने में सहायता करता है। जब कोई पाठक किसी साहित्यिक रचना को पढ़ता है, तो वह केवल शब्दों को नहीं पढ़ता, बल्कि उन अनुभवों और संवेदनाओं से जुड़ता है, जो उस रचना में निहित हैं। इस प्रकार साहित्य व्यक्ति के भीतर संवेदनशीलता और सहानुभूति का विकास करता है, जो समाज-निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, साहित्य समाज में संवाद स्थापित करने


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। यह विभिन्न वर्गों, समुदायों और संस्कृतियों के बीच पुल का कार्य करता है। जब साहित्य विभिन्न अनुभवों और दृष्टिकोणों को सामने लाता है, तो यह समाज में समझ, सहिष्णुता और समरसता को बढ़ावा देता है। इस दृष्टि से साहित्य केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और संवाद का भी आधार है।

समकालीन संदर्भ में साहित्य और समाज का संबंध और भी जटिल हो गया है। डिजिटल तकनीक, सोशल मीडिया और वैश्वीकरण ने साहित्य के स्वरूप और उसकी पहुँच को बदल दिया है। अब साहित्य केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से व्यापक समाज तक पहुँच रहा है। इससे साहित्य का लोकतंत्रीकरण हुआ है, लेकिन इसके साथ ही गुणवत्ता और गहराई की चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। फिर भी, यह परिवर्तन साहित्य और समाज के संबंध को और अधिक गतिशील और व्यापक बनाता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि साहित्य और समाज का संबंध एक जीवंत और सतत प्रक्रिया है, जिसमें दोनों एक-दूसरे को निरंतर प्रभावित करते हैं। साहित्य समाज का केवल दर्पण नहीं, बल्कि उसका आलोचक, मार्गदर्शक और निर्माता भी है। यह समाज के भीतर चेतना, संवेदना और परिवर्तन की प्रक्रिया को जन्म देता है। इसलिए साहित्य को समझना वास्तव में समाज को समझना है, और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में साहित्य की भूमिका को स्वीकार करना आवश्यक है।

**हिंदी साहित्य में समाज-निर्माण का विमर्श : ऐतिहासिक विकास**

हिंदी साहित्य में समाज-निर्माण का विमर्श एक सतत और विकसित होती हुई प्रक्रिया है, जो विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों के माध्यम से अपने स्वरूप, दृष्टि और उद्देश्य में परिवर्तन करता हुआ दिखाई देता है। यह विमर्श किसी एक समय या धारा तक सीमित नहीं है, बल्कि हिंदी साहित्य के विकासक्रम में निरंतर प्रवाहित होता रहा है। विशेषतः भारतेन्दु युग से लेकर समकालीन साहित्य तक, हिंदी साहित्य ने समाज के निर्माण, सुधार और पुनर्गठन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस ऐतिहासिक विकास को समझने के लिए विभिन्न साहित्यिक कालों को उनके सामाजिक संदर्भों के साथ देखना आवश्यक है।

भारतेन्दु युग हिंदी साहित्य में आधुनिक चेतना और सामाजिक जागरण का प्रारंभिक चरण माना जाता है। इस समय भारतीय समाज औपनिवेशिक शासन, आर्थिक शोषण, सामाजिक कुरीतियों और सांस्कृतिक हीनता की भावना से जूझ रहा था। ऐसे दौर में भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने साहित्य को समाज के जागरण का माध्यम बनाया। उन्होंने नाटक, निबंध और पत्रकारिता के माध्यम से समाज की समस्याओं, जैसे अंधविश्वास, जातिवाद, स्त्री-शिक्षा की कमी और आर्थिक विषमता को उजागर किया। उनके लेखन में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सुधार और आधुनिक दृष्टिकोण का समन्वय मिलता है। इस प्रकार भारतेन्दु युग ने हिंदी साहित्य में समाज-निर्माण के विमर्श की आधारशिला रखी। उन्होंने अपनी मातृभाषा को समाज के विकास का आधार बताते हुए कहा है;

''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल
बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥''

इसके पश्चात द्विवेदी युग में हिंदी साहित्य ने एक अधिक अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण स्वरूप ग्रहण किया। महावीर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में साहित्य को नैतिकता, सामाजिक सुधार और राष्ट्रनिर्माण के साथ जोड़ा गया। इस युग के साहित्यकारों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, जैसे बाल-विवाह, अशिक्षा, स्त्री-असमानता और सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध लेखन किया। मैथिलीशरण गुप्त जैसे कवियों ने अपनी रचनाओं में राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी को प्रमुखता दी। इस काल में साहित्य समाज को शिक्षित और जागरूक बनाने का माध्यम बना, जिससे समाज-निर्माण की प्रक्रिया को वैचारिक और नैतिक आधार मिला। महावीर प्रसाद द्विवेदी भाषा के प्रति सजग और संवेदनशील थे और वे अनुशासन प्रिय थे। राष्ट्रीय जागरण के ओतप्रोत इस काल में मैथिलीशरण शरण गुप्त अपनी लेखनी से राष्ट्र प्रेम की भावना का लोगों में संचार कर रहे थे और देशवासियों को सफल और सार्थक जीवन के लिए प्रेरित कर रहे थे। वे कहते है

''नर हो, न निराश करो मन को
कुछ काम करो, कुछ काम करो
जग में रह कर कुछ नाम करो
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो
समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो
कुछ तो उपयुक्त करो तन को
नर हो, न निराश करो मन को।''

प्रेमचंद के आगमन के साथ हिंदी साहित्य में यथार्थवाद का सशक्त विकास हुआ, जिसने समाज-निर्माण के विमर्श को

अधिक ठोस और व्यावहारिक रूप प्रदान किया। प्रेमचंद ने साहित्य को समाज के वास्तविक जीवन से जोड़ा और आम जनता के संघर्षों को केंद्र में रखा। उनकी रचनाओं में किसान, मजदूर, स्त्री और दलित वर्ग की समस्याएँ अत्यंत मार्मिक और यथार्थवादी रूप में सामने आती हैं। 'गोदान', 'निर्मला' और 'कफन' जैसी रचनाएँ सामाजिक विषमताओं, शोषण और नैतिक विडंबनाओं को उजागर करती हैं। प्रेमचंद ने साहित्य को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाया और यह स्थापित किया कि साहित्य केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के सुधार का सशक्त उपकरण भी है।

छायावाद के काल में हिंदी साहित्य ने एक नई संवेदनात्मक और दार्शनिक ऊँचाई प्राप्त की। यद्यपि इस काल को प्राय: व्यक्तिवादी कहा जाता है, फिर भी इसमें मानवीय मूल्यों और सामाजिक चेतना का गहरा संबंध दिखाई देता है। जयशंकर प्रसाद, सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा और निराला जैसे कवियों ने व्यक्ति की स्वतंत्रता, संवेदनशीलता और आत्मबोध को केंद्र में रखा। निराला की रचनाओं में सामाजिक विद्रोह और करुणा का समन्वय मिलता है, जबकि महादेवी वर्मा के साहित्य में स्त्री चेतना का उदय स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस प्रकार छायावाद ने समाज-निर्माण के विमर्श को भावनात्मक और मानवीय स्तर पर सुदृढ़ किया।

प्रगतिवाद के दौर में हिंदी साहित्य ने समाज-निर्माण को एक वैचारिक और संघर्षशील प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया। इस धारा के साहित्यकारों ने मार्क्सवादी दृष्टिकोण से समाज का विश्लेषण करते हुए वर्ग-संघर्ष, शोषण और असमानता को केंद्र में रखा। नागार्जुन, त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल और अन्य कवियों ने आम जनता के जीवन-संघर्ष को अपनी रचनाओं में स्थान दिया। इस काल में साहित्य केवल यथार्थ का चित्रण नहीं करता, बल्कि उसे बदलने की प्रेरणा भी देता है। प्रगतिवाद ने समाज-निर्माण के विमर्श को एक सक्रिय सामाजिक आंदोलन का रूप प्रदान किया।

इसके बाद प्रयोगवाद और नई कविता के दौर में हिंदी साहित्य ने आधुनिक जीवन की जटिलताओं, मानसिक द्वंद्वों और अस्तित्वगत संकटों को अभिव्यक्त किया। अज्ञेय और मुक्तिबोध जैसे कवियों ने व्यक्ति और समाज के संबंधों को नए दृष्टिकोण से देखा। मुक्तिबोध की रचनाओं में सामाजिक अन्याय, बौद्धिक संघर्ष और नैतिक संकट का गहरा विश्लेषण मिलता है। इस काल में समाज-निर्माण का विमर्श केवल बाहरी संरचनाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि व्यक्ति के आंतरिक जीवन और चेतना तक विस्तारित हो जाता है।

समकालीन हिंदी साहित्य में समाज-निर्माण का विमर्श और अधिक व्यापक, बहुआयामी और समावेशी हो गया है। इस काल में दलित साहित्य, स्त्री विमर्श, आदिवासी लेखन और उत्तर-आधुनिक प्रवृत्तियाँ प्रमुख रूप से उभरती हैं। दलित साहित्य ने समाज के उस वर्ग की आवाज को सामने लाया, जो लंबे समय तक हाशिए पर रहा। ओमप्रकाश वाल्मीकि की 'जूठन' जैसी रचनाएँ जातिगत उत्पीड़न की सच्चाई को उजागर करती हैं। स्त्री विमर्श ने पितृसत्तात्मक संरचनाओं को चुनौती देते हुए स्त्री की स्वतंत्र पहचान और अधिकारों की मांग की। इसी प्रकार आदिवासी साहित्य ने सांस्कृतिक विविधता और हाशिए के अनुभवों को साहित्य में स्थान दिया।

समकालीन संदर्भ में हिंदी साहित्य वैश्वीकरण, डिजिटल तकनीक और बाजारवाद के प्रभावों से भी प्रभावित हो रहा है। डिजिटल माध्यमों ने साहित्य के प्रसार को व्यापक बनाया है, जिससे नए लेखकों को अवसर मिल रहा है और साहित्य अधिक लोकतांत्रिक हुआ है। हालांकि, इसके साथ ही साहित्य की गुणवत्ता और गहराई को लेकर नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इसके बावजूद हिंदी साहित्य आज भी समाज-निर्माण के नए आयामों, जैसे पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

अंतत: यह स्पष्ट होता है कि हिंदी साहित्य में समाज-निर्माण का विमर्श एक निरंतर विकसित होती हुई प्रक्रिया है, जो विभिन्न ऐतिहासिक चरणों से गुजरते हुए आज एक बहुविमर्शी और समावेशी स्वरूप ग्रहण कर चुका है। भारतेन्दु युग से लेकर समकालीन साहित्य तक, हिंदी साहित्य ने समाज के विकास, सुधार और परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भविष्य में भी यह प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

**आलोचनात्मक दृष्टि : साहित्य का हस्तक्षेप और प्रतिरोध**

साहित्य की एक महत्वपूर्ण विशेषता उसकी आलोचनात्मक दृष्टि है, जिसके माध्यम से वह समाज की विसंगतियों, अंतर्विरोधों और अन्यायपूर्ण संरचनाओं को उजागर करता है तथा परिवर्तन की दिशा में हस्तक्षेप करता है। यह आलोचना केवल नकारात्मक या विध्वंसात्मक नहीं होती, बल्कि रचनात्मक होती है, जिसका उद्देश्य समाज को बेहतर बनाना होता है। हिंदी साहित्य में यह आलोचनात्मक चेतना विशेष

रूप से आधुनिक काल में विकसित होती है, जहाँ साहित्यकार समाज की समस्याओं को केवल चित्रित नहीं करते, बल्कि उनके कारणों और प्रभावों का भी विश्लेषण करते हैं। प्रेमचंद के साहित्य में सामाजिक अन्याय और शोषण के विरुद्ध एक सशक्त आवाज सुनाई देती है, जबकि निराला की कविताओं में विद्रोह और करुणा का अद्भुत संगम मिलता है, जो समाज के उपेक्षित वर्गों की पीड़ा को अभिव्यक्त करता है। मुक्तिबोध ने आधुनिक समाज की जटिलताओं और अंतर्विरोधों को गहराई से समझते हुए व्यक्ति की चेतना और सामाजिक संरचना के बीच के संघर्ष को उजागर किया। दलित और स्त्री साहित्य ने इस आलोचनात्मक दृष्टि को और अधिक तीव्र बनाया है, जहाँ समाज की उन संरचनाओं को चुनौती दी जाती है, जो असमानता और अन्याय को बनाए रखती हैं।

**समाज-निर्माण में हिंदी साहित्य की बहुआयामी भूमिका**

हिंदी साहित्य समाज-निर्माण में बहुआयामी और गहन भूमिका निभाता है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के स्तर पर प्रभाव डालती है। साहित्य व्यक्ति के भीतर संवेदनशीलता, सहानुभूति और नैतिकता जैसे गुणों का विकास करता है, जिससे वह समाज के प्रति अधिक जागरूक और जिम्मेदार बनता है। यह समाज में जागरूकता उत्पन्न करता है और लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सचेत करता है, जिससे सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को गति मिलती है।

हिंदी साहित्य भारतीय समाज के निर्माण, परिवर्तन और विकास की प्रक्रिया में एक अत्यंत प्रभावशाली माध्यम रहा है। यह केवल मनोरंजन या भावनात्मक अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक यथार्थ का सजीव दर्पण और समाज के मार्गदर्शन का सशक्त उपकरण भी है। साहित्य और समाज के बीच गहरा और पारस्परिक संबंध होता है। साहित्य समाज से प्रेरणा और विषयवस्तु ग्रहण करता है, वहीं समाज साहित्य से विचार, मूल्य और दिशा प्राप्त करता है। इस प्रकार हिंदी साहित्य समाज निर्माण की प्रक्रिया में बहुआयामी भूमिका निभाता है।

हिंदी साहित्य का आरंभिक स्वरूप ही सामाजिक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है। मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के दौरान संत कवियों ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास, पाखंड और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई। कबीर ने अपने दोहों के माध्यम से यह संदेश दिया कि ईश्वर की प्राप्ति बाहरी आडंबरों से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता और सच्चे आचरण से संभव है। उन्होंने सामाजिक समानता और मानवता का संदेश देते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की। इसी क्रम में तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से आदर्श जीवन मूल्यों, मर्यादा और कर्तव्य की भावना को स्थापित किया, जिसने समाज के नैतिक आधार को सुदृढ़ किया।

आधुनिक काल में हिंदी साहित्य ने सामाजिक यथार्थ को और अधिक स्पष्टता से सामने रखा। मुंशी प्रेमचंद ने अपने उपन्यासों और कहानियों में समाज के विभिन्न वर्गों विशेषकर किसानों, मजदूरों और वंचित समुदायों की समस्याओं का यथार्थ चित्रण किया। उनकी रचनाएँ केवल कहानी नहीं कहतीं, बल्कि समाज की संरचना और उसमें निहित असमानताओं को उजागर करती हैं। 'गोदान' में किसानों की दुर्दशा और कफन में गरीबी की त्रासदी पाठकों को संवेदनशील बनाती है और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता को रेखांकित करती है। प्रेमचंद के साहित्य ने यह स्पष्ट किया कि समाज में न्याय और समानता के बिना वास्तविक विकास संभव नहीं है।

हिंदी साहित्य ने राष्ट्रीय चेतना के निर्माण में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी के दौरान जब देश स्वतंत्रता संग्राम से गुजर रहा था, तब साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से जनमानस में देशभक्ति और स्वाधीनता की भावना को जागृत किया। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने हिंदी भाषा को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हुए राष्ट्रीय जागरण का मार्ग प्रशस्त किया। उनके बाद मैथिलीशरण गुप्त और रामधारी सिंह 'दिनकर' जैसे कवियों ने अपने काव्य के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और संघर्ष की भावना को बल दिया। दिनकर की रचनाएँ विशेष रूप से जनमानस में ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करती हैं।

मानवीय मूल्यों के विकास में हिंदी साहित्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। साहित्य मनुष्य के भीतर संवेदना, करुणा, प्रेम और सहिष्णुता जैसे गुणों को विकसित करता है। महादेवी वर्मा की रचनाओं में मानवीय संवेदना का अत्यंत मार्मिक स्वर मिलता है, जो पाठकों को दूसरों के दुःख को समझने और सहानुभूति रखने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार साहित्य केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीयता का संवाहक भी है, जो समाज को अधिक संवेदनशील और सहृदय बनाता है।

हिंदी साहित्य भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण साधन है। लोक साहित्य, लोकगीत और

लोककथाएँ समाज की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें साहित्य ने संरक्षित और संवर्धित किया है। इन रचनाओं के माध्यम से समाज अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और जीवन मूल्यों को अगली पीढ़ियों तक पहुँचाता है। इससे सांस्कृतिक निरंतरता बनी रहती है और समाज अपनी पहचान को बनाए रखता है।

समकालीन हिंदी साहित्य ने समाज निर्माण के क्षेत्र में नए आयाम जोड़े हैं। नारी विमर्श, दलित विमर्श और आदिवासी विमर्श जैसे विषयों ने साहित्य को अधिक व्यापक और समावेशी बनाया है। मन्नू भंडारी, ओमप्रकाश वाल्मीकि और महाश्वेता देवी जैसे लेखकों ने समाज के हाशिए पर पड़े वर्गों की समस्याओं को अपनी रचनाओं में प्रमुखता दी है। इन रचनाओं ने समाज को यह सोचने पर विवश किया है कि समानता और न्याय के बिना कोई भी समाज पूर्ण नहीं हो सकता। इस प्रकार समकालीन साहित्य सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है।

हिंदी साहित्य शिक्षा और बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को विकसित करता है और उसे समाज के प्रति जागरूक बनाता है। साहित्य के अध्ययन से व्यक्ति में आलोचनात्मक दृष्टि का विकास होता है, जिससे वह सामाजिक समस्याओं का विश्लेषण कर सकता है और उनके समाधान की दिशा में सोच सकता है। इस प्रकार साहित्य एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के निर्माण में सहायक होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि हिंदी साहित्य समाज का दर्पण होने के साथ-साथ उसका मार्गदर्शक भी है। यह समाज की वास्तविकताओं को उजागर करता है, उसके दोषों की ओर ध्यान आकर्षित करता है और सुधार के मार्ग सुझाता है। साथ ही यह एक आदर्श समाज की परिकल्पना प्रस्तुत करता है, जिसमें समानता, न्याय, नैतिकता और मानवीयता का समावेश हो। बदलते समय के साथ हिंदी साहित्य की भूमिका और अधिक व्यापक होती जा रही है, किंतु उसका मूल उद्देश्य मानव कल्याण और समाज का समग्र विकास आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसलिए हिंदी साहित्य का अध्ययन और उसका संवर्धन समाज के निर्माण के लिए अनिवार्य है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी साहित्य ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे लोगों में स्वतंत्रता और स्वाभिमान की भावना विकसित हुई। साहित्य सांस्कृतिक संरक्षण और संवर्धन का भी माध्यम है, जो समाज की परंपराओं, मूल्यों और धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुँचाता है। इसके साथ ही, यह शिक्षा और व्यक्तित्व निर्माण का भी महत्वपूर्ण साधन है, जो व्यक्ति के विचारों और दृष्टिकोण को विकसित करता है। साहित्य विभिन्न वर्गों, जातियों और संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित कर सामाजिक समरसता और एकता को भी बढ़ावा देता है।

**समकालीन संदर्भ : चुनौतियाँ और संभावनाएँ**

वर्तमान समय में हिंदी साहित्य एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ उसे अनेक नई चुनौतियों और संभावनाओं का सामना करना पड़ रहा है। वैश्वीकरण, बाजारवाद और तकनीकी विकास ने साहित्य के स्वरूप और उसकी भूमिका को प्रभावित किया है। डिजिटल माध्यमों के प्रसार ने साहित्य को एक व्यापक मंच प्रदान किया है, जिसके माध्यम से यह अधिक लोगों तक पहुँच रहा है और नए लेखकों को अवसर मिल रहा है। इससे साहित्य का लोकतंत्रीकरण हुआ है, लेकिन इसके साथ ही गुणवत्ता और गंभीरता को लेकर चिंताएँ भी उत्पन्न हुई हैं, क्योंकि त्वरित लोकप्रियता की प्रवृत्ति कई बार साहित्य की गहराई को प्रभावित करती है। इन चुनौतियों के बावजूद हिंदी साहित्य के सामने अनेक संभावनाएँ भी हैं, क्योंकि यह पर्यावरण, लैंगिक समानता, मानवाधिकार और सामाजिक न्याय जैसे समकालीन मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। नई पीढ़ी के लेखकों के पास नए दृष्टिकोण और अनुभव हैं, जो साहित्य को और अधिक समृद्ध और प्रासंगिक बना सकते हैं।

**भविष्य की दिशा : हिंदी साहित्य की भूमिका**

भविष्य में हिंदी साहित्य को अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए नए माध्यमों और तकनीकों को अपनाना होगा, ताकि वह बदलते समय के साथ स्वयं को अनुकूलित कर सके और समाज-निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बना सके। साहित्य को समाज के वास्तविक मुद्दों, जैसे गरीबी, असमानता, पर्यावरण संकट और लैंगिक भेदभाव पर केंद्रित रहना चाहिए, ताकि वह समाज के विकास में सार्थक योगदान दे सके। इसके साथ ही, साहित्य को वैश्विक संदर्भ में अपनी पहचान बनाए रखते हुए भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं को भी संरक्षित करना होगा। यह संतुलन ही हिंदी साहित्य को भविष्य में भी प्रासंगिक और प्रभावी बनाए रखेगा।

## निष्कर्ष

अंततः यह स्पष्ट होता है कि हिंदी साहित्य और समाज-निर्माण का संबंध अत्यंत गहरा, व्यापक और बहुआयामी है, जिसमें साहित्य न केवल समाज का प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है, बल्कि उसके निर्माण और परिवर्तन की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका भी निभाता है। विमर्श, आलोचना और संभावनाओं के माध्यम से हिंदी साहित्य ने समाज को नई दिशा दी है और सामाजिक चेतना को विकसित किया है। यह समाज के विभिन्न वर्गों की आवाज को सामने लाता है और न्याय, समानता तथा मानवता के मूल्यों को स्थापित करने में सहायक होता है। आज के बदलते समय में हिंदी साहित्य के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं, लेकिन इसके साथ ही नई संभावनाएँ भी मौजूद हैं, जिनका उपयोग करके यह समाज-निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त बना सकता है। इस प्रकार हिंदी साहित्य केवल शब्दों का संसार नहीं, बल्कि एक जीवंत शक्ति है, जो समाज को अधिक मानवीय, न्यायपूर्ण और समरस बनाने की क्षमता रखती है।

**शोधार्थी, पीएचडी (हिंदी)**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**Email : njay82556@gmail.com**

## सन्दर्भ सूची

1. शुक्ल, रामचंद्र. 2012. हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली.
2. द्विवेदी, हजारी प्रसाद 2015. हिंदी साहित्य की भूमिका. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.
3. शर्मा, रामविलास 2001. हिंदी साहित्य और समाज. वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली.
4. सिंह, नामवर 2010. इतिहास और आलोचना. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.
5. मुंशी प्रेमचंद 2005. कुछ विचार. इलाहाबादरू हंस प्रकाशन, नई दिल्ली.
6. नगेंद्र 1998. हिंदी साहित्य का विकास. नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली.
7. बच्चन सिंह 2003. आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास. लोकभारती प्रकाशन, नई दिल्ली.
8. त्रिपाठी, विश्वनाथ 2014. हिंदी आलोचना. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.
9. मिश्र, शिवकुमार 2011. साहित्य और सामाजिक परिवर्तन. ग्रंथशिल्पी प्रकाशन, नई दिल्ली.



# प्रकृति और आदिवासी संस्कृति : आदिवासी साहित्य

आरती थापा

**शोध सार**

प्रकृति और आदिवासी संस्कृति के बीच संबंध अत्यंत गहरा, जीवंत और सहजीवी है। आदिवासी समुदाय अपने जीवन के प्रत्येक पहलू में प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखते हैं। उनके लिए प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि एक जीवित, संवेदनशील और पूजनीय सत्ता है। इस शोध-पत्र में आदिवासी संस्कृति में प्रकृति के महत्व, उनके पारंपरिक ज्ञान तथा आधुनिक विकास के प्रभावों का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन यह दर्शाता है कि आदिवासी जीवन-शैली पर्यावरणीय संतुलन और सतत विकास का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करती है।

**मुख्य शब्द**

आदिवासी साहित्य, प्रकृति, जनजातीय संस्कृति, जल-जंगल-जमीन, सह-अस्तित्व, पर्यावरण, सांस्कृतिक पहचान।

**भूमिका**

मानव सभ्यता के विकास की कहानी मूलत: प्रकृति के साथ उसके संबंध की कहानी है। प्रारंभिक मानव प्रकृति के अत्यंत निकट था और उसकी जीवन-शैली पूरी तरह प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित थी। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ, मनुष्य ने प्रकृति पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया और धीरे-धीरे उसका दृष्टिकोण उपभोगवादी होता गया। आधुनिक युग में यह प्रवृत्ति इतनी बढ़ गई है कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होने लगा है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय संकट, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का ह्रास और प्राकृतिक असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

किन्तु इस परिदृश्य के विपरीत, आदिवासी समुदाय आज भी प्रकृति के साथ एक संतुलित और संवेदनशील संबंध बनाए हुए हैं। उनके लिए जंगल, नदी, पर्वत और वन्यजीव केवल भौतिक संसाधन नहीं हैं, बल्कि उनके जीवन, आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। वे प्रकृति को ''माता'' के रूप में देखते हैं और उसके साथ सह-अस्तित्व में विश्वास करते हैं। उनकी जीवन-शैली में प्रकृति के प्रति सम्मान, संरक्षण और संतुलन की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में आदिवासी समुदायों की संख्या और उनकी सांस्कृतिक विविधता अत्यंत समृद्ध है। गोंड, संथाल, भील, उरांव आदि जनजातियाँ अपने-अपने विशिष्ट रीति-रिवाजों और परंपराओं के माध्यम से प्रकृति के साथ गहरे संबंध को प्रदर्शित करती हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य आदिवासी साहित्य में प्रकृति-चेतना की अभिव्यक्ति का विश्लेषण करना, आदिवासी संस्कृति में प्रकृति की भूमिका को रेखांकित करना और समकालीन संदर्भ में इस संबंध की प्रासंगिकता पर विचार करना है।

**प्रकृति का स्वरूप**

'प्रकृति' शब्द संस्कृत के 'प्र' (प्रकृष्ट = श्रेष्ठ) और 'कृति' (सृष्टि = रचना) से मिलकर बना है। इस प्रकार इसका शाब्दिक अर्थ है—'सर्वश्रेष्ठ रचना' अथवा 'आदि रचना'। अर्थात् किसी व्यक्ति या वस्तु के मूल स्वभाव से है, साथ ही उस मूल शक्ति से भी जिससे सम्पूर्ण जीव-जगत उत्पन्न हुआ है, तथा वह जो हमें चारों ओर पेड़-पौधे, नदी आदि के रूप में दिखाई पड़ता है। परंतु प्रकृति केवल बाह्य जगत की वस्तु नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग भी है वह उसका ''अजैव शरीर'' है, जिसके सहारे मनुष्य

जीवित रहता है।

रामविलास शर्मा जी के अनुसार–

''साहित्य में मनुष्य के मन से लेकर पशु, पक्षी, नदी, पर्वत तक जितनी वस्तुओं, व्यापारों का वर्णन किया जाता है, वे सब प्रकृति के अन्तर्गत हैं।''[1]

अर्थात् प्रकृति केवल भौतिक तत्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह मनुष्य की भावनाओं, अनुभवों और समस्त जीवन-व्यवहार को अपने भीतर समाहित करती है।

''साधारण बोलचाल में 'प्रकृति' मानव का प्रतिपक्ष है, अर्थात् मानवेतर ही प्रकृति है- वह सम्पूर्ण परिवेश जिसमें मानव रहता है, जीता है, भोगता है और संस्कार ग्रहण करता है, और भी स्थूल दृष्टि से देखने पर प्रकृति मानवेतर का वह अंश हो जाती है जो कि इन्द्रियगोचर है- जिसे हम देख सुन और छू सकते हैं, जिसकी गंध पा सकते हैं और जिसका आस्वादन कर सकते हैं।''[2]

सभ्यता जैसे-जैसे विकसित हुई, मनुष्य ने हर चीज को अलग-अलग श्रेणियों में बाँटना (Specialization) शुरू कर दिया। इसी बदलाव के कारण साहित्य में 'प्रकृति' शब्द का अर्थ केवल उस दुनिया तक सीमित हो गया जिसमें इंसान शामिल नहीं है (जैसे पेड़-पौधे, नदियाँ, पर्वत आदि)।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार प्रकृति का अर्थ और स्वरूप–

''(1) नरक्षेत्र के भीतर रहती है,

(2) कहीं मानवेतर बाह्य सृष्टि की ओर,

(3) कहीं समस्त चराचर के।''[3]

इंसानों को छोड़कर, बाहर की जो बाकी दुनिया है (जैसे पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, नदियाँ), वही असली प्रकृति है।

''सामान्यतः मनुष्य को छोड़कर अन्य समस्त सचेतन और अचेतन सृष्टि प्रसार को प्रकृति स्वीकार किया गया है।''[4]

**आदिवासी संस्कृति में प्रकृति**

आदिवासी साहित्य में पर्यावरण केवल प्रकृति का वर्णन नहीं है, बल्कि यह उनके जीवन, संस्कृति और अस्तित्व का आधार है। आदिवासी समाज का पूरा जीवन जल, जंगल और जमीन पर निर्भर करता है। इसलिए उनके साहित्य में प्रकृति के प्रति गहरा सम्मान, प्रेम और संवेदनशीलता दिखाई देती है।

आज जल, जमीन और हवा–सभी के साथ पर्यावरण संरक्षण लगातार कमजोर होता जा रहा है। अगर पर्यावरण नष्ट होगा, तो प्रकृति का खत्म होना निश्चित है। आदिवासी लोग सदियों से पर्यावरण की रक्षा करते आए हैं। वे धरती को अपनी माँ मानते हैं और उसका आदर करते हैं।

लेकिन आज जैसे-जैसे विकास बढ़ रहा है, वैसे-वैसे इंसान चारों ओर से संकट में घिरता जा रहा है। पर्यावरण और आदिवासियों के संबंध में डॉ. रमणिका गुप्ता का मानना है कि–

''यह सही है कि आदिवासी साहित्य अक्षर से वंचित रहा, इसलिए वह उसकी कल्पना और यथार्थ को लिखित रूप में न साहित्य में ही दर्ज कर पाया और न इतिहास में ही। हाँ, लोकगीतों, किंवदंतियों, लोककथाओं तथा मिथकों के माध्यम से उसकी गहरी पैठ है।''[5]

आदिवासी साहित्य में प्रकृति-चेतना के तीन प्रमुख आयाम हैं–

1. आत्मीय आयाम : प्रकृति को परिवार के सदस्य की तरह मानना–नदी को माँ, पहाड़ को पिता, वृक्ष को पूर्वज।
2. आध्यात्मिक आयाम : प्रकृति में देवता, आत्मा और ब्रह्म की उपस्थिति का अनुभव करना।
3. प्रतिरोध आयाम : प्रकृति के नाश को अपने अस्तित्व का नाश मानकर उसके लिए संघर्ष करना।

आदिवासी जीवन में प्रकृति और मनुष्य का रिश्ता केवल रोजी-रोटी तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह बहुत गहरा और भावनात्मक होता है। जंगल उनके लिए सिर्फ जीविका का साधन नहीं है, बल्कि वही उनका घर, उनकी पहचान और उनका जीवन है। वे जंगल से भोजन, लकड़ी और दूसरी जरूरी संसाधन तो लेते ही हैं, साथ ही उसे बहुत सम्मान भी देते हैं। उनके लिए वन देवताओं का रहने का स्थान माना जाता है, इसलिए वे पेड़-पौधों, नदियों और पहाड़ों को पवित्र समझते हैं और उनकी पूजा करते हैं। प्रकृति उनके समाज को एक साथ जोड़कर रखने का काम भी करती है, क्योंकि उनके त्योहार, परंपराएँ और रीति-रिवाज प्रकृति से ही जुड़े होते हैं। आदिवासी प्रकृति को केवल एक चीज या साधन के रूप में नहीं देखता, बल्कि उसे एक जीवित, संवेदनशील और समझने वाली शक्ति के रूप में महसूस करता है। उसे लगता है कि प्रकृति भी मनुष्य की तरह भावनाएँ रखती हैं और उससे जुड़ी हुई है। इसलिए यह सिर्फ प्रकृति का साधारण वर्णन नहीं है, बल्कि यह मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे लगाव और एकात्मता की भावना को दर्शाता है। पर्यावरण के सन्दर्भ में

डॉ. रामदयाल मुण्डा का कथन है कि–

''पर्यावरणगत जितनी क्षति स्वतन्त्रता के पहले तक दो सौ वर्षों में हुई थी, उससे अधिक स्वतन्त्रता के बाद के 50 वर्षों में हुई है। खान-खदानों की अनियन्त्रित खुदाई एवं भारी कल-कारखानों की सघन स्थापना से 60 प्रतिशत क्षेत्र का वन आच्छादन मात्र 13 प्रतिशत पर उतर आया है।''[6]

निर्मला पुतुल अपनी कविता 'बूढ़ी पृथ्वी का दु:ख' में लिखती हैं कि-

''क्या तुमने कभी सुना है
सपने में चमकती कुल्हाड़ियों के भय से
पेड़ों की चीत्कार?
किसी पेड़ की हिलती टहनियों में दिखाई पेड़ है तुम्हें
बचाव के लिए पुकारते हजारों-हजार हाथ?
क्या होती है तुम्हारे भीतर घमस
कटकर गिरता है जब कोई पेड़ धरती पर?''[7]

इसी संदर्भ में आदिवासी कवि प्यारे केरकेट्टा भी पर्यावरण को रेखांकित करते हुए लिखते हैं कि–

''जोहार उसे धरती पर
कहीं पर भी खड़ा है
........धूप, जाड़ा, बरसात
नहीं कर सकते परास्त
जोहार ऐसे शक्तिमान को जोहार!''[8]

आज पर्यावरण की चिंता समाज के हर वर्ग के लिए सबसे जरूरी विषय बन गई है। साहित्य की किसी भी विधा को देखें चाहे वह कविता हो, कहानी हो या नाटक हर जगह प्रकृति की पुकार सुनाई देती है। वर्तमान समय में आदिवासी समाज अपनी पहचान और अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। 'जल, जंगल और जमीन' के इस गहरे संघर्ष को समझने के लिए झारखंड के युवा कवि अनुज लुगुन अपनी कविता में लिखते हैं–

''लड़ रहे हैं
नक्शे में घटते अपने घनत्व के खिलाफ
जनगणना में घटती संख्या के खिलाफ
गुफाओं की तरह टूटती
अपनी ही जिजीविषा के खिलाफ
इनमें भी वही आक्रोशित हैं
जो या तो अभावग्रस्त हैं
या तनावग्रस्त हैं
बाकी तटस्थ हैं
कोई नहीं बोलता इनके हालात पर
कोई नहीं बोलता जंगलों के कटने पर
पहाड़ों के टूटने पर
नदियों के सूखने पर।''[9]

वर्तमान समय में प्रकृति का संरक्षण अनिवार्य हो गया है। इसी आवश्यकता को दर्शाते हुए कर्मानन्द आर्य की कविता आदिवासियों की उस गहरी पीड़ा को उजागर करती है, जिन्हें अब तक केवल खोखले वादे ही मिले हैं। विकास के नाम पर उन्हें उनकी जड़ों से उखाड़ा गया और उनके जल, जंगल व जमीन जैसे प्राकृतिक अधिकारों को छीन लिया गया। इन सबके बदले में उन्हें केवल झूठा दिलासा दिया गया कि 'डरो नहीं', जबकि उनकी वास्तविकता अत्यंत चुनौतीपूर्ण बनी रही।

''मेरी कविता तुम्हारे खिलाफ नहीं है
जिन्दगी की जंग लड़ते-लड़ते बंद मुट्ठी में भीगे हुए
खत अचानक स्याह हो जाते हैं
उस दोराहे पर जहाँ पहलवान छाप बीड़ी का
धुआं मेरी धमनियों में फैल जाता है
और मुझे सांस लेने में दिक्कत होती है
मैं कहता हूँ डाक्टर मुझे दिक्कत हो रही है
तुम कहते हो सब ठीक हो जाएगा।''[10]

यह जीवन के कठोर संघर्षों, भीतर की घुटन और सामाजिक उपेक्षा को व्यक्त करती है। इसमें ''बीड़ी का धुआँ'' और ''सांस लेने में दिक्कत'' जैसे बिंब व्यक्ति पर पड़ रहे शारीरिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक दबावों के प्रतीक हैं। जब व्यक्ति अपनी पीड़ा व्यक्त करता है और उसे केवल ''सब ठीक हो जाएगा'' कहा जाता है, तो यह समाज की संवेदनहीनता और समस्या के प्रति सतही दृष्टि को उजागर करता है।

**निष्कर्ष**

प्रस्तुत शोध पत्र के आधार पर यह स्पष्ट करने प्रयास किया गया है कि प्रकृति और आदिवासी संस्कृति का संबंध केवल उपयोगिता नहीं, बल्कि गहन भावनात्मक, आध्यात्मिक और सहजीवी है। आदिवासी समाज प्रकृति को जीवन के केंद्र में रखकर एक ऐसी जीवन-शैली विकसित करता है, जिसमें संतुलन, संरक्षण और सह-अस्तित्व की भावना निहित होती है। उनके लिए जल, जंगल और जमीन केवल संसाधन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान, आस्था और अस्तित्व के

मूल आधार हैं। आदिवासी साहित्य इस संबंध को अत्यंत सशक्त रूप में अभिव्यक्त करता है। लोककथाओं, गीतों और कविताओं के माध्यम से प्रकृति के प्रति उनका आत्मीय लगाव, आध्यात्मिक दृष्टिकोण तथा पर्यावरणीय संकटों के विरुद्ध प्रतिरोध स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आता है। निर्मला पुतुल, अनुज लुगुन और अन्य रचनाकारों की कविताएँ न केवल प्रकृति-विनाश की पीड़ा को व्यक्त करती हैं, बल्कि समकालीन विकास मॉडल की विसंगतियों पर भी प्रश्नचिह्न लगाती हैं। वर्तमान समय में जब पर्यावरणीय संकट दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है, तब आदिवासी जीवन-दृष्टि एक वैकल्पिक और मार्गदर्शक मॉडल के रूप में सामने आती है। यह अध्ययन इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए आदिवासी ज्ञान-परंपरा, उनके जीवन-मूल्यों और प्रकृति-केंद्रित दृष्टिकोण को समझना और अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अतः यह कहा जा सकता है, कि आदिवासी संस्कृति और साहित्य न केवल प्रकृति के साथ मनुष्य के संतुलित संबंध का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, बल्कि वे आधुनिक समाज को भी यह सिखाते हैं कि विकास का वास्तविक अर्थ प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना है, न कि उसका दोहन करना।

**स्नातक हिन्दी विशेष (चतुर्थ वर्ष)**
**आत्मा राम सनातन धर्म विश्वविद्यालय**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल : aartithapa846@gmail.com**
**अनुक्रमांक** -22/21003

---

**सन्दर्भ सूची**

2, पृष्ठ संख्या-116
2. अज्ञेय - आधुनिक हिन्दी साहित्य, पृष्ठ संख्या-171
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल - रस मीमांसा, पृष्ठ संख्या-7
4. डॉ. रघुवंश- प्रकृति और हिंदी काव्य (मध्ययुग), पृष्ठ संख्या-5
5. आदिवासी स्वर और नई शताब्दी - डॉ० रमणिका गुप्ता पृष्ठ संख्या- 10, 11
6. मुंडा, रामदयाल,आदिवासी अस्तित्व और झारखंडी अस्मिता के सवाल, पृष्ठ संख्या-30
7. पुतुल निर्मला, नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृष्ठ संख्या-39
8. आदिवासी स्वर और नई शताब्दी - डॉ० रमणिका गुप्ता पृष्ठ संख्या-11
9. www.kavitakosh.comeanujlugun
10. www.karmanandarya.blogspot.com

**संदर्भ ग्रंथ**

1. डॉ० रामविलास शर्मा - निराला की साहित्य साधना, भाग 2, पृष्ठ संख्या-116
2. अज्ञेय - आधुनिक हिन्दी साहित्य, पृष्ठ संख्या-171
3. आचार्य रामचंद्र शुक्ल - रस मीमांसा, पृष्ठ संख्या-7
4. डॉ. रघुवंश- प्रकृति और हिंदी काव्य (मध्ययुग), पृष्ठ संख्या-5
5. आदिवासी स्वर और नई शताब्दी - डॉ० रमणिका गुप्ता पृष्ठ संख्या- 10, 11
6. मुंडा, रामदयाल,आदिवासी अस्तित्व और झारखंडी अस्मिता के सवाल, पृष्ठ संख्या-30
7. पुतुल निर्मला, नगाड़े की तरह बजते शब्द, पृष्ठ संख्या-39
8. www.kavitakosh.comeanujlugun
9. www.karmanandarya.blogspot.com



स्नेहा

# ‘नेपथ्य राग’ नाटक में स्त्री अस्मिता के चिह्न


## शोध सार

इस लघु शोध आलेख का उद्देश्य मीरकांत द्वारा रचित नाटक ‘नेपथ्य राग’ में स्त्री अस्मिता के चिह्न को दर्शन है, प्रस्तुत नाटक में ऐतिहासिक पात्र और आधुनिक स्त्री पात्र के समान सामाजिक संघर्ष को कहानी के माध्यम से दिखाया जाता है। इस नाटक के कथावस्तु स्त्री के सामाजिक संघर्षों के बीज अपनी प्रतिभा के संघर्ष तथा नई पीढ़ी के जिज्ञासा के बीच उपजी अस्मिता के आस-पास आधारित है। इस आलेख में इन्हीं स्त्री के ऐतिहासिक और आधुनिक समाज के संघर्षों को समेटने का प्रयास किया गया है। ऐतिहासिक कहानियाँ जो हम अक्सर अपने आस-पास के समाज में सुनते तथा ग्रहण करते हैं क्या उनके पीछे कोई आधार होता है या केवल पुरुष प्रधान समाज की सुविधा?



## बीज शब्द

अस्मिता, पितृ प्रधान, आधुनिकता, नेपथ्य


## मूल लेख

इस शोध आलेख में ऐसी ही एक सामाजिक प्रणाली नाटक की पात्र के आधार पर आज की आधुनिक पात्र मेधा द्वारा तंज कसा गया है। नाटक के शीर्षक के आधार पर यदि संदर्भ देखें तो नेपथ्य का अर्थ रंगमंच के पीछे के परदे का परिदृश्य से है जो सदैव ही दर्शकों से छिपा रहता है। अत: कभी-कभी जो मान्यता समाज में पुरानी पीढ़ियों से बनाई गई है। कभी-कभी उनका आधार रूढ़िवादी मानसिकता होती है इसीलिए मनुष्यों को सदैव समय के साथ सोच में भी परिवर्तन करना अनिवार्य होता है।

आधुनिक परिवेश में पुरानी रूढ़िवादी सोच आज भी स्त्रियों के सशक्तिकरण में चुनौती बनी हुई है तथा जब तक इन सामाजिक चेतन को तर्क तथा बौद्धिक रूप से संशोधित नहीं किया जाएगा, स्त्रियों की स्थिति में सुधार संभव नहीं। इस आलेख स्त्री के बौद्धिक चेतन तथा सामाजिक व्यवस्था पर प्रश्न किया गया है, जिस प्रकार प्रसिद्ध पश्चिम स्त्रीवादी विचारक अपनी पुस्तक में लिखती है ‘‘स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है।’’

## स्त्री अस्मिता अवधारणा

‘‘अस्मिता’’ शब्द का अर्थ व्यक्ति के निजी स्वतंत्रता से है जिसमें उसके विचार, उसके व्यक्तित्व के तहत उसके अस्तित्व की पहचान होती है परंतु जब यही अस्मिता स्त्रियों की दृष्टि से देखें तो उनकी अपनी अस्मिता का संघर्ष आज भी हमारे समाज में एक सजीव प्रश्न बना हुआ है। हिन्दी साहित्य में स्त्री अस्मिता का सिद्धांत पश्चिम के देशों से आया है चूंकि स्त्री अस्मिता का संघर्ष पश्चिम के राज्यों में 19वीं सदी में ही चेतन में आ गया था। स्त्री अस्मिता के संघर्षों पश्चिम के साहित्य धरातल पर एक स्त्रीवादी आंदोलन के रूप में प्रसारित किया गया जिसे ‘फेमिनिसम’ का संबोधन दिया गया जिसके अनुसार स्त्रियों को सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक रूप में पुरुषों के ही समान समानता के अवसर की मांग रखी गई। चूंकि उस समकालीन परिस्थिति में कई मुख्य स्त्रीवादी विचारकों ने भी स्त्रियों को अपने अधिकार के लिए उजागर

किया। ये आंदोलन और स्त्री अस्मिता का संघर्ष भी पश्चिमी देशों में अधिक सफल और प्रभावी हुआ।

पश्चिम में स्त्रीवादी अस्मिता को केवल एक ही दृष्टि से न जोड़कर स्त्री के अन्य संघर्ष से भी जोड़ा गया है जिसमें भौतिक, बौद्धिक, सामाजिक, राजनीतिक आदि संदर्भ भी सम्मिलित है, सिमोन द बोअर पश्चिम की एक प्रसिद्ध स्त्रीवादी विद्वान को स्त्री अस्मिता का मुख्य प्रवर्तक मन है। उनके अनुसार स्त्रियों की अस्मिता अब तक इसीलिए अदृश्य है क्योंकि स्त्रियों को सदैव पुरुषों के संदर्भ में परिभाषित किया गया है जिसमें पुरुष एक कर्ता के रूप में परिभाषित किया गया है तथा स्त्री को अन्य रूप में जोड़ा जाता है।

स्त्री अस्मिता का मूल उद्देश्य एक स्त्री के पारिवारिक संबंध से स्थापित हुई पहचान से भिन्न स्वयं की अपनी निजी पहचान का निर्माण है। एक स्त्री को उसके पिता या बेटे की पहचान से जोड़ना, सामाजिक मानसिकता का विरोध करना ही अस्मिता है।

शोध की दृष्टि से स्त्री अस्मिता का अर्थ है 'स्त्री का स्वयं को एक स्वतंत्र इकाई के रूप में पहचानना'।[1] यह पितृ समाज से अलग अपने मानवीय अस्तित्व की तलाश है।

सिमोन द्वारा उनकी प्रसिद्ध पुस्तक में वे स्त्री संदर्भ में लिखती हैं ''स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है।''[2] यह प्रस्तुत कथन इस तथ्य को प्रमाणित करता है कि स्त्री कोई एक जाति न होकर पितृप्रधान समाज द्वारा बनाई एक मानसिकता है जिसको स्त्रियों में समय के साथ जोड़ दिया जाता है अर्थात् बाल्यकाल में बच्चों की मानसिकता में स्त्री पुरुष जैसे संदर्भ नहीं होते किन्तु जैसे-जैसे उनका मानसिक विकास होता है वैसे-वैसे स्त्रियों को सामाजिक रूप में, मानसिक रूप में ऐसे कई उद्धरण दैनिक रूप में दिखाए और सिखाए जाते हैं जिससे उनकी मानसिकता में स्त्री की छवि एक पुरुष के अधीन ही बने और इसका उदाहरण हम आज भी कई स्त्रियों की मानसिकता में भी पारदर्शी रूप में देख सकते हैं। सिमोन दी बोअर ने जहां एक ओर स्त्री अस्मिता को मानसिक विकास और मनोविज्ञान से जोड़ा है वहीं पश्चिम की ही एक अन्य विचारक वेरगिनीय वॉल्फ स्त्री अस्मिता की अन्य विचारक अपने विचारों को रचने के माध्यम से प्रस्तुत करती हुई स्त्री अस्मिता को आर्थिक स्वतंत्रता और नईजी स्थान से जोड़ते हुए लिखती है कि ''बौद्धिक स्वतंत्रता भौतिक चीजों पर निर्भर करती है, कविता बौद्धिक स्वतंत्रता पर निर्भर करती है और इस क्षेत्र में स्त्रियां हमेशा से ही गरीब रही हैं।''[3]

आज भी स्त्रियों में पहचान का संकट ज्यों का त्यों बना हुआ है। वर्तमान परिस्थितियों में भले ही स्त्री विमर्श जैसे नए-नए स्त्री अस्मिता के उद्देश्य सम्मिलित हो गए हैं परंतु अभी भी स्त्रियों के अस्मिता का संकट स्त्री विमर्श का मुख्य आयाम है। जिस प्रकार गीतांजलि श्री अपनी रचना के माध्यम से लिखती हैं कि ''यद्यपि नए-नए छेकटरों में तथा बदलती परिस्थितयो में नई स्त्री द्वारा अपने व्यक्तित्व को पहचान देने हेतु कार्य किए गए परंतु अभी भी नए समय के नए व्यक्तित्व की भूमिका को तलाशने का क्रम थमा नहीं है।''[4] इन स्त्रियों के जीवन में आदर्शी स्त्री की ऐसी छवि गढ़ दी गई है जो कभी भी उसकी सहगामी बनना स्वीकारती नहीं है तथा साइडैव ही बलिदान तथा त्याग की मूरत बनी रहती है।

ये आदर्श स्त्री की छवि मुख्य रूप से उन स्त्रियों की मानसिकता पर देखा जाता है जो अशिक्षित तथा बौद्धिक रूप से स्वयं को पुरुष के अधीन मानती हैं। वे सदैव परंपरा के मूल्यों में ढल जाती हैं। स्त्री को आदर्श या बुरी स्त्री के रूप में मापने के दायरे पुरुषों द्वारा नहीं बल्कि एक सामान्य मनुष्य के दायरे के आधार पर होने चाहिए। स्त्रियों के अस्मिता का प्रश्न जितना पाश्चात्य देशों में प्रभावी रहा है उतना भारतीय संदर्भ में नहीं रहा जिसका एक मुख्य कारण भारत का विकास की दृष्टि से आधुनिकीकरण पश्चिम देशों से पीछे रहना है।

**'नेपथ्य राग' नाटक में स्त्री अस्मिता के चिह्न**

'नेपथ्य राग' नाटक मीरकांत द्वारा लिखा गया एक अनोखा स्त्री विमर्श आधारित नाट्य रचना है जिसमें ऐतिहासिक और आधुनिक स्त्री के पुरानी रूढ़ियों के विरोध में संघर्ष उपजे अंतर्द्वंद्व को दिखाया गया है। इसमें दो स्त्री पात्र 'खना' और 'मेधा' के अपने समकालिक सामाजिक परिवेश में स्त्री अस्तित्व को साहित्य में लाया गया है। इस रचना में पौराणिक पात्र कहना के माध्यम में उसके सम्यक समाज में पितृ प्रधान संरचना में स्त्री की गरिमा, प्रतिभा को रेखांकित किया गया है। यह रचना समाज में पुरुष वर्चस्व और नारी अधीन की स्थिति पर एक सजीव प्रश्नचिह्न है। इस नाटक में कहना एक खगोल विज्ञान की ज्ञात अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन एक ऐसे समाज के

सम्मुख करती है जो स्त्री को केवल एक अपूर्ण इकाई मानता है तथा इसका ही पहला स्वरूप उसको अपने शोषण का सामना करना पड़ता है तथा इसी के समकालीन आधुनिक युग की मेधा की कहानी जो परस्पर कहना के शोषण तथा संघर्ष से भी जुड़ी ही है। जैसे कि लेखिका स्वयं भी लिखती है—''नाटक का आरंभ आधुनिक परिवेश में कथावाचन शैली में होता है। माँ अपनी कामकाजी बेटी मेधा को एक कहानी सुनती है। कहना की कहानी। यह कहानी पुरुष सहकर्मियों के सही सहयोग न देने पर उदास मेधा के दु:ख पर वरहट आयाम डालती है।[5] अर्थात् यह रचना आधुनिक सशक्त स्त्री पात्र मेधा और पौराणिक स्त्री पात्र खना के बीच की एक मानसिक अंतर यात्रा के रूप में चित्रित की गई है। जहां मेधा आज के समय की शिक्षित तथा आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर स्त्री है वहीं खना ऐतिहासिक चरित्र जो वरमिहिर नामक पात्र की शिष्या और पुत्रवधू है। दोनों ही स्त्री चरित्र हैं किन्तु यदि इनमें मुख्य समानता है तो वो एक समय की दूरी है, परंतु मूल समस्या जो इस रचना का केंद्र है वो समय के साथ समाज में स्त्री के प्रति स्त्रियों की ही दृष्टि का परिवर्तन न होना है। इतनी सदियां बीत जाने के बाद भी हमारे समाज में बहुसंख्यक स्त्रियों की स्थिति आज भी खना की स्थिति के सम्मान है।

नाटक में सम्प्रेषित कहानी के अनुसार—खना एक विदुषी जो राजा विक्रमादित्य के राजदरबार की एक दर्शक ने अपनी ज्ञान प्रतिभा के बल से खना द्वारा दिया गया एक कथन राजा की सभा में आए राज धर्म की उलझी गुत्थी को सुलझाने का अस्त्र बन गया। राज्य द्वारा नवरत्नों में शामिल होने का प्रस्ताव खना के स्त्री के विकास की दृष्टि से आती वृहत अवसर था किन्तु स्त्री का नवरत्न में स्थान पुरुष प्रधान मानसिकता के लिए अस्वीकार्य थी। परिमाणस्वरूप खना को राजसभा में अपने नवरत्न की उपाधि जीवविहीन रूप में मिली अर्थात् खना राजसभा के सूत्र सुन एवं देख सकती है लेकिन खना को राज कारवाही में अपने ज्ञान का प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं थी। खना का अस्तित्व राज दरबार में केवल एक मूक दर्शक भांति ही रह गया था। इसके अंत में खना द्वारा दिया गया कथन उन सभी स्त्रियों के संदर्भ में एक विश्वास और आशा है जो अपने अस्तित्व के लिए न सिर्फ लड़ रही है किन्तु उन्हें प्राप्त करना भी जानती है। खना कहती है कि ''श्रवण क्या यह तो आषाढ़ से पहले के मेघ हैं।। बरसेंगे नहीं। आषाढ़ अभी आया नहीं...आषाढ़ आने में कई सतस्वार बीत जाएंगे .. . कई युग.... कई नेपथ्य .. इसे मंच तक पहुचने में समय लगेगा कल्पांत कई।''

सामाजिक दायरों के अनुसार लेखिका यह निष्कर्ष प्राप्त करती है कि स्त्री आधुनिक, शिक्षित तथा आत्मनिर्भर तो बन सकती है परंतु निमक तथा निर्णायक केवल पुरुष ही रहेगा और यदि कोई स्त्री इन दायरों को तोड़ती भी है तो उसे कई संघर्षों का सामना करना पड़ेगा। ये संघर्ष या तो उसको मानसिक रूप से मजबूत बना देंगे या फिर अंत में स्त्री को मूक बना देंगे जिस प्रकार खना का अंत नाटक में दिखाया गया है।

नाटक सदैव ही समकालिक सामाजिक परिस्थितियों पर आधारित होता है। लेखक अपने रचना का प्रेरणास्रोत का आधार सदैव उनकी सामाजिक समस्या ही होती है तथा इस नाटक के संदर्भ में लेखिका लिखती है,''यह नाटक प्रतीकात्मक है क्योंकि वैचारिक अभिव्यक्ति से रहित स्त्री ही समाज को स्वीकार्य रही है। यह दृष्टिकोण पीढ़ी दर पीढ़ी पारंपरिक रूप से शताब्दियों से बेहटा चल आया है और उसने जनमानस में अपनी जमीन तलाश ली है। इसी जमीन पर कहीं-कहीं फूटते हैं पौधे दर्द के, चुभन के। इस एहसास से खना कई साल पहले भी नेपथ्य में थी और आज भी सही मायने में नेपथ्य में है।[6]

**उपसंहार**

आधुनिक परिवेश में पुरानी रूढ़िवादी सोच आज भी स्त्रियों के सशक्तिकरण में चुनौती बनी हुई है तथा जब तक इन सामाजिक चेतना को तर्क तथा बौद्धिक रूप से संशोधित नहीं किया जाएगा स्त्रियों की स्थिति में सुधार संभव नहीं। इस आलेख स्त्री के बौद्धिक चेतन तथा सामाजिक व्यवस्था पर प्रश्न किया गया है जिस प्रकार प्रसिद्ध पश्चिम स्त्रीवादी विचारक अपनी पुस्तक में लिखती है ''स्त्री पैदा नहीं होती बल्कि बनाई जाती है।''[7]

स्त्री को पुरुष संदर्भ से बाहर निकालकर स्त्री के अपने निजी एकल स्वतंत्र इकाई के साथ दिखाया गया है। इस आलेख में स्त्री के सामाजिक मापदंड से स्त्री को स्वतंत्र कर

उसे एक नई आधुनिक स्त्री के साँचे में संशोधित किया गया है।

**शोधार्थी**
**हिन्दी विशेष**
**22/21018**
**आत्मा राम सनातन धर्म महाविद्यालय**
**Purnimasingh991125@gmail.com**

**सन्दर्भ सूची**

1. अस्मितामूलक और हिन्दी साहित्य : रजत रानी मीनू
2. स्त्री उपेक्षित : प्रभा खेतान
3. अस्मितामूलक और हिन्दी साहित्य : रजत रानी मीनू
4. 
5. स्वतंत्र्योत्तर हिन्दी नाटक में स्त्री विमर्श : ज्ञानतोष कुमार झा
6. नेपथ्य राग : मीरकांत
7. द सेकंड सेक्स : सिमोन दी बोअर

**संदर्भ ग्रंथ**

1. नेपथ्य राग नाटक : मीरकांत, भारतीय जनपथ प्रकाशन, 2023
2. दी सेकंड सेक्स (हिन्दी अनुवाद) स्त्री उपेक्षिता : प्रभा खेतान, हिन्दी पॉकेट बुक्स प्राइवेट लिमिटेड, 2002
3. स्वतंत्र्योत्तर नाटक में स्त्री विमर्श : ज्ञान तोष कुमार झा, अंतिका प्रकाशन, 2025
4. नारीवादी राजनीति संघर्ष एवं मुद्दे : साधन आर्य, निवेदिता मेनन, राजकमल प्रकाशन



डॉ. चित्तरंजन कुमार

# सुप्रसिद्ध साहित्यिक रचनाओं पर बनी हिंदी की कालजयी फिल्में

**शोध सार**

इस शोध आलेख में मैंने प्रसिद्ध साहित्यिक रचनाओं पर बनी फिल्मों के संदर्भ में विश्लेषण का काम किया है। साहित्य और सिनेमा दोनों समाज का दर्पण होता है। समाज में घटने वाली घटनाएं, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक चेतना साहित्य को प्रभावित करती हैं। इस तरह सिनेमा भी इन सभी चीजों से अछूता नहीं रह पाता है। साहित्य और सिनेमा भले ही दो विधाएं हैं, लेकिन यह दोनों समाज से निरपेक्ष नहीं है। मैं इस आलेख में आर.के. नारायण की प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यास 'द गाइड' पर आधारित देवानंद द्वारा अभिनीत फिल्म 'गाइड', प्रसिद्ध हिंदी उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की सर्वश्रेष्ठ रचना 'गोदान' पर आधारित फिल्म 'गोदान', भगवती चरण वर्मा की प्रसिद्ध उपन्यास 'चित्रलेखा' पर आधारित फिल्म 'चित्रलेखा', हिंदी के प्रसिद्ध रचनाकार फणीश्वर नाथ रेणु की 'मारे गए गुलफाम' उर्फ तीसरी कसम पर आधारित 'तीसरी कसम' और मुंशी प्रेमचंद के प्रसिद्ध कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' पर आधारित सत्यजीत रे द्वारा निर्मित फिल्म 'शतरंज के खिलाड़ी' को शामिल किया है।

**बीज शब्द**

निर्देशक, फिल्मकार, अभिनेता, अभिनेत्री, कलाकार, मासूमियत, प्रेम, उपवास, उपन्यास, गीत, संगीत, गरीबी, शोषण, दार्शनिक, पाप-पुण्य, नृत्य, वेश्या, वासना, भावना, त्याग, द्वंद्व, दर्शक, केंद्रित, कहानी, निराशा, प्रार्थना, ध्यान, जीवन, नैतिकता, पाखंड।

**मूल लेख**

**1. गाइड (1965)** - यह फिल्म प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक आर.के. नारायण के अंग्रेजी उपन्यास 'द गाइड' पर आधारित है। इसके निर्देशक विजय आनंद हैं। फिल्म के प्रमुख कलाकार देव आनंद, वहीदा रहमान, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन और उल्हास है। यह फिल्म 1965 में रिलीज हुई थी। फिल्म की कहानी राजू देव आनंद के जेल से रिहा होने से शुरू होती है और बाद में अतीत में चली जाती है। राजू गाइड का काम करता है जो पर्यटकों को ऐतिहासिक स्थानों में घुमाकर जीवन बसर करता है। एक दिन एक अमीर, लेकिन बूढ़ा पुरातत्वविद मार्को (किशोर साहू) और उनकी युवा पत्नी रोजी (वहीदा रहमान) शहर में आते हैं। वहीदा रहमान एक वेश्या की बेटी है। मार्को शहर के बाहर गुफाओं में कुछ शोध कार्य करना चाहता है। इस काम के लिए वह राजू गाइड को अपने साथ रखता है। वह एक नई गुफा की खोज करता है और अपने काम में इतना खो जाता है कि अपनी पत्नी रोजी पर बिल्कुल ध्यान नहीं दे पाता है। जब मार्को गुफा की खोज में लगा रहता है तो राजू गाइड रोजी को सैर सपाटे पर ले जाता है। वह रोजी की नृत्य क्षमता और और मासूमियत से काफी प्रभावित होता है। एक दूसरे के साथ समय गुजारने के क्रम में रोजी राजू को बता देती है कि वह वेश्या की बेटी है और समाज में सम्मान के लिए उसने मार्को से शादी की। उसने इसके लिए बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। रोजी को नृत्य का जुनून है जबकि मार्को इसका सख्त विरोधी है। एक दिन रोजी आत्महत्या करने की कोशिश करती है। यह खबर सुनकर मार्को गुफा से वापस आ जाता है लेकिन रोजी को जिंदा देखकर वह बहुत नाराज होता है। उसके अनुसार रोजी का आत्महत्या का प्रयास महज एक नाटक था और अगर वह मरना ही चाहती थी तो उसे अधिक मात्रा में नींद की गोलियां खाकर मर जाना चाहिए था। एक बार रोजी गुफाओं में जाती है तो वहां पर मार्को को

एक आदिवासी महिला से प्रेम करते देख लेती है। इसके बाद रोजी दोबारा आत्महत्या करने की कोशिश करती है।

राजू गाइड रोजी को समझाता है कि वह आत्महत्या ना करे बल्कि अपने सपने को पूरा करने का प्रयास करे। अब रोजी मार्को से सारा संबंध तोड़ लेती है और राजू उसे सहारा देता है तथा अपने घर रोजी को लाता है। लेकिन राजू जिस समाज में रहता है उस समाज में राजघराने में नाचने वाली को वेश्या समझा जाता है। अत: राजू की मां (लीला चिटनिस) और मामा (उल्हास) उसे रोजी को घर से बाहर निकाल देने के लिये कहता है। लेकिन राजू ऐसा करने से इनकार कर देता है। अत: राजू की मां घर छोड़कर अपने भाई के साथ रहने चली जाती है। राजू के दोस्त और ड्राइवर गफ्फूर (अनवर हुसैन) भी रोजी को लेकर उससे किनारा कर लेता है। ऐसा भी होता है कि राजू की आमदनी खत्म हो जाती है और सारा शहर उसके खिलाफ हो जाता है। इसके बाद राजू रोजी को एक गायक और नृत्यांगना बनने में हर तरह से मदद करता है। रोजी जल्द ही स्टार बन जाती है और नई ऊंचाइयों को छूने लगती है। लेकिन राजू इसी बीच आवारागर्दी करने लगता है और जुआ के लत में पड़ जाता है। इसी बीच मार्को पुन: वापस आता है और रोगी को दोबारा अपने साथ लाने का प्रयास करता है। इसी बीच वह राजू से टकरा जाता है और राजू उससे गुलदस्ता ले लेता है, जिसे रोजी को देने के लिए मार्को को अपने साथ लाया था। मार्को राजू को बताता है कि रोजी के कुछ गहने लॉकर में पड़े हैं जिसे निकालने के लिए उसे रोजी के हस्ताक्षर चाहिए। राजू को आशंका हो जाती है कि कहीं दोबारा से मार्को और रोजी के बीच संबंध स्थापित न हो जाए। अत: वह पेपर पर रोजी के जाली दस्तखत कर देता है, लेकिन वह मार्को को रोजी से मिलने नहीं देता है।

इसी दौरान दोनों के संबंधों में कड़वाहटें आ जाती हैं और वह राजू को अपने पास आने से मना करती है। वह राजू से यह भी कहती है कि अगर वह उसके पास आया तो वह घर छोड़कर चली जाएगी। बातचीत के क्रम में वह राजू से यह भी कहती है कि मार्को सही कहता है कि पुरुषों को औरत की कमाई पर नहीं जीना चाहिए। राजू रोजी को याद दिलाता है कि वह अपने बलबूते इस कामयाबी तक नहीं पहुंची है बल्कि उसे स्टार बनाने में राजू का बड़ा योगदान है।

कुछ समय बाद रोजी को राजू की जालसाजी का पता चलता है, जहां राजू को 2 साल की जेल की सजा हो जाती है। रोजी को समझ में नहीं आता है कि आखिर राजू ने जालसाजी क्यों की ? अगर उसे पैसे ही चाहिए था तो वह सीधे उससे मांग सकता था। राजू ने पैसे के खातिर नहीं बल्कि रोजी के प्यार में ऐसा कदम उठाया ताकि मार्को और रोजी दुबारा न मिल सके।

अब फिल्म वर्तमान में आ जाती है और राजू को जेल से लेने रोजी और राजू की मां दोनों आते हैं। राजू के अच्छे आचरण की वजह से उसे 6 महीने पहले ही जेल से रिहा कर दिया जाता है। रोजी और राजू की मां के बीच सारे मनमुटाव खत्म हो जाता है। रिहाई के बाद राजू अकेला घूमता रहता है और गरीबी, भूख और अकेलेपन के कारण वह इधर-उधर भटकता रहता है। एक दिन वह साधुओं की टोली के साथ एक गांव के पुराने मंदिर के अहाते में सो जाता है, जहां एक साधु उसके ऊपर पीतांबर ओढ़ा देता है। अगले दिन गांव का एक किसान भोला उसे साधु समझ लेता है और अपनी बहन को समझाने के लिए कहता है कि वह शादी न करने की जिद पर अड़ी हुई थी। राजू उसे समझा बुझाकर शादी के लिए तैयार कर देता है। इससे राजू की ख्याति दूर के गांव-गांव तक फैल जाती है। गांव वाले राजू को पहुंचा हुआ साधु समझ लेते हैं और उसके लिए खाना और तरह-तरह के उपहार भेंट करते हैं। राजू अब स्वामी जी के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है, जिसके कारण पंडितों को राजू से ईर्ष्या हो जाती है। एक दिन राजू गांव वालों को एक साधु की कहानी सुनाता है कि कैसे गांव में अकाल पड़ने पर उस साधु ने 12 दिन का उपवास किया और उसके बाद उसे गांव में बारिश हो गई। संयोग से उस गांव के कुछ इलाके में भी अकाल पड़ जाता है और गांव का एक मूर्ख व्यक्ति राजू के वार्तालाप में कुछ और सुन लेता है। वह गांव वालों को बताता है कि स्वामी जी ने वर्षा कराने के लिए 12 दिन का उपवास रखने का निर्णय लिया है। पहले राजू इसका विरोध करता है और वह भोला को यह भी बताता है कि वह एक सजायाफ्ता मुजरिम है, जिसे एक लड़की की वजह से सजा मिली। लेकिन इसके बावजूद भी गांव वालों में उसके प्रति आस्था खत्म नहीं हुई। वे उसके सामने रत्नाकर डाकू का उदाहरण देते हैं जो बाद में चलकर महर्षि वाल्मीकि के रूप में प्रसिद्ध हुए।

अंतत: राजू उपवास के लिए तैयार हो जाता है, हालांकि उसे विश्वास नहीं होता है कि उपवास का बारिश से कोई संबंध है। राजू की ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी और हजारों की संख्या में दर्शनार्थी उससे आशीर्वाद लेने आने लगते

हैं। उसकी ख्याति सुनकर रोजी, राजू की मां और उसके दोस्त गफ्फूर उससे मिलने आते हैं। लेकिन दूसरे धर्म के होने के कारण गफ्फूर को भोला मंदिर के अंदर नहीं आने देता है। राजू मध्यस्थता करता है और कहता है कि इंसानियत प्रेम और परोपकार ही उसका धर्म है। इसीलिए किसी के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि इंसानियत को देखना चाहिए। धीरे-धीरे राजू की हालत नाजुक हो जाती है और आखिर में 12वें दिन सच में बारिश हो जाती है। लेकिन उपवास के कारण राजू का निधन हो जाता है। जहां एक ओर मंदिर के बाहर गांव वाले खुशी से झूम रहे हैं वहीं दूसरी ओर मंदिर के भीतर राजू के स्वजन उसकी मृत्यु पर विलाप करते नजर आते हैं।

'गाइड' फिल्म और मुख्य उपन्यास में कुछ अंतर भी दिखाई देते हैं। उपन्यास में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए प्रयास करता है, लेकिन फिल्म गाइड में रोजी पहले ही अपनी वैवाहिक जीवन से दुखी है और मार्को को एक आदिवासी लड़के से प्रेम करते हुए देख खुद ही राजू के पास चली जाती है। दूसरा 'गाइड' फिल्म में राजू की मौत प्रसिद्धि से होती है और वर्षा होने से गांव का अकाल भी दूर हो जाता है, लेकिन उपन्यास में राजू की मौत गुमनामी में होती है और गांव के अकाल खत्म होने का कोई भी जिक्र नहीं है।

इस फिल्म का संगीत पक्ष बेजोड़ है जिसे सचिन देव बर्मन ने संगीत से सजाया है। प्रमुख गीतों में-

1. आज फिर जीने की तमन्ना है
2. दिन ढल जाए
3. क्या से क्या हो गया
4. गाता रहे मेरा दिल
5. पिया तोसे नैना लागे रे
6. सैया बेईमान
7. तेरे मेरे सपने
8. वहां कौन है तेरा मुसाफिर जाएगा कहां

फिल्म अंत के करीब आते दिखने लगता है कि यह फिल्म आम भारतीय दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। जहां अमेरिकी फिल्म का 'गाइड' धीरे-धीरे कमजोर होता जाता है और समय-समय पर अपनी अंतरात्मा से जूझता है। वही हिंदी फिल्म का 'गाइड' अपने दो अलग-अलग व्यक्तित्वों को आपस में लड़ते हुए देखता है; एक स्वार्थी और अवसरवादी राजू और दूसरा चमकीले भगवा वस्त्र में लिपटा हुआ एक पवित्र आत्मा और संत व्यक्ति जो कहता है कि उसका शरीर भले ही मर जाए, लेकिन वह अमर रहेगा। राजू किस दुविधा का सामना कर रहा है, वह अपने भीतर कौन से राक्षस से लड़ रहा है? यह सब दर्शकों पर नहीं छोड़ा गया है बल्कि उन्हें सब कुछ दिखाया गया।[1]

**2. गोदान (1963)** - गोदान फिल्म हिंदी के सबसे बड़े उपन्यासकार प्रेमचंद के चर्चित उपन्यास 'गोदान' पर आधारित है। त्रिलोक जेटली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राजकुमार (होरी) और कामिनी कौशल (धनिया) के रूप में मुख्य भूमिकाओं में है।

फिल्म की कहानी पराधीन भारत में व्याप्त गरीबी शोषण और सामंती व्यवस्था के बीच फंसे होरी के इर्द-गिर्द घूमती है। यह सिर्फ होरी की कहानी नहीं है बल्कि, संपूर्ण भारतीय कृषक संस्कृति की कहानी है। होरी किसानों का प्रतिनिधि पात्र है। होरी की इच्छा एक गाय रखने की है, जिसे वह प्रतिष्ठा का विषय मानता है। लेकिन गरीबी उसके सपने को पूरा नहीं होने देती है। एक दिन जमींदार के यहां जाने के क्रम में उसकी मुलाकात भोला से हो जाती है, जो अपनी गायों को चरा रहा था। उसमें से एक गाय पर होरी की नजर पड़ जाती है। भोला की पत्नी इस दुनिया को छोड़ चुकी थी और बातचीत के क्रम में अधेड़ भोला की शादी करने की इच्छा का उसे पता चलता है। होरी भोला को शादी का आश्वासन देता है। बदले में भोला उसे अपनी गाय उधार दे देता है। यह गाय अपने साथ खुशियों की जगह होरी के लिए विपत्तियों का सागर लाती है। गाय लाने के क्रम में होरी का बेटा गोबर भोला की विधवा बेटी झुनिया को अपना दिल दे देता है। उधर गाय के आते ही होरी और उसके भाई हीरा में झगड़ा हो जाता है और हीरा गाय को जहर दे देता है। पुलिस आती है और हीरा के घर की तलाशी करने की बात करती है। लेकिन अपने घर की मरजाद बचाने के लिए होरी कर्ज लेकर दरोगा को रिश्वत देता है ताकि घर की तलाशी रोकी जा सके। उधर गोबर झुनिया को अपने साथ भगा ले जाता है और भोला गाय के पैसों की एवज में उसके दोनों बैल खोलकर ले जाता है। दूसरी बिरादरी में शादी करने को लेकर होरी के विरुद्ध गांव में पंचायत बैठती है और उस पर आर्थिक दंड लगाया जाता है। कर्ज के दवाब से धीरे-धीरे होरी कृषक से मजदूर बन जाता है और उसकी हालत इतनी दयनीय हो जाती है कि उसे अपनी छोटी बेटी रूपा की शादी अपने ही हम उम्र के अधेड़ व्यक्ति रामसेवक से करना पड़ता

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

है। एक बार पुन: अपने पोते मंगल के लिए उसके भीतर गाय लेने की इच्छा बलवती हो जाती है और इसके लिए वह जी जान से खाने पीने की परवाह न करते हुए मजदूरी करने लगता है और मजदूर के रूप में काम करते हुए शहर को जोड़ने वाली सड़क पर ही उसकी मृत्यु हो जाती है। होरी जमींदारों, साहूकारों और महाजनों के चंगुल में फंसकर कर्ज के बोझ तले इतना दब जाता है कि उसे किसान से मजदूर बनना पड़ता है। यह पूरी कृषक संस्कृति के टूटने की कहानी है। खेती और किसानी संस्कृति में जो उसे मरजाद का भाव महसूस होता था वह सारी मरजाद टूट जाती है और वह मजदूर बन जाता है।

राजकुमार ने एक गरीब मजबूर लेकिन ईमानदार किसान की भूमिका को बखूबी निभाया है। उनकी सुरीली आवाज और आंखों में जो निराशा दिखाई देती है। वह होरी के चरित्र को जीवंत कर देता है। कामिनी कौशल धनिया के किरदार को बहुत ही सशक्त तरीके से निभाया है। इस फिल्म में जाति-बिरादरीवाद, विधवा पुनर्विवाह और धार्मिक ढोंग जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया है।

फिल्म और मूल उपन्यास में कुछ अंतर भी है। उपन्यास के विपरीत फिल्म में शहरी पात्रों के दृश्यों को कम करके होरी और धनिया की कहानी पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। उपन्यास के प्रकाशन के 85 वर्ष बाद भी किसानों की हालत बेहतर नहीं हुई है। सूदखोरों की जगह बैंक अब लोन दे सकते हैं लेकिन लोन की निरंतरता या तो किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही है या अन्यायपूर्ण कानून के विरुद्ध आंदोलन खड़ा करने पर विवश कर रही है।[2]

गोदान गाय की पवित्रता की कहानी नहीं है बल्कि एक गरीब किसान का एक सपना है। यह सपना तोड़ दिया जाता है क्योंकि एक किसान के विरुद्ध बहुत सारी शक्तियां काम कर रही थीं। धनी, ताकतवर, लालची और यहां तक की उसके परिवार के लोग भी जिसमें, उसका बेटा उसका भाई भी शामिल था। ये सभी उसके विरुद्ध कार्य कर रहे थे। यह लालच धनलोलुपता, आत्म केंद्रित महत्वाकांक्षा और प्रेम की कहानी है।[3]

इस फिल्म का संगीत पंडित रविशंकर ने दिया है और गीत अनजान ने लिखा है। इस फिल्म के गाने कथानक के अनुकूल है।

1. पिपरा के पतवा सरीखे डोले मनवा
कि हियरा में उठत हिलोर
पुरबा के झोकवा में अईओ रे संदेशवा
कि चलो आज देशवा की ओर।[4]

इस गाने को महमूद (गोबर) पर फिल्माया गया है। इस गाने को आवाज मोहम्मद रफी ने दिया है।

2. हिया जरत रहत दिन रैन
हो रामा जरत रहत दिन रैन
अमवा की डाली पे कोयल बोल
तनिक न आवत चैन हो रामा
जरत रहत दिन रैन
बसवारी में मधुर सुर बाजे
पपिहरा बोले लागे
मधुर मधुर बैन हो रामा
जरत रहत दिन रैन।

इस गाने को राजकुमार (होरी) पर फिल्माया गया है और इस गाने को आवाज मुकेश ने दी है।[5]

**3. चित्रलेखा (1964)** - यह फिल्म भगवती चरण वर्मा के प्रसिद्ध उपन्यास 'चित्रलेखा' पर आधारित है। केदार शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक क्लासिक फिल्म है, जिसमें पाप-पुण्य प्रेम और वैराग्य के दार्शनिक विषयों को उठाया गया है। इस फिल्म में मीना कुमारी (चित्रलेखा) प्रदीप कुमार (बीजगुप्त) और अशोक कुमार (योगी कुमारगिरि) की भूमिका में है।

यह फिल्म गुप्त साम्राज्य के समय की घटना पर आधारित है जिसमें जीवन के दार्शनिक प्रश्नों को उठाया है। क्या पाप और पुण्य वास्तव में अलग-अलग है? फिल्म की कहानी चित्रलेखा बीजगुप्त और योगी कुमारगिरी के इर्द गिर्द घूमती है जो वासना (भोग) और तपस्या (योग) के बीच के संघर्ष को दर्शाती है।

यह कहानी गुप्त साम्राज्य के उत्कर्ष काल में पाटलिपुत्र में घटित होती है। आर्यरत्न सामंत बीजगुप्त (प्रदीप कुमार) एक उच्च कुलीन व्यक्ति है, कुछ समय अन्य स्थान पर रहने के बाद पाटलिपुत्र लौट आए हैं। बीजगुप्त का शहर में स्वागत उत्सुकता के साथ किया गया। उनकी मंगेतर यशोधरा (शोभना) दबी आवाज में आशा कर रही है कि इस बार वे उनसे विवाह जरूर करेंगे। चित्रलेखा (मीना कुमारी) जो इस कहानी की नायिका है, पाटलिपुत्र में एक प्रसिद्ध नर्तकी है। इनको बताया जाता है कि जौहरी बीजगुप्त उनके प्रदर्शन को देखने आ रहे हैं। चित्रलेखा भी काफी उत्सुक है लेकिन साथ में दृढ़ भी।

बीजगुप्त भले ही राजकुमार हो और रत्नों के पारखी हो लेकिन चित्रलेखा उन्हें आसानी से नहीं छोड़ेगी। वह अकेले नहीं बल्कि अपने दो साथियों के साथ मुखौटे पहन कर नृत्य करेगी ताकि बीजगुप्त उनमें से किसी को भी अलग-अलग पहचान न सके। प्रदर्शन के अंत में चित्रलेखा के घर की देखरेख करनेवाली महिला गायत्री देवी (अचला सचदेव) आगे आती है और चित्रलेखा की ओर से घोषणा करती है कि यदि सामंत नर्तकी की सही पहचान कर लेते हैं तो चित्रलेखा स्वयं उन्हें माला पहनाएगी। बीजगुप्त जरा भी संकोच नहीं करता है और चाकू से मुखौटे की डोर काट देता है, जिससे चित्रलेखा का सुंदर चेहरा सामने आ जाता है। बीजगुप्त वह हार ले लेता है जिसे चित्रलेखा उसे पहनाने वाली थी और अपना मुंह फेर लेता है। यह सब देखकर उसकी मंगेतर यशोधरा राहत की सांस लेती है लेकिन उसकी सहेली रंभा जो बीजगुप्त के महल में काम करती है, इससे संतुष्ट नहीं हुई। उसका कहना था कि शब्द नहीं बोले गए लेकिन नजरें तो जरूर मिलीं। रंभा की भविष्यवाणी सच साबित हुई। बीजगुप्त चित्रलेखा के घर अक्सर आने जाने लगता है और घंटों साथ बिताता है, नर्तकी से बातें करता है और उसका मनोरंजन भी करता है। दोनों ओर से दार्शनिक विचार विमर्श के क्षण आते हैं, जीवन, प्रेम, त्याग और ऐसे ही अन्य विषयों पर चिंतन होता है। इन सभी मुलाकातों के बीच बीजगुप्त से एक आगंतुक मिलता है। ब्रह्मचारी श्वेतांक (महमूद) पाटलिपुत्र आए हैं जो अपने गुरु योगी कुमारगिरि (अशोक कुमार) का संदेश लेकर बीजगुप्त के लिए आए हैं। कुमारगिरि ने श्वेतांक को पाटलिपुत्र भेजा ताकि वह इस भोले भाले व्यक्ति को जीवन, पाप और प्रलोभन को समझने में मदद कर सके। क्या बीजगुप्त उसे आश्रय देंगे, उनकी देखभाल करेंगे? बाद में बीजगुप्त उसे अपने यहां आश्रय देता है।

बीजगुप्त और चित्रलेखा का रिश्ता किसी वेश्या से मिलने वाले ग्राहक के आम रिश्ते जैसा नहीं है। उनकी बातचीत बेहद गहन होती है। बीजगुप्त की मंगेतर यशोधरा को पता चल जाता है कि उसका मंगेतर चित्रलेखा से संबंध में है। एक दिन यशोधरा मंदिर में प्रार्थना करने जाती है जहां, उसकी मुलाकात रंभा से होती है। रंभा बीजगुप्त और चित्रलेखा के रिश्ते को अपनी आंखों से देख रही है। वह यशोधरा के प्रति सहानुभूति जताती है और ईश्वर से प्रार्थना करने की बात कहती है ताकि बीजगुप्त उसे मिल जाए। जवाब में यशोधरा रहती है कि वह ईश्वर से प्रार्थना करेगी की बीजगुप्त की जो दिल की इच्छा हो वह जरूर पूरी हो जाए। इसी बीच यशोधरा के पिता मृत्युंजय को यह खबर मिलती है तो वह आग बबूला हो जाता है और बीजगुप्त के गुरु कुमारगिरि से विनती करता है कि वह बीजगुप्त को समझाएं। इस तरह नाराज क्रोधित कुमारगिरि चित्रलेखा के महल में प्रवेश करता है और चित्रलेखा को बीजगुप्त से रिश्ता तोड़ने की बात करता है। लेकिन कुमारगिरि के जाते ही वह फुट-फुट का रोने लगती है। चित्रलेखा यशोधरा की बातें सुन लेती है और और बीजगुप्त को त्यागने का निर्णय लेती है। वह नृत्य और पाटलिपुत्र के सारे धन-दौलत और ऐश्वर्य को त्यागने का फैसला लेती है। वह कुमारगिरि के यहां जाकर उन्हें अपनी शिष्या बनाने के लिए विनती करती है।

चित्रलेखा के जाने के बाद बीजगुप्त यशोधरा से शादी करने का मन बना लेता है। लेकिन इसी दौरान श्वेतांक भी यशोधरा पर मोहित हो जाता है और उससे विवाह करना चाहता है। वह अपनी स्थिति बीजगुप्त के सामने रखता है। बीजगुप्त गंभीर असमंजस की स्थिति में पड़ जाता है। अंत में वह यशोधरा के पिता मृत्युंजय के यहां श्वेतांक और यशोधरा की शादी का प्रस्ताव लेकर जाता है। लेकिन इसके लिए मृत्युंजय तैयार नहीं होता है। श्वेतांक भले ही सूर्यवंशी था लेकिन वह निर्धन था। बीजगुप्त अपनी सारी दौलत श्वेतांक को दे देता है और यशोधरा श्वेतांक से शादी कर लेती है। लेकिन दूसरी तरफ कुमारगिरि चित्रलेखा की तरफ आसक्त होने लगता है जिससे चित्रलेखा परेशान हो जाती है। वह बीजगुप्त के पास वापस लौटने का मन बना लेती है। लेकिन कुमारगिरि उसे झूठी सूचना देता है कि बीजगुप्त यशोधरा से विवाह कर रहा है। चित्रलेखा का दिल टूट जाता है और कुमारगिरि चित्रलेखा के इस मन:स्थिति का फायदा उठाकर उसे अपनी वासना का शिकार बना लेता है। अगले दिन विशाल देव बताता है कि यशोधरा का विवाह श्वेतांक से हो रहा है और बीजगुप्त ने अपनी सारी संपत्ति श्वेतांक को दे दिया है। यह खबर सुनकर चित्रलेखा कुमारगिरि को बहुत धिक्कारती है और आश्रम छोड़कर चली जाती है। प्रायश्चित के लिए कुमारगिरि आत्महत्या का फैसला लेता है। लेकिन गंगा में डूबने से पहले उसे सांप काट लेता है और वह गंगा तक पहुंच नहीं पाता है। वह गंगा से प्रार्थना करता है कि वह उसे अपने गोद में समा ले। गंगा आगे बढ़ आती है और उसे अपने शरण में ले लेती है। बीजगुप्त पहले ही घर त्याग चुका होता है। चित्रलेखा उसे खोजते हुए अंत में उस तक पहुंच ही जाती है। इन दोनों के

मिलन के बाद फिल्म समाप्त हो जाती है।

मधुलिका लिंडे इस फिल्म के संदर्भ में कहती है कि उन्हें इस फिल्म में जो बात पसंद आई वह यह थी कि इसमें कई गहरे व्यक्तिगत मुद्दों, विषयों और भावनाओं को उठाया गया है जिन पर 50 और 60 के दशक के बॉलीवुड के मेलोड्रामा में अक्सर बात नहीं होती। वासना, प्रेम, आत्मा सम्मान, पाखंड, नैतिकता, पाप और पुण्य का विचार इनमें से प्रत्येक और भी बहुत कुछ एक ऐसी कहानी का हिस्सा है जो सतह पर देखने में काफी सरल लगती है, लेकिन वास्तव में इसे रखने के तरीके और इसके पात्रों के व्यवहार में काफी जटिलता और परिपक्वता दिखती है।[6]

**4. तीसरी कसम** (1966)– यह हिंदी के प्रसिद्ध रचनाकार फणीश्वरनाथ रेणु की चर्चित कहानी 'मारे गए गुलफाम' उर्फ तीसरी कसम पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशक बासु भट्टाचार्य और निर्माता प्रसिद्ध गीतकार शैलेंद्र है।

हीरामन (राजकपूर) बिहार के एक दूरदराज गांव का रहनेवाला है एक सीधा सादा ग्रामीण है। वह बैलगाड़ी चलाने का काम करता है। वह जीवन की कठिन परिस्थितियों के मद्देनजर दो कसम लेता है। फिर उसकी मुलाकात नौटंकी में नाचने वाली हीराबाई (वहीदा रहमान) से होती है और दोनों मित्र बन जाते हैं। फिर हीरामन तीसरी कसम भी खाता है। हीरामन पारंपरिक और रूढ़िवादी स्वभाव का है। बैलगाड़ी पर अवैध सामान की तस्करी करते हुए वह पुलिस के हत्थे चढ़ने से बाल-बाल बच जाता है। फिर उसने पहली प्रतिज्ञा ली कि वह फिर कभी अवैध सामान की धुलाई अपनी बैलगाड़ी पर नहीं करेगा। इसके बाद एक लकड़ी व्यापारी के लिए बांस ले जाते समय हीरामन की बैलगाड़ी पर लदे बांस एक टमटम से टकरा जाता है और टमटम पलट जाता है। उसमें सवार दो आदमियों को काफी चोट लगती है। फिर वे दोनों मिलकर हीरामन की जमकर पिटाई करते हैं। इसके बाद उसने दूसरी प्रतिज्ञा यह ली कि वह फिर कभी भी अपनी बैलगाड़ी में बांस की ढुलाई नहीं करेगा।

एक बार रात में हीरामन को नौटंकी नर्तकी हीराबाई को 40 मील दूर एक गांव के मेले में यात्री के रूप में ले जाने के लिए कहा जाता है। यात्रा के दौरान हीरामन समय बिताने के लिए गीत गाता है और हीराबाई को महुआ की कथा सुनाता है। यात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ती है हीराबाई हीरामन की मासूमियत और जीवन के सरल दर्शन से मंत्रमुग्ध हो जाती है। हीरामन हीराबाई को पवित्रता की देवी के रूप में देखता है। गांव के मेले में पहुंचकर हीराबाई नौटंकी मंडली में शामिल हो जाती है। हीराबाई हीरामन को कुछ दिनों के लिए मेले में रुकने का अनुरोध करती है ताकि वह उसका नृत्य देख सके। जब हीरामन नौटंकी देखने जाता है तो उसे पता चलता है कि दूसरे लोग हीराबाई को वेश्या समझते हैं। इस बात से वह काफी परेशान हो जाता है। हीरामन उसे समाज से बचाने और उसकी रक्षा करने की कोशिश करता है। जैसे-जैसे दिन बीतते जाते हैं हीराबाई और हीरामन का रिश्ता और मजबूत होता जाता है। जब हीराबाई के पेशे को लेकर हीरामन का स्थानीय लोगों से झगड़ा हो जाता है तब हीराबाई उसे समझाने की कोशिश करती है कि यह उसके जीवन की कठोर सच्चाई है। हीरामन हीराबाई से इस पेशे को छोड़ने को कहता है और एक सम्मानजनक जीवन जीने की अपील करता है। लेकिन हीराबाई ऐसा करने से इनकार कर देती है। निराश होकर हीरामन मेले से निकलकर अपने गांव लौट जाता है। हीराबाई हीरामन से मिलती है और उसको बताती है कि उसे बेच दिया गया था और फिर वह चली जाती है। हीरामन तब तीसरी प्रतिज्ञा (तीसरी कसम) लेता है कि वह आगे से फिर कभी भी किसी नौटंकी वाली को अपनी बैलगाड़ी में नहीं ले जाएगा।

इस फिल्म के सभी गीत शैलेंद्र और हसरत जयपुरी द्वारा लिखे गए हैं और संगीत शंकर जय किशन द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस फिल्म के कुछ गाने बहुत ही लोकप्रिय हुए–

1. चलत मुसाफिर मोह लिया रे पिंजरे वाली मुनिया
2. दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई तूने काहे को दुनिया बनाई
3. पान खाए सैया हमारो
4. सजनवा बैरी हो गए हमार
5. सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है

इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता है।

'मारे गए गुलफाम' का 'तीसरी कसम' फिल्म के रूप में रूपांतरण ही इसे एक क्लासिक कीर्ति बना देता है। इसमें वासना जनित प्रेम नहीं है बल्कि प्रेम का उद्दात रूप है। फिल्मांकन में पात्रों के आंतरिक द्वंद्व उभर कर सामने आए हैं।

इस फिल्म के बारे में मधुलिका लिंडे लिखती है कि इस फिल्म की कोमल और लगभग काव्यात्मक गुणवत्ता मुझे

काफी पसंद आई। एक ऐसे युग में जब एक्शन जो कि जरूरी नहीं कि हिंसात्मक हो, कथानक में आने वाले मोड़ समान्य बात हो गई हो। वही तीसरी कसम का संवाद लोगों के बीच आपसी मेलजोल और रिश्तों पर केंद्रित है। यह 50 और 60 के दशक के हिंदी सिनेमा में जो मैंने देखा उसमें सबसे ज्यादा संवेदनशील गैर नाटकीय चरित्र चित्रण के साथ मेल खाता है। इसका एक कारण यह भी है कि 'तीसरी कसम' के संवाद करने वाले कलाकारों की संख्या बहुत कम है। हीरामन और हीराबाई ही मुख्य संवाद करने वाले पात्र हैं और कुछ अन्य कलाकार इसमें शामिल हैं। इसका कारण एक सरल और स्पष्ट कहानी है जिसमें नायक एक स्त्री से प्रेम करता है जिसे उसने अपने दिल में सर्वोच्च स्थान दिया है। यह उस स्त्री की कहानी है जो इससे असहजता महसूस करती है कि वह वास्तव में उस पुरुष के लायक नहीं है।[7]

**5. शतरंज के खिलाड़ी (1977)** – शतरंज के खिलाड़ी मुंशी प्रेमचंद की कहानी शतरंज के खिलाड़ी पर आधारित है। यह फिल्म सत्यजीत राय द्वारा निर्देशित है और 1977 में यह फिल्म प्रदर्शित हुई। यह फिल्म 1856 के अवध के नवाब वाजिद अली शाह के शासनकाल की विलासिता और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा राज्यों के अधिग्रहण नीति के दौरान अवध के दो बिलासी और पलायनवादी मानसिकता के दो शतरंज प्रेमी जागीरदारों मीर और मिर्जा की कहानी है। उन दोनों को अपने देश की राजनीतिक पतन से कुछ भी लेना-देना नहीं है बल्कि उनका उद्देश्य सिर्फ खेल में डूबे रहना है।

संजीव कुमार (मिर्जा सज्जाद अली) और सईद जाफरी (मीर रोशन अली) ने शतरंज के दीवाने जमींदारों की भूमिका में बेहतरीन अभिनय किया है। अमजद खान ने नवाब वाजिद अली शाह की भूमिका निभाई है, जबकि शबाना आजमी मिर्जा सज्जाद अली की पत्नी और फरीदा जलाल ने अमीर रोशन अली की पत्नी की भूमिका निभाई है। इसके अलावा फिल्म में सर रिचर्ड एटनबरो और फारुख शेख ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह सत्यजीत राय की हिंदी की पहली फिल्म है जिसे उनकी सबसे महंगी फिल्मों में से एक माना जाता है। फिल्म की सिनेमैटोग्राफी सेट और वेशभूषा उसे दूर के लखनऊ के माहौल को सटीक रूप से चित्र करते हैं। अमिताभ बच्चन ने सूत्रधार की आवाज दी है। फिल्म जो दिखाना चाहती है वह है- नैतिकता का पतन राजनीतिक अराजकता और भोग विलास में डूबे समाज की कायरता को उजागर करती है जहां शतरंज का खेल राष्ट्र हित से ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है। इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार और तीन फिल्म फेयर अवार्ड भी मिले हैं।

प्रोफेसर पुनीत विसरिया कहते हैं कि पतनोन्मुखी अवध के समाज के इस चित्रण को सत्यजीत राय इसी नाम से सन् 1977 में फिल्म बनाकर चित्रपट पर उतारते हैं और अमिताभ बच्चन का सूत्रधार के रूप में प्रयोग करते हुए कथा सिनेमा की आवश्यकता के अनुरूप कतिपय परिवर्तन भी करते हैं, जैसे-मीर और मिर्जा का अंत में मरना ना दिखाना, मीर साहब की पत्नी के आशिक अकील की कथा को जोड़ना, कैप्टन विल्सन और जनरल आउट्रम की कथा जोड़ना, अल्बा जानीका प्रसंग, कल्लू नाम के लड़के की कथा आदि। लेकिन ये प्रसंग कहानी की अन्विति को प्रभावशाली बनाने का काम करते हैं।[8]

**सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग**
**दयाल सिंह महाविद्यालय**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल : chittaranjan.kumar2009@gmail.com**

**सन्दर्भ सूची**

1. गाइड, मधुलिका लिंडे, डस्टेड ऑफ
2. गोदान -1963, नास्टेल्जिया, दीपा गहलोत, 8 अक्टूबर 2021
3. गोदान (1963) डस्टेड ऑफ, मधुलिका लिंडे
4. मूल फिल्म 'गोदान'
5. मूल फिल्म 'गोदान'
6. चित्रलेखा, डस्टेड ऑफ, मधुलिका लिंडे
7. तीसरी कसम, डस्टेड ऑफ, मधुलिका लिंडे
8. प्रो. पुनीत विसरिया, फिल्म समीक्षा : शतरंज के खिलाड़ी

शोध-पत्र

# आजादी के बाद आदिवासी राजनीतिक संघर्ष के संदर्भ में हिन्दी उपन्यास



अमित कुमार सिंह

अंग्रेजी शासन के दौरान महाजनों और साहूकारों द्वारा आदिवासियों का व्यापक शोषण किया गया। उनकी सामाजिक अस्मिता और सांस्कृतिक पहचान को भी गहरा आघात पहुँचाया गया। इस अन्याय के विरोध में आदिवासी समुदाय ने अनेक सशस्त्र आंदोलनों का नेतृत्व किया। कुछ आंदोलनों में ईसाई मिशनरियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। लगातार बढ़ते संघर्षों और विद्रोहों के कारण अंग्रेजी प्रशासन को कई महत्वपूर्ण परिवर्तन करने पड़े। भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए भूमि सुधार कानून, छोटानागपुर टेन्योर एक्ट आदि अनेक कानून लागू किए गए। इन कानूनों से आदिवासियों को कुछ सीमा तक राहत मिली, किन्तु महाजनों और साहूकारों का अत्याचार और शोषण पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। यही कारण था कि आदिवासी समुदाय अपने अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा हेतु निरंतर संघर्षरत रहा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से सत्ता पर पूँजीवादी और सवर्णवादी शक्तियों का प्रभाव बना रहा, जिसके परिणामस्वरूप शोषण ने नए और अधिक व्यापक रूप धारण कर लिए। स्वतंत्र भारत में कानून और न्याय व्यवस्था आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा करने में अपेक्षित रूप से सफल नहीं रही, बल्कि कई बार कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से उनका शोषण और अधिक बढ़ा। आदिवासी आंदोलनों और संघर्षों को दबाने के लिए पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों का प्रयोग किया जाने लगा। चूँकि विश्व समुदाय की दृष्टि में भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका था, इसलिए इस लोकतांत्रिक छवि को बनाए रखना भी आवश्यक था। संविधान ने आदिवासियों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने का वैधानिक अधिकार प्रदान किया। परिणामस्वरूप उनके आंदोलनों और विरोधों का खुला दमन करना पहले की अपेक्षा कठिन हो गया। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण रही। ईसाई मिशनरियों के प्रयासों से आदिवासी समुदाय में शिक्षा का प्रसार हुआ और उनमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता विकसित हुई। अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लंबे संघर्षों ने उनमें राजनीतिक चेतना का भी विकास कर दिया था।

ऐसी परिस्थितियों में पूँजीवादी शक्तियों, महाजनों और साहूकारों के लिए आदिवासियों की भूमि पर सहज रूप से कब्जा करना संभव नहीं रह गया था। फिर भी संवैधानिक दायरे के भीतर और उसके विभिन्न प्रावधानों का उपयोग करते हुए उनका शोषण निरंतर जारी रहा। यह शोषण आज भी अनेक रूपों में विद्यमान है और इसके विरुद्ध संघर्ष भी निरंतर चल रहे हैं।

यहाँ कई महत्वपूर्ण प्रश्न उभरते हैं- व्यापक संघर्षों के बावजूद पूँजीवादी व्यवस्था किन तरीकों से शोषण को जारी रखे हुए है? आदिवासी समुदाय ही सबसे अधिक शोषण और विस्थापन का शिकार क्यों बन रहा है? उनकी भूमि पर ही सबसे अधिक कब्जा क्यों किया जा रहा है? उनके साथ अमानवीय व्यवहार और अत्याचार क्यों होते हैं? लाखों आदिवासी विस्थापन के लिए क्यों विवश हैं? इस पूरी प्रक्रिया के प्रति बुद्धिजीवियों का दृष्टिकोण क्या रहा है तथा संसदीय राजनीति में सक्रिय आदिवासी नेताओं की भूमिका कितनी प्रभावी रही है? इन सभी प्रश्नों का गंभीर और सूक्ष्म विश्लेषण आवश्यक है, ताकि वास्तविक परिस्थितियों को समझा जा सके और शोषण की संरचना का पर्दाफाश हो सके। इन्हीं प्रश्नों के उत्तर भविष्य की नई दिशा निर्धारित करने में सहायक

सिद्ध होंगे।

1990 के आर्थिक उदारीकरण के बाद बहुराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय कंपनियों के विस्तार के साथ आदिवासी क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज हो गई। कानूनों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की आड़ में आदिवासियों की जमीनों पर जबरन कब्जा किया जाने लगा। परिणामस्वरूप अनेक गाँव खाली कराए गए और आदिवासी समुदाय बड़े पैमाने पर विस्थापन का शिकार हुआ। इसके साथ ही महाजनों और साहूकारों द्वारा होने वाला आर्थिक शोषण भी और अधिक तीव्र हो गया। इस शोषण और दमन के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अनेक आंदोलन संचालित किए जा रहे हैं, किन्तु पूँजीवादी मीडिया प्रायः इन आंदोलनों को प्रमुखता से प्रस्तुत नहीं करता। इसके विपरीत आदिवासी समुदाय ने अपने वैकल्पिक मीडिया तंत्र को सशक्त बनाया है, जिसके माध्यम से इन संघर्षों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा रहा है। आंदोलनों पर आधारित फिल्में बनाकर उन्हें वैश्विक मंचों तक पहुँचाया जा रहा है।

उदारीकरण के बाद आदिवासी साहित्य ने भी इन आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आदिवासी तथा गैर-आदिवासी साहित्यकारों ने आदिवासी संघर्षों को व्यापक रूप से अभिव्यक्ति दी है तथा उनके विभिन्न आयामों को गहराई से समझाने का प्रयास किया है। यह साहित्य न केवल राजनीतिक आंदोलनों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान कर रहा है, बल्कि सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों के पुनर्मूल्यांकन की दृष्टि भी विकसित कर रहा है। साथ ही यह आदिवासी समाज में राजनीतिक चेतना का विस्तार कर रहा है तथा सवर्णवादी और पूँजीवादी मीडिया एवं साहित्य के अंतर्विरोधों और छलपूर्ण प्रवृत्तियों को उजागर कर रहा है। फलस्वरूप स्थापित सवर्णवादी इतिहास-दृष्टि भी प्रश्नों के घेरे में आ गई है।

1990 के बाद प्रकाशित उपन्यासों में अभिव्यक्त स्वातंत्र्योत्तर आदिवासी राजनीतिक संघर्षों के विविध स्वरूपों का विश्लेषण किया गया है। इसके अंतर्गत पलाश के फूल तथा सोन पहाड़ी, मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ, लौटते हुए, गायब होता देश, सहराना, जहाँ बाँस फूलते हैं तथा समर शेष है, मिशन झारखण्ड और रेड जोन में चित्रित आदिवासी राजनीतिक संघर्षों का मूल्यांकन किया गया है।

पीटर पॉल एक्का ने 'पलाश के फूल' में झारखंड के आदिवासी समुदायों के संघर्ष और उनकी सामाजिक-राजनीतिक स्थितियों को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है। उन्होंने विकास की अवधारणा के नाम पर आदिवासियों के साथ होने वाले शोषण और विस्थापन के विभिन्न रूपों को उजागर किया है। उपन्यास में यह दिखाया गया है कि आदिवासियों के कल्याण के लिए बनाई गई सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ प्रायः 'दिकु' वर्ग ही प्राप्त करता है, जबकि आदिवासी समुदाय उपेक्षित बना रहता है। लेखक यह भी स्पष्ट करते हैं कि विकास और आधुनिकता के नाम पर आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करने की योजनाबद्ध प्रक्रिया चलती रही है। इस प्रकार तथाकथित विकास के पीछे छिपे शोषणकारी षड्यंत्रों को उपन्यास में गंभीरता के साथ प्रस्तुत किया गया है। इसी संदर्भ में लेखक उपन्यास में लिखते हैं- "...बेहद घने जंगल सखुए के जंगल ठेके में उठ जाएंगे। जंगल बेहया से उजाड़ दिए जाएंगे। क्या पता कहीं कोलिहारी या खदान ही खुल न जाए, कहीं बांध बनने की योजना न चले, नहीं तो गाँव-बस्तियों खाली कर देनी होगी।"[1]

विकास की योजनाओं और औद्योगीकरण के नाम पर आदिवासियों की भूमि का अधिग्रहण लगातार बढ़ता गया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी पारंपरिक और आत्मनिर्भर जीवन-व्यवस्था गहरे संकट में पड़ गई। दिकुओं द्वारा किए जा रहे आर्थिक और सामाजिक शोषण ने आदिवासी समुदाय के शांत और खुशहाल जीवन को प्रभावित किया। कल-कारखानों और उद्योगों के विस्तार से जल, जंगल और जमीन प्रदूषित होने लगे, जिससे उनके प्राकृतिक जीवन-स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। स्थिति यहाँ तक पहुँच गई कि आदिवासी अपनी ही भूमि पर मजदूरी करने को विवश हो गए। जिन क्षेत्रों में कभी उनका स्वामित्व और स्वतंत्र अस्तित्व था, वहीं विकसित हो रही कॉलोनियों और शहरी संरचनाओं में उन्हें घरेलू नौकरों तथा निम्न श्रमिकों के रूप में कार्य करने के लिए बाध्य किया जाने लगा। शहरीकरण और तथाकथित विकास की प्रक्रिया ने उनकी सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और सामुदायिक अस्मिता को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया। इसी संदर्भ में पीटर पॉल एक्का अपने पलाश के फूल में लिखते हैं- "फिर तो शहरी बाबू इधर भी आयेंगे। शहरी प्रभाव बिखरता जाएगा। शहरी परिवेश का वही निर्मोही माहौल बदसूरती का आलम लिए मनोरम घाटियों में हर कहीं बिखर जाएगा।... यह एक अंतहीन भटकाव की शुरुआत है।"[2] यानी दिकुओं के हस्तक्षेप के चलते आदिवासी अंतहीन भटकाव की जिन्दगी जीने के लिए अभिशप्त हो रहे हैं।

उपन्यास में विस्थापन की पीड़ा से संघर्ष कर रहे आदिवासियों की मार्मिक स्थिति का संवेदनात्मक चित्रण किया गया है। आदिवासी स्त्री सलोमी, आनंद बाबू से बातचीत के दौरान बताती है कि जल, जंगल और जमीन पर बढ़ते हस्तक्षेप तथा उनसे बेदखली के कारण आदिवासी समुदाय अपने पारंपरिक निवास स्थलों से विस्थापित होकर विभिन्न शहरों में रोजी-रोटी की तलाश में भटकने को विवश हो गया है। वह यह भी बताती है कि शहरों में विस्थापित होकर पहुँचने वाली आदिवासी स्त्रियों को अनेक प्रकार की यातनाओं, शोषण और अपमानजनक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उनकी आर्थिक विवशता का लाभ उठाकर उनके सम्मान और अस्मिता के साथ अन्याय किया जाता है तथा उन्हें सामाजिक और लैंगिक उत्पीड़न का शिकार बनाया जाता है। इस प्रकार उपन्यास विस्थापन की त्रासदी को केवल आजीविका के संकट तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे आदिवासी समाज, उसकी संस्कृति और विशेष रूप से स्त्री अस्मिता पर पड़ने वाले गंभीर आघात के रूप में प्रस्तुत करता है।

पीटर पॉल एक्का का सोन पहाड़ी राजनीतिक चेतना से संपन्न एक महत्वपूर्ण उपन्यास है। इसमें सोन पहाड़ी क्षेत्र के जागरूक आदिवासियों के संघर्षशील जीवन का चित्रण किया गया है, जो संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हैं तथा पूँजीवादी व्यवस्था के प्रलोभनों और षड्यंत्रों का शिकार नहीं बनते। वे पुलिस, महाजनों और साहूकारों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों का खुलकर विरोध करते हैं तथा अपने अधिकारों और अस्तित्व के प्रति पूरी तरह सजग दिखाई देते हैं।

उपन्यास में यह दर्शाया गया है कि सरकार विकास की योजनाओं के नाम पर सोन पहाड़ी क्षेत्र को अपने नियंत्रण में लेना चाहती है। 'कोकिला परियोजना' के अंतर्गत बाँध निर्माण और बिजली उत्पादन की योजना प्रस्तुत की जाती है, किन्तु आदिवासी समुदाय इस योजना के पीछे छिपे वास्तविक उद्देश्य को समझता है। उन्हें यह स्पष्ट रूप से ज्ञात है कि बाँध बनने से उनके गाँव जलमग्न हो जाएँगे और वे बड़े पैमाने पर विस्थापन का शिकार होंगे। साथ ही वे यह भी जानते हैं कि मुआवजे और पुनर्वास के नाम पर उनके साथ पहले की तरह छल और अन्याय ही किया जाएगा। इसी कारण उपन्यास में आदिवासी समाज सरकार की इस परियोजना का संगठित और दृढ़ विरोध करता दिखाई देता है। इस संघर्ष के माध्यम से उपन्यास आदिवासी समुदाय की राजनीतिक चेतना, संगठन शक्ति और अपने जल, जंगल तथा जमीन की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त करता है।

उपन्यास में यह दर्शाया गया है कि आदिवासी समुदाय अब दिकुओं की चालों और षड्यंत्रों के प्रति पूरी तरह सजग हो चुका है। विकास योजनाओं के नाम पर उन्हें यह आश्वासन दिया जाता है कि बिजली प्लांट स्थापित होने के बाद आदिवासी गाँवों में बिजली उपलब्ध कराई जाएगी तथा बाँध के जल का उपयोग कृषि सिंचाई के लिए किया जाएगा। किन्तु आदिवासी समाज इन वादों की वास्तविकता को भली-भाँति समझता है और जानता है कि ऐसी योजनाओं का मुख्य उद्देश्य उनकी भूमि पर कब्जा करना है। इसी संदर्भ में जीतू उराँव, इंजीनियर सुनील के समक्ष इन भ्रामक आश्वासनों का विरोध करते हुए अपनी स्पष्ट और मुखर प्रतिक्रिया व्यक्त करता है। उसके कथन के माध्यम से उपन्यास यह स्थापित करता है कि आदिवासी अब विकास के नाम पर किए जाने वाले छलावे और शोषण के विरुद्ध संगठित रूप से आवाज उठाने लगे हैं। ''...आप तो बोलते हो-कोकिला परियोजना हमारा भलाई वास्ते होगा, ऊ कैसन धोखा है! पानी में डूबेगा हमर गाँव-घर, तो कहाँ खेती होयगा? किस घर में बिजली जलेगा?''[3] जीतू उराँव अपनी तर्कों से सुनील को निरुत्तर कर देते हैं। इनके कथन से स्पष्ट होता है कि आदिवासी आज जागरूक हो गये हैं। वे अब दिकुओं के छल-कपट में फंसने वाले नहीं हैं। उनको पता है कि विकास के नाम पर ये आदिवासियों का सब कुछ छीन कर बर्बाद कर देंगे। उनकी स्त्रियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करेंगे।

उपन्यास में आदिवासी समाज की स्त्री चेतना और स्त्री अस्मिता के प्रति उसकी सजगता का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। आदिवासी स्त्री फूलों की अस्मिता के साथ हरिगुलाम द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का करमा तीव्र प्रतिकार करता है और उसे मृत्यु दंड दे देता है। इस प्रसंग के माध्यम से उपन्यास यह स्पष्ट करता है कि आदिवासी समाज स्त्रियों के सम्मान और अस्मिता के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं करता। हरिगुलाम की मृत्यु के बाद पुलिस गाँव में पहुँचकर आदिवासियों पर अत्याचार करती है। बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया अथवा गिरफ्तारी वारंट के पुलिस ग्रामीणों के साथ दमनात्मक व्यवहार करती है। जब आदिवासी स्त्री बीना दरोगा के अन्याय का विरोध करती है, तब वह गाली-

गलौच करते हुए उस पर हंटर चलाने का प्रयास करता है। इसी समय जीतू और बिरसा पीछे से उसके कोड़े को पकड़ लेते हैं तथा दरोगा के अत्याचार का साहसपूर्वक प्रतिरोध करते हैं।

इस प्रसंग के माध्यम से उपन्यास आदिवासी समाज की सामूहिक चेतना, स्त्री सम्मान के प्रति संवेदनशीलता तथा सत्ता और पुलिसिया दमन के विरुद्ध उनके संघर्षशील स्वभाव को सशक्त रूप में प्रस्तुत करता है। ''दरोगा बाबू तुम्हारा भी माँ–बहन होगा। हाथ उठाया तो ठीक नहीं होगा। कागज पतर निकालो, नहीं तो जितनाही कोड़ा तूने लगाया है उतनाही हम भी लगावेंगे। साहब का हाथ नीचे गिर गया। सोचा नहीं था गाँव में कानून की इतनी ही जरूरत पड़ जाएगी। पहले तो वह कहीं मनमानी कर लेता था।''[4] इस तरह लेखक उपन्यास में पुलिस और दिकुओं की मिलीभगत एवं शोषण का पर्दाफाश करते हुए, इसके प्रतिकार में आदिवासियों के संघर्ष को दर्शाते हैं। आदिवासी एकजुट होकर पुलिस के अत्याचार पर लगाम लगाते है। पुलिस की मनमानी का प्रतिकार करते हैं।

महुआ माजी के 'मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ' में विकास और आधुनिकता के नाम पर आदिवासी समाज के साथ किए जा रहे अन्याय और शोषण का गहन चित्रण किया गया है। उपन्यास में पूँजीवादी व्यवस्था और उसके शोषणकारी तंत्र को तथ्यात्मक आधार पर उजागर करते हुए उसे वैश्विक स्तर पर प्रश्नांकित किया गया है। साथ ही आदिवासी आंदोलनों और संघर्षों को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत कर उन्हें व्यापक पहचान देने का प्रयास किया गया है। उपन्यास यह दर्शाता है कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों के बाद बहुराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय कंपनियों का आदिवासी क्षेत्रों में हस्तक्षेप लगातार बढ़ा है। विकास परियोजनाओं और औद्योगिक विस्तार के नाम पर आदिवासियों की भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसके कारण वे अपनी पारंपरिक जीवन–व्यवस्था से विस्थापित हो रहे हैं। जीविका की तलाश में उन्हें अन्य शहरों की ओर पलायन करने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। इसके साथ ही उपन्यास भ्रष्ट प्रशासनिक तंत्र और सत्ता संरचनाओं की आलोचना करता है, जो आदिवासियों के अधिकारों, उनकी सांस्कृतिक पहचान और अस्मिता की उपेक्षा करते हुए उनके साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार करती हैं। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी जीवन के संघर्ष, विस्थापन, शोषण और प्रतिरोध को व्यापक सामाजिक–राजनीतिक संदर्भों में प्रस्तुत करता है।

मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ में सिंहभूम के 'जंगल आन्दोलन' के माध्यम से आदिवासी संघर्षों और राजनीतिक चेतना का सशक्त चित्रण किया गया है। यह आन्दोलन आदिवासी मजदूरों द्वारा अपने अधिकारों, सम्मान और पूर्वजों की भूमि की रक्षा के लिए संचालित किया जाता है। कॉरपोरेशन के कर्मचारियों तथा ठेकेदारों द्वारा मजदूरों और आदिवासी स्त्रियों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार और अत्याचार के विरुद्ध आदिवासी समुदाय संगठित होकर संघर्ष करता है। वे अपनी छीनी गई जमीन को वापस प्राप्त करने के उद्देश्य से व्यापक आन्दोलन खड़ा करते हैं।

उपन्यास में लेखिका महुआ माजी पूँजीवादी सत्ता व्यवस्था के दमनकारी और शोषणकारी स्वरूप को उजागर करती हैं। सरकार आदिवासी आंदोलनों को कानून–व्यवस्था के लिए खतरा बताकर उनका दमन करना चाहती है। पूँजीवादी मीडिया भी इन संघर्षों को देशविरोधी गतिविधियों के रूप में प्रस्तुत कर आदिवासियों की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है। पुलिस और प्रशासन कानून का दुरुपयोग करते हुए आदिवासी आंदोलनों को क्रूरता से दबाने का प्रयास करते हैं, जिसके कारण आदिवासी समाज में व्यापक आक्रोश फैलता है। उपन्यास में यह भी दर्शाया गया है कि कॉलेजों के विद्यार्थी भी झारखंड राज्य निर्माण की माँग को लेकर आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। देवेन्द्र माँझी और शैलेन्द्र महतो के नेतृत्व में हजारों आदिवासी पारंपरिक हथियारों के साथ हड़ताल, घेराव और प्रदर्शन करते हैं। वहीं बिनोद बिहारी महतो, धरम चन्द्र मुर्मू और शिबू सोरेन जैसे नेता आदिवासी समाज में राजनीतिक चेतना और संघर्ष की भावना को मजबूत करते हैं तथा उन्हें अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर लड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

यह राजनीतिक आन्दोलन लोकतांत्रिक तरीकों से संचालित होता है, किन्तु इसके व्यापक प्रभाव से सत्ता व्यवस्था असहज हो उठती है। परिणामस्वरूप सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा करते हुए निर्दोष आदिवासियों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और गोलीबारी करवाती है। उपन्यास इस तथ्य को रेखांकित करता है कि जिस प्रकार अंग्रेजी शासन ने आदिवासी आंदोलनों का क्रूरतापूर्वक दमन किया था, उसी प्रकार स्वतंत्र भारत में भी राज्यसत्ता द्वारा दमनकारी रवैया अपनाया जाता रहा है। इस सन्दर्भ में लेखिका आदिवासियों के स्वर को व्यक्त करती हुई लिखती है–''हमें दु:ख इस बात का है कि सरकार हम

आदिवासियों की इन तमाम गतिविधियों को कानून व्यवस्था भंग किये जाने के नजरिए से देख रही है। इसके नेपथ्य में छिपी हमारी सामाजिक आर्थिक समस्याओं को बिल्कुल नजरंअदाज कर रही है।...और यही कारण था कि दबाये जाने के बावजूद आन्दोलन भड़कता ही चला गया ...।''[5]

लेखिका उपन्यास में आदिवासियों के जनांदोलनों के स्वरूप को रेखांकित करते हुए लिखती हैं–''परगनाओं का निर्णय–समस्त गांववालों का निर्णय, अब इस जनान्दोलनों में उफान आने में देर न लगी। धरना, प्रदर्शन में शामिल होने के लिए नगाड़े की थाप ही काफी थी।''[6] उपन्यास में आदिवासी समाज की लोकतांत्रिक परंपराओं और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया का प्रभावशाली चित्रण किया गया है। जनसभाओं में आदिवासी समुदाय आपसी विचार–विमर्श और सहमति के आधार पर निर्णय लेता है, जिनमें किसी व्यक्ति विशेष का राजनीतिक स्वार्थ या निजी हित प्रमुख नहीं होता। लिए गए निर्णयों को नगाड़ा बजाकर गाँव–गाँव तक पहुँचाया जाता है, जिससे सामुदायिक एकता और सहभागिता की भावना सुदृढ़ होती है। कोयलकारो परियोजना के कारण विस्थापन और बेरोजगारी से प्रभावित आदिवासियों के आंदोलनों को परगनाओं की सभाएँ नेतृत्व और ऊर्जा प्रदान करती हैं। ये सभाएँ आदिवासी समुदाय में अन्याय, शोषण और दमन के विरुद्ध संघर्ष करने का साहस और मनोबल उत्पन्न करती हैं। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी समाज की संगठन क्षमता और सामूहिक चेतना को रेखांकित करता है।

लेखिका महुआ माजी ने उपन्यास में आदिवासी स्त्रियों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्वकारी भूमिका को विशेष महत्व दिया है। आदिवासी संघर्षों में महिलाओं की सहभागिता पुरुषों के समान ही महत्वपूर्ण दिखाई गई है। वे केवल सहयोगी की भूमिका में नहीं, बल्कि आंदोलनों के नेतृत्व में भी सक्रिय रूप से उपस्थित हैं। पुलिस दमन और अत्याचारों की परवाह किए बिना वे धरना, प्रदर्शन और प्रतिरोध आंदोलनों में दृढ़ता के साथ डटी रहती हैं। उपन्यास में आदिवासी स्त्रियों मेन्जारी और सुकुरमुनी के नेतृत्व, साहस और योगदान को व्यापक रूप से चित्रित किया गया है। इनके माध्यम से लेखिका ने यह स्थापित किया है कि आदिवासी आंदोलनों में महिलाओं की भूमिका केवल सहभागी भर नहीं, बल्कि संघर्ष की प्रेरक और नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

रणेन्द्र ने 'गायब होता देश' में वैश्वीकरण और तथाकथित विकास की नीतियों के कारण उजड़ते आदिवासी जीवन, विस्थापन और संघर्ष की गहरी त्रासदी को अभिव्यक्त किया है। उपन्यास में यह दर्शाया गया है कि विकास परियोजनाओं के नाम पर आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। बड़े बाँधों, उद्योगों और खनन परियोजनाओं के कारण आदिवासी गाँव लगातार उजड़ रहे हैं तथा बड़ी संख्या में आदिवासी विस्थापन का शिकार हो रहे हैं।

रोजगार और जीवन–निर्वाह की तलाश में शहरों की ओर पलायन करने वाले आदिवासी युवक–युवतियों के गायब होने की समस्या को भी उपन्यास गंभीरता से उठाता है। साथ ही आदिवासी स्त्रियों के साथ होने वाले शारीरिक और सामाजिक शोषण को भी मार्मिक रूप से चित्रित किया गया है। पुनर्वास योजनाएँ भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता का शिकार हो जाती हैं, जिसके कारण आदिवासी समुदाय अपने ही पूर्वजों द्वारा बसाई और सँवारी गई धरती पर बेघर और असुरक्षित हो जाता है। उपन्यास यह संकेत करता है कि विकास की आड़ में पूँजीवादी सत्ता व्यवस्था ने आदिवासी अस्तित्व को संकट में डाल दिया है।

उपन्यास में पुलिस और प्रशासन के क्रूर तथा अमानवीय व्यवहार का भी तीखा चित्रण किया गया है। साथ ही आदिवासी समाज के भीतर मौजूद प्रतिरोध और राजनीतिक चेतना को भी सशक्त स्वर दिया गया है। परमेश्वर सिंह पाहन दुलमी बाँध परियोजना का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करता है। उसके नेतृत्व में चल रहा आन्दोलन आदिवासी समाज में नई चेतना और एकजुटता का संचार करता है। किन्तु इस आन्दोलन को कुचलने के लिए पुलिस एक फर्जी मुठभेड़ में उसकी हत्या कर देती है और घटना को नक्सली कार्रवाई बताकर सच छिपाने का प्रयास करती है।

उपन्यास में यह भी दर्शाया गया है कि परमेश्वर सिंह पाहन की पत्नी को पुलिस शारीरिक उत्पीड़न का शिकार बनाती है और बाद में उसे गायब कर देती है। यह प्रसंग सत्ता और प्रशासन की दमनकारी मानसिकता को उजागर करता है। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि परमेश्वर भारतीय सेना का एक साहसी सैनिक रह चुका था और उसे परमवीर चक्र जैसे सम्मान से भी सम्मानित किया गया था, फिर भी राज्यसत्ता उसे संदिग्ध घोषित कर दमन का शिकार बनाती है। इन घटनाओं के माध्यम से उपन्यास यह स्थापित करता है कि

अत्याचार और दमन के बावजूद आदिवासी समाज टूटने वाला नहीं है। संघर्ष और प्रतिरोध उनकी ऐतिहासिक चेतना और जीवन परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे हर परिस्थिति में अपने अस्तित्व और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत रहते हैं।

लेखक के अनुसार सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए प्रायोजित आंदोलनों और कृत्रिम मुद्दों को सामने लाती है, ताकि जनता का ध्यान वास्तविक संघर्षों और समस्याओं से हटाया जा सके। पूँजीवादी मीडिया भी इन योजनाबद्ध प्रयासों को व्यापक प्रचार देकर मूल आंदोलनों के प्रभाव को कम करने में सहयोग करता है। परिणामस्वरूप जनसमर्थन धीरे-धीरे बँटने लगता है और वास्तविक सामाजिक प्रश्न पीछे धकेल दिए जाते हैं। 'गायब होता देश' में लेखक यह दिखाते हैं कि पाहन बाबा की हत्या के विरोध में चल रहे आदिवासी आन्दोलन की व्यापकता और प्रभाव को कमजोर करने के लिए सरकार एक कृत्रिम आन्दोलन खड़ा करती है। इस प्रकार सत्ता सामाजिक आंदोलनों को निष्प्रभावी बनाने के लिए राजनीतिक षड्यंत्रों और दाँवपेचों का सहारा लेती है। उपन्यास इन घटनाओं के माध्यम से यह स्पष्ट करता है कि आदिवासी संघर्ष केवल आर्थिक या सामाजिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे राजनीतिक सत्ता और उसके तंत्र के साथ भी प्रत्यक्ष टकराव की स्थिति में हैं। इस सन्दर्भ में लेखक उपन्यास में लिखते हैं-"तुरंत-फुरंत सिविल सोसायटी ने दुरंगदह बचाओ संघर्ष समिति का गठन कर लिया। उधर सोनमनी दी, नीरज पाहन 'हत्यारे को फांसी' और 'पाहन बाबा हत्याकांड जांच' के लिए जुलूस, धरना प्रदर्शन करते। तो दूसरी ओर दुरंगदह बचाओ संघर्ष समिति नदी को अतिक्रमण मुक्त, क्लीन किशनपुर-ग्रीन किशनपुर, गंदी बस्तियों का स्थानान्तरण आदि मांगों को लेकर ज्यादा बड़ा जुलूस, प्रदर्शन, सेमिनार, कांफ्रेंस की झड़ी लगा रही थी। नतीजतन सारे शोरगुल में बाबा की हत्या के सवाल खो कर रह गए।"[7] इस प्रकार सत्ता के षड्यंत्रपूर्ण चक्र में जनआंदोलनों को धीरे-धीरे प्रभावहीन बनाने का प्रयास किया जाता है। सत्ता का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदाय के संघर्षशील मनोबल और सामूहिक चेतना को कमजोर करना होता है। पूँजीवादी व्यवस्था जानबूझकर आदिवासियों के गौरवशाली और संघर्षमयी इतिहास को भुलाने का प्रयास करती है, ताकि उनके भीतर प्रतिरोध की भावना कमजोर पड़ जाए। किन्तु आदिवासी आंदोलनों की प्रेरणा उनके ऐतिहासिक संघर्षों और वीर पूर्वजों से निरंतर प्राप्त होती रहती है। सिदो-कान्हू तथा बिरसा मुण्डा जैसे महान आदिवासी नेताओं की संघर्षगाथाएँ आज भी आदिवासी समाज में चेतना, साहस और प्रतिरोध की भावना का संचार करती हैं। उनके संघर्ष आदिवासी समुदाय को अपने अधिकारों, अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस सन्दर्भ में लेखक उपन्यास में लिखते हैं-"...हमारी संघर्ष की परम्परा, हमारे पूर्वज संघर्ष करने वाले। हमारा इतिहास, हमारा मिथक, हमारा दर्शन सब संघर्ष का। हमारे पूर्वज भी ऐसे जो मृत्यु के बाद किसी स्वर्ग-नरक में नहीं जाते, हमारे साथ ही रहते हैं, अर्निंग बोंगको बन कर। हमारा रास्ता दिखाते, हमारी रक्षा करते। सो हम लड़ेंगे। सब लड़ेंगे। हमारे साथ प्रकृति, इतिहास, मिथक, पूर्वज-पुरनिया सबके सब मिल कर लड़ेंगे। उलगुलान... हो उलगुलान। धरती से आकाश तक गूंजे उलगुलान।"[8] लेखक संघर्षमयी इतिहास के गौरवगान के द्वारा आदिवासियों में नयी ऊर्जा भरते है। एक ऐसी ऊर्जा निरंतर प्रभावशाली रहती है, जिसके आगे सत्ता के दुश्चक्र बेनकाब हो जाते है। आदिवासी अपने आन्दोलन को दिशा एवं ऊर्जा अपने इतिहास से देते हैं।

रणेन्द्र ने उपन्यास में पूँजीवादी एवं सवर्णवादी मीडिया तन्त्र की पोल खोलकर सामने रख दी है, जिसे राजनीतिक रूप से जागरूक आदिवासी युवा भलीभांति समझ रहे हैं। उपन्यास में बताया गया है कि पूँजीवादी एवं सवर्णवादी मिडिया तन्त्र पूँजीवाद के द्वारा खड़ा किया जाता है। यह शोषणकारी पूँजीवादी एवं सवर्णवादी तन्त्र का आधारस्तम्भ बन गया है।

पुन्नी सिंह का 'सहराना' उपन्यास सहरिया आदिवासी समुदाय के शोषण, उत्पीड़न और उनके राजनीतिक संघर्षों को केंद्र में रखकर लिखा गया महत्वपूर्ण उपन्यास है। इसमें महाजनों और साहूकारों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण के कारण सहरिया आदिवासियों के कठिन और अभावग्रस्त जीवन का मार्मिक चित्रण किया गया है। दिकुओं द्वारा उनकी भूमि पर कब्जा करने की प्रक्रिया तथा प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत को भी उपन्यास में उजागर किया गया है। जिन जमीनों को सहरिया आदिवासियों के पूर्वजों ने वर्षों की मेहनत से उपजाऊ बनाया था, उन्हें हड़पने के लिए सत्ता और प्रशासन योजनाबद्ध षड्यंत्र रचते दिखाई देते हैं, जबकि राजनेता भी उनके साथ छलपूर्ण व्यवहार करते हैं।

उपन्यास का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें सहरिया

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

आदिवासियों की राजनीतिक चेतना और जागरूकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। वे अपने मताधिकार के महत्व को समझते हुए स्वयं अपने समुदाय से राजनीतिक प्रतिनिधि चुनने और नेतृत्व विकसित करने की पहल करते हैं। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी समाज में विकसित हो रही लोकतांत्रिक समझ और राजनीतिक आत्मनिर्भरता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त उपन्यास में यह भी दर्शाया गया है कि शोषणकारी सवर्णवादी शक्तियाँ सहरिया जनजाति के हिन्दूकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देकर उन्हें धार्मिक ढाँचे में बाँधना चाहती हैं, ताकि धर्म की आड़ में उनका शोषण और नियंत्रण किया जा सके। किन्तु जागरूक सहरिया आदिवासी इन षड्यंत्रों को समझते हैं और उनका प्रतिरोध करते हुए उन्हें बेनकाब कर देते हैं। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी अस्मिता, राजनीतिक चेतना और सांस्कृतिक स्वायत्तता की रक्षा के संघर्ष को सशक्त रूप में अभिव्यक्त करता है।

'सहराना' में भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था और उसके शोषणकारी चरित्र के विरुद्ध आदिवासी प्रतिरोध को तीव्र रूप में प्रस्तुत किया गया है। उपन्यास में दिखाया गया है कि किस प्रकार तहसीलदार रिश्वत और कमीशन के लालच में सहरिया आदिवासियों की भूमि गैर-आदिवासी समुदाय के नाम कर देता है। प्रशासनिक तंत्र कागजी हेराफेरी और कानूनी प्रक्रियाओं का दुरुपयोग करके आदिवासियों के लिए न्याय प्राप्ति के सभी मार्ग बंद कर देता है। जब न्याय और संवैधानिक उपाय निष्प्रभावी हो जाते हैं, तब आदिवासी समुदाय प्रतिरोध के अधिक उग्र रूप की ओर अग्रसर होता है। इसी संदर्भ में उपन्यास की स्त्री पात्र सोमा अत्याचारी तहसीलदार की कुल्हाड़ी से हत्या कर देती है। उसका यह कदम केवल व्यक्तिगत प्रतिशोध नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज पर हो रहे अन्याय और दमन के विरुद्ध प्रतिकार के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वह अपने समुदाय को शोषण और अत्याचार से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से संघर्ष का मार्ग अपनाती है।

उपन्यास में सोमा सहरिया आदिवासियों से अपने अस्तित्व, अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आह्वान करती है। उसके संघर्ष और बलिदान पर उसका पिता सोमालिया गर्व व्यक्त करता है और मानता है कि यह बलिदान सहरिया जनजाति में नई चेतना और जागरूकता उत्पन्न करेगा। साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों को शोषण और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने की प्रेरणा देता रहेगा। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी समाज के भीतर विकसित हो रही राजनीतिक चेतना, प्रतिरोध की भावना और अस्तित्व की रक्षा के संघर्ष को सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है। सोमा की आँखों में आँखे डालकर कहता है-"देख मेये नाहर, तैने जो करो है सो जा घाटी में कोऊ दुसरो नईं कर सकैगो! तोय फाँसी होगी, और का होगो? तू डरिये बिल्कुल मत! मैं रोऊँगा नहीं। तेई मैयोऊ नई रोयेगी। हम तेयो नाम लै-लै के पूरी घाटी को जगायेंगे। सहरिया कौम को जगायेंगे। वे एक बेर जाग जाएँ तो बैरी मैदान छोड़ के भाग जागो।"[9]

सहराना में सहरिया आदिवासी समाज के भीतर मौजूद सामाजिक चेतना और सुधारवादी दृष्टि को भी रेखांकित किया गया है। उपन्यास यह संकेत करता है कि तथाकथित शिक्षित और समृद्ध समाज में आज भी लड़कियों के प्रति भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण बना हुआ है तथा पुरुषवादी सत्ता संरचनाओं के कारण स्त्रियों को अनेक प्रकार के अत्याचार और असमानताओं का सामना करना पड़ता है। इसके विपरीत आदिवासी संस्कृति में स्त्री को अपेक्षाकृत अधिक सम्मान और समानता का स्थान प्राप्त है। आदिवासी समाज में महिलाओं को सामाजिक जीवन में बराबरी का अधिकार दिया जाता है तथा वे अपने निर्णय स्वयं लेने के लिए स्वतंत्र होती हैं। उनके विचारों और इच्छाओं को महत्व दिया जाता है। इस प्रकार उपन्यास आदिवासी समाज की उन मानवीय और समानतावादी विशेषताओं को उजागर करता है, जो मुख्यधारा के पितृसत्तात्मक समाज से भिन्न और अधिक प्रगतिशील दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं।

विनोद कुमार का 'समर शेष है' झारखंड के आदिवासी जीवन, संघर्ष और सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों को केंद्र में रखकर लिखा गया महत्वपूर्ण उपन्यास है। इसमें आदिवासी समाज की पारंपरिक समस्याओं के साथ-साथ आधुनिक समय में उत्पन्न नई चुनौतियों और संकटों को भी गंभीरता से उठाया गया है। उपन्यास आदिवासी संघर्ष के विविध रूपों सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक को व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करता है। लेखक ने आदिवासी समुदाय के जल, जंगल और जमीन से जुड़े संघर्षों, विस्थापन, शोषण, प्रशासनिक दमन तथा राजनीतिक चेतना को प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया है। साथ ही यह उपन्यास आदिवासी समाज के भीतर उभरती जागरूकता और प्रतिरोध की भावना को भी स्वर प्रदान करता है। इसी कारण वीर भारत तलवार ने पुस्तक के फ्लैप पर इसे एक महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट उपन्यास

बताते हुए इसकी विशेष सराहना की है। ''झारखण्ड में आदिवासियों के महाजनी शोषण के खिलाफ शिबू सोरेन, एम. के. राय और विनोद बिहारी महतो द्वारा चलाए गये जन-आन्दोलनों को केंद्र में रखकर लिखा गया उपन्यास 'समर शेष है' हिन्दी का एक असाधारण राजनीतिक उपन्यास है।''[10]

झारखण्ड के आदिवासियों की पारम्परिक समस्याओं में महाजनों-साहूकारों के चलते शोषण प्रमुख रहा है। आजादी के बाद भी झारखण्ड के आदिवासियों की स्थिति में सुधार नहीं आया है। शोषणकारी तन्त्र के खिलाफ उनका संघर्ष आज भी जारी है। इस सन्दर्भ में उपन्यास में बाबा गहरी साँस भरते हुए कहता है-''हमारे लिए जैसे फिरंगी वैसे ये लोग। किस आजादी की बात कर रहे हो तुम? मुझे तो कहीं कोई फर्क नजर नहीं आ रहा है। मैंने तो जब से होश सम्भाला है, अपने लोगों को अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते देखा है, मरते और मारते देखा है।''[11] आजादी का मिलना आदिवासियों के लिए निरर्थक ही रहा। दिकुओं का शोषण उसी भांति बना रहा, उनकी सामाजिक एवं सांस्कृतिक अस्मिता के साथ आज भी खिलवाड़ किया जा रहा है। कानून व्यवस्था आदिवासियों के प्रति क्रूर एवं अमानवीय बनी हुई है। फर्क इतना आया है कि अंग्रेजों के समय महाजन-साहूकार शोषणकारी व्यवस्था के अंग थे, आज वे स्वयं ही व्यवस्था बन चुके है। इनके शोषण के चलते बेगारी-बंधुआ मजदूरी, स्त्री शोषण जैसी बड़ी समस्याएँ पनपी। आदिवासियों में व्याप्त अशिक्षा, अन्धविश्वास के चलते समस्याएँ और जटिल हो गई। कर्ज के चलते उनकी जमीन महाजन छीनने लग गये। आदिवासियों को कर्ज की ओर धकेलने के लिए उनके इलाकों में शराब की दुकानें खोली जाने लगी। महाजनों ने आदिवासियों की अज्ञानता का फायदा उठाते हुए उनमें अन्धविश्वास और ज्यादा बढ़ाया। भुखमरी एवं बेगारी की स्थिति में आदिवासियों की स्त्रियों को अपने जाल में फंसाते रहे हैं।

निष्कर्षः 1990 के बाद से उदारीकरण और निजीकरण का प्रवेश हुआ तो बहुराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कंपनियों ने बड़ी संख्या में आदिवासी क्षेत्रों पर आधिपत्य करना शुरू किया। इनके साथ-साथ ही आदिवासी क्षेत्रों में महाजनों और साहूकारों का शोषण भी बढ़ गया। इन सबके बाद आदिवासी आंदोलनों के रूप में झारखण्ड में राजनीतिक चेतना का प्रादुर्भाव होता है। इसमें आदिवासी नेताओं की भूमिका के रूप में शिबू सोरेन, विनोद बिहारी महतो, धरम चन्द्र मुर्मू के नाम उल्लेखनीय हैं जिन्होंने आदिवासी राजनीतिक आंदोलनों में महत्ववपूर्ण भूमिका निभाई।

**शोधार्थी, हिन्दी साहित्य, हिन्दी विभाग,**
**सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका**
**ईमेल : akswild@yahoo-com**

---

**सन्दर्भ सूची**

1. पलाश के फूल, पीटर पॉल एक्का, सत्य भारती प्रकाशन, रांची, झारखण्ड-2012, पृ.सं. 20
2. वही, पृ.सं. 20
3. सोन पहाड़ी, पीटर पॉल एक्का, सत्य भारती प्रकाशन, रांची, झारखण्ड-2012, पृ.सं. 89
4. वही, पृ.सं. 109
5. मरंग गोड़ा नीलकंठ हुआ, महुआ माजी, राजकमल प्रकाशन, प्रथम संस्करण- 2012, पृ.सं. 117
6. वही, पृ.सं. 117
7. गायब होता देश, रणेंद्र, पेंगुइन बुक्स इंडिया, प्रथम संस्करण-2014, पृ.सं. 164
8. वही, पृ.सं. 243
9. सहराना, पुन्नीसिंह, ग्रंथ निकेतन, शाहदरा दिल्ली -2010, पृ.सं. 224
10. समर शेष है, विनोद कुमार, प्रकाशन संस्थान, नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण-1999, पुस्तक फलैप से
11. वही, पृ.स. 14

शोध-पत्र



आयुषी

# दलित महिला : सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और कानूनी संघर्षों का बहुआयामी विश्लेषण

**भारतीय पितृसत्ता, वर्ग और जाति के अंतर्संबंधों (Intersectionality) का एक विस्तृत अकादमिक अध्ययन**

**सारांश**

प्रस्तुत शोध पत्र भारतीय उपद्वीप में दलित महिलाओं की स्थिति का एक गहन और व्यापक समाजशास्त्रीय, आर्थिक तथा राजनीतिक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। दलित महिलाएँ समाज में एक अत्यंत विशिष्ट और जटिल उत्पीड़न का सामना करती हैं, जिसे 'तिहरे उत्पीड़न' (Triple Burden) के रूप में जाना जाता है- जाति, वर्ग और लैंगिकता। ऐतिहासिक रूप से, भारतीय सामाजिक संरचना ने दलित महिलाओं को हाशिए के भी सबसे अंतिम छोर पर धकेल दिया है, जहाँ वे न केवल सवर्ण समाज के जातिगत अहंकार का शिकार होती हैं, बल्कि स्वयं अपने समुदाय के भीतर पितृसत्तात्मक संरचनाओं द्वारा भी शोषित होती हैं।

यह शोध पत्र ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से लेकर समकालीन परिदृश्य तक दलित महिलाओं के आर्थिक शोषण, श्रम बाजार में उनकी दोयम दर्जे की स्थिति, यौन हिंसा को सामाजिक नियंत्रण के हथियार के रूप में उपयोग, और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अभाव का बारीकी से परीक्षण करता है। इसके अतिरिक्त, इसमें डॉ. बी. आर. आंबेडकर के दृष्टिकोण, विभिन्न कानूनी सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता तथा समकालीन दलित नारीवादी विमर्श (Dalit Feminist Critique) का मूल्यांकन किया गया है, जो मुख्यधारा के भारतीय नारीवाद की सीमाओं को चुनौती देता है। अंततः, यह लेख उनके सशक्तीकरण के लिए नीतिगत और सामाजिक सुधारों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है।

**बीज शब्द**

दलित महिला, तिहरा उत्पीड़न, अंतर्संबंधता (Intersectionality), जातिगत पितृसत्ता, यौन हिंसा, आर्थिक असमानता, दलित नारीवाद, सामाजिक न्याय, डॉ. बी. आर. आंबेडकर।

**1. प्रस्तावना**

भारतीय सामाजिक ताने-बाने में जाति एक ऐसा निर्णायक तत्व रही है जिसने सदियों से मानवीय गरिमा, अधिकारों और अवसरों को नियंत्रित किया है। इस जातिगत व्यवस्था के सबसे निचले सोपान पर अवस्थित 'दलित' समाज लंबे समय से अमानवीय क्रूरता और सामाजिक बहिष्कार का दंश झेलता आ रहा है। किंतु जब हम इस विमर्श के भीतर लैंगिक दृष्टिकोण को समाहित करते हैं, तो 'दलित महिला' की पहचान एक ऐसे चौराहे पर खड़ी दिखाई देती है जहाँ उत्पीड़न की सभी धाराएँ- जातिगत श्रेष्ठता, आर्थिक विपन्नता और पुरुष सत्तात्मक वर्चस्व—एक साथ आकर मिलती हैं।

"महिलाएँ पैदा नहीं होतीं, बना दी जाती हैं।"

सिमोन द बोवुआर

यदि इस कथन को भारतीय संदर्भ में परिमार्जित किया जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि दलित महिला को समाज द्वारा न केवल महिला के रूप में बल्कि 'अछूत और उपभोग की वस्तु' के रूप में गढ़ा गया है। ऐतिहासिक रूप से, मुख्यधारा के इतिहास लेखन और सामाजिक विमर्शों ने दलित महिलाओं के अनुभवों को हमेशा एक हाशिए पर रखा है। मुख्यधारा का भारतीय नारीवाद लंबे समय तक उच्च और मध्य वर्गीय सवर्ण महिलाओं के अनुभवों और उनकी समस्याओं (जैसे शिक्षा, नौकरी और घरेलू स्पेस में समानता) तक सीमित रहा,

जिसने जातिगत शोषण के आयाम को नजरअंदाज किया। दूसरी ओर, पारंपरिक दलित विमर्श मुख्य रूप से पुरुष-केंद्रित रहा, जिसने जातिवाद के खिलाफ तो आवाज उठाई परंतु समुदाय के भीतर मौजूद आंतरिक पितृसत्ता और महिलाओं के प्रति होने वाले लैंगिक भेदभाव पर मौन साधे रखा। इस दोहरे अलगाव के कारण दलित महिला का आत्म-अनुभव और उसकी पीड़ा दोनों ही विमर्शों से लुप्त रही।

समकालीन समय में, किम्बर्ले क्रैशॉ (Kimberlé Crenshaw) द्वारा प्रतिपादित 'अंतर्संबंधता' (Intersectionality) का सिद्धांत दलित महिलाओं की स्थिति को समझने का सबसे उपयुक्त सैद्धांतिक ढांचा प्रदान करता है। यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि किसी व्यक्ति का उत्पीड़न केवल एक पहचान के आधार पर नहीं होता, बल्कि कई पहचानें मिलकर उत्पीड़न के एक नए और अधिक क्रूर रूप का निर्माण करती हैं। दलित महिला के संदर्भ में, वह एक साथ तीन मोर्चों पर लड़ रही है—

**पहली लड़ाई :** ब्राह्मणवादी पितृसत्ता के खिलाफ है जो उसे अशुद्ध और निचली मानती है।

**दूसरी लड़ाई :** आर्थिक मोर्चे पर पूँजीवादी और सामंती व्यवस्था के खिलाफ है जो उसके श्रम का अवमूल्यन करती है।

**तीसरी लड़ाई :** स्वयं के समाज के भीतर पुरुष प्रधानता के खिलाफ है जो उसे स्वतंत्र निर्णय लेने से रोकती है।

## 2. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और सामाजिक स्थिति (Historical Roots and Social Status)

दलित महिलाओं के वर्तमान सामाजिक और सांस्कृतिक अवमूल्यन की जड़ें प्राचीन और मध्यकालीन धार्मिक-सांस्कृतिक ग्रंथों में खोजी जा सकती हैं। मनुस्मृति जैसे ग्रंथों ने न केवल शूद्रों और अति-शूद्रों के अधिकारों का हनन किया, बल्कि महिलाओं की स्वतंत्रता पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए। इस व्यवस्था ने 'जातिगत शुद्धता' (Caste Purity) को बनाए रखने के लिए महिलाओं की कामुकता और उनकी गतिशीलता पर कड़ा नियंत्रण स्थापित किया।

डॉ. बी. आर. आंबेडकर ने अपने ऐतिहासिक निबंध 'कास्ट्स इन इंडिया: देयर मैकेनिज्म, जेनेसिस एंड डेवलपमेंट' में स्पष्ट किया है कि जाति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 'अंतर्विवाह' (Endogamy) अनिवार्य शर्त है। इस अंतर्विवाह को लागू करने के लिए महिलाओं के विवाह और उनके जीवन को पूरी तरह नियंत्रित किया गया। इस व्यवस्था में सवर्ण महिलाओं को जहाँ एक ओर 'पवित्रता' के भ्रमजाल में कैद करके उनके अधिकारों को छीना गया, वहीं दलित महिलाओं को पूरी तरह से 'अपवित्र' घोषित कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा और सम्मान से वंचित कर दिया गया। ऐतिहासिक रूप से, उनके पास संपत्ति रखने, शिक्षा प्राप्त करने या सम्मानजनक वस्त्र पहनने तक का अधिकार नहीं था।

केरल में लगाया गया 'स्तन कर' (Breast Tax) इसका एक वीभत्स ऐतिहासिक उदाहरण है, जहाँ निचली जाति की महिलाओं को अपने स्तनों को ढकने के लिए कर देना पड़ता था। यह दर्शाता है कि किस प्रकार राज्य और उच्च जातियों ने मिलकर दलित महिला के शरीर को अपमानित करने को एक संस्थागत रूप दे दिया था। इसके अतिरिक्त, सामंती व्यवस्था के तहत विकसित हुई 'देवदासी प्रथा' और 'जोगिनी प्रथा' जैसी कुप्रथाओं ने धार्मिक पवित्रता के नाम पर दलित लड़कियों और महिलाओं के संस्थागत यौन शोषण को वैध बनाया। इन प्रथाओं के माध्यम से दलित कन्याओं को मंदिरों को दान कर दिया जाता था, जहाँ अंततः उच्च जातियों के पुरुषों द्वारा उनका शारीरिक शोषण किया जाता था। हालांकि इन प्रथाओं पर कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है, परंतु भारत के कई ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में आज भी इनके अवशेष किसी न किसी रूप में जीवित हैं, जो दलित महिलाओं की सामाजिक सुभेद्यता (Vulnerability) को बढ़ाते हैं।

## 3. आर्थिक शोषण और श्रम बाजार में स्थिति (Economic Exploitation and Labor Dynamics)

आर्थिक दृष्टिकोण से, दलित महिलाएँ भारतीय श्रम बाजार के सबसे शोषित और असुरक्षित हिस्से का निर्माण करती हैं। भारत के ग्रामीण अंचलों में भूमि का स्वामित्व मुख्य रूप से उच्च और मध्यवर्ती जातियों के पास केंद्रित है। भूमिहीनता दलित समुदाय की एक बहुत बड़ी समस्या है, और इसमें भी दलित महिलाओं की स्थिति सबसे दयनीय है। वे बड़े पैमाने पर खेतिहर मजदूर (Agricultural Laborers) के रूप में कार्य करती हैं, जहाँ उन्हें सवर्ण जमींदारों की शर्तों पर बेहद कम मजदूरी में काम करना पड़ता है।

श्रम के इस विभाजन में लैंगिक और जातिगत भेदभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। समान कार्य के लिए उन्हें पुरुष मजदूरों की तुलना में कम मजदूरी दी जाती है। इसके अलावा, काम के दौरान उन्हें खेतों के मालिकों द्वारा मानसिक उत्पीड़न और शारीरिक हिंसा की निरंतर धमकियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि संकट के कारण जब

पुरुष शहरों की ओर पलायन करते हैं, तो पीछे छूटे परिवारों और खेतों की पूरी जिम्मेदारी इन महिलाओं पर आ जाती है, जिसे 'कृषि का महिलाकरण' (Feminization of Agriculture) कहा जाता है। इसके बावजूद, उन्हें न तो किसान का दर्जा मिलता है और न ही संस्थागत ऋण या कृषि योजनाओं का लाभ।

**तालिका 1.1 : श्रम बाजार में दलित महिलाओं की अनुमानित सांख्यिकीय स्थिति**

| क्र. सं. | संकेतक (Indicators) | दलित महिलाएँ (%) | अन्य महिलाएँ (%) |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि मजदूरी / असंगठित क्षेत्र में भागीदारी | 78.4% | 42.1% |
| 2 | भूमि स्वामित्व (Land Ownership) | कम से कम 1.5% | लगभग 12.8% |
| 3 | मैन्युअल स्कैवेंजिंग (मैला ढोने का कार्य) | 85.0% (शहरी/ग्रामीण कार्य) | नगण्य |
| 4 | औसत दैनिक मजदूरी अंतराल (लैंगिक जातिगत) | 35-40% कम | मानक |

शहरी क्षेत्रों में भी दलित महिलाओं का शोषण समाप्त नहीं होता, बल्कि उसका स्वरूप बदल जाता है। शहरों में वे मुख्य रूप से घरेलू कामगार (Domestic Workers), निर्माण स्थलों पर मजदूर, या कचरा बीनने वाले (Ragpickers) के रूप में कार्य करती हैं। घरेलू काम के दौरान उन्हें अक्सर छुआछूत की नई और सूक्ष्म पद्धतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे उनके लिए अलग बर्तन रखना, उन्हें रसोई में प्रवेश न देना या उन्हें शौचालय का उपयोग करने से रोकना। यह आर्थिक शोषण और सामाजिक छुआछूत का एक ऐसा मिश्रण है जो उनके आत्मसम्मान को गहरी चोट पहुँचाता है।

एक अन्य अत्यंत गंभीर और कलंककारी आयाम 'मैन्युअल स्कैवेंजिंग' यानी हाथ से मैला ढोने की प्रथा है। यद्यपि सरकार ने कानूनन इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है, परंतु आज भी देश के कई हिस्सों में इस अमानवीय कार्य में संलग्न लोगों में बहुसंख्यक दलित महिलाएँ हैं। यह कार्य न केवल उनके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से खतरे में डालता है, बल्कि समाज में उनकी अछूत की छवि को निरंतर बनाए रखता है, जिससे सामाजिक गतिशीलता (Social Mobility) के उनके सभी मार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं।

**4. यौन हिंसा और सामाजिक नियंत्रण का हथियार (Sexual Violence as a Tool of Social Control)**

दलित महिलाओं के खिलाफ होने वाली हिंसा केवल आपराधिक कृत्य नहीं है, बल्कि यह एक गहरी सामाजिक और राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। जाति व्यवस्था में उच्च जातियों द्वारा दलित समुदाय को उसकी 'औकात' याद दिलाने और उसे दबाकर रखने के लिए दलित महिला के शरीर को एक युद्धक्षेत्र (Battleground) के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। जब भी कोई दलित परिवार या समुदाय अपनी आर्थिक आत्मनिर्भरता, शिक्षा या अधिकारों की मांग के लिए आवाज उठाता है, तो सवर्ण वर्चस्ववादी ताकतों द्वारा उस पूरे समुदाय को सामूहिक रूप से दंडित करने के लिए दलित महिलाओं के साथ बलात्कार, सामूहिक बलात्कार और उन्हें सार्वजनिक रूप से नग्न करने जैसी जघन्य घटनाओं को अंजाम दिया जाता है।

खैरलांजी (2006), हाथरस (2020) और हाल के वर्षों में सामने आई अनगिनत अन्य घटनाएँ इस कड़वी सच्चाई की गवाह हैं। इन मामलों का विश्लेषण करने पर एक निश्चित पैटर्न दिखाई देता है। हिंसा के बाद अक्सर स्थानीय प्रशासन, पुलिस और राजनीतिक तंत्र द्वारा अपराधियों को बचाने का प्रयास किया जाता है, क्योंकि वे शक्तिशाली जातियों से संबंध रखते हैं। पीड़ित परिवार को डराया-धमकाया जाता है, सबूतों को नष्ट किया जाता है और कानून की प्रक्रियाओं में जानबूझकर देरी की जाती है। यह संस्थागत उदासीनता और मिलीभगत दलित महिलाओं के खिलाफ अपराधों के लिए एक श्दंडमुक्ति का माहौलश (Culture of Impunity) तैयार करती है, जहाँ अपराधियों को यह विश्वास होता है कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष यह दर्शाते हैं कि अनुसूचित जातियों (SC) के खिलाफ होने वाले अपराधों में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और बलात्कार के मामलों की हिस्सेदारी बहुत अधिक है। विडंबना यह है कि इन मामलों में दोषसिद्धि की दर (Conviction Rate) राष्ट्रीय औसत से बेहद कम है। इसका मुख्य कारण गवाहों का मुकर जाना, पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच न करना और न्यायिक प्रक्रिया का अत्यधिक खर्चीला और

लंबा होना है, जिसे एक गरीब और साधनहीन दलित परिवार वहन करने में असमर्थ होता है।

**5. शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव विकास के सूचकांक (Education] Health and Human Development)**

मानव विकास के मानकों पर दलित महिलाओं की स्थिति भारतीय समाज के विकास के दावों की पोल खोलती है। शिक्षा किसी भी समुदाय के सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है, परंतु दलित लड़कियों के लिए स्कूल पहुँचने और वहाँ टिके रहने की राह बाधाओं से भरी है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में आज भी दलित बच्चों को अलग बिठाने, मध्याह्न भोजन (Mid-day Meal) के समय उनके साथ भेदभाव करने और सवर्ण शिक्षकों द्वारा उन्हें हतोत्साहित करने की घटनाएँ आम हैं। इसके परिणामस्वरूप, दलित लड़कियों में स्कूल छोड़ने की दर (Dropout Rate) अन्य समुदायों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च शिक्षा तक पहुँचने वाली दलित छात्राओं की संख्या तो और भी कम है, जहाँ उन्हें 'मेरिट' के नाम पर मानसिक प्रताड़ना और जातिगत तानों का सामना करना पड़ता है।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर, कुपोषण और एनीमिया (रक्तअल्पता) दलित महिलाओं में एक महामारी की तरह व्याप्त है। गरीबी और संसाधनों के अभाव के कारण उन्हें पौष्टिक भोजन नहीं मिल पाता। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुँच बेहद सीमित है। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों (PHCs) पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी जातिगत पूर्वाग्रहों के कारण दलित महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते, जिससे वे अस्पताल जाने से कतराती हैं। इसके कारण संस्थागत प्रसव (Institutional Delivery) की दर कम होती है और मातृ मृत्यु दर (MMR) तथा शिशु मृत्यु दर (IMR) इस वर्ग में काफी ऊँची बनी हुई है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू औसत जीवन प्रत्याशा (Life EÛpectancy) का है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एक दलित महिला की औसत आयु सवर्ण महिला की तुलना में लगभग 14.6 वर्ष कम है। यह अंतर किसी प्राकृतिक कारण से नहीं है, बल्कि यह निरंतर खराब पोषण, अत्यधिक शारीरिक श्रम, मानसिक तनाव, असुरक्षित कामकाजी माहौल और समय पर चिकित्सा सुविधाओं के न मिलने का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह आंकड़ा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि जाति व्यवस्था किस प्रकार किसी व्यक्ति के जीवन की अवधि को भी निर्धारित कर देती है।

**6. राजनीतिक प्रतिनिधित्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी (Political Representation)**

भारतीय लोकतंत्र ने 73वें और 74वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं और अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था करके जमीनी स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण का एक ऐतिहासिक प्रयास किया। इसके कारण लाखों दलित महिलाएँ सरपंच, मुखिया और पार्षद के पदों पर चुनकर आईं। इसे भारतीय राजनीति में एक 'मूक क्रांति' के रूप में देखा गया। परंतु, जब हम इस राजनीतिक भागीदारी के धरातल को देखते हैं, तो वास्तविक सत्ता और संवैधानिक अधिकारों के प्रयोग के बीच एक गहरी खाई नजर आती है।

ग्रामीण भारत में 'प्रधान-पति' या 'सरपंच-पति' की अवधारणा आज भी एक कड़वी हकीकत है। निर्वाचित होने के बावजूद, दलित महिला सरपंचों को स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति नहीं दी जाती। उनके निर्णय उनके पतियों, ससुर या गांव के दबंग सवर्ण पुरुषों द्वारा तय किए जाते हैं। यदि कोई दलित महिला अपने अधिकारों का प्रयोग करने और स्वायत्त रूप से निर्णय लेने का साहस दिखाती है, तो उसे गंभीर सामाजिक बहिष्कार, अविश्वास प्रस्तावों और यहाँ तक कि जानलेवा हमलों का सामना करना पड़ता है। कई मामलों में तो उन्हें पंचायत कार्यालय की कुर्सी पर बैठने तक नहीं दिया जाता और उन्हें जमीन पर बैठने के लिए मजबूर किया जाता है।

राज्य विधानसभाओं और देश की संसद के स्तर पर तो स्थिति और भी चिंताजनक है। यहाँ दलित महिलाओं का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। आरक्षित सीटों पर भी राजनीतिक दल आमतौर पर उन महिलाओं को टिकट देते हैं जो स्थापित राजनीतिक परिवारों से आती हैं या जो दल के पुरुष नेतृत्व के प्रति पूरी तरह वफादार होती हैं। इसके कारण जमीनी स्तर से संघर्ष करके ऊपर आने वाली स्वतंत्र और मुखर दलित महिला नेताओं का राष्ट्रीय राजनीति में उभार अत्यंत कठिन हो जाता है। जब तक नीति-निर्माण के शीर्ष स्तरों पर उनकी प्रभावी उपस्थिति नहीं होगी, तब तक उनके विशिष्ट मुद्दों को मुख्यधारा के एजेंडे में शामिल करवाना संभव नहीं होगा।

**7. दलित नारीवादी विमर्श और मुख्यधारा के नारीवाद की आलोचना (Dalit Feminist Critique)**

1990 के दशक में भारतीय अकादमिक और सामाजिक विमर्श में श्दलित नारीवादश (Dalit Feminism) एक विशिष्ट


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

और प्रखर धारा के रूप में उभरा। शर्मिला रेगे, गोपाल गुरु और सेलिन सुगना जैसी प्रख्यात विचारकों ने यह तर्क दिया कि दलित महिलाओं की समस्याओं को केवल 'नारीवाद' या केवल 'जाति-विरोधी आंदोलन' के चश्मे से नहीं समझा जा सकता। उन्होंने मुख्यधारा के भारतीय नारीवाद को 'ब्राह्मणवादी नारीवाद' (Brahmanical Feminism) कहकर संबोधित किया, क्योंकि यह आंदोलन ऐतिहासिक रूप से सवर्ण, शहरी और अंग्रेजी भाषी महिलाओं के नेतृत्व में रहा, जिन्होंने अनजाने में या जानबूझकर जातिगत विशेषाधिकारों (Caste Privileges) को अनदेखा किया और यह मान लिया कि सभी महिलाओं के अनुभव एक समान होते हैं।

दलित नारीवादियों का तर्क है कि सवर्ण महिलाएँ जहाँ एक ओर पितृसत्ता का शिकार हैं, वहीं दूसरी ओर वे जाति व्यवस्था के पदानुक्रम में दलित महिलाओं से ऊपर हैं और उनके शोषण में भागीदार भी हैं। उदाहरण के लिए, सवर्ण घरों में काम करने वाली दलित घरेलू कामगारों का शोषण अक्सर उन घरों की महिला स्वामिनियों द्वारा ही किया जाता है। इसलिए, 'सिस्टरहुड' (Sisterhood) या वैश्विक महिला एकजुटता की अवधारणा तब तक अधूरी है जब तक कि वह अपने भीतर के जातिगत भेदों को स्वीकार और समाप्त नहीं करती।

दूसरी ओर, दलित नारीवाद ने पारंपरिक दलित आंदोलनों के भीतर मौजूद पुरुष वर्चस्व की भी कड़ी आलोचना की। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि बाबा साहेब आंबेडकर ने महिलाओं की मुक्ति को पूरे आंदोलन का केंद्र बिंदु बनाया था, परंतु उनके बाद के नेतृत्व ने महिलाओं को केवल रैलियों में भीड़ बढ़ाने और नारे लगाने तक सीमित कर दिया, उन्हें संगठन के भीतर निर्णय लेने वाले पदों पर नहीं बिठाया। दलित नारीवाद ने "हमारा जुदा होना" (Difference) और "हमारी अपनी बात" (Speaking Center Stage) के सिद्धांतों को स्थापित करते हुए यह घोषणा की कि दलित महिलाएँ स्वयं अपने विमर्श की अगुवाई करेंगी और किसी अन्य को अपनी ओर से बोलने का प्रतिनिधित्व नहीं देंगी।

**8. डॉ. बी.आर. आंबेडकर का दृष्टिकोण और कानूनी सुरक्षा उपाय (Dr- Ambedkar's Vision)**

डॉ. बी. आर. आंबेडकर भारतीय इतिहास के उन विरले विचारकों में से थे जिन्होंने यह स्पष्ट रूप से समझा था कि समाज की प्रगति का आकलन इस बात से किया जाना चाहिए कि उसमें महिलाओं ने कितनी प्रगति की है। उन्होंने जाति व्यवस्था और महिलाओं के उत्पीड़न के गहरे अंतर्संबंधों को उजागर किया। स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री के रूप में उनका सबसे क्रांतिकारी कदम 'हिंदू कोड बिल' (Hindu Code Bill) पेश करना था। इस बिल का उद्देश्य महिलाओं को संपत्ति का अधिकार, विवाह विच्छेद (तलाक) का अधिकार और गोद लेने का अधिकार देकर उन्हें कानूनी रूप से सशक्त बनाना था। यद्यपि तत्कालीन रूढ़िवादी ताकतों के भारी विरोध के कारण यह बिल उस समय पूर्ण रूप से पास नहीं हो सका और बाबा साहेब ने विरोध स्वरूप अपने पद से इस्तीफा दे दिया, परंतु बाद में इसे टुकड़ों में पास करना पड़ा, जिसने भारतीय कानून में लैंगिक समानता की नींव रखी।

भारतीय संविधान दलित महिलाओं को कई प्रकार की सुरक्षा प्रदान करता है—

अनुच्छेद 14 : समानता का अधिकार।

अनुच्छेद 15 : जाति, लिंग, जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध।

अनुच्छेद 17 : अस्पृश्यता का अंत।

इसके अतिरिक्त, 'अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989' (SC/ST PoA Act) एक अत्यंत महत्वपूर्ण कानूनी हथियार है, जिसे विशेष रूप से जातिगत अपमान और हिंसा को रोकने के लिए बनाया गया था। इस कानून में दलित महिलाओं के खिलाफ होने वाले विशिष्ट अपराधों (जैसे उन्हें नग्न करना, उनके जल स्रोतों को दूषित करना, या उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर करना) के लिए कड़े दंड के प्रावधान हैं।

परंतु इन तमाम प्रगतिशील कानूनों के बावजूद, जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन अत्यंत निराशाजनक रहा है। पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने के लिए दलित महिलाओं को लंबी जद्दोजहद करनी पड़ती है। अक्सर पुलिस रसूखदार आरोपियों के दबाव में आकर मामले को हल्का करने का प्रयास करती है या एससी/एसटी एक्ट की धाराओं को शामिल ही नहीं करती। अदालतों में मुकदमों का दशकों तक लंबित रहना और गवाहों को सुरक्षा न मिलना इस कानूनी ढांचे की प्रभावशीलता को कमजोर करता है। कानून केवल कागज पर अधिकार दे सकता है, परंतु जब तक समाज की चेतना और प्रशासनिक तंत्र का रवैया नहीं बदलेगा, तब तक कानून अपनी वास्तविक भूमिका नहीं निभा पाएगा।

**9. निष्कर्ष और आगे की राह (Conclusion and Way Forward)**

उपरोक्त विस्तृत विश्लेषण से यह अकाट्य रूप से सिद्ध

होता है कि दलित महिलाओं की स्थिति केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक गंभीर मानवाधिकार संकट है। वे सदियों से चली आ रही एक ऐसी संरचनात्मक हिंसा की शिकार हैं जो उन्हें हर स्तर पर पंगु बनाने का प्रयास करती है। तिहरे उत्पीड़न के इस चक्रव्यूह को तोड़े बिना भारत के एक आधुनिक, लोकतांत्रिक और समतावादी राष्ट्र बनने का सपना कभी पूरा नहीं हो सकता। दलित महिलाओं का सशक्तिकरण केवल उनके भले के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लोकतांत्रिकरण के लिए अनिवार्य है।

आगे की राह के लिए बहुआयामी और ठोस रणनीतियों की आवश्यकता है, जिन्हें निम्नलिखित बिंदुओं के अंतर्गत रेखांकित किया जा सकता है–

**1. भूमि और आर्थिक संपत्तियों पर अधिकार :** दलित महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें भूमि का मालिकाना हक दिया जाना चाहिए। सरकारी भूमि आवंटन योजनाओं में संयुक्त पट्टे या विशेष रूप से महिलाओं के नाम पर पंजीकरण को अनिवार्य किया जाना चाहिए। असंगठित क्षेत्र में न्यूनतम मजदूरी के कड़े क्रियान्वयन और कार्यस्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

**2. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित माहौल :** दलित लड़कियों के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (KGBV) जैसी आवासीय स्कूल योजनाओं का विस्तार किया जाना चाहिए। उच्च शिक्षा में उनके लिए विशेष छात्रवृत्ति और मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू होने चाहिए ताकि वे बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। स्कूलों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में जाति और लिंग संवेदीकरण (Sensitivity) को शामिल किया जाना चाहिए।

**3. न्यायिक और प्रशासनिक सुधार :** एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष फास्ट-ट्रैक अदालतों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। पुलिस बल में दलित महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाना चाहिए और संवेदनशील मामलों की जांच के लिए विशेष महिला सेल का गठन होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कानूनी सहायता (Legal Aid) को पूरी तरह नि:शुल्क और सुलभ बनाया जाना चाहिए।

**4. राजनीतिक स्वायत्तता का सुदृढ़ीकरण :** पंचायती राज में महिलाओं के वास्तविक सशक्तीकरण के लिए 'सरपंच-पति' प्रथा के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। महिला जनप्रतिनिधियों के लिए निरंतर प्रशिक्षण और सुरक्षा की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि वे बिना किसी भय के अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। राष्ट्रीय और राज्य स्तर की राजनीति में भी उनके लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

अंतत:, वास्तविक परिवर्तन केवल कानूनी और नीतिगत सुधारों से नहीं आएगा, बल्कि इसके लिए समाज के भीतर एक 'सांस्कृतिक क्रांति' की आवश्यकता है। सवर्ण समाज को अपने जातिगत और लैंगिक विशेषाधिकारों को छोड़कर आत्मनिरीक्षण करना होगा। मुख्यधारा के नारीवादी और दलित आंदोलनों को अपने पूर्वाग्रहों को त्यागकर दलित महिलाओं के नेतृत्व को सहर्ष स्वीकार करना होगा। जब एक दलित महिला बिना किसी भय के, पूर्ण सम्मान और स्वतंत्रता के साथ समाज में सिर उठाकर जी सकेगी, तभी बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आंबेडकर के सपनों का समतामूलक भारत साकार होगा।

**संदर्भ ग्रन्थ सूची**


- आंबेडकर, बी. आर. (1917). कास्ट्स इन इंडिया: देयर मैकेनिज्म, जेनेसिस एंड डेवलपमेंट. मुंबई: शिक्षा विभाग, महाराष्ट्र सरकार।
- रेगे, शर्मिला. (2006). राइटिंग जाति / राइटिंग जेंडर: नरेटिंग दलित वीमेन्स टेस्टीमोनीज. नई दिल्ली: जुबान बुक्स।
- गुरु, गोपाल. (1995). "दलित विमेन टॉक डिफरेंटली". इकोनॉमिक एंड पॉलिटिकल वीकली, Vol- 30, No- 41/ 42, pp. 2548-2550
- इलैया, कांचा. (1996). वाई आई एम नॉट ए हिंदू: ए सुद्र क्रिटिक ऑफ हिंदुत्व फिलॉसफी, कल्चर एंड पॉलिटिकल इकॉनमी. कलकत्ता: साम्या।
- राव, अनुपमा. (2003). जेंडर एंड जाति: इश्यूज इन कंटेंशन्स. नई दिल्ली: काली फॉर विमेन।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB). (2024). क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट 2022-2023. गृह मंत्रालय, भारत सरकार।
- थोरट, सुखदेव. (2009). दलित्स इन इंडिया: सर्च फॉर ए कॉमन डेस्टिनी. नई दिल्ली: सेज पब्लिकेशन्स।
- सुगना, सेलिन. (2002). दलित वीमेन: सोसाइटी एंड लॉ. नई दिल्ली: डीके प्रिंटवर्ल्ड।
- क्रैशॉ, किम्बर्ले. (1989). "डीमार्जिनलाइजिंग द इंटरसेक्शन ऑफ रेस एंड सेक्स: ए ब्लैक फेमिनिस्ट क्रिटिक". यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो लीगल फोरम, पृ. 139-167।
- यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNDP). (2021). ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्सक्लूजन इन इंडिया. न्यूयॉर्क: यूएन प्रेस।





डॉ. रंजीत कुमार* जयवर्द्धन कुमार**

# भारत में आंतरिक सुरक्षा की बदलती प्रवृत्तियाँ और उसका प्रभाव

## भूमिका

भारत, विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ विविधताओं से भरा हुआ देश है। यहां विभिन्न जाति, धर्म, भाषा, संस्कृति और भौगोलिक विविधताएं हैं, जो इसकी विशेषता भी हैं और कभी-कभी चुनौती भी। इन विविधताओं के चलते भारत को आंतरिक सुरक्षा की कई जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह समस्याएं न केवल देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बनती हैं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की राह में भी रुकावट पैदा करती हैं। विशाल जनसंख्या तथा विस्तारित क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा का प्रबंधन करना अत्यंत जटिल कार्य है क्योंकि भारत का भौगोलिक स्थिति शासन, संरचना, आर्थिक विकास की नीति, राजनीतिक, आर्थिक समस्याएं एवं सांस्कृतिक रीति रिवाज राष्ट्र की सुरक्षा को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा न केवल क्षेत्रीय कारक जिम्मेदार हैं बल्कि कुछ अंतरराष्ट्रीय वैश्विक कारक भी जिम्मेदार हैं। भारत में आंतरिक सुरक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है, जिसमें पारंपरिक खतरों में प्रमुख जैसे उग्रवाद और आतंकवाद के साथ-साथ अब मानव तस्करी, साइबर-युद्ध, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से हथियारों, नशीले दवा की तस्करी, और संगठित अपराध जैसे गैर-पारंपरिक और अदृश्य खतरे प्रमुख होते जा रहे हैं। इस अध्याय में भारत की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले विशेष रूप से आंतरिक कारणों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है साथ ही आतंकवाद की समस्या का विश्लेषण किया है।

## सुरक्षा की अवधारणा

परिभाषा : वाल्टर लिपमैन सुरक्षा को एक देश की क्षमता के रूप में देखता है जो अपने मूल्यों की रक्षा करता है। सुरक्षा, संभावित खतरों को संदर्भित करता है जो किसी दूसरे व्यक्ति की क्रिया की वजह से हो सकती है। इसमें मानव, समाज, समूह, वस्तु संस्थान जीव जन्तु तथा पारिस्थितिकी तंत्र शामिल है। सुरक्षा मानव जीवन का एक महत्वपूर्ण मूल है। थॉमस हॉब्स के शब्दों में बिना सुरक्षा के उद्योग के लिए कोई जगह नहीं कोई कला नहीं, कोई पत्र नहीं कोई समाज नहीं और सुरक्षा के अभाव में लोगों का जीवन भय हिंसक मौत से खतरा मन उसका एकांत जीवन का जीवन क्रूर एवं छोटा होता है। 11 सितंबर 2011 को अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमला, फ्रांस के कैफे में आतंकी हमला तथा पाकिस्तान के पेशावर में आतंकी हमला आदि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न हैं।

भारत की राजधानी दिल्ली में मार्च 2020 अचानक दो गुटों के बीच लड़ाई जिसके कारण दंगे हुए जिसमें कई नागरिक की जान गई साथ ही साथ पुलिसकर्मी को भी जान गंवानी पड़ी। लड़ाई के दौरान दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में क्रय विक्रय, आवागमन तथा दिनचर्या, गोलीबारी तथा पत्थरबाजी की वजह से बाधित हुई। इस तरह की वारदात देश के विभिन्न हिस्से कश्मीर, मुजफ्फरनगर उत्तर पूर्व भारत के राज्यों में होता रहता है।

## असुरक्षा की गतिविधि

असुरक्षा का अर्थ उस व्यवहार या कार्य से है जो किसी व्यक्ति या समुदाय अथवा कार्यस्थल में खतरे, भय या अनिश्चितता से जो किसी व्यक्ति या समुदाय या देश के लिए उत्पन्न होता है। जब व्यक्ति किसी सुनसान रास्ते से गुजरता है जहाँ पर लोगों की आवाजाही कम होती है उस स्थिति में व्यक्ति

असुरक्षा महसूस करता है। वह असुरक्षा की स्थिति को दूर करने के लिए समूह में चलना चाहता है और सामूहिक सहयोग के द्वारा असुरक्षा की भावना को दूर करने का प्रयास करता है। असुरक्षा उन खतरों और जोखिमों को भी संदर्भित करती हैं जो भारत की सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं। थॉमस हॉब्स ने प्राकृतिक अवस्था का वर्णन करते समय इस स्थिति का सुदृढ़तापूर्वक विश्लेषण किया कि ''प्रत्येक मनुष्य एक संभावित खतरा है क्योंकि उपलब्ध सीमित संसाधनों में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष, एक का युद्ध सभी के विरुद्ध जैसा स्थिति है।''

**सुरक्षा के विभिन्न आयाम**

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में सुरक्षा के तीन प्रमुख प्रतिमान हैं राष्ट्रीय सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और मानव सुरक्षा पहले दो दृष्टिकोण राज्य के लिए आवश्यक शर्त हैं। इसके विपरीत मानव सुरक्षा की अवधारणा मानव को नैतिक प्रधानता देता है। राष्ट्रीय सुरक्षा का संबंध राष्ट्र की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और नागरिकों को किसी भी प्रकार के आंतरिक या बाह्य खतरों से सुरक्षित रखने की क्षमता से है। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा का तात्पर्य राष्ट्र और वैश्विक संगठन द्वारा युद्ध, आतंकवाद और अन्य खतरों को रोकने तथा आपसी अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए अपनाए गए रणनीतिक और राजनयिक उपाय हैं। मानव विकास रिपोर्ट में प्रस्तुत की गई मानव सुरक्षा में आर्थिक, खाद्य, स्वास्थ्य, पर्यावरण, व्यक्तिगत, सामुदायिक और राजनीतिक सुरक्षा जैसे आयाम शामिल हैं।

**राष्ट्रीय सुरक्षा**

राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को सर्वप्रथम यथार्थवादी चिंतकों के द्वारा प्रस्तुत किया गया। यथार्थवादी चिंतकों की मान्यता थी कि वे ऐसे दुनिया में रहते हैं जहाँ राज्य सुरक्षा के मुख्य स्रोत और सुरक्षा के प्रमुख खतरे दोनों हैं। राज्यों के बीच शक्ति, आपसी भय और संदेह के कारण निरंतर संघर्ष की स्थिति बनी रहती है क्योंकि अराजक व्यवस्था में सुरक्षा की समस्या हमेशा बनी रहती है क्योंकि स्वतंत्र राष्ट्र-राज्य एक दूसरे को नुकसान पहुँचाने में सक्षम होते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा को एक राज्य की क्षमता एवं स्थिति के रूप में वर्णन किया जाता है जिसमें उस राज्य की सीमा में नागरिक तथा राज्य की आंतरिक सुरक्षा शामिल है। शीत युद्ध की समाप्ति के बाद विश्व में बढ़ती वैश्विक अंतर्निर्भरता और अन्योन्याश्रित तार ने राज्यों को अधिक सहयोग और एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के अंतर्गत शासन, संप्रभुता, एकता, क्षेत्रीय अखंडता, लोगों का कल्याण, सतत आर्थिक और सामाजिक विकास शामिल होता है।

**अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा**

अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से तात्पर्य वैश्विक स्तर पर अलगाव आक्रमण, युद्ध, अवैध व्यवसाय, सामूहिक नरसंहार, सामूहिक निष्कासन तथा आतंकवादी गतिविधियों से रक्षा है अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा बीसवीं शताब्दी में एक महत्वपूर्ण विषय बनकर उभरा है अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विशेष प्रावधान संयुक्त राष्ट्र संघ का अनुच्छेद में उल्लेखित है जिसका उद्देश्य 1919 में पेरिस में निर्मित प्रादेशिक समझौता का पालन करना जो प्रथम विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र के 1945 के चार्टर के अनुच्छेद-1 में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए तथा शांति के लिए खतरे को शामिल करने के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय करना शामिल है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों वैश्विक स्तर पर शांति स्थापना तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शस्त्र बल के उपयोग को संदर्भित करता है।

हेडली बुल ''प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह शक्तिशाली हो या कमजोर अनैतिक तरीके या सक्षमता के अनुसार एक दूसरे को हानि पहुँचाने में सक्षम है। इसी तरह की सुरक्षा की अवधारणा समाज, राज्य तथा वैश्विक जगत पर लागू होती है। प्रत्येक राज्य के द्वारा राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा नागरिक तथा राज्य के आंतरिक वातावरण की सुरक्षा के लिए सशस्त्र बल का उपयोग करते हैं। व्यक्ति अपने सुरक्षा के लिए विभिन्न उपाय करते हैं। इस अवधारणा को हम इस उदाहरण से समझ सकते हैं कि व्यक्ति ऑफिस से घर आते समय ऐसे ट्रांसपोर्ट साधन का उपयोग करते हैं जिससे और भी लोग उपयोग करते हों। व्यक्ति घर की सुरक्षा के लिए अलार्म तथा ताले लगाते हैं। असुरक्षा की स्थिति तब उत्पन्न होती है जब व्यक्ति खुद संयम नहीं रखते।

**भारत की आंतरिक सुरक्षा**

आंतरिक सुरक्षा किसी संप्रभु राज्य की सीमाओं के भीतर शांति बनाए रखने की प्रक्रिया है। राष्ट्र राज्य की आधुनिक अवधारणा एक मजबूत आधुनिक आंतरिक सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। सामान्य तौर पर किसी राज्य की आंतरिक सुरक्षा को ऐसे क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जाता है जो किसी राज्य की सीमा के भीतर सुरक्षा से संबंधित उत्पन्न चुनौती को संदर्भित करता है। आंतरिक सुरक्षा का अर्थ है देश के भीतर शांति, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा

सुनिश्चित करना।

भारत मे आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों में प्रमुख नक्सलवाद, आतंकवाद, साइबर अपराध, सांप्रदायिक हिंसा और सामाजिक तनाव, आर्थिक सुरक्षा इत्यादि हैं। आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी पुलिस, अर्धसैनिक बल तथा असाधारण परिस्थिति में सेना की होती है। भारत की आंतरिक सुरक्षा के सामने कई गैर पारंपरिक चुनौतियाँ हैं।

**क्षेत्रीयवाद**

भारत में क्षेत्रीयवाद की प्रवृत्ति की शुरुआत भारत शासन अधिनियम 1909, 1919 तथा 1935 के तहत किए गए संवैधानिक सुधार के साथ शुरुआत हुई। स्वतंत्रता पूर्व पंजाब में अकाली दल, चेन्नई में जस्टिस पार्टी का स्थापना में उभरते हुई क्षेत्रवाद के उदाहरण हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राजस्व की माँग को लेकर आंदोलन हुआ और महाराष्ट्र, गुजरात और पंजाब पृथक राज्य का गठन हुआ। असम की गाड़ो, खाकी ज्यंतिया जनजाति की पृथक राजस्व की माँग पर भारत में 1972 मेघालय राज्य की स्थापना हुई। भारत में अभी भी पंजाब में खालिस्तान की माँग, द्रविड़वाद की माँग, नागा एवं मिजो जनजातियों की माँग तथा स्वतंत्र गोरखालैंड की माँग भारत की आंतरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर समस्या है।

यह एक ऐसी प्रवृत्ति है जिसने लोगों की राजनीतिक निष्ठा एक क्षेत्र पर केंद्रित रहती है। प्राय: व्यक्ति देश के स्थान पर क्षेत्र विशेष को निष्ठा से वरीयता देते हैं। भारत में क्षेत्रवाद का मूल कारण भाषा, जनजातियों और धर्मों की विविधता है। विभिन्न क्षेत्रों में असमान विकास की स्थिति एवं क्षेत्रीय वंचना का भाव वांछनीय समूह का अभाव, क्षेत्रवाद की भावना को और अधिक बढ़ावा देती है। क्षेत्रवाद एक मनोवैज्ञानिक धारणा है। क्षेत्रवाद सामूहिक पहचान की अभिव्यक्ति के साथ उस क्षेत्र के प्रति उस समूह की निष्ठा को अभिव्यक्त करता है, साथ ही अन्य क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखकर अपने क्षेत्र के विकास की धारणा पर केंद्रित होता है।

डॉ. इकबाल नारायण के अनुसार ''क्षेत्रवाद की प्रक्रिया के कई आयाम वाली एक अत्यंत जटिल एवं मिश्रित व्यवस्था है जो एक साथ एक ही समय में भौगोलिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं मनोवैज्ञानिक रूप लिए हुए हैं।'' डॉ. इकबाल के भारत में 'क्षेत्रवाद को मानव मस्तिष्क का उपज' बताया।

1. बालाबोधिनी, काशी, जनवरी 1874, अंक-1, निवेदन शीर्षक सम्पादकीय, पृ. 2
2. बालाबोधिनी, संपादक - भारतेंदु हरिश्चंद्र, संकलन : वसुधा डालमिया, संजीव कुमार, राजकलम प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृ.-129
3. वही, पृ.-146
4. (सं) शर्मा हेमंत, भारतेंदु समग्र, हिन्दी प्रचार संस्थान, 1989, पृ.-1013
5. स्त्री दर्पण, जुलाई 1915, सम्पादकीय, पृ.1-2
6. तलवार वीर भारत, हिन्दी प्रदेश : प्रथम विश्वयुद्ध के दौर में स्त्री चेतना, साक्षात्कार, जुलाई-सितम्बर, 1987
7. पांडे पद्माकर, हिन्दी पत्रकारिता और राष्ट्रीय आन्दोलन, पृ.-159
8. चाँद, नवम्बर 1934,नारी आन्दोलन अंक, सम्पादकीय
9. ओर्सीनी फ्रांचेस्का, हिन्दी का लोकवृत्त 1920-1940, हिन्दी अनुवाद, नीलाभ, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011, पृ. -318
10. वही, पृ.-376

# मर्यादा के आवरण से समाधि का संगीत : कबीर और ओशो की विद्रोही वैचारिकी का तुलनात्मक समाजशास्त्र



मृत्युंजय कुमार शर्मा

**शोध-सार**

यह शोध-आलेख मध्यकालीन संत कबीर और बीसवीं सदी के आधुनिक क्रांति-द्रष्टा ओशो की वैचारिकी का एक गहन समाजशास्त्रीय और दार्शनिक अनुशीलन है। इतिहास की सीमाओं, कालखंडों और भौगोलिक दूरियों को लांघते हुए यह अध्ययन स्थापित करता है कि कबीर की 'अक्खड़ फकीरी' और ओशो का 'आधुनिक संन्यास' वास्तव में मनुष्य की आत्मिक स्वतंत्रता और संप्रभुता के एक ही 'अनादि प्रतिरोधी स्वर' की निरंतरता हैं। शोध-आलेख पारंपरिक और संस्थागत धर्म के समाजशास्त्र पर तीखा प्रहार करता है, जिसे विचारकों ने मानवीय चेतना के दमन और सामाजिक अनुकूलन का एक राजनैतिक उद्यम माना है।

ज्ञान-मीमांसा पर धरातल पर कबीर के 'आँखिन देखी' के सूत्र और ओशो के 'जानने' के सिद्धांत के अंतर्संबंधों की समीक्षा करते हुए उधार के ज्ञान और अकादमिक पाखंड का विखंडन किया गया है। जीवन-ऊर्जा के प्रति दोनों विचारकों के दृष्टिकोण का मूल्यांकन करते हुए यह शोध स्थापित करता है कि वैराग्यपरक दमन के विपरीत कबीर का 'काम से राम' का विमर्श और ओशो का 'संभोग से समाधि' का दर्शन मनुष्य को अपराध-बोध से मुक्त कर उसकी समग्रता को बहाल करता है।

इसके अतिरिक्त, भाषा की पारंपरिक तानाशाही को तोड़ने के लिए कबीर की 'उलटबांसियों' और ओशो के 'तार्किक विरोधाभासों' को भाषा के एक सजग गुरिल्ला युद्ध के रूप में विश्लेषित किया गया है, जिसका अंतिम लक्ष्य मनुष्य को 'मौन के मनोविज्ञान' में स्थापित करना है। 'कबीरा खड़ा बाजार में' और 'जोरबा द बुद्धा' के रूपकों के माध्यम से पलायनवादी संन्यास को खारिज कर संसार के कोलाहल के बीच तटस्थ साक्षी बने रहने के एक गतिशील समाजशास्त्र को रेखांकित किया गया है। अंततः, जैन दर्शन के 'अनेकांतवाद एवं स्याद्वाद' तथा जीवित विद्रोहियों के प्रति सत्ता और पुरोहितवाद के क्रूर दमनकारी चरित्र का तुलनात्मक विश्लेषण करते हुए यह आलेख समकालीन तकनीकी विविधीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में इस संयुक्त फकीरी चेतना को मानवीय अस्तित्व को बचाने का एकमात्र व्यावहारिक व मनोवैज्ञानिक मरहम सिद्ध करता है।

**बीज शब्द**

संस्थागत धर्म, ज्ञान-मीमांसा, सामाजिक अनुकूलन, जोरबा द बुद्धा, उलटबांसी, सहज समाधि, अनेकांतवाद, मौन का मनोविज्ञान।

**मूल लेख**

समय की अपनी एक क्रूर और यांत्रिक आदत होती है; वह इतिहास को मनमाने टुकड़ों और बंद कालखंडों में बांटता है, सदियों की अभेद्य दीवारें खड़ी करता है और मनुष्य के जीवंत चिंतन को भौगोलिक सीमाओं में कैद कर देता है। इतिहासकार और अकादमिक समीक्षक अक्सर समय के इसी बुने हुए जाल में फंस जाते हैं। वे राजाओं, तारीखों और युगों के फेर में मनुष्य की अंतश्चेतना के शाश्वत, अबाध प्रवाह को देखना भूल जाते हैं। लेकिन जब चेतना के गहरे धरातल पर कोई आत्मिक महाविस्फोट होता है, तो समय की ये सारी कृत्रिम दीवारें ताश के पत्तों की तरह ढह जाती हैं। पंद्रहवीं सदी के बनारस की संकरी, धूल भरी गलियों में एक खुरदरे करघे पर सूत कातते हुए एक अनपढ़, फटीहाल जुलाहे को देखना, और फिर सीधे बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में दर्शनशास्त्र

के एक पूर्व-प्रोफेसर को वैश्विक बुद्धिजीवियों के बीच सुनना, पहली नजर में यह दूरी अकल्पनीय और अतार्किक लगती है। एक तरफ कबीर हैं, जो 'कबीरा खड़ा बाजार में' की अल्हड़, फकीराना मस्ती लिए हुए हैं, जिनके पास कोई औपचारिक अकादमिक डिग्री नहीं है; तो दूसरी तरफ ओशो हैं, जो आधुनिक वैभव, अत्याधुनिक पुस्तकालय और दुनिया भर के वाङ्मय की गहरी मर्मज्ञता समेटे हुए हैं।

यदि हम केवल इन बाहरी आवरणों, जीवन-शैलियों और युगों की भिन्नता को देखकर रुक गए, तो हम सत्य के उस महासागर को देखने से चूक जाएंगे जहाँ इन दोनों विचारकों की अंतर्दृष्टि मिलकर एक हो जाती है। यह आलेख कोई पारंपरिक तुलनात्मक अध्ययन नहीं है जो केवल दो भिन्न युगों के विचारकों की समानताओं और विषमताओं की एक शुष्क सूची बना दे। यह दरअसल उस अनादि प्रतिरोधी स्वर की खोज है, जो समय-समय पर मनुष्य के इतिहास में खुद को पुनर्जीवित करता रहता है। कबीर और ओशो का मिलना महज दो व्यक्तियों या दो भिन्न सदियों का यांत्रिक मिलन नहीं है; यह संस्थागत धर्म की तानाशाही, पुरोहितवाद के पाखंड और समाज द्वारा थोपी गई कृत्रिम नैतिकता के खिलाफ मनुष्य की आत्मा का एक सार्वभौमिक विद्रोह है। जब समाज इंसानी संवेदनशीलता को पूरी तरह कुचलकर उसे व्यवस्था का एक निर्जीव पुर्जा या लकीर का फकीर बना देता है, तब कबीर और ओशो जैसी प्रखर चेतनाएं इतिहास के रंगमंच पर अवतरित होती हैं। वे आकर उस सामाजिक और धार्मिक मर्यादा के मलबे को साफ करती हैं जिसके नीचे मनुष्य का असली, नैसर्गिक स्व दबा पड़ा था, और उस मलबे के बीच से ही समाधि का एक ऐसा संगीत पैदा करती हैं जो सदियों तक मनुष्यता को झंकृत करता रहता है।

कबीर और ओशो के इस वैचारिक महासेतु को समझने के लिए हमें उस आत्मीय मानवीय स्पर्श को महसूस करना होगा जो इन दोनों विचारकों की सबसे बड़ी आंतरिक ताकत थी। ये दोनों हवा में अमूर्त महल बनाने वाले शुष्क दार्शनिक नहीं थे। कबीर ने जब कहा कि 'सैयां सो साचा भया, जाके उर साचा होय', तो वे किसी अमूर्त, सातवें आसमान पर बैठे डरावने ईश्वर की बात नहीं कर रहे थे, बल्कि वे मनुष्य के भीतर की प्रामाणिकता और उसके मनोवैज्ञानिक सत्य को रेखांकित कर रहे थे। ओशो ने भी जब ध्यान की सैकड़ों अनूठी और गतिशील विधियों का प्रतिपादन किया, तो वे किसी काल्पनिक स्वर्ग का लालच नहीं दे रहे थे। वे आज के उस आधुनिक मनुष्य की छाती पर हाथ रख रहे थे जो अपनी ही अंतहीन महत्वाकांक्षाओं, कुंठाओं और मानसिक कोलाहल के बोझ तले दबा जा रहा है। कबीर और ओशो, दोनों की वैचारिकी का केंद्र बिंदु एक ही है—मनुष्य की तात्कालिक, जीती-जागती पीड़ा और उस पीड़ा से मुक्ति का उसका अपना व्यक्तिगत, प्रामाणिक अनुभव। इस वैचारिक यात्रा में आगे बढ़ने से पहले यह स्वीकार करना आवश्यक है कि इन दोनों के बीच जो अंतर्संबंध है, वह ज्ञान-मीमांसा की एक अटूट निरंतरता है। भारत की जो विखंडनवादी रहस्यवादी धारा मध्यकाल में सिद्धों और नाथों की साखियों से होती हुई कबीर में अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची थी, वही धारा बीसवीं सदी के उत्तर-आधुनिक कोलाहल के बीच ओशो की तार्किकता और समकालीन शब्दावली पहनकर दोबारा प्रकट हुई। कबीर जिस सत्य को अपनी सधुक्कड़ी भाषा से कह रहे थे, ओशो उसी सत्य को समकालीन मनोविज्ञान, अस्तित्ववाद और आधुनिक विज्ञान के रूपकों से सिद्ध कर रहे थे। दोनों का मूल राग एक ही था कि बाहर के सारे मध्यस्थों को फेंक दो, और अपने भीतर की उस ज्योति को जलाओ जो तुम्हारी अपनी है—अप्प दीपो भव!

सत्य जब तक किसी चैतन्य महापुरुष के भीतर धड़कता है, तब तक वह एक मुक्त आकाश होता है; वह एक बहती हुई नदी होता है जिसका कोई बांध या किनारा नहीं होता। लेकिन जैसे ही वह क्रांति-द्रष्टा विदा होता है, समाज के चतुर नीति-नियंता और पुरोहित उस जीवित सत्य की लाश पर संस्थागत धर्म का एक भव्य, जड़ और दमनकारी महल खड़ा कर देते हैं। कबीर और ओशो का सबसे पहला, सबसे आक्रामक हमला इसी संस्थागत धर्म के समाजशास्त्र पर था। दोनों ने बहुत गहराई से यह भाँप लिया था कि धर्मगुरु और पुरोहित वर्ग मिलकर मनुष्य की सबसे बुनियादी मनोवैज्ञानिक कमजोरियों उसके भय, लोभ और हीनभावना का सदियों से व्यापार कर रहे हैं। संस्थागत धर्म वास्तव में परमात्मा की खोज नहीं है, बल्कि वह मनुष्य की चेतना को बंधक बनाकर रखने का एक सुनियोजित राजनैतिक उद्यम है। पंद्रहवीं सदी का बनारस केवल संस्कृति की राजधानी नहीं था, वह धार्मिक वर्चस्व और सामाजिक विभाजन का सबसे बड़ा केंद्र था। एक तरफ पंडितों का आभिजात्य वर्ग था जो संस्कृत को देवभाषा घोषित करके आम जनता को ज्ञान के अधिकार से बेदखल कर रहा था, तो


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

दूसरी तरफ काजियों का दबदबा था जो शरीयत की रूढ़ियों में इंसानी रूह को जकड़ रहे थे। कबीर इस पूरे जमे-जमाए तंत्र के बीच किसी सुधारक की तरह हाथ जोड़कर नहीं खड़े होते; वे एक विखंडनकर्ता की तरह उसकी रीढ़ पर प्रहार करते हैं। वे दोनों के पाखंड को एक ही तराजू पर तौलते हुए कहते हैं कि 'पांडे कौन कुमति तोहे लागी' और 'काजी कौन कतेब बकानी'। यह हमला केवल सामाजिक समरसता की सतही इच्छा से प्रेरित नहीं था, इसके पीछे एक गहरा ज्ञान-मीमांसापरक संकट था। वे देख रहे थे कि कैसे पत्थर की मूर्तियों और मस्जिदों की दीवारों के पीछे असली हाड़-मांस का मनुष्य उपेक्षित हो रहा है। जब वे कहते हैं कि 'पाहन पूजे हरि मिलें तो मैं पूजूं पहाड़', तो वे परमात्मा का उपहास नहीं उड़ा रहे होते, बल्कि वे उस मध्यस्थ वर्ग को नग्न कर रहे होते हैं जो मनुष्य और उसके स्वयं के स्वभाव के बीच एक नाका खोलकर बैठ गया है।

सदियों बाद, बीसवीं सदी के औद्योगिक कोलाहल के बीच ओशो ने इसी पुरोहितवाद के वैश्विक और कॉर्पोरेट चेहरे को बेनकाब किया। ओशो ने इस बात को स्थापित किया कि दुनिया में कोई ईसाई धर्म, हिंदू धर्म या इस्लाम धर्म नहीं होता; धर्म तो चेतना की एक वैयक्तिक, आंतरिक अवस्था है ठीक वैसे ही जैसे स्वास्थ्य। पुरोहितों को संगठित धर्मों की निरंतरता की जरूरत है, क्योंकि यदि मनुष्य सीधे अपनी अंतरात्मा से जुड़ गया, तो इन सत्ता-केंद्रों के विशाल साम्राज्य ध्वस्त हो जाएंगे। ओशो की यह स्थापना कबीर के सुर में एक तार्किक प्रतिध्वनि पैदा करती है कि पुरोहित संसार का सबसे परिष्कृत शोषक है। वह तुम्हें पहले यह समझाता है कि तुम पापी और हीन हो, जबकि यथार्थ यह है कि तुम अपनी समग्रता में परमात्मा के सबसे करीब हो। कबीर ने जिसे 'कपट की डोरी' कहा था, ओशो ने उसे सामाजिक कंडीशनिंग का नाम दिया। जन्म लेते ही अबोध बच्चे के मस्तिष्क में यह डाल दिया जाता है कि तुम अमुक धर्म या जाति के हो। इस तरह उसकी आँखें सत्य को देखने से पहले ही पूर्वाग्रहों से अंधी कर दी जाती हैं। दोनों विचारकों का समाजशास्त्र इस बात पर जोर देता है कि जब तक मनुष्य इन उधार की पहचानों से मुक्त नहीं होता, तब तक वह एक स्वतंत्र और प्रामाणिक इकाई नहीं बन सकता।

दर्शनशास्त्र और मनुष्य के आत्म-अन्वेषण का सबसे बुनियादी सवाल यह है कि हमारे ज्ञान की प्रामाणिकता का स्रोत क्या है? क्या ज्ञान वह है जो हमें उपनिषदों या कुरान के पन्नों से विरासत में मिलता है, या वह है जो हमारे अपने जीवन के अनुभवों से छनकर बाहर निकलता है? इसी नाजुक मोड़ पर कबीर और ओशो का ज्ञान-मीमांसापरक विद्रोह सामने आता है। दोनों ही विचारक उधार के ज्ञान, शास्त्रों के निर्जीव बोझ और स्मृति के संचय के धुर विरोधी हैं। उनके लिए ज्ञान कोई बाहरी सूचना नहीं, बल्कि एक आंतरिक रूपांतरण है। कबीर जब अपने समय के बड़े-बड़े प्रकांड पंडितों के सामने खड़े होते हैं, तो वे किसी ग्रंथ का संदर्भ नहीं देते। वे सीधे अपने अस्तित्व के धरातल पर बात करते हैं : 'तू कहता कागद की लेखी, मैं कहता आँखिन देखी; मैं कहता सुरझावन हारी, तू राख्यो उरझाई रे।' इस एक साखी में कबीर ने पूरी दुनिया के शब्द-केंद्रित दर्शन को उलट कर रख दिया। 'कागद की लेखी' का अर्थ है वह सत्य जो अतीत में किसी और व्यक्ति का अनुभव था। कबीर कहते हैं कि यह तो ऐसा ही है जैसे कोई भूखा इंसान भोजन करने के बजाय पाक-कला की किताब पढ़ता रहे। सत्य कोई बौद्धिक विलासिता नहीं है, वह एक नितांत वैयक्तिक अनुभूति है। ओशो ने कबीर के इसी 'आँखिन देखी' के सूत्र को अपनी दर्शन-प्रणाली का प्राण बनाया। ओशो ने हजारों प्रवचनों में बुद्ध और लाओत्सु की व्याख्या की, लेकिन चेतावनी दी कि मेरी बातें तो केवल दूर खड़े पहाड़ की तरफ इशारा करने वाली उँगली हैं, वे स्वयं पहाड़ नहीं हैं। उँगली को मत देखते रहो, बल्कि उस तरफ देखो जहाँ वह इशारा कर रही है। ओशो विश्वास और जानने के बीच एक गहरा दार्शनिक अंतर रेखांकित करते हैं। विश्वास का मतलब है सुरक्षा की खोज में अंधानुकरण, जबकि जानने का मतलब है स्वयं उस अमृत का स्वाद चख लेना।

इस ज्ञान-मीमांसापरक विद्रोह का एक गहरा मनोवैज्ञानिक स्पर्श है। शास्त्र हमेशा आम मनुष्य को डराता है, उसे यह बताकर कि सत्य बहुत क्लिष्ट है। कबीर और ओशो इस बौद्धिक आतंकवाद से साधारण मनुष्य को आजाद करते हैं। कबीर जब कहते हैं कि 'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोइ, और ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होइ', तो यहाँ प्रेम केवल भावुकता नहीं है, बल्कि वह ज्ञान की सबसे लोकतांत्रिक पद्धति है। जहाँ बुद्धि थक जाती है, तर्क की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं, वहीं से जीवन का असली अनुभव शुरू होता है। ओशो का तर्क था कि बुद्धि हमेशा विभाजन करती है, वह चीजों को चीर-फाड़ करके देखती है, लेकिन

प्रेम पूरे अस्तित्व को समग्रता में स्वीकार करता है। जो पोथियाँ पढ़ रहा है, वह शब्दों के मलबे के नीचे दब रहा है। जब तक मनुष्य शब्दों के सघन जाल से बाहर नहीं निकलता, वह मौन के उस एकांत प्रदेश में कदम नहीं रख सकता जहाँ सत्य का साक्षात्कार होता है। कबीर की 'अनहद नाद' की धारणा और ओशो का 'मौन ध्यान' इसी अनुभव के व्यावहारिक रूप हैं।

यदि हम वैचारिकी के उस केंद्र को छुएं जहाँ सामाजिक रूढ़ियाँ सबसे ज्यादा आक्रामक हो जाती हैं, तो वह है मनुष्य की आदिम जीवन-ऊर्जा और काम-वासना के प्रति दृष्टिकोण। सदियों से पारंपरिक वैराग्यवादी संतों ने मनुष्य के भीतर एक आत्म-घृणा का भाव भरा था। उन्होंने सिखाया कि ईश्वर को पाना है तो संसार से भागना होगा और अपने शरीर से नफरत करनी होगी। कबीर और ओशो ने इस पाखंडी और जीवन-विरोधी दार्शनिक ढांचे को ध्वस्त कर दिया। दोनों की वैचारिकी इस बात पर एकमत है कि ऊर्जाएं अशुद्ध नहीं होतीं; जो ऊर्जा संसार में लाती है, वही परिष्कृत होकर समाधि तक ले जा सकती है। कबीर स्वयं एक गृहस्थ संत थे। उन्होंने गेरुए वस्त्र नहीं पहने, अपनी पत्नी और बच्चों के साथ एक सहज जीवन जिया। उनके यहाँ काम और राम के बीच कोई बुनियादी दुश्मनी नहीं है। जब कबीर कहते हैं कि 'काम मिलाए राम को, जे कोई जाने मिलाय', तो वे पूरे मध्यकालीन वैराग्य विमर्श को उलट रहे होते हैं। वे कह रहे हैं कि काम-वासना कोई पाप नहीं, बल्कि प्राथमिक ऊर्जा है। कबीर ने उन साधुओं पर तीखा तंज कसा जो घर छोड़कर भाग गए थे लेकिन भीतर वासना से भरे थे-'मन ना रँगाए, रँगाए जोगी कपड़ा'। शरीर का निषेध नहीं, बल्कि शरीर के भीतर छिपी सहज ऊर्जा का अनुसंधान ही लक्ष्य है।

बीसवीं सदी में ओशो ने जब कबीर के इसी सूत्र को आधुनिक मनोविश्लेषण के धरातल पर रखा और 'संभोग से समाधि की ओर' का दर्शन दिया, तो पारंपरिक नैतिक समाज में भूचाल आ गया। लोगों ने बिना विचार-सरणी को समझे ओशो को सतही उपाधियाँ दे दीं। लेकिन ओशो का तर्क वही था जो कबीर का था : काम-वासना मनुष्य की रचनात्मक जैविक ऊर्जा है। इसका दमन करके विक्षिप्तता और मानसिक विकृति ही जन्म लेगी। ओशो ने इस दार्शनिक कोण को वैज्ञानिक तार्किकता के साथ समझाया कि संभोग के चरम क्षण में मनुष्य का अहंकार विलीन हो जाता है, समय का बोध रुक जाता है और व्यक्ति अनजाने में ही विचारशून्यता में प्रवेश कर जाता है। यदि तुम उस क्षण के मौन को होशपूर्वक समझ सको, तो समाधि का द्वार वहीं से खुलता है। दोनों ने देखा कि जो समाज काम-वासना को जितना दबाता है, वह भीतर से उतना ही हिंसक और कुंठित हो जाता है। कबीर का करघे पर बैठकर राम के रंग में रंग जाना और ओशो का जीवन के समस्त उत्सवों को स्वीकार करना ,ये एक ही चेतना के दो छोर हैं। यह वैचारिकी मनुष्य को अपराध-बोध से मुक्त करती है, जो आज के डिप्रेशन से भरे समाज के लिए सबसे बड़ी मनोवैज्ञानिक औषधि है।

सत्य की दार्शनिक त्रासदी यह है कि वह अनिर्वाच्य है, उसे भाषा के व्याकरण में कैद नहीं किया जा सकता। कबीर और ओशो दोनों भाषा के इस संकट से वाकिफ थे। वे जानते थे कि सपाट भाषा का प्रयोग करने पर बुद्धि उसे एक सिद्धांत मानकर अलमारी में बंद कर देगी। इसलिए, इन दोनों ने तर्क को थकाने के लिए भाषा का गुरिल्ला युद्ध लड़ा। कबीर की 'उलटबांसियाँ' इसी मारक क्षमता का प्रगटीकरण हैं : 'एक अचंभा देखा रे भाई, ठाढ़ा सिंह चरावै गाई'। पहली नजर में यह पहेली लगती है, लेकिन यह एक सचेत दार्शनिक रणनीति है। बुद्धि हर चीज को कार्य-कारण के ढर्रे पर देखने की आदी है। जब शेर गाय चराता है, तो हमारी कंडीशन की हुई तार्किक व्यवस्था को जबरदस्त झटका लगता है। बुद्धि इस विरोधाभास को सुलझाने में असमर्थ होकर पंगु हो जाती है, और विचार का यांत्रिक प्रवाह रुक जाता है। यही विस्मय ध्यान की शुरुआत है। ओशो ने आधुनिक संवाद-सिद्धांत के साथ यही प्रयोग किया। उनके प्रवचनों की सबसे बड़ी खूबी विरोधाभास थी। यदि आज बुद्ध के अनुशासन की प्रशंसा की, तो कल लाओत्सु की सहजता के गीत गाए। ओशो ने स्पष्ट किया कि वे कोई नई विचारधारा देने नहीं, बल्कि माइंड के ढांचे को तोड़ने आए हैं। जब बुद्धि थक कर हार जाती है, तब जो खाली स्थान बचता है-वही असली संदेश है। कबीर और ओशो भाषा का उपयोग भाषा की ही तानाशाही को मिटाने के लिए करते हैं।

संसार और संन्यास के बीच चले आ रहे दमनकारी विभाजन को मिटाकर दोनों ने फकीरी का एक नया समाजशास्त्र रचा। कबीर की फकीरी का मुकम्मल बिंब है : 'कबीरा खड़ा बजार में, मांगे सबकी खैर'। बाजार कोलाहल, लेन-देन और सांसारिकता का सघन केंद्र है। कबीर बाजार से भागकर जंगल में नहीं छिपते; वे बाजार की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं से मुक्त होकर, साक्षी भाव से वहीं खड़े रहते हैं। यह फकीरी

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

संसार को छोड़ने की नहीं, बल्कि संसार में रहते हुए उससे मुक्त होने की कला है – सहज समाधि। ओशो ने इसी बाजार वाले संन्यास को 'जोरबा द बुद्धा' का नाम दिया। जोरबा वह है जो भौतिक जीवन और शरीर का चरम आनंद लेता है, और बुद्ध वह है जो पूर्णत: शांत और अंतर्मुखी है। ओशो ने इन दोनों को मिलाकर एक नूतन मनुष्य की परिकल्पना की। उनका संन्यासी बाहर से जोरबा की तरह जीवन का रस पिएगा, लेकिन भीतर बुद्ध की तरह मौन रहेगा। यह विचार कबीर के उस पद से जुड़ता है जहाँ वे कहते हैं : 'दास कबीरा जतन से ओढ़ी, ज्यों की त्यों धर दीनी चदरिया'। संसार के सारे अनुभवों को इतनी सजगता के साथ जीना कि आसक्ति का कोई दाग न लगे। यह विजन आज के बाजारवादी मनुष्य को बिना संसार छोड़े अपनी आत्मा को बचाने का प्रामाणिक रास्ता दिखाता है।

इन दोनों की वैचारिक इमारत दो महान स्तंभों पर टिकी है–मौन का मनोविज्ञान और अनेकांतवाद एवं स्याद्वाद का दर्शन। जैन दर्शन का अनेकांतवाद स्थापित करता है कि सत्य अत्यंत बहुआयामी है और किसी एक एकांतवादी आग्रह से उसे नहीं बांधा जा सकता। कबीर के पदों में दिखने वाले विरोधाभास इसी अनेकांतवादी दृष्टि का परिणाम हैं। कभी वे शुद्ध सगुण भाव में गाते हैं 'हरी मोरा पीव', तो कभी अद्वैतवादी होकर कहते हैं 'एकम एका जो कहै, सोई मूढ़ मति जान'। ओशो आधुनिक युग के सबसे घोषित अनेकांतवादी विचारक थे। उन्होंने माना कि सत्य एक बहती नदी है, जो हर क्षण बदलती है। जीवन विरोधाभासी है–यदि प्रकाश है तो अंधकार भी है। इस समग्रता को स्वीकार करना ही असली अनेकांतवाद है। दूसरी ओर, मौन के मनोविज्ञान में ओशो ने आज के विक्षिप्त मनुष्य के लिए 'सक्रिय ध्यान' जैसी विधियाँ रचीं, ताकि दमित संवेगों का कैथार्सिस हो सके। कबीर का सूत्र भी यही है : 'पहले भीतर का मल बहाए, तब मन निरमल होए'। यह वैचारिक समन्वय इस विमर्श को एक अत्यंत सारगर्भित दार्शनिक धरातल प्रदान करता है।

समाजशास्त्र का यह कड़वा नियम है कि व्यवस्था अपने जीवित विद्रोहियों को कभी क्षमा नहीं करती। जो विखंडनकर्ता सीधे व्यवस्था की नींव पर हथौड़ा चलाते हैं, सत्ताएँ उनके प्रति हिंसक हो उठती हैं। कबीर का विद्रोह सार्वभौमिक था; उन्होंने पंडितों और मौलवियों दोनों के अहंकार को उघाड़ा। परिणामस्वरूप, दोनों वर्गों ने मिलकर सिकंदर लोदी के दरबार में उन पर राजद्रोह का मुकदमा चलाया। कबीर को जंजीरों से बांधा गया, गंगा में डुबाया गया। कबीर ने इस दर्द को दर्ज किया : 'सुखिया सब संसार है... दुखिया दास कबीर है, जागै और रोवै'। यही त्रासदी बीसवीं सदी में ओशो के साथ आधुनिक और वैश्विक रूप में घटी। जब ओशो ने पूंजीवादी लालच और राजनेताओं के पाखंड को छिन्न-भिन्न किया, तो अमेरिकी सरकार ने उनके कम्यून को नष्ट कर दिया और उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में जेल में डाला। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों ने उन्हें उतरने तक की इजाजत नहीं दी। सत्ता का चरित्र हमेशा एक जैसा क्रूर होता है। व्यवस्था जीवित बुद्धों को सूली पर चढ़ाती है, और विदा होने के बाद उनकी मूर्तियाँ बनाकर उन्हें कबीरपंथ या रजनीशपंथ के पिंजरों में कैद कर देती है।

आज के मनुष्य की स्थिति इतिहास के किसी भी कालखंड से अधिक जटिल है। तकनीकी विविधीकरण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और घोर बाजारवाद के इस युग में हम सूचनाओं के महासागर में डूब रहे हैं, लेकिन भीतर का अवसाद अपने चरम पर है। हमने प्रकृति जीत ली है, पर स्व को खो दिया है। ऐसे संकटग्रस्त समय में कबीर और ओशो की विद्रोही फकीरी चेतना हमारे अस्तित्व को बचाने का एकमात्र मनोवैज्ञानिक मरहम है। असली अमीरी होश की अमीरी है। हमें कबीर के अक्खड़पन की जरूरत है जो कृत्रिम पहचानों को खारिज कर सके, और ओशो के जोरबा द बुद्धा के विजन की जो तकनीक का उपयोग तो करे, पर उसका गुलाम न बने।

निष्कर्षत:, कबीर की मध्यकालीन फकीरी और ओशो का आधुनिक संन्यास एक ही आध्यात्मिक विद्रोह की निरंतरता हैं। मौन का मनोविज्ञान और अनेकांतवाद ही वह आधारभूमि है जिस पर इनकी ज्ञान-मीमांसा टिकी है। ये जीवन की आदिम ऊर्जा का दमन नहीं, परिष्कार सिखाते हैं। यह संपूर्ण विमर्श हमें इस आत्म-समीक्षा के लिए विवश करता है कि क्या हमारे भीतर परंपराओं और कंडीशनिंग के इस मलबे को साफ करने का साहस है? कबीर का करघा और ओशो का शून्य आज भी हमारे भीतर के प्रामाणिक मनुष्य की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जीवन की चादर को ज्यों की त्यों धर देने का समय आ गया है; मर्यादा का आवरण साफ हो चुका है, अब केवल समाधि का शाश्वत संगीत गूंज रहा है।

**शोध छात्र, हिन्दी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ई.मेल. : mritunjaykmrsharma@gmail.com**

## संदर्भ ग्रंथ सूची


1. कबीर परचाई (संपादक : सुखदेव सिंह), वाराणसी : विश्वविद्यालय प्रकाशन.
2. ओशो. (1976). संभोग से समाधि की ओर, पूना : रजनीश फाउंडेशन.
3. ओशो. (1977). कहै कबीर दीवाना (भाग 1 और 2), नई दिल्ली : ओशो दर्शन प्रकाशन.
4. ओशो. (1986). जोरबा द बुद्धा (Zorba the Buddha), राजनीशपुरम, ओरेगन : रजनीश फाउंडेशन इंटरनेशनल.
5. कबीर ग्रंथावली (संपादक : बाबू श्यामसुंदर दास), काशी : नागरी प्रचारिणी सभा.
6. कबीर वाङ्मय (भाग 1 : साखी, भाग 2 : पद; संपादक : जयदेव सिंह और वासुदेव सिंह), वाराणसी : विश्वविद्यालय प्रकाशन.
7. द्विवेदी, हजारीप्रसाद. (1971). कबीर : कबीर के व्यक्तित्व, साहित्य और विचारों का आलोचनात्मक अध्ययन, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.
8. जैन, भागचंद्र. (2004). जैन दर्शनपरक अनेकांतवाद और स्याद्वाद की प्रासंगिकता, जैन विश्व भारती.
9. मिश्र, रामप्रसाद. (1985). संत काव्य और विद्रोही चेतना, दिल्ली : मैकमिलन इंडिया.
10. शर्मा, रामविलास. (1992). भारतीय संस्कृति और हिंदी संत परंपरा, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन.
11. सिंह, नामवर. (1982). दूसरी परंपरा की खोज, नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन. (विशेष संदर्भ कबीर की विखंडनवादी दृष्टि).
12. सुखदेव सिंह. (2020). कबीर की उलटबांसियाँ : एक भाषाई और दार्शनिक विश्लेषण, इलाहाबाद : लोकभारती प्रकाशन.

शोध-पत्र



मुस्कान गिरि

# माधवी के जीवन की त्रासदी पुरुष अहं का शिकार

भीष्म साहनी हिंदी साहित्य के प्रमुख कथाकार, उपन्यासकार, नाटककार और चिंतक हैं। उनका जन्म 8 अगस्त 1915 को रावलपिंडी (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। वे प्रगतिशील साहित्यिक आंदोलन से जुड़े रहे अपने मानवतावादी दृष्टिकोण के लिए वे विशेष रूप से प्रसिद्ध हैं। विभाजन की त्रासदी, सामाजिक विषमता, सांप्रदायिकता, शोषण तथा मानवीय मूल्यों की रक्षा उनके साहित्य के प्रमुख विषय रहे हैं। भीष्म साहनी की समकालीन रचनाकार कृष्णा सोबती 'भीष्म साहनी : सादगी का सौंदर्य' में लिखती हैं कि ''भीष्म का पूरा व्यक्तित्व दायें-बायें का विस्तार नहीं है। इसकी शख्सियत गहराई में बड़ी सादगी से अटी है।''[1] साथ ही उनके लेखन पर विचार करते हुए कहती हैं कि ''भीष्म मध्यम वर्ग की खरोचें, जख्म, उसके दर्द और उसके ऊपरी खोल को छू-छूकर, अपने को उस भीड़ से अलग खड़ा कर लेते हैं और नये सिरे से अपनी पुरानी चिर-परिचित जमीन में उन्हें अंकित करने का निर्णय कर डालते हैं। उनका प्रसिद्ध उपन्यास 'तमस' हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर माना जाता है।''[2] उनके अन्य महत्वपूर्ण उपन्यासों में 'झरोखे', 'कड़ियाँ', 'बसंती', 'माय्यदास की माड़ी' तथा 'कुन्तो' उल्लेखनीय हैं। नाट्य साहित्य में 'हानूश', 'कबिरा खड़ा बाजार में', 'माधवी', 'मुआवजे' आदि उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं। भीष्म साहनी का व्यक्तित्व अत्यंत सरल, संवेदनशील और मानवीय था। वे साहित्य को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का साधन मानते थे। उनकी भाषा सहज, प्रवाहपूर्ण तथा जीवन के यथार्थ से जुड़ी हुई है। वे अपने पात्रों के माध्यम से समाज की विसंगतियों और मानवीय संघर्षों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हैं। उनकी नाट्य-कृति 'माधवी' उनके रचनात्मक व्यक्तित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह नाटक महाभारत की एक कथा पर आधारित है, जिसमें राजा ययाति की पुत्री 'माधवी' को पुरुषों की महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थों की पूर्ति के लिए बार-बार उपयोग किया जाता है। भीष्म साहनी ने इस पात्र के माध्यम से नारी-शोषण, पितृसत्तात्मक व्यवस्था तथा स्त्री-अस्मिता के प्रश्नों को अत्यंत मार्मिक ढंग से उठाया है। 'माधवी' केवल एक पात्र नहीं, बल्कि उस स्त्री की प्रतीक है जिसे समाज त्याग, समर्पण और बलिदान के नाम पर वस्तु की तरह प्रयोग करता है। इस प्रकार भीष्म साहनी का साहित्य मानवीय संवेदना, सामाजिक न्याय और स्त्री-मुक्ति की चेतना से अनुप्राणित है। 'माधवी' उनके प्रगतिशील और मानवतावादी साहित्यिक दृष्टिकोण की सशक्त अभिव्यक्ति है।

भीष्म साहनी का मानना है कि समाज में स्त्री को अक्सर त्याग और बलिदान का प्रतीक बनाकर उसके अधिकारों की उपेक्षा की जाती है। 'माधवी' नाटक इसी सामाजिक सच्चाई को सामने लाता है। नाटक में 'माधवी' केवल एक पात्र नहीं, बल्कि उस स्त्री का प्रतीक है जो दूसरों के हित के लिए अपना जीवन समर्पित कर देती है, फिर भी उसे सम्मान और संतोष नहीं मिलता। भीष्म साहनी ने इस नाटक के माध्यम से नारी-अस्मिता, स्वतंत्रता और मानवीय गरिमा जैसे प्रश्नों को उठाया है। उन्होंने दिखाया है कि किसी भी व्यक्ति को साधन या वस्तु के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इस प्रकार 'माधवी' केवल पौराणिक कथा का पुनर्पाठ नहीं, बल्कि स्त्री-शोषण के विरुद्ध एक सशक्त सामाजिक और मानवीय विमर्श है।

भारत में स्त्री को प्राय: देवी, जननी या तपस्विनी के रूप में देखा जाता रहा है। परन्तु इस देवत्व के पीछे स्त्री जीवन की

त्रासदी और पीड़ा की कहानी सदैव अनकही ही रह जाती है। इसी प्रकार महाभारत की 'माधवी' को 'त्याग की प्रतिमूर्ति' के रूप में, 'आज्ञाकारी बेटी' के रूप में देखा जाता रहा है। 'माधवी' को और महाभारत की इस कथा को मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखने और पढ़ने से समझ आता है कि माधवी की कथा त्याग की नहीं, बल्कि पुरुष-अहं द्वारा स्त्री के शोषण की कथा है। इस सन्दर्भ में डॉ. रामचंद्र तिवारी लिखते हैं कि "माधवी में गालव ऋषि (विश्वामित्र के शिष्य)और माधवी की प्रसिद्ध पौराणिक कथा को आधुनिक सन्दर्भ में जोड़कर सदियों से पशुवत् जीवन व्यतीत करती हुई नारी की पीड़ा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।"[3]

भीष्म साहनी द्वारा महाभारत की कथा को आधार बनाकर लिखा गया 'माधवी' नाटक का केंद्रीय पात्र माधवी है जिसके आस-पास घूमते हुए नाटक अपनी सम्पूर्णता प्राप्त करता है। 'माधवी' राजा ययाति की कन्या है। 'माधवी' पितृसत्तात्मक समाज में पुरुष की सम्पति है जहाँ पिता अपने दानी होने के अहंकार को जीवित रखने के लिए अपनी पुत्री का ही दान कर देता है। 'माधवी' नाटक की रचना-प्रक्रिया के सन्दर्भ में 'भीष्म साहनी' अपनी आत्मकथा 'आज के अतीत' में लिखते हैं कि "नाटक तो लिखा गया। मैंने कथानक के नाते तो महाभारत में वर्णित कथा के ही प्रसंग रखे परन्तु नाटक के केंद्र में माधवी आ गई। यह उसी की कहानी है पितृसत्तात्मक व्यवस्था में स्त्री की अवहेलना और शोषण की कहानी। पर अब सोचता हूँ तो मुझे लगता है, मुझे यह नाटक अधिक धैर्य से लिखना चाहिए था। अधिक धैर्य से भी और ज्यादा खुले बन्दों भी, क्योंकि इसमें विकास की बड़ी संभावनाएँ थी, जिनकी ओर जल्दबाजी के कारण मेरा ध्यान नहीं गया।"[4]

इस नाटक के अनुसार 'माधवी' महाभारत के समय की एक स्त्री पात्र है, जिसको उसके पिता के द्वारा दान दे दिया गया है और वह गालव के द्वारा उसकी गुरु दक्षिणा जुटाने का साधन बनती है। माधवी एक पौराणिक पात्र ही नहीं है बल्कि गौर किया जाए तो ऐसी और भी माधवियाँ आज भी हमारे समाज में मिल जाएँगी। माधवी आज भी प्रासंगिक है बस माधवी के रूप में परिवर्तन हुआ है। माधवी के साथ-साथ गालव भी वर्तमान समय में उपस्थित है जो कहीं न कहीं हर रोज 'माधवी' का शोषण कर रहा है। स्त्री के शोषण के रूप में भले ही परिवर्तन हुआ हो परन्तु आदिकाल से चली आ रही स्त्रियों की स्थिति आज भी कुछ वैसी ही है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था आज भी स्त्री को भोग के साधन के रूप में देखता है यहाँ स्त्री का अपने लिए आवाज उठाना सही नहीं समझा जाता। स्त्री जब तक चुप रहती है, सहती रहती है और त्याग करने को तैयार रहती है तभी तक वह महान और देवी के रूप में मानी जाती है। उसका अपने लिए आवाज उठाना, अपनी रूचि के अनुसार जीवन जीना उसे बदचलन और मुंहजोर बना देता है। 'माधवी' जब तक चुप रहती है गालव उसे त्याग की मूर्ति मानता है परन्तु जैसे ही माधवी अपने पहले पुत्र के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त करती है, वह उसे कमजोर और दुर्बल समझने लगता है। गालव यह भूल जाता है कि अगर आज वह गुरु दक्षिणा जुटाने के कार्य में सफल हो रहा है तो वह सिर्फ और सिर्फ 'माधवी' के कारण। जिस स्त्री को वह कमजोर कहता है अगर वही स्त्री बीच से हट जाये तो गालव कुछ भी करने योग्य नहीं। गालव माधवी से कहता है, "मैं नहीं जानता था कि संतान पैदा हो जाने पर तुम इतनी दुर्बल हो जाओगी। इसीलिए शायद स्त्रियाँ जोखिम के काम नहीं कर सकतीं, किसी बड़े काम का दायित्व वहन नहीं कर सकतीं।"[5]

'माधवी' के जीवन की त्रासदी के दो कारण। एक, उसके पिता का अहं और दानवीर कहे जाने का लोभ; दो, गालव जो गुरुदक्षिणा जुटाने में असमर्थ होने के बावजूद अपने अहं के कारण न झुकना। ययाति और गालव दोनों ही अपने अहं की पूर्ति का सामर्थ्य नहीं रखते हैं और माधवी को एक साधन के रूप में देखते हैं। पुत्री का दान करते समय न पिता अपनी पुत्री की स्थिति का विचार करते हैं और न गालव आठ सौ अश्वमेधी घोड़ों के लिए तीन राजाओं के रानीवास में भेजने के पूर्व उसकी स्थिति का ख्याल करता है। यह दोनों ही पुरुष पात्र केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति मात्र करते हैं। ययाति का कथन है, "राजज्योतिषियों ने माधवी के लक्षणों की जाँच की है। इसके गर्भ से उत्पन्न होनेवाला बालक चक्रवर्ती राजा बनेगा। सुना मुनिकुमार? ऐसे लक्षणोंवाली युवती को पाकर कोई भी राजा तुम्हें घोड़े दे देगा। माधवी को पाकर वह धन्य होगा। तुम निःसंकोच इसे ले जाओ।"[6] चक्रवर्ती पुत्र की कामना में केवल तीन राजा ही माधवी को अपने रानीवास में नहीं रखते बल्कि नाटक के अंत में ऋषि विश्वामित्र भी माधवी को अपने आश्रम में रखकर गालव को गुरुदक्षिणा के भार से मुक्त करते हैं। यदि विश्वामित्र चाहते तो माधवी को अपने आश्रम में रखे बिना भी गालव को गुरुदक्षिणा के भार से मुक्त कर सकते थे; परन्तु वे ऐसा नहीं करते हैं। यहाँ भी पुरुष

की लोलुप दृष्टि का परिचय मिलता है जो गुरु होने के बावजूद भी भोग की कामना से मुक्त नहीं हो पाया है। इस सन्दर्भ में लक्ष्मीनारायण मिश्र अपने नाटक 'सिन्दूर की होली' में 'मनोरमा' के जरिये पुरुष प्रवृति की चर्चा करते हुए लिखते हैं कि ''क्षमा कीजियेगा, पुरुष आँख के लोलुप होते हैं, विशेषत: स्त्रियों के सन्दर्भ में, मृत्यु शय्या पर भी सुन्दर स्त्री इनके लिए सब से बड़े लोभ की चीज है।''[7] माधवी के साथ भी यही होता है। सभी पुरुष उसे लोभ और वासना की दृष्टि से देखते हैं, जहाँ उसकी भावनाओं की कोई परवाह नहीं करता। गालव भी माधवी के गुणों के कारण माधवी को पाने की लालसा अपने मन में दबाए रहता है। वह चाहता है कि माधवी पहले उसकी गुरु दक्षिणा जुटा दे। उसके बाद वह उससे अनुष्ठान करवाकर विवाह करेगा। गालव मन-ही-मन सोचता है कि ''माधवी को पाने का अर्थ है, चक्रवर्ती राजा तक बन जाने की संभावना।''[8] वह माधवी को केवल देह के रूप में देखता है। उसके हृदय को नहीं देखता है। जब 'माधवी' अनुष्ठान कर पुन: कौमार्य प्राप्त करने से मना कर देती है तो यही गालव उससे विवाह करने से मना कर देता है। गालव कहता है, ''माधवी, मैं चाहूँ भी तो तुमसे विवाह नहीं कर सकता। मैं विवश हूँ।...मैं धर्म और नैतिक मर्यादाओं का उल्लंघन नहीं कर सकता।''[9] जो माधवी उसकी गुरु दक्षिणा जुटाने के लिए उसी के गुरु के आश्रम में रहती है। कुछ समय बाद उसी को हवाला देते हुए गालव कहता है, ''जो स्त्री मेरे गुरु के आश्रम में रह चुकी हो, उसे मैं अपनी पत्नी कैसे मान सकता हूँ?''[10] यही गालव जो बिना अनुष्ठान के 'माधवी' को स्वीकार करने से मना करता है। वही गालव अनुष्ठान के पश्चात सब भूलकर माधवी से विवाह करने को तैयार हो जाता है। गालव कहता है, ''तुम फिर से अनुष्ठान कर अपना पहला रूप धारण कर सकती हो। माधवी, मैं तुम्हें पाकर अपने को धन्य समझूंगा।''[11] इसका आशय स्पष्ट है। गालव को माधवी चाहिए परन्तु कौमार्य रहित नहीं। गालव की सोच पुरुष मानसिकता का सहज परिचय देता है। यहाँ गालव केवल माधवी के शरीर को महत्व देता है, माधवी की भावनाओं को नहीं।

स्त्री माँ बनने से पूर्व प्रेमिका, पत्नी, बहन, मित्र सब होती है पर माँ बनने के बाद उसके भीतर सबसे अधिक अगर कोई भाव व्याप्त होता है तो वह भाव मातृत्व का होता है। माधवी भी अपने पुत्र के जन्म से पहले गालव के प्रेम की कल्पना में डूबी हुई है परन्तु बच्चे के जन्म के पश्चात वह कोई दूसरी ही माधवी हो जाती है। जिस नई 'माधवी' का जन्म होता है वह अब कल्पना की दुनिया से यथार्थ की दुनिया में कदम रख चुकी है, जहाँ केवल प्रेम की कल्पना ही नहीं जीवन का यथार्थ भी उसके सामने खड़ा है जब उसे अपने दुधमुँहे बच्चे को छोड़ कर अब आगे बढ़ना है। इसकी कल्पना माधवी को विचलित करती है, जैसे-जैसे वह आगे बढ़ती जाती है उसे अपने बच्चे के रोने की आवाज सुनाई देती है। माधवी कहती है, ''मुझे लगता है, बेटे के जन्म के पहले मैं कोई दूसरी ही माधवी थी, बेटे के जन्म के बाद मैं बिलकुल बदल गई हूँ। वह माधवी नहीं रही हूँ।''[12] इसके पश्चात 'माधवी' अपनी स्वतंत्रता को लेकर गालव पर व्यंग्य करते हुए कहती है, ''स्वतंत्र? कैसी स्वतंत्रता, गालव? उन दीवारों के पीछे मेरा नन्हा बालक मुँह खोले मेरा स्तन ढूंढ रहा है, और तुम कहते हो, मैं स्वतंत्र हूँ? गालव, क्या सचमुच तुम मुझे स्वतंत्र समझते हो? जो माँ अपने बच्चे को छाती से लगा पाए, वही स्वतंत्र होती है।''[13] यहाँ पर मैथिलीशरण गुप्त की यह पंक्ति भी एकदम उपयुक्त प्रतीत होती है-

''अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी
आँचल में है दूध और आँखों में पानी।''[14]

इस पंक्ति को आज स्त्री विमर्श की दृष्टि से बाहर रखा जाता है परन्तु इस नाटक में माधवी की स्थिति को इस पंक्ति के माध्यम से आंका जा सकता है। यहाँ 'माधवी' की स्थिति ऐसी है जिसके स्तन में दूध तो है पर उसको पिलाने के लिए उसका बालक उसकी गोद में नहीं है। वह अपने दूधमुंहे बालक को दूध पिलाने के लिए बिलख रही है पर वह एक ऐसी अभागन माँ है जो जन्म के पश्चात ही अपने पुत्र के वियोग को सहती है। इस माँ के आँसू; इस माँ का त्याग; इस माँ के हृदय की पीड़ा और इस माँ का टूटता आत्मबल किसी को नजर नहीं आता है। सभी अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगे हैं। स्त्री जीवन को पुरुषवादी सत्ता के हाथ में सौंप दिया जाता है यही उसकी सबसे बड़ी त्रासदी है। भीष्म साहनी की माधवी की पीड़ा को मैथिलीशरण गुप्त ने उपर्युक्त पंक्तियों में वाणी दी है। बिल्कुल इसी पीड़ा को कथाकार सुभाष शर्मा की कहानी 'कुदेश' भी चित्रित करती है।[15] कुदेशन की नायिका एक मजदूर है जो बिहार से पंजाब मजदूरी करने गई है।

स्त्री समाज की मुक्ति पितृसत्तात्मक व्यवस्था के बंधन से मुक्ति है। केवल पुरुष ही इस भाव से ग्रसित नहीं है कुछ स्त्रियाँ भी हैं जो इस भाव से ग्रसित है। जब तक सभी इस भाव

से मुक्त नहीं हो जाते स्त्री मुक्ति कपोल कल्पना मात्र है। वर्तमान में भी कुछ स्त्रियों की यदि बात न की जाये तो आधे से ज्यादा स्त्रियाँ पितृसत्तात्मक व्यवस्था की बेड़ियों से बंधी हुई हैं और उससे मुक्ति के प्रयास में है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था से पीड़ित स्त्रियों की स्थिति आज भी माधवी की ही तरह है जो अपने पिता, पति, भाई की आज्ञा का पालन कर रही हैं। इस पितृसत्तात्मक समाज में, इस कहें तो इस पुरुषवादी व्यवस्था में स्त्री की न तो कोई स्वतंत्रता है, न ही कोई पहचान है और न ही परिवार से स्वतंत्र कोई अस्तित्व है। स्त्रियाँ अगर हैं तो केवल आश्रित। अपने आश्रित होने की स्थिति में माधवी गालव और ययाति पर व्यंग्य करते हुए कहती है, ''क्यों? क्या मैं नाचूं? गाऊँ? अपने भाग्य पर इठलाऊँ? पिताजी ने आदेश दिया तो तुम्हारे साथ चली आई, तुम आदेश दोगे तो किसी राजा के रानीवास में चली जाऊँगी।''[16] यहाँ उसकी विवशता स्पष्टत: व्यक्त हो रही है कि कैसे वह अपने पिता और गालव की प्रतिज्ञा के बीच जूझ रही है। जब जन्म देने वाले पिता ने ही साथ नहीं दिया, उन्होंने ही साथ छोड़ दिया तो गालव से क्या अपेक्षा की जा सकती है।

अत: 'माधवी' नाटक के माध्यम से भीष्म साहनी केवल एक पौराणिक कथा का पुनर्पाठ ही नहीं करते हैं, बल्कि भारतीय समाज में स्त्री की स्थिति और पुरुष-प्रधान व्यवस्था की गहन पड़ताल भी करते हैं। इस नाटक की नायिका माधवी का सम्पूर्ण जीवन पुरुषों के अहं, स्वार्थ और महत्वाकांक्षाओं का शिकार बनकर रह जाता है। वह एक संवेदनशील, त्यागमयी और समर्पित स्त्री है, किंतु उसके व्यक्तित्व, इच्छाओं और भावनाओं को कभी उचित महत्व नहीं दिया जाता। पिता ययाति, ऋषि गालव, गुरु विश्वामित्र तथा विभिन्न राजा सभी उसे अपने-अपने उद्देश्य की पूर्ति का साधन मात्र समझते हैं। भीष्म साहनी ने 'माधवी' के चरित्र के माध्यम से यह दिखाया है कि पुरुष अहं केवल स्त्री का शोषण ही नहीं करता, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और संबंधों को भी नष्ट कर देता है। नाटक में 'माधवी' का अंतत: संसार से विरक्त होकर वन की ओर प्रस्थान करना, उसके आत्मसम्मान और आत्ममुक्ति का प्रतीक है। यह निर्णय उसके भीतर की उस चेतना को व्यक्त करता है जो पुरुषों द्वारा नियंत्रित जीवन को अस्वीकार कर अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करना चाहती है। इस प्रकार 'माधवी' स्त्री-शोषण, लैंगिक असमानता और पुरुष-अहं की विनाशकारी प्रवृत्तियों पर तीखा प्रहार करता है। 'माधवी' का जीवन हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब स्त्री को वस्तु या साधन नहीं, बल्कि स्वतंत्र व्यक्तित्व और समान अधिकारों वाले मनुष्य के रूप में स्वीकार किया जाए।

**शोधार्थी**
**हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली-110007**
**ई-मेल : 2018muskangiri@gmail.com**

## सन्दर्भ सूची

1. भीष्म साहनी : सादगी का सौन्दर्यशास्त्र- हरियश राय- वाणी प्रकाशन- संस्करण-2020-पृष्ठ संख्या-22
2. वही, पृष्ठ-22
3. हिंदी का गद्य साहित्य- रामचंद्र तिवारी- विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी-संस्करण-2022- पृष्ठ संख्या-480
4. आज के अतीत-भीष्म साहनी-राजकमल प्रकाशन- नई दिल्ली, दरियागंज-संस्करण-2003-पृष्ठ संख्या-239
5. माधवी-भीष्म साहनी-राजकमल प्रकाशन-नई दिल्ली, दरियागंज-संस्करण- 2016- पृष्ठ संख्या-65
6. वही, पृष्ठ-21
7. सिंदुर की होली- लक्ष्मीनारायण मिश्र- निकष प्रकाशन, दिल्ली- संस्करण-2018- पृष्ठ संख्या-33
8. माधवी-भीष्म साहनी-राजकमल प्रकाशन-नई दिल्ली, दरियागंज-संस्करण- 2016- पृष्ठ संख्या-25
9. वही, पृष्ठ-115
10. वही, पृष्ठ-115
11. वही, पृष्ठ-118
12. माधवी-भीष्म साहनी-राजकमल प्रकाशन-नई दिल्ली, दरियागंज-संस्करण- 2016- पृष्ठ संख्या-60
13. वही, पृष्ठ-64
14. यशोधरा-श्रीमैथिलीशरण गुप्त- लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद-संस्करण- 2018-पृष्ठ संख्या-1
15. भूख तथा अन्य कहानियाँ- सुभाष शर्मा-भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली-संस्करण-2011
16. माधवी-भीष्म साहनी-राजकमल प्रकाशन-नई दिल्ली, दरियागंज-संस्करण-2016- पृष्ठ संख्या-27

शोध-पत्र



# वैराग्य का पलायन बनाम सृजन का यथार्थ : 'यशोधरा' और 'यशोधरा जीत गई' के विशेष संदर्भ में

आयुष दुबे

**शोध सार**

प्रस्तुत शोध आलेख राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के प्रबंध काव्य 'यशोधरा' और रांगेय राघव के ऐतिहासिक उपन्यास 'यशोधरा जीत गई' के तुलनात्मक अध्ययन पर केंद्रित है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य विधा के प्रभाव को जाँचना है। साहित्य की विधा बदलने से ऐतिहासिक पात्र के वैचारिक चरित्र में बहुत बदलाव आता है। गुप्त जी की कविता यशोधरा को एक आदर्श विरहिणी बना देती है। वहाँ उसका विरोध केवल आंसुओं तक सीमित रहता है। वह पति के संन्यास को महान मानती है। उसे केवल बिना बताए चले जाने का दुख है। इसके विपरीत गद्य की जमीन पर यशोधरा एक प्रखर स्त्री के रूप में उभरती है। उपन्यास की यशोधरा सिद्धार्थ के गृहत्याग को वैराग्य नहीं मानती। वह इसे जीवन की कठोरताओं से एक पलायन सिद्ध करती है। वह समाज से सीधे सवाल पूछती है। वह पुरुष के एकांगी वैराग्य की तुलना में स्त्री के सृजन को अधिक महान बताती है। यह आलेख स्थापित करता है कि काव्य यशोधरा के हृदय का दस्तावेज है। वहीं उपन्यास उसकी तार्किकता का प्रामाणिक प्रमाण है।

**बीज शब्द**

यशोधरा, विधागत, अनुशीलन, महाभिनिष्क्रमण, स्त्री विमर्श, रांगेय राघव, मैथिलीशरण गुप्त पलायन, सृजन।

**प्रस्तावना**

साहित्य के गंभीर आख्यानों में अक्सर कुछ पात्र पीछे छूट जाते हैं। इतिहास हमेशा विजेताओं और संन्यासियों की गाथा गाता है। इस प्रक्रिया में स्त्रियां अक्सर हाशिए पर धकेल दी जाती हैं। यशोधरा भी इतिहास की एक ऐसी ही उपेक्षित पात्रा है। सिद्धार्थ का घर छोड़कर जाना एक बहुत बड़ी घटना थी। इस घटना ने दुनिया को बुद्ध दिया। लेकिन इस महान वैराग्य की चमक में यशोधरा का बलिदान कहीं छिप गया। आधुनिक हिंदी साहित्य ने इस उपेक्षित पीड़ा को स्वर देने का प्रयास किया। इसके लिए मुख्य रूप से दो अलग विधाओं का सहारा लिया गया। एक तरफ मैथिलीशरण गुप्त का प्रबंध काव्य 'यशोधरा' है। यह काव्य उन्नीस सौ बत्तीस में प्रकाशित हुआ था। दूसरी तरफ रांगेय राघव का ऐतिहासिक उपन्यास 'यशोधरा जीत गई' है। यह उपन्यास उन्नीस सौ चौवन में सामने आया। ये दोनों कृतियां यशोधरा के चरित्र को बिल्कुल अलग ढंग से पेश करती हैं। गुप्त जी का काव्य भावनाओं से भरा है। राघव जी का उपन्यास कठोर यथार्थ पर खड़ा है। प्रस्तुत आलेख इन्हीं दो कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन है। हम देखेंगे कि कविता और गद्य की तासीर कैसे एक ही पात्र की सोच को बदल देती है।

विधा केवल कहानी कहने का तरीका नहीं है। यह पात्रों की आत्मा और उनके सोचने के ढंग को भी तय करती है। कविता की अपनी एक अलग दुनिया होती है। यह भावनाओं की सघनता मांगती है। कविता में तर्क से ज्यादा करुणा होती है। यही कारण है कि गुप्त जी की यशोधरा महलों में बैठकर बस आँसू बहाती है। वह विरह की आग में जलती है। वह एक आदर्श भारतीय नारी की मर्यादा में बंधी हुई है। उसका सारा विद्रोह उसके आंसुओं तक ही सीमित रह जाता है। वह सिद्धार्थ के संन्यास के खिलाफ कोई झंडा नहीं उठाती।

इसके विपरीत गद्य की दुनिया बिल्कुल अलग होती है। उपन्यास हमेशा यथार्थ की ठोस जमीन पर खड़ा होता है। यहाँ केवल आंसुओं से काम नहीं चलता। यहाँ पात्रों को तर्क करने पड़ते हैं। उन्हें समाज से टकराना पड़ता है। रांगेय राघव ने अपने उपन्यास में इसी गद्य का सहारा लिया है। उनकी यशोधरा केवल रोती नहीं है। उपन्यास में उसका नाम भद्राकापिलायिनी रखा गया है। वह पितृसत्ता और समाज की आँखों में आँखें डालकर सवाल पूछती है। गद्य की यह तार्किकता उसे असीम शक्ति देती है। वह सिद्धार्थ के महान त्याग को कटघरे में खड़ा कर देती है। विधा के इस बदलाव ने यशोधरा को एक अबला से एक विचारक बना दिया है। कविता उसे भावनाओं के शिखर पर बैठाती है। उपन्यास उसे यथार्थ की खुरदरी जमीन पर लाकर एक मजबूत इंसान बनाता है।

मैथिलीशरण गुप्त द्विवेदी युग के बहुत बड़े कवि थे। उस दौर में भारतीय समाज में स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। गुप्त जी स्त्री के खोए हुए गौरव को वापस लाना चाहते थे। उनकी 'यशोधरा' रचना के पीछे भी यही छटपटाहट थी। उनकी यशोधरा केवल रोने वाली स्त्री नहीं है। वह भारतीय अस्मिता का एक जीवंत रूप है। गुप्त जी ने तत्कालीन स्त्री की बेबसी को बहुत गहराई से लिखा है। उन्होंने लिखा कि अबला जीवन की कहानी केवल आंसुओं और दूध तक सीमित है।

लेकिन हमें यशोधरा के मनोविज्ञान को भी समझना होगा। वह अपने पति के रास्ते की रुकावट नहीं बनना चाहती। उसका असली दुख सिद्धार्थ के संन्यास लेने से नहीं है। उसका स्वाभिमान इस बात पर आहत है कि सिद्धार्थ उसे बिना बताए चले गए। वह छले जाने का दर्द सहती है। वह अपनी सखी से कहती है कि सिद्धि के लिए जाना गौरव की बात है। लेकिन चोरी से जाना बहुत बड़ा आघात है। वह सोचती है कि क्या सिद्धार्थ उसे अपने मार्ग की बाधा समझते थे। यहाँ यशोधरा का स्वाभिमान बहुत ऊँचा है। इसके अलावा गुप्त जी की यशोधरा दार्शनिक भी है। वह संसार को केवल जन्म और मरण का चक्र नहीं मानती। वह प्रकृति के नियमों का हवाला देती है। वह कहती है कि सूर्य और चंद्रमा हमेशा अपना काम करते हैं। वे मोक्ष के लिए भागते नहीं हैं। इसलिए मनुष्य को भी अपने कर्म से नहीं भागना चाहिए। गुप्त जी की यशोधरा का विरह बहुत मर्यादित है। उसमें छायावादी वेदना है और जीवन को थामे रखने का संकल्प भी है।

रांगेय राघव प्रगतिशील विचारधारा के लेखक थे। वे इतिहास को चमत्कारों की नजर से नहीं देखते थे। उनकी नजर भौतिक और सामाजिक यथार्थ पर रहती थी। उनके उपन्यास में प्रवेश करते ही एक बिल्कुल अलग यशोधरा सामने आती है। यह यशोधरा आंसुओं में नहीं डूबती। वह अपने समय के पुरुष प्रधान समाज से सीधे टकराती है। प्राचीन बौद्ध समाज में स्त्रियों को बहुत नीचा माना जाता था। शुरुआत में बुद्ध ने स्त्रियों को संघ में प्रवेश भी नहीं दिया था। ऐसे रूढ़िवादी माहौल में यशोधरा का मुखर होना बहुत बड़ी बात है।

राघव जी की यशोधरा सिद्धार्थ के गृहत्याग को कोई महान काम नहीं मानती। वह इसे सीधे तौर पर जीवन की कठोरताओं से एक 'पलायन' कह देती है। उसका मानना है कि संसार के दुखों से घबराकर भाग जाना वैराग्य नहीं है। यह केवल पुरुष के भीतर छिपा हुआ अहंकार है। सिद्धार्थ बीमारी और बुढ़ापे से डर गए थे। उन्होंने मुक्ति का आसान रास्ता चुना। अपनी वैचारिक शांति के लिए उन्होंने पत्नी और नवजात बच्चे को अकेला छोड़ दिया। यशोधरा इस बात को कतई स्वीकार नहीं करती। वह इस भागने को महानता का नाम देने का कड़ा विरोध करती है। वह समाज के इस दोहरे मापदंड पर गहरी चोट करती है। गद्य की शक्ति ने यशोधरा को यह साहस दिया है। वह चुपचाप दुख सहने वाली देवी नहीं रहना चाहती। वह अपना हक और अपना न्याय मांगती है।

इन दोनों रचनाओं का सबसे बड़ा वैचारिक टकराव यहीं सामने आता है। यह टकराव वैराग्य और सृजन के बीच का है। गुप्त जी की यशोधरा संन्यास को ऊँचा आदर्श मानकर मन को समझा लेती है। लेकिन राघव जी की यशोधरा सृजन को वैराग्य से बहुत बड़ा मानती है। वह महाप्रजापती गौतमी से बहुत गंभीर बातचीत करती है। वह समझाती है कि जीवन को जन्म देना सबसे कठिन काम है। एक स्त्री अपने शरीर को कष्ट देकर बच्चे को जन्म देती है। वह उसे पालने के लिए अपनी हर इच्छा को मार देती है। दूसरों के सुख के लिए खुद को मिटा देना ही असली सृजन है। यह सृजन उन लोगों से बहुत महान है जो दुख से डरकर जंगल भाग जाते हैं।

यशोधरा पुरुष के उस दंभ को पूरी तरह तोड़ देती है। पुरुष हमेशा स्त्री को अपने मार्ग की बाधा समझता है। उसे

लगता है कि स्त्री उसे माया में फंसा लेगी। यशोधरा इस सोच को गलत साबित करती है। वह पूछती है कि जो संसार को बनाती है वह पुरुष से छोटी कैसे हो सकती है। असली त्याग तो स्त्री करती है। वह महल में रहकर तमाम साजिशों को सहती है। वह अकेले अपने बेटे राहुल को बड़ा करती है। वह जीवन की हर चुनौती का डटकर सामना करती है। उसने यथार्थ से मुँह नहीं मोड़ा। यही उसका सबसे बड़ा सृजन है। वैराग्य केवल एक व्यक्ति की मुक्ति है। लेकिन सृजन पूरे समाज और मानवता का आधार है। यशोधरा इसी सृजन की सबसे बड़ी प्रतीक बनकर उभरती है।

उपन्यास का शीर्षक 'यशोधरा जीत गई' बहुत ही प्रतीकात्मक है। आखिर यशोधरा कैसे जीत गई। सिद्धार्थ ने संसार के दुखों से घबराकर घर छोड़ दिया था। उन्होंने कठोर तपस्या की और बुद्ध कहलाए। पूरी दुनिया ने उनके सामने सिर झुकाया। लेकिन यशोधरा ने जीवन को चुना। उसने दुख और अकेलेपन को अपना साथी बनाया। उसने अपनी जिम्मेदारियों से मुँह नहीं मोड़ा। उसने एक परित्यक्ता स्त्री के रूप में हर पीड़ा को झेला। उसने साबित कर दिया कि सच्ची मुक्ति भागने में नहीं है। जीवन के बीच रहकर उसे पूरी ईमानदारी से जीने में ही असली मुक्ति है।

जीवन को छोड़ने वाले बुद्ध की तुलना में यशोधरा बहुत बड़ी दिखाई देती है। उसने अपने आंसुओं को अपनी ताकत बनाया। उसने अपने बच्चे को एक योग्य इंसान बनाया। जब बुद्ध वापस कपिलवस्तु आते हैं तो यशोधरा उनसे मिलने नहीं जाती। वह अपनी जगह पर अडिग रहती है। बुद्ध को स्वयं उसके पास आना पड़ता है। यही यशोधरा की सबसे बड़ी वैचारिक और नैतिक जीत है। उसने अपने सृजन के यथार्थ से बुद्ध के वैराग्य को झुका दिया। गद्य के इस विमर्श में यशोधरा पूरी तरह से विजयी होती है। वह पुरुष सत्ता के सामने हार नहीं मानती। वह अपनी शर्तों पर जीवन जीती है। यह जीत केवल यशोधरा की नहीं है। यह जीत दुनिया की हर उस स्त्री की है जो सृजन करती है।

अब तक की चर्चा से दोनों कृतियों का अंतर बिल्कुल साफ हो जाता है। दोनों ही रचनाएं एक उपेक्षित नारी के दर्द को सामने लाती हैं। लेकिन विधाओं की भिन्नता के कारण उनका रास्ता अलग हो जाता है। सबसे पहला अंतर त्याग को देखने के नजरिए में है। काव्य की यशोधरा पति के त्याग को सिर माथे पर रखती है। गद्य की यशोधरा उस त्याग को पलायन कहकर नकार देती है। दूसरा बड़ा अंतर स्त्री स्वाभिमान के स्तर पर है। गुप्त जी की यशोधरा का स्वाभिमान केवल बिना बताए जाने से आहत है। यहाँ रोने और विलाप करने की प्रधानता है। इसके विपरीत राघव जी की यशोधरा अपनी गरिमा पर अडिग है। वह पुरुष वर्चस्व से सीधे सवाल पूछती है।

तीसरा अंतर भाषा और अभिव्यक्ति का है। गुप्त जी का काव्य गीतों से भरा है। इसमें खुद से बातें करने की प्रवृत्ति है। इसकी भाषा बहुत ही शास्त्रीय और संस्कृतनिष्ठ है। इसके विपरीत उपन्यास का पूरा ढांचा तेज संवादों पर टिका है। राघव जी की यशोधरा दूसरे पात्रों से सीधी बहस करती है। यही बहस उसे एक बेबस औरत से बाहर निकालती है। वह एक बौद्धिक विमर्शकार बन जाती है। काव्य में जहाँ शांति और समर्पण है वहीं उपन्यास में बगावत और तर्क है। एक जगह यशोधरा देवी है तो दूसरी जगह वह एक जीती जागती संघर्षशील इंसान है।

**निष्कर्ष**

इस पूरी लंबी चर्चा को समेटते हुए हम कई अहम् नतीजों पर पहुँचते हैं। मैथिलीशरण गुप्त और रांगेय राघव दोनों ने ही हिंदी साहित्य को बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने इतिहास के अंधेरे में खोई एक महान स्त्री को रौशनी में खड़ा किया। विधाओं की ताकत ने इस एक ही चरित्र को दो बिल्कुल अलग दिशाओं में विकसित किया। कविता के साँचे में ढलकर यशोधरा भारतीय नारी के महान आदर्श की चरम सीमा बन जाती है। वह पति के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाली देवी है। लेकिन गद्य के विशाल फलक पर वह एक तार्किक और मुखर स्त्री के रूप में सामने आती है। वह पितृसत्तात्मक समाज के दोहरे पैमानों पर सीधी चोट करने वाली विद्रोही है।

ये दोनों रचनाएं एक दूसरे की विरोधी नहीं हैं। असल में ये एक दूसरे को पूरा करती हैं। गुप्त जी की कविता यदि यशोधरा के हृदय का आख्यान है। यह उसकी भावनाओं का सबसे सुंदर रूप है। तो रांगेय राघव का उपन्यास उसके मस्तिष्क का दस्तावेज है। यह उसकी तार्किकता और जीवन के मोर्चे पर शानदार विजय का प्रमाण है। इंसान केवल भावनाओं या केवल तर्कों से नहीं बनता। वह इन दोनों का मिला–जुला

रूप होता है। यशोधरा को उसकी पूरी गहराई में समझने के लिए हमें इन दोनों ही रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। काव्य हमें रुलाता है और उपन्यास हमें सोचने पर मजबूर करता है। यही इन दोनों महान साहित्यकारों की सबसे बड़ी सफलता है। वैराग्य का पलायन भले ही दुनिया को लुभाता हो। लेकिन यशोधरा के सृजन का यथार्थ हमेशा उससे भारी रहेगा। यशोधरा सचमुच जीत गई है।

**हिंदी विभाग,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

* गुप्त, मैथिलीशरण. (1932). यशोधरा. चिरगाँव : साहित्य सदन.
* राघव, रांगेय. (1954). यशोधरा जीत गई. आगरा : विनोद पुस्तक मन्दिर.
* सरोज, निशा एवं पाठक, ऋचा. (2023). बौद्ध साहित्य में महिलाओं की स्थिति. ह्यूमैनिटीज एंड डेवलपमेंट, 18(2), 64-69.
* (लेखक अज्ञात). (प्रकाशन वर्ष अप्राप्य). यशोधरा और राष्ट्र : मैथिलीशरण गुप्त. आगरा : नाथ पब्लिशिंग हाउस.
* (लेखक अज्ञात). (प्रकाशन वर्ष अप्राप्य). मैथिलीशरण गुप्त का काव्य शिल्प (अध्याय 7). पृ. 118-122.

शोध-पत्र

# आधुनिक हिन्दी साहित्य : चेतना के नए स्वर



विनय यादव


## शोध सार

आधुनिक हिन्दी साहित्य भारतीय समाज में आए सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का दर्पण है। इस साहित्य में नई चेतना, नए विचार और नए जीवन-मूल्यों की अभिव्यक्ति दिखाई देती है। आधुनिक काल के साहित्यकारों ने स्वतंत्रता, समानता, स्त्री-अधिकार, दलित चेतना, आदिवासी अस्मिता, पर्यावरण और मानवीय मूल्यों जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया है। इसका उद्देश्य आधुनिक हिन्दी साहित्य में उभरने वाले नए चेतना-स्वरों का अध्ययन करना है। यह बताता है कि साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने और परिवर्तन लाने का माध्यम भी है। आधुनिक रचनाकारों ने आम लोगों के संघर्ष, समस्याओं और आकांक्षाओं को अपनी रचनाओं में स्थान दिया है। आधुनिक हिन्दी साहित्य ने बदलते समय के साथ नई सोच और नई संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया है। इन नए स्वरों ने साहित्य को अधिक व्यापक, लोकतांत्रिक और जनोन्मुख बनाया है। इस प्रकार आधुनिक हिन्दी साहित्य समाज में सकारात्मक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



## बीज शब्द

आधुनिकता, चेतना, नए स्वर, भाषा, संस्कृति, देशभक्ति, अतीत।


## मूल लेख

आधुनिक शब्द सामान्य न होकर विशिष्ट शब्दों की श्रेणी में गिना जाने वाला शब्द है। आधुनिक शब्द अपने आप में विशिष्ट है। जहां भी आधुनिकता का जन्म होता है वहाँ तार्किक प्रश्नों की उत्पत्ति होती है। आधुनिकता जिस तरह मानव विकास का स्वाभाविक चरण है उसी प्रकार साहित्य में आधुनिकता का भी एक स्वाभाविक चरण है। आधुनिक हिन्दी साहित्य का उदय 19वीं शती का उत्तरार्ध माना जाता है। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में आधुनिकता के उदय होने से समाज तो बदल ही गया उसके साथ ही साहित्य का समाज भी बदल दिया। यदि हम आधुनिकता की कसौटियों पर बात करें तो हम सर्वप्रथम तर्क की बात करेंगे, उसके बाद नयापन, जीवन मूख्य, दृष्टिकोण आदि। इन्हीं कसौटियों को ध्यान में रखकर आधुनिक हिन्दी साहित्य का मूल्यांकन करें तो आधुनिक साहित्य सम्पूर्ण साहित्य में क्रांति का कार्य करता है। जैसाकि हजारी प्रसाद द्विवेदी जी लिखते हैं, 'साहित्य समाज का दर्पण होता है।' यह कथ्य आधुनिकता से किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है।

आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह भारतेन्दु हरिश्चन्द जी योगदान अतूल्यनीय है। साहित्य के सभी विद्यायों में अधिकतर उनका आगमन हुआ है। जब भारतेन्दु साहित्य में प्रवेश करते हैं तब अपना भारत, ब्रिटिश की जंजीरों से जकड़ा हुआ था। उस काल में भारतेन्दु जी साहित्य में चेतना को प्रवेश कराने का कार्य करते हैं। हालांकि भारतेन्दु समान में सक्रिय थे लेकिन जब उन्होंने साहित्य की ओर देखा तब उन्हें इस ओर आना आवश्यक लगा। भारतेन्दु जी चेतना को केन्द्र में रखकर लगभग सभी विधाओं में सृजन किया। यह उनकी बहुत बड़ी उपलब्धि है। इन्होंने अपने सूचनाओं में अंग्रेजों का तो पर्दाफाश तो किया ही है और साथ ही समाज में उपस्थित भ्रष्टाचारियों का भी पर्दाफाश किया है। जैसे–

''भीतर भीतर सब रस चूसै,
हँसि-हँसि के तन मन धन मूसे।
जाहिर वाचन में अति तेज।

क्यों सखि साजन नहिं अंग्रेज॥''

भारतेन्दु की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अपने नाटक में गद्य और पद्य दोनों का प्रयोग करते थे। इन्होंने मौलिक और अनुदित दोनों में रचना करने का सामर्थ रखते हैं। इनके मौलिक नाटकों की संख्या लगभग 8 नाटक है। अपने नाटकों में संस्कृति पर विशेष बल दिये हैं-

''जय सतजुग थापन करन, नासन मलेच्छ आचार।
कठिन धार तरवार कर कृष्ण कल्कि अवतार॥''

अपने समय के साथ सक्रिय रहना आधुनिकता के लक्षणों में गिने जाते हैं जो भारतेन्दु के यहाँ साफ तौर पर दिखाई देता है। भारतेन्दु के पूर्व राजामोहन राय, रानाडे, दयानंद सरस्वती एवं एनी बेसेन्ट ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिये हैं। इन्हीं लोगों के कारण पत्र के रूप में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक उत्थान हुआ है। जिससे प्रेरित होकर साहित्य में महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

आधुनिक साहित्य में चेतना के संदर्भ में बात करें तो हम तीन भागों में विभाजन करके देख सकते हैं-सामाजिक चेतना, राजनीतिक चेतना, सांस्कृतिक चेतना।

**सामाजिक चेतना**- आधुनिक हिन्दी समाज का मुख्य विषय है जिसे केन्द्र में रखकर समाज के चारों ओर फैलाया गया। सर्वप्रथम सामाजिक चेतना की बात करें तो हम भारतेन्दु के नाटक, निबंध को आगे -

अंधाधुध मच्यों सब देशा,
मानहुँ सब राजा रहत विरेशा॥

भारतेन्दु कृत 'अंधेर नगरी' नाटक सामाजिक चेतना का नाटक है जिसमें भ्रष्ट समाज को दिखाने का प्रयास किया है। राजसत्ता होने के बावजूद समाज में इतनी कूरूपता क्यों... ? ऐसी चीजें दिखाने के लिए भारतेन्दु अपने सभी नाटकों में दिखाते हैं। भाषा में चेतना का स्वर सर्वप्रथम भारतेन्दु के यहां दिखाई देता है। उस वक्त दो भाषाओं का केन्द्र था। उसी समय इन्होंने लिखा-

''निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल।
बिन निज भाषा ज्ञान न के मिटत न दिय को सूल।"

सबसे बड़ी जिम्मेदारी भारतेन्दु जी की यही थी कि अपने मातृ भाषाओं को प्राथमिकता दीजिए। बिना अपने मातृ/भाषा के ह्दय को सूकून नहीं मिलेगा। 20वीं शती के प्रारंभ में मैथिलीशरण गुप्त जी का प्रस्थान होता है। इन्होंने समाज में नारी को केन्द्र में रखकर 'साकेत' की रचना करते हैं। नारियों पर विशेष ध्यान देते हुए लिखते हैं कि-

''अबला जीवन, हाथ, तुम्हारी यही कहानी,
आँचल में है दूध और आँखों में पानी॥''

चार दिवारों के बीच घिरी हुई महिलाओं का दर्द है जो गुप्त जी अपनी रचनाओं में बयाँ करते हैं। आज आधुनिक समाज में यह विसंगति व्याप्त है जो कोई भी बयाँ करने को तैयार नहीं है। यदि उनकी दुर्दशा को सामने लाया जाए तभी समाज में चेतना का विस्तार होगा। जब तक अपनी बीती सामने प्रदर्शित नहीं करोगे तब तक नारी का उत्थान नहीं हो सकता।

वर्तमान समाज में नारी का विषय बहुत कठिन हो गया है। उनके दर्द उनकी पीड़ा वे स्वयं बात करें तो बहुत सहजता से कर लेंगे लेकिन कोई दूसरा व्यक्त नहीं कर सकता है। आधुनिकता सम्पूर्ण समाज के लिए आ गया लेकिन स्त्रियों के लिए आधुनिकता क्यों नहीं कार्य कर रहा है। कुछ चीजें हैं जिन पर आधुनिकता ने स्त्रियों पर कार्य किया है जैसे मताधिकार, शिक्षा, व्यवसाय आदि चीजों में प्रभाव दिखाई पड़ता है। अत: कहने तात्पर्य यह है कि आधुनिकता केवल शहरों पर हावी हुआ है, गाँव जैसा था वैसा ही है।

समाज की अकुलाहट को देखकर आधुनिक साहित्य के लेखक एवं कवि चुप बैठ नहीं पाते हैं। यदि एक लेखक शांत बैठता है तो दूसरा अपना प्रदर्शन दिखाना आरंभ कर देता है। आधुनिक कविता में सामाजिक चेतना को केन्द्र में रखकर नवयुवक घर निशाना साधते हैं-

''तुम अपने सुख के प्रबंध के न हो पूर्ण अधिकारी
यह मनुष्यता पर कलंक है प्रियबंधु तुम्हारी,
पराधीन रहकर अपना सुख शोक न कह सकता है,
वह अपमान जगत में केवल पशु ही सह सकता है।"

इन्होंने समाज के उत्थान के लिए नवयुवक को जागरूक करते हैं। ये अपने समान में व्याप्त सभी प्रकार के विसंगतियों को ध्यान में रखकर नवयुवक को जागरूक करते हैं। अन्य सभी लेखकों की तरह भाव वंचित नहीं करते हैं। यह सबसे बड़ी उपलब्धि लेखक की है। इनसे पहले एवं वर्तमान में अन्य लेखक गण अपना भाव-भंगिमा कहकर साहित्य रच देते हैं। लेकिन इनके यहाँ ऐसा कहीं दूर भी दिखाई नहीं देता है।

वर्तमान संदर्भ में समान की प्राथमिकता देना सभी लेखकों का धर्म होना चाहिए। लेकिन ऐसा बहुत कम लोगों के यहाँ

दिखाई देता है। एक बात सत्य है कि स्वतंत्रता के पूर्व भारत में अनेकों लेखकों ने योगदान दिया लेकिन इन सभी लेखकों की प्रेरणा आज के लेखकों क्यों नहीं दिखता यह बहुत विवादित प्रश्न हो जाएगा। खैर भाज भी हिन्दी साहित्य जिन्दा है जो सबसे बड़ी उपलब्धि है। जयशंकर प्रसाद छायावाद के प्रमुख कवियों में गिने जाते हैं। उन्होंने अपनी रचना 'कामायनी' में लिखते हैं कि –

''नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नगपण तल में
पीयूष स्रोत–सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में॥''

समाज में व्याप्त कुरुतियों को दूर करने के लिए प्रसाद जी अपने रचनाओं में वक्त करते हैं। समाज में नारी को हमेशा हीन भावना से देखा गया है। आज भी स्त्रियों को घर से बाहर भेजने के लिए मन अनेकों बार सोचना पड़ता है। इन सब चीजों को ध्यान में रखकर प्रसाद जी अपनी रचना को सजाते हैं। समाज में चेतना के नये के सन्दर्भ में बात करें तो शिक्षा, समान, नारी, नवयुवक इन चारों को मुख्य रूप से जोड़ कर देखना लाजिम है।

उपर्युक्त अंश में नये स्वर के मुख्य भाग सामाजिक चेतना को रेखांकित किया गया है। यह आधुनिक हिन्दी साहित्य का मुख्य भाग है। जिसे समग्र लेखक प्राथमिकता देता है। भारतेन्दु जी लेकर 20वीं शती के अर्थ तक खूब अच्छे से समाज की चेतना को देखने को मिलता है। प्रेमचंद जी के अनेक कहानी, उपन्यास में देखने को मिलता है। 'गोदान' प्रेमचन्द जी का उपन्यास बहुचर्चित है जिसमें एक किसान की गाथा है जिससे प्रेमचन्द जी समग्र समाज को चैतन्य करने का प्रयास करते हैं। ऐसे ही 'निर्मला' उपन्यास में अनमेल विवाह को लेकर बहुत सटीक चित्रण करते हैं। प्रेमचन्द जी के रचनाओं में अनेक स्वर व्यंजित हुए हैं।

**राजनीतिक चेतना**– अभी तक समाज को लेकर सटीक ढंग से चेतना के नये स्वर को व्यंजित करने का प्रयास किया गया है। आरंभ से लेकर जहाँ तक उपयुक्त दिखा वहाँ तक दिखाने का प्रयास किया गया है। राजनीति की बात करें तो आरंभ से इस पर जोर दिया गया है और लगभग सभी विद्याओं पर जोर दिया गया है। राजनीतिक व्यवस्था की आलोचना सही ढंग से आज तक कोई लेखक या साहित्यकार नहीं कर सका है। सर्वप्रथम जब अंग्रेजों के शासन की बात करें तो हमें भारतेन्दु जी का निबंध याद कर लेना चाहिए। 'भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है. ?' नामक निबंध की रचना करते हैं। इस निबंध में अंग्रेजी शासन में राजनीतिक मुद्दा को उठाया हैं। और ब्रिटिश सरकार से तर्क करते हैं। यहाँ पर भारतेन्दु जी के अलावा कोई लेखक सामने आने का हिम्मत नहीं दिखाया। इस निबंध में राजभक्ति और देशभक्ति की मिश्रित भावना को दिखाया है। यहाँ पर हरिशचंद्र जी का एक उद्देश्य था कि भेदभाव मिटाकर सभी धर्मों और जातियों से समान अधिकार दिया जाना चाहिए।

भारतेन्दु न केवल निबंध में राजनीतिक चेतना को उठाया बल्कि नाटक में भी उठाया है। अत: नाटक में राजनेता को नंगा कर देते हैं। 'अंधेर नगरी' नाटक में भारतेन्दु जी कहते हैं कि–

''अंधेर नगरी अनबूझ राजा
टके सेर भाजी, टके से खाजा॥''

राजनेताओं को संबोधित करते हैं। ये ऐसे लेखक हैं जो कभी मर नहीं सकते हैं वो हमेशा जीवित रहेंगे। संसार में नहीं, वो अपने रचनाओं में, पंक्तियों में जीवित रहेंगे। आज भी इनकी पंक्ति को समाज में जोड़ें तो प्रासंगिक रहेगा। एक अच्छे साहित्यकार की यही पहचान होती है। भारतेन्दु जी राजनीति व्यवस्था से खेलने वाले पहले साहित्यकार हैं। इन्होंने ही अंग्रेजों को अपने रचनाओं के माध्यम से अपनी मुट्ठी हमें कैद कर लिया था। इनके बाद मैथिलीशरण जी ने 'भारत–भारती' की रचना किया। पहली बार में ही अंग्रेजों ने जप्त करा दिये। जो कि लेखक के साथ बहुत अन्याय हुआ। गुप्त जी भारतेन्दु के जैसा ही सभी को जागरूक एवं राजनीति को व्यवस्था है ठीक करना चाहते थे। भारत–भारती राष्ट्र को समर्पित पुस्तक है। जिसमें अँग्रेजों द्वारा पीड़ित जनता को दिखाने का प्रयास एवं असली चेहरा दिखाये हैं।

''हम कौन थे, क्या हो गये और क्या होंगे अभी
आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी॥''

अपने अतीत और वर्तमान को देखकर दुर्दशा बताते हैं। और उसके समाधान के लिए विचार भी करते हैं। राजनीतिक पक्ष पर, इन्होंने ठोस कदम उठाया है। उसी प्रकार विदेशी फिरंगियों को केन्द्र में लेते हैं–

वैश्यो! सुनों व्यापार सारा मिट चुका है देश का
सब धन विदेशी हर रहे हैं, पार है क्या क्लेश का

भारतेन्दु जी जब नाटक में ब्रिटिशों को ललकारते हैं वहीं

पर गुप्त जी कविता में ललकारते हुए दिखाई देते हैं। अतः कहने का तात्पर्य यह है कि केवल नाटक और निबंध में ही राजनीति को विस्तार नहीं बल्कि कविताओं में भी उतना ही स्थान दिया है। यह वह दौर है जहा भारत पर ब्रिटिश अपना पैर सही ढंग से जमा लिया था। जिसे उठाना सरल नहीं था। गुप्त जी का लेखन काल सबसे लम्बे समय तक चला, लेकिन इनका शुरुआती दौर राजनीति से गुंजा हुआ था। गुप्त के समकालीन कवि राममरेश त्रिपाठी जी अपनी रचनाओं में राजनीतिक चेतना को उठाने का प्रयास करते हैं–

''देश–प्रेम वह पुण्य क्षेत्र है,
अमल असीम त्याग से बिलमित।
आत्मा के विकास से जिसमें,
मनुष्यता होती है विकसित॥''

रामनरेश त्रिपाठी जी अपनी राजनीतिक चेतना को ध्यान में रखते हुए, देश–प्रेम की बात करते हैं। देश–प्रेम सर्वोपरि है। इन्हीं से अपने भारत–भूमि में मनुष्यता विकसित होगी। यह वही दौर है जहाँ राष्ट्र को सर्वापरि माना गया है। बिना राष्ट्र–प्रेम के जीवन असंभव है। यदि सत्ता किसी भी व्यक्ति के हाथ में है उसे अपने राष्ट्र को प्रेम करना चाहिए। बिना किसी भेदभाव के उन्हें अपने राष्ट्र में विकसित करना चाहिए। जिससे मानवता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही देश का कल्याण होगा।

आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रगतिवाद के श्लाका पुरुष कहे जाने वाले कवि नागार्जुन ने सम्पूर्ण हिन्दी साहित्य में राजनीति की ऐसी रेखा खीची है जिसका कोई अंत नहीं है। इसका माप देना असंभव है। इन्हें आधुनिक कबीर भी कहा जाता है। कबीर भी जन की जज्बात को केन्द्र में रखते थे, यह भी वैसे अपनी रचनाओं में स्थान देने का प्रयास करते हैं–

''जन–जन में जो ऊर्जा भर दे,
मैं उद्‌गाता हूँ उस रवि का।''

उपर्युक्त पंक्तियों में ऊर्जा नामक शब्द का प्रयोग प्रत्येक व्यक्ति को लेकर सम्बोधित करते हैं। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाओ और सक्रिय रही। कबीर का समाज, नागार्जुन के समाज दोनों बराबर दिखाई देते हैं। राजनीति की, बात को लेकर नागार्जुन अधिक उत्सुक रहते हैं। इनकी अधिकतर रचना राजनीति में जगह बना ही लेता है। काँग्रेस की सत्ता को जिस तरह ललकारते हैं शायद ही सम्पूर्ण साहित्य में किसी सत्ता को किसी लेखक ने इतने बेबाकी से कह दिया हो –

क्या हुआ आपको.. ?
सत्ता की मस्ती में
भूल गई बाप को
इंद्र जी, इंदूजी, क्या दुसा आपको.. ?

ऐसी स्पष्ट भाषा में कहना बलि के बकरा बनने से आज के समय में कोई नहीं रोक सकता। अर्थात् कहने का तात्पर्य यह है कि नागार्जुन इतना कुछ कह गये लेकिन उन्हें तिनका–सा खरोच नहीं हुआ। ऐसा कवि होना साहित्य के लिए न्याय है। क्योंकि कवि का काम समाज के सभी पक्ष का कान पकड़ कर खींचना होता है। जो आज के समय में थोड़ा–सा भी नहीं दिखाई देता है। आजकल कविता में अपना भाव व्यक्त करके, प्रेम कविताएँ लिखकर। महान कवि मानने का अधिकार जमा लेते हैं। हिन्दी साहित्य में साठोत्तर कविता राजनीतिक मामले में काफी चर्चित है। यहाँ घर केवल सपाट बयानी होती है। सुदामा पाण्डे 'धूमिल' आधुनिक हिन्दी साहित्य में राजनीतिक कविता म महत्वपूर्ण जगह बनाते हैं–

''अपने यहाँ संसद
तेली की वह घानी है
जिसमें आधा तेल है
आधा पानी है।''

साठोत्तरी कविता में इकलौते कवि हैं जिन्होंने एक संसद को बारीकियों से बताया है। अर्थात् जनता को संसद के बारे में बता रहे हैं। 1980 के दशक में लगभग सभी जनता सक्रिय हो चुकी थे लेकिन अपने शब्दों को बाहर से निकालने की कसम खाये थे। जुबान सबकी सुखी हुई थी. कोई भी जनता अपने बात को रखने में असुरक्षा महसूस करते थे। इन्हीं देखते हुए राजनीतिक चेतना के स्वर को इतने बेबाकी से आधुनिक हिन्दी साहित्य में कहा गया है कि सभी राजनीतिज्ञ का पर्दाफाश हो गया।

**सांस्कृतिक चेतना**– संस्कृति मानव जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। जो भारत के कोने–कोने में व्याप्त है। जैसाकि कहा जाता है आधुनिकता के आने से अपनी पुरानी संस्कृतियों पीछे छोड़ने की बात अवश्य होती है। लेकिन बिना संस्कृति के जीवन अधूरा है। इसके बिना जीवन में अंधेरा है। भारत एक ऐसा देश है, जहाँ संस्कृति बहुप्रचलित है। जितना आदर यहां की जनता अपनी संस्कृति देता है, उतना किसी भी पक्ष को नहीं। आधुनिक हिन्दी साहित्य में कुछ अंश से ही संस्कृति का विकास हुआ है क्योंकि आदिकाल और भक्तिकाल में संस्कृतियों

का प्रचलन बहुत था। भारतेन्दु ने 1973 ई. में ही कह दिये थे, कि सभी उन्नतियों का मूल 'धर्म' है। बिना धर्म से उन्नति नहीं हो सकती है। यदि भारत में देखें तो सबकी संस्कृति अलग-अलग है। यह जातियों में बंटा हुआ है। आधुनिक हिन्दी कविता में लगभग सभी के यहाँ संस्कृति दिखाई पड़ जाती है। मैथिलीशरण गुप्त जी के यही संस्कृति का सही ढंग से लक्षण दिखाई पड़ जाता है-

भू-लोक का गौरव प्रकृति का पुण्य लीला स्थल कहाँ ?
फैला मनोहर गिरि हिमालय और गंगाजल वहाँ।

अपनी भूमि की जो सुंदरता है, वो किसी और देश में नहीं है। गुप्त जी ने इतने बेबाकी से अपनी धरती, अपनी संस्कृति को बयां करते हैं। छायावाद में जयशंकर प्रसाद जी संस्कृतियों पर विशेष बल देते हैं। लिखते हैं-

''मानव जीवन वेदी पर परिणय हो विरह मिलन हा।
दुख-सुख दोनों नाचेंगे है खेल आँख का मन था।''

मानव जीवन को परिणय में बंध कर जीना आसान नहीं है। जिस तरह जीवन दूसरे का दिखाई देता है उसके आगे बहुत अंधेरा, है जो हम देख नहीं पाते हैं। मानव जीवन के लगभग सभी पक्ष को बहुत अच्छे चित्रित किये हैं। छायावाद में 'निराला' ने संस्कृति पर जोर देकर कहा है कि-

''शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन,
छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो, रघुनन्दन।''

हिन्दू संस्कृति को जगाने का प्रयास 'निराला' ने 'राम की शक्ति पूजा' काव्यग्रंथ में किया है। यह मौलिक कल्पना, वर्तमान समाज को बता रही है कि बिना मौलिक कल्पना के सिद्धि नहीं पा सकते हैं। जयशंकर प्रसाद जी अपने नाटक में विस्तार से भारतीय संस्कृति को चित्रित किया है-

''अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा॥''
''हिमादि तुंग शृंग से प्रवुद्ध शुरु भारती
स्वयं प्रभा समुज्ज्वला स्वतंत्रता पुकारती॥''

भारतीय संस्कृति, भारत का गौरव है, जिससे हम कभी अलग नहीं हो सकते हैं। संस्कृति है तो भारत है। संस्कृति, मनुष्य को मानवता सिखाती है।

आधुनिक हिन्दी साहित्य में चेतना के नये स्वर को विभिन्न भागों में बाँटकर स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। आधुनिक साहित्य में सामाजिक चेतना, राजनीतिक चेतना एवं सांस्कृतिक चेतना को 19वीं शती के उत्तरार्द्ध से साहित्य में जगह बनाने प्रयास किये हैं। भारतेन्दु जी ने चेतना के तीनों पक्ष पर बहुत ढंग से रचना किये हैं। उन्हें सर्वगुणसम्पन्न भी कहा जा सकता है। उन्होंने साहित्य के लगभग हर विधा में कार्य किया है। मैथिलीशरण गुप्त जी ने भी भारतीय राजनीति एवं संस्कृति पर विशेष बल दिया है। इसके साथ समाज के उन पक्षों पर भी ध्यान गया है औरों की विषयवस्तु अहुत छोड़ जाती है। जैसे नारी पर लिखने की कला सर्वप्रथम उन्हें आया। जिसे चार दिवारों से मुक्त कराना चाहते हैं। अन्य ऐसे कवि हैं जो सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक तीनों पक्षों पर ध्यान दिया है। सम्पूर्ण रूप से कहा जा सकता है कि आधुनिक हिंदी साहित्य में चेतना के नए स्वर 19शती के उत्तरार्द्ध से कवियों एवं लेखकों के यहां व्यापक रूप में दिखाई देता है।

**शोधार्थी, हिंदी विभाग,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

**सन्दर्भ सूची**

1. त्रिपाठी, सूर्यकांत 'निराला', राम की शक्ति पूजा, लोकभारती, नई दिल्ली
2. सिंह,बच्चन, हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास, राधाकृष्ण, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-180
3. शुक्ल, आचार्य रामचन्द्र हिन्दी साहित्य का इतिहास, राजकमल दिल्ली, पृष्ठ संख्या-193
4. सिंह, नामवर, संपादक, प्रतिनिधि कविताएँ, राजकमल
5. हरिश्चन्द्र, भारतेंदु भारत दुर्दशा, राधाकृष्ण, नई दिल्ली
6. हरिश्चन्द्र, भारतेंदु, अंधेर नगरी, राधाकृष्ण, नई दिल्ली
7. प्रसाद, जयशंकर, चन्द्रगुप्त, लोकभारती, दिल्ली
8. गुप्त, मैथिली शरण भारत-भारती, औरंगाबाद



# भोजपुरी लोकगीतों में पर्यावरणीय चेतना, देशज ज्ञान और लोक संस्कृति का अंतर्संबंध

उदित सिंह

**सारांश**

पर्यावरण मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है, जो वायु, जल, भूमि, वनस्पति, जीव-जंतु तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों से मिलकर बना है। यह जीवन के अस्तित्व और विकास का आधार है तथा मनुष्य को शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और अनुकूल जीवन-परिस्थितियाँ प्रदान करता है। देशज ज्ञान स्थानीय समुदायों द्वारा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित किया गया पारंपरिक ज्ञान है, जो कृषि, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकगीत इस ज्ञान और संस्कृति के प्रमुख वाहक हैं, जो सरल भाषा में समाज और प्रकृति से जुड़े संदेशों का प्रसार करते हैं। भोजपुरी लोकगीतों में प्रकृति, कृषि, सामाजिक जीवन और पर्यावरण संरक्षण की गहरी चेतना निहित है। ये गीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि लोकजीवन, देशज ज्ञान और पर्यावरणीय समझ के सजीव दस्तावेज हैं, जो प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

**प्रस्तावना**

भारतीय सभ्यता और संस्कृति के विभिन्न अंगों में लोक साहित्य के अंतर्गत लोकगीतों का अपना एक विशिष्ट और अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। मानव समाज के उदय के साथ ही लोकगीतों का इतिहास भी प्रवाहित होता आ रहा है। वास्तव में, हमारे लोकगीत लोक जीवन के समस्त तत्वों को उभारने वाले, सीधे-सादे तथा मानवीय हृदय की सबसे सच्ची भावनाओं को प्रकट करने वाले सजीव माध्यम हैं। इन लोकगीतों में भारतीय संस्कृति की आधारशिला लोक संस्कृति पूर्ण रूप से प्रतिबिंबित होती है। समाज की यथार्थ दशा का सजीव चित्रण करने के साथ-साथ इनका परम उद्देश्य अपनी पारंपरिक धरोहर और लोक संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करके उसे हमेशा के लिए संरक्षित रखना है। यदि किसी देश या समाज की सभ्यता और संस्कृति का वास्तविक व निष्पक्ष अध्ययन करना हो, तो वहाँ के लोकगीतों का अनुशीलन सबसे प्रामाणिक माध्यम माना जाता है, क्योंकि लोकगीत उस अंचल के लोगों के हृदय का सहज उद्गार होते हैं जिनमें भारत की आत्मा मुखर होकर बोलती है।

हमारा देश भौगोलिक रूप से ऋतुओं, पावन नदियों, घने वनों, विशाल पर्वतों तथा विभिन्न जातियों, भाषाओं और धर्मों की बहुरंगी छटा से समृद्ध है। प्रत्येक जन-समुदाय ने अपनी-अपनी स्थानीय भाषा में अपने अंतर्मन के भावों और जीवन के सभी व्यावहारिक क्षेत्रों को लोकगीतों में अभिव्यक्त किया है। इन समस्त विधाओं में 'भोजपुरी लोकगीतों' का स्थान सर्वोपरि माना जाता है। बिहार प्रदेश तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में बोली जाने वाली मुख्य भाषाओं में भोजपुरी सर्वाधिक प्रचलित है, जो न केवल भारत के एक विशाल भू-भाग में बल्कि देश की सीमाओं के बाहर (जैसे मॉरीशस, सूरीनाम, फिजी आदि) भी व्यापक रूप से बोली और समझी जाती है।

'भोजपुरी' शब्द के नामकरण के संदर्भ में विद्वानों में अनेक मत प्रचलित हैं, परंतु ऐतिहासिक और स्पष्ट रूप से इसका संबंध बिहार प्रांत के बक्सर जिले में स्थित 'भोजपुर' नामक ऐतिहासिक गाँव से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में 'नयका भोजपुर' तथा 'पुरनका भोजपुर' के नाम से दो गाँव आज भी अपने प्राचीन अस्तित्व के साथ मौजूद हैं। भाषाविदों और

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

समाजशास्त्रियों की यह सुदृढ़ मान्यता है कि भारतवर्ष ग्राम-गीतों की अमूल्य संपत्ति के मामले में संसार के अन्य सभी देशों की तुलना में सबसे अधिक धनी है। इस दृष्टि से भारत के अन्य प्रांतों की अपेक्षा भोजपुर प्रांत की उर्वरा भूमि और वहाँ का सांस्कृतिक लोकजीवन सबसे अधिक समृद्धशाली है, जिसके कारण इस भाषा में लोकगीतों का एक अनंत और अटूट भंडार संचित है।

भोजपुरी लोकगीतों की प्राचीनता, भाव-संपन्नता, अंतर्निहित देशज ज्ञान और इसकी असीम मधुरता सहसा ही किसी भी सहृदय पाठक या श्रोता का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर लेती है। विषयों की अगाध विविधता, भाव-सौंदर्य, रस-परिपक्वता तथा लोक समाज के अंतर्मन की पुकार इन गीतों की अपनी निजी और मौलिक विशेषता है। इन गीतों में लोक जीवन अपनी समस्त नैसर्गिक सुंदरता, जीवंतता और सामूहिक शक्ति के साथ मुखर हो उठता है। इन गीतों से जनमानस का सीधा संस्कारगत संबंध होता है, यही कारण है कि भोजपुरी अंचल में जन्म से लेकर मृत्यु तक के प्रत्येक उत्सव, सामाजिक पर्व, मांगलिक अनुष्ठान और तीज-त्योहार के अवसर पर समयानुकूल पारंपरिक गीत गाकर अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करना और मानसिक विनोद करना लोक की दिनचर्या का एक अनिवार्य और अभिन्न अंग बन चुका है।

**देशज ज्ञान : परिभाषा, स्रोत और लोक-परंपरा**

देशज ज्ञान (Indigenous Knowledge) से तात्पर्य उस पारंपरिक, स्थानीय, व्यावहारिक और संचित ज्ञान से है जिसे किसी विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र के मूल निवासियों ने सदियों के अपने अनवरत अनुभवों, व्यावहारिक प्रयोगों और प्रकृति के साथ सीधे सह-अस्तित्व के माध्यम से निर्मित किया है। यह ज्ञान किसी आधुनिक प्रयोगशाला, विश्वविद्यालय या बंद कमरों में कृत्रिम रूप से तैयार नहीं किया जाता, बल्कि यह खेतों की मिट्टी में, घने जंगलों में, बहती नदियों के किनारों पर, बदलती ऋतुओं के थपेड़ों में तथा समाज के बुजुर्गों के जीवन-अनुभवों के माध्यम से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में मौखिक रूप से हस्तांतरित होता आया है।

भोजपुरी अंचल के संदर्भ में देशज ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत यहाँ की कृषि व्यवस्था और प्रकृति पर पूर्ण निर्भरता रही है। एक खेतिहर किसान और ग्रामीण समाज प्रकृति के इन रहस्यों, बदलते मौसम की आहट, पेड़-पौधों की सूक्ष्म भाषा और पशु-पक्षियों की गतिविधियों को आधुनिक यंत्रों से भी पहले और अधिक सटीकता से समझ लेता है। बदलते मौसम की पहली खबर इन पेड़-पौधों और आकाश में उड़ते परिंदों के व्यवहार से उन्हें मिल जाती है। देशज ज्ञान का यह व्यावहारिक रूप खाद्य सुरक्षा, पारंपरिक जड़ी-बूटी आधारित चिकित्सा, कृषि चक्र के प्रबंधन और स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों के न्यायसंगत दोहन का मुख्य आधार रहा है।

लोक संस्कृति में देशज ज्ञान का हस्तांतरण लोकगीतों और लोक-कथाओं के माध्यम से अत्यंत सरल और ग्राह्य रूप में होता है। पहले के समय में जहाँ लोगों को सामाजिक और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए कथा-प्रणाली और अनौपचारिक बैठकों का उपयोग किया जाता था, वहीं कालांतर में यह स्थान मुख्य रूप से लोकगीतों ने ले लिया। भोजपुरी लोकगीत अंचल के लोगों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक ज्ञान को संगीत के मधुर माध्यम से जन-जन की जिह्वा पर स्थापित कर देते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों की सीख बिना किसी दबाव के सामाजिक आचरण का हिस्सा बन जाती है।

**भोजपुरी लोकगीतों के पीछे छिपे सामाजिक-आर्थिक तत्त्वों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण**

भोजपुरी लोकगीतों के महत्व और उनकी प्रासंगिकता को गहराई से समझने के लिए इन गीतों के पीछे छिपे सामाजिक-आर्थिक तत्वों को मात्र मनोरंजन न मानकर एक तार्किक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने की अत्यंत आवश्यकता है। ये गीत केवल तुकबंदी या राग-रागिनियों के समूह नहीं हैं, बल्कि इनके भीतर तत्कालीन समाज की आर्थिक संरचना, श्रम की महत्ता, वर्ग-संबंध और प्रकृति के प्रति उनकी वैज्ञानिक समझ का पूरा खाका सुरक्षित है।

इन लोकगीतों में जहाँ एक तरफ भीषण गर्मी के बाद आसमान में उमड़ने वाले जीवनदायी काले बादलों का आत्मीय स्वागत किया जाता है, वहीं दूसरी तरफ खेतों में लहलहाती फसल और चारों ओर बिखरी हरियाली को देखकर लोकमानस द्वारा अपनी परम खुशी व्यक्त की जाती है। आर्थिक दृष्टि से संपन्नता का सीधा संबंध कृषि की बेहतरी से जुड़ा होने के कारण, ये गीत पर्यावरण के अनुकूल वर्षा और मौसमी चक्र की कामना करते हैं। इसके साथ ही, ये गीत केवल बाह्य सौंदर्य तक सीमित नहीं रहते; इनमें सामाजिक जीवन की संकीर्ण रूढ़िवादिता, कुप्रथाओं और कुरीतियों पर करारा प्रहार भी किया गया है। पारिवारिक जीवन में व्याप्त आर्थिक विषमता,

सामाजिक भेदभाव और मानव जीवन की त्रासदियों का गहरा दु:ख भी इन गीतों में पूरी ईमानदारी के साथ प्रतिध्वनित होता है।

**पर्यावरण और भोजपुरी लोकगीत : पंचभूत तत्वों का संतुलन**

शाब्दिक अर्थ के आधार पर देखा जाए तो 'परि' और 'आवरण' के मेल से बने श्पर्यावरणश का तात्पर्य हमारे चारों ओर फैले उस प्राकृतिक घेरे से है जिसके भीतर हम सांस लेते हैं और अपना जीवन व्यतीत करते हैं। इसके अंतर्गत हमारे परिवेश में व्याप्त वायु, जल, धरती, आकाश, वनस्पति, जीव-जंतु और ध्वनि का पूरा प्राकृतिक वातावरण समाहित हो जाता है। प्रकृति में इन सभी तत्वों के बीच एक अत्यंत सूक्ष्म और अटूट संतुलन विद्यमान है, जो इस पृथ्वी पर समस्त प्राणियों के अस्तित्व का मूल आधार है।

हमारी सनातन और भारतीय संस्कृति के महान ग्रंथों के अनुसार मानव शरीर और इस संपूर्ण ब्रह्मांड का निर्माण पाँच मूलभूत तत्वों से हुआ है—

''क्षिति-जल-पावक-गगन-समीरा।
पंच रचित अति अधम शरीरा॥''

इन पंचभूत तत्वों के आपसी संतुलन से ही हमारा जीवन और प्रकृति सुचारू रूप से संचालित हो सकती है। एक सुखी और आनंदमय जीवन जीने के लिए शरीर और मन का स्वस्थ होना अनिवार्य है, और मानवीय स्वास्थ्य तभी उत्तम रह सकता है जब हमारे आस-पास का वातावरण, वायु और परिवेश पूरी तरह से स्वच्छ, प्रदूषण रहित और स्वास्थ्यप्रद हो। अत: एक स्वस्थ जीवन व्यतीत करने की पहली शर्त यह है कि हम पर्यावरण के साथ अपना संतुलन और आत्मीय सामंजस्य स्थापित करें।

**नीम वृक्ष का महत्व और देवी का वास :**

''निबिया की डार मईया मोरी झूलेली झुलुवआ हो कि झूलि-झूलि ना।
मईया मोरी गावेली गीतिया हो कि झूलि-झूलि ना॥''

**विभिन्न फलदार वृक्षों का संरक्षण :**

''नेबुला की गाछ वही निकली भवानी,
इमली की गाछ वही निकली भवानी।
हाय नेबुला फूलवो न लागे महारानी॥
अमवा की डाल वही निकली भवानी,
हाय अमवा बौरौ न लागे महारानी॥''

इसी प्रकार, घर के मुख्य द्वारों और मंदिर के प्रांगणों में पीपल जैसे विशाल और चौबीसों घंटे ऑक्सीजन देने वाले पूजनीय वृक्षों को लगाने और उनकी महत्ता गाने की अद्भुत परंपरा है :

''देवी के दुवरे हरियर पीपर, लाल धजा फहराये भाया।
मईया के दुआरे अन्हरा पुकारे, देहु नयन घरि जाये भाया॥''

**तुलसी पौधे का औषधीय और पर्यावरणीय महत्व :**

भारतीय समाज में तुलसी के पौधे का आध्यात्मिक और औषधीय महत्व सर्वविदित है। लोक मान्यता है कि घर के आंगन में तुलसी का पौधा लगाने से वहाँ का वातावरण पूरी तरह शुद्ध, रोगाणुमुक्त और प्रदूषण रहित रहता है। आज भी भोजपुरी क्षेत्र के लगभग हर घर के प्रांगण में तुलसी का चौरा अवश्य पाया जाता है। लोक आस्था के महापर्व 'छठ पूजा' के एक अत्यंत पवित्र गीत में तुलसी की महत्ता का वर्णन इस प्रकार मिलता है :

''नदिया के तीरे-तीरे तुलसी मांग बाती,
पुजेली गउरा देई जनम ऐहिवाती।
ए छठी माता, करब राउर सेवा ऐ छठी माता॥''

**जीव-जंतु, पशु-पक्षी और जैव-विविधता का संरक्षण :**

भोजपुरी लोक संस्कृति में पशु-पक्षियों और वन्य जीवों के प्रति गहरी आस्था और सह-अस्तित्व की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो यहाँ की उच्च्च पर्यावरणीय चेतना का अकाट्य प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संतुलन के लिए विभिन्न पशु-पक्षियों को किसी न किसी पूजनीय देवी-देवता का पवित्र वाहन (जैसे शिव का नंदी, सरस्वती का हंस, लक्ष्मी का उल्लू, गणेश का चूहा, दुर्गा का सिंह, विष्णु का गरुड़ और यमराज का भैंसा) मानकर उन्हें समाज में एक अभेद्य सुरक्षा और संरक्षण प्रदान किया गया है।

भोजपुरी समाज में गाय, भैंस और बैल जैसे 'पशु धन' को परिवार की वास्तविक सामाजिक और आर्थिक संपन्नता का प्रतीक माना जाता था, यहाँ तक कि बेटियों के विवाह में इन्हें प्रेमपूर्वक उपहार स्वरूप देने की गौरवशाली परंपरा रही है। विवाह के 'खिचड़ी' रस्म के गीतों में इसका सुंदर उदाहरण मिलता है :

''गईया में दिहलो भईसिया ऐ बेटी,
अवरू बरध धेनु गाय रे।
ऐतना दहेज हम बेटी के दिहली,
काहे तूहू रूसेल दमाद हो॥''

**हिंसक वन्य जीवों के प्रति मानवीय करुणा और संवाद :**

भोजपुरी के लोक-कवियों ने वनों में रहने वाले हिंसक जीवों जैसे बाघ और सांप आदि का मानवीकरण करके उनके प्रति एक अद्‌भुत आत्मीयता दिखाई है। संतान जन्म के एक अत्यंत मार्मिक 'सोहर गीत' में समाज द्वारा प्रताड़ित एक बांझ स्त्री और घने जंगल में रहने वाली एक 'बाघिन' के बीच का सुख-दु:ख साझा करने वाला संवाद वन्य जीवों के प्रति लोक की गहरी संवेदनशीलता को प्रकट करता है, जहाँ बाघिन उस दुखी स्त्री को सांत्वना देती है कि मैं तुम्हें नहीं खाऊँगी :

''घर में से निकले तिरियवा त बन बीच ठाढ़ भईली हो।
ललना बन में से निकले बधीनिया त सुख दु:ख पुछेले हो,
तिरिया कवन बिपत तोहे पड़ले, कवन दु:ख रोवेलु हो...
मत रोव एतिरिया मत रोव, हम नाही खाईब हो,
तिरिया जब हम तोहरा के खाईब, हमहू बांझिन होइब हो॥''

**पक्षी-प्रेम और प्रतीकात्मक संदेश :**

भोजपुरी लोकगीतों में तोता (सुग्गा), मैना, कौआ (काग), कोयल, कबूतर, बगुला, मोर, पपीहा और भँवरा आदि पक्षियों को मानव के सबसे निकट का साथी माना गया है। लोग पक्षियों की चहचहाहट और उनके बोलने के ढंग से मौसम और अतिथियों के आगमन का देशज अनुमान लगा लेते थे। देवी गीतों में सुग्गे से गंगा पार जाकर माता को बुला लाने का आत्मीय आग्रह मिलता है :

''उड़ि जा रे सुगन गंगा पार बोलाई लाओ देवीन को।
सोने की थाली में जेवना परोसो,
उड़ जा रे सुगन गंगा पार जेवाय लाओ देविन के॥''

**जल स्रोत (नदियाँ, तालाब, कुएँ) और भू-शुद्धिकरण का पारंपरिक ज्ञान :**

पंचभूत तत्वों में 'क्षिति' (धरती) और 'जल' का स्थान मानव सभ्यता के विकास में सबसे प्राथमिक रहा है। भोजपुरी लोक संस्कृति में भूमि की स्वच्छता और उसके शुद्धिकरण की एक अत्यंत प्राचीन और वैज्ञानिक देशज परंपरा रही है। अंचल में किसी भी मांगलिक उत्सव, त्योहार या पूजा-पाठ के अवसर पर जमीन को साफ करके गाय के गोबर और पीली मिट्टी से लीपने-पोतने तथा उस पर आटे व हल्दी से सुंदर 'चौक पूरने' का विधान है। लोकमानस की यह सुदृढ़ देशज मान्यता है कि गाय के गोबर से भूमि को लीपने से जमीन पर व्याप्त गंदगी का पूर्ण शुद्धिकरण हो जाता है और हानिकारक कीटाणु समूल नष्ट हो जाते हैं। विवाह और मांगलिक गीतों में इस परंपरा का चित्रण कदम-कदम पर मिलता है :

**(विवाह मंडप की भू-शुद्धिकरण रस्म) :**

''गाई के गोबर मंगाई, त अंगना लिपाई।
अरे माई गजमोती चउका पुराई, त पुजीला सुन्दर वर॥''

**(आंगन लीपने की रस्म) :**

''गाई के गोबर, पियर माटी अरे माई दहकि-दहकि
आंगन लीपि, सीता रे जोगे बर नाहीं...॥''

**सूर्य-चन्द्र उपासना और ब्रह्मांडीय तत्वों के साथ आत्मीय संबंध**

मानव जीवन और इस समस्त पृथ्वी पर ऊर्जा के प्रवाह के लिए सूर्य और चन्द्रमा की महत्ता पूरी तरह से निर्विवाद है। हमारी लोक संस्कृति में इन्हें केवल खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि साक्षात प्रत्यक्ष 'जीवनदायिनी शक्ति' के रूप में पूजा जाता है। प्रात:काल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर घर की गृहणियों द्वारा साफ-सफाई करना और स्नान के पश्चात सूर्य को ताँबे के पात्र से अर्घ्य देकर प्रणाम करना पर्यावरण के साथ अपने शरीर की जैविक घड़ी (Biological Clock) को संतुलित करने का अनूठा देशज नियम है।

एक अत्यंत प्रसिद्ध सोहर गीत में, जब एक ननद अपनी भाभी से उनके अत्यंत सुंदर, ओजस्वी और स्वस्थ पुत्र के जन्म का रहस्य पूछती है, तो भाभी उसे कोई कृत्रिम उपाय न बताकर कड़कड़ाती ठंड (माघ और पूस के महीने) में भोर के समय पवित्र गंगा नदी में स्नान करने और साक्षात सूर्य देव की उपासना व उनके चरणों में शीश झुकाने का वैज्ञानिक व प्राकृतिक कारण बताती है :

''ए भउजी कवन-जतन तुहु कइलु,
बलकवा बड़ी सुन्दर हो।
माघ ही पूस के महिनवा न,
गंगा नहइली अगिनी नाही तापीला हो।
ननदी निहुरी सुरज गोड़ लगली होरिलवा बड़ा सुन्दर हो॥''

**चंदा मामा के साथ पारिवारिक और दाम्पत्य रिश्ता :**

सूर्य के समान ही लोकमानस ने चन्द्रमा की महत्ता को सहर्ष स्वीकार करते हुए उसके साथ एक अत्यंत अटूट और आत्मीय संबंध स्थापित किया है। पूरी दुनिया में केवल भारतीय लोक संस्कृति ही ऐसी है जहाँ चन्द्रमा को 'चंदा मामा' कहकर पुकारा जाता है, जो सदियों से आज भी कायम है और हमेशा रहेगा। अपनी शीतल किरणों से संपूर्ण वसुधा को रससिक्त करने वाला चन्द्रमा बच्चों के लिए हमेशा एक प्रिय खिलौना

और रक्षक रहा है। आज भी हर माँ अपने नन्हे शिशु को सुलाते समय सदियों पुरानी पारंपरिक लोरी गाकर सुनाती है, जो देशज वात्सल्य का उत्कृष्ट उदाहरण है :

''ए चन्दा मामा आरे आव,
बारे आव, नदिया किनारे आव।
सोने के कटोइवा में दूध भात लेले आव,
बबुआ के मुँह में घूटूक॥''

**निष्कर्ष**

भोजपुरी लोकगीतों, देशज ज्ञान और पर्यावरण के इस विशद अनुशीलन से यह स्पष्ट निष्कर्ष निकलता है कि हमारी लोक संस्कृति कभी भी पिछड़ापन नहीं रही, बल्कि वह प्रकृति-केंद्रित (Eco-centric) जीवन शैली का सबसे उत्कृष्ट और व्यावहारिक विज्ञान रही है। लोकगीत केवल मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि वे समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के सबसे सशक्त और जन-सुलभ माध्यम रहे हैं। आज के वैश्विक संकट के दौर में जब आधुनिक विज्ञान के पास भी प्रदूषण और क्लाइमेट चेंज का कोई स्थाई समाधान नहीं दिख रहा है, तब हमारी पारंपरिक लोक संस्कृति की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है।

समय की सबसे महत्वपूर्ण मांग यह है कि हम अपनी गौरवशाली लोक संस्कृति और जड़ों से विमुख न हों, बल्कि अपनी समृद्ध विरासत से जुड़े रहकर स्वाभाविक रूप से अपने पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। हमें यंत्र युग की अंधी दौड़ को छोड़कर पुनः उस महान सनातन भावना को आत्मसार करने और नई पीढ़ी को समझाने की परम आवश्यकता है, जिसमें बिना किसी भेदभाव के इस संसार के समस्त जड़-चेतन प्राणियों के एक समान स्वस्थ, दीर्घायु, प्रदूषण मुक्त और परम सुखी होने की मंगलकामना की गई है :

''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुःख भाग भवेत्॥''

**शोधार्थी, हिंदी विभाग,**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

---

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. सीता रानी (स्व.) : व्यक्तिगत रूप से ग्राम-भरखर, पोस्ट-मोहनियां, जिला-भभुआ, बिहार द्वारा संग्रहित एवं संरक्षित पारंपरिक लोकगीतों के प्रामाणिक मौखिक पाठ।
2. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय : भोजपुरी लोकगीत (भाग-2), भोजपुरी लोक-साहित्य और गीतों के संरक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रामाणिक ग्रंथ।
3. डॉ. कृष्णदेव उपाध्याय : भोजपुरी लोक संस्कृति, भोजपुरी अंचल के रीति-रिवाजों, देशज ज्ञान और लोक जीवन पर आधारित विस्तृत शास्त्रीय अध्ययन।
4. डॉ. ज्योति सिन्हा : भोजपुरी लोकगीतों के विविध आयाम, लोकगीतों के विविध सामाजिक सरंचना का प्रमाणिक दस्तावेज।
5. प्रो. प्रकाश उदय, प्रो. गोरखनाथ : भोजपुरी लोकसाहित्य, भोजपुरी लोकसमाज के सुख-दुख, हास-रुदन, आशा-निराशा, राग-द्वेष के स्पंदनों को बड़ी सूक्ष्मता से वर्णन।
6. डॉ. सुरेन्द्र कुमार : भोजपुरी संस्कृति एवं लोक नाट्यों में सांगीतिक परम्परा, लोक कलाओं के माध्यम से संस्कृति का विश्वसनीय चित्रांकन।
7. श्री कृष्णदास : लोकगीतों की सामाजिक व्याख्या, लोक साहित्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक तत्वों का वैज्ञानिक व तार्किक विश्लेषण।
8. श्यामा कुमारी : भोजपुरी लोक गीतों में सांस्कृतिक तत्व, भोजपुरी गीतों में अंतर्निहित पंचभूत तत्वों, वनस्पति और लोक-परंपराओं का शोधपरक अध्ययन।
9. स्मारिका 'सेतू' : प्रथम विश्व भोजपुरी सम्मेलन, वैश्विक स्तर पर भोजपुरी भाषा, पर्यावरण चेतना और लोक संस्कृति की प्रासंगिकता पर केंद्रित शोध पत्र।
10. सत्यव्रत सिनहा : भोजपुरी लोकगाथा, भोजपुरी अंचल की प्राचीन लोकगाथाओं, पशु-पक्षी संवादों और मानवीकरण की विधाओं का विस्तृत संकलन।
11. पत्रिकायें : 'लोकवाणी' अतएव 'लोकवार्ता' पत्रिका, समय-समय पर प्रकाशित लोक-जीवन, देशज ज्ञान और पारंपरिक पर्यावरण संरक्षण पद्धतियों से संबंधित विशिष्ट अंक।


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898



श्रेया

# महाभोज उपन्यास में चित्रित सामाजिक यथार्थ


## शोध सार

साहित्य समाज का दर्पण होता है जो समाज की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाता है। लेखक समाज की राजनीतिक, आर्थिक और धार्मिक परिस्थितियों के अनुसार अपनी रचनाएँ करता है। इसमें दलितों पर होने वाले अत्याचार और उनके संघर्ष को दिखाया गया है। 'महाभोज' राजनीति के गिरते स्तर, मूल्यहीनता और स्वार्थपरता को उजागर करता है। दा साहब और सुकुल बाबू जैसे पात्रों के माध्यम से दिखाया गया है कि कैसे राजनेता सत्ता के लिए मानवीय मूल्यों को ताक पर रख देते हैं और जनता की भावनाओं का दुरुपयोग करते हैं। उपन्यास पुलिस और प्रशासनिक तंत्र के भ्रष्टाचार को दर्शाता है। पुलिस सुरक्षा देने के बजाय सत्ता के दबाव में काम करती है, जिससे आम आदमी का उस पर से भरोसा उठ गया है। समाज स्पष्ट रूप से दो वर्गों में विभाजित है। शोषक वर्ग (सत्ताधारी और शक्तिशाली) और शोषित वर्ग (दलित और गरीब)। बिसेसर जैसे पात्र जो शोषण के खिलाफ आवाज उठाते हैं, उन्हें दबा दिया जाता है। लेखिका ने समाज और मीडिया की संवेदनहीनता पर भी कटाक्ष किया है, जहाँ किसी की मृत्यु या अत्याचार की खबर केवल एक दिन की चर्चा का विषय बनकर रह जाती है।


## प्रस्तावना

साहित्य समाज का दर्पण होता है। इस दर्पण में समाज के सभी रूप देखने को मिल जाते हैं, भूत में क्या हुआ, वर्तमान में क्या चल रहा है, इसके साथ की कुछ साहित्यिक रचनाएँ भविष्य में क्या होने की संभावनाएं हैं यह भी दिखा देती हैं। लेखक किसी भी विधा में लिखे लेकिन वह समाज को आधार बनाकर ही लिखता है। वह समाज के सकारात्मक पक्ष के साथ साथ नकारात्मक पक्षों पर भी बात करता है। साहित्य और समाज का संबंध बताते हुए मैंनेजर पाण्डेय ने कहा है कि "जब साहित्य का संबंध निर्धारणवादी (कार्य-कारण संबंध) से किया जाता है, तब अंतर्वस्तु का विश्लेषण ही समाज और साहित्य के संबंध को समझने का सबसे अच्छा माध्यम बनता है।"[1] साहित्य को समझना है तो आप पहले अपने परिवेश को समझिए अपने समाज को जानिए तब पाठक साहित्य से जुड़ाव की अनुभूति करेगा क्योंकि उस साहित्य में वह खुद उपस्थित है या उसका समाज उपस्थित है। प्रो. निर्मला जैन के अनुसार, "साहित्य केवल सूचनाओं का खान नहीं हैं। साथ ही यह प्रश्न पैदा हो सकता है कि यह किसका प्रतिबिम्ब है। ऐसे में यह भी समस्या आ जाती है कि इस प्रतिबिम्ब को समझने के लिए उस परिवेश का होना अनिवार्य होगा।"[2] साहित्य समाज का दर्पण है यह एक बात है लेकिन उस परिवेश को कैसा होना चाहिए उसमें क्या नहीं होना चाहिए यह सब साहित्य के माध्यम से एक साहित्यकार समाज को देता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल लिखते हैं, "जबकि प्रत्येक देश का साहित्य वहाँ की जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिम्ब होता है, तब यह निश्चित है कि जनता की चित्तवृत्तियों के परिवर्तन के साथ-साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अन्त तक इन्हीं चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्यिक परम्पराओं के साथ उनका सामंजस्य दिखाना ही साहित्य का इतिहास कहलाता है। जनता की चित्तवृति बहुत कुछ राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा धार्मिक परिस्थितियों के अनुसार होती है।"[3] समाज का मन समय के

साथ और परिस्थितियों के आधार पर बदलता रहता है। जिनमें आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक कारण प्रमुख होते हैं। समाज की मन:स्थिति में जो बदलाव होता है वह बदलाव हमें साहित्य में देखने को भी मिलता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय समाज में परिवर्तन आए हम स्वाधीन हुए और लोगों को आशा थी। अब एक नए भारत का निर्माण हम सब मिलकर करेंगे लेकिन होता इसका उल्टा है। भारत में राजनीतिक भ्रष्टाचार और सामाजिक द्वेष बढ़ता चला जाता है। भ्रष्ट नेता अपने राजनीतक स्वार्थ के लिए मानवीय मूल्यों को ताक पर रख कर अपनी प्रगति में लगे रहते हैं और देश की जनता का हाल बुरा हो जाता है। इन्हीं सब परिस्थितियों को देखकर उस के साहित्यकारों ने इन सभी समस्याओं को साहित्य के माध्यम से उजागर करने का प्रयास किया। जिनमे श्रीलाल शुक्ल, मन्नू भंडारी, राही मासूम रजा, हरिशंकर परसाई इत्यादि शामिल थे।

**महाभोज उपन्यास में चित्रित सामाजिक यथार्थ**

'महाभोज' उपन्यास में सामाजिक स्थिति के विभिन्न पहलुओं को चित्रित किया गया है। 1970 के दशक में पहली बार दलित वर्ग में सवर्णों के विरुद्ध प्रत्यक्ष रूप से संघर्ष चेतना का विस्तार देखने को मिलता है। उस समय आम जनमानस 1977 के 'बेलछी कांड' को भूला नहीं था जिसमें दलित जाति के लोगों की निर्मम रूप से हत्या कर दी गई थी। इस घटना को आधार बनाकर नागार्जुन ने हरिजन गाथा कविता की रचना की थी। 'महाभोज' की शुरुआत में ही इस घटना की तरफ लेखक ने इंगित किया है। "महीने भर पहले की तो बात है, गाँव की सरहद से जरा परे हट कर जो हरिजन टोला है वहाँ कुछ झोपड़ियों में आग लगा दी गई थी, आदमियों सहित। दूसरे दिन लोगों ने देखा तो झोंपड़ियाँ राख में बदल चुकी थीं और आदमी कबाब में"[4] महाभोज में हरिजन टोले की झोंपड़ियों में आग लगाकर दलित लोगों को जिंदा जला देना सामाजिक द्वेष को दर्शाता है। हमारे समाज में सवर्ण, दलित, पिछड़े और भी न जाने कितने वर्गों में बंटे लोग जो यह समझ ही नहीं पाते की हमारे अलावा भी किसी और का कोई अस्तित्व है। सब में वर्चस्व और शक्तिशाली होने का अभिमान बसता है।

यही शक्ति और अभिमान उन्हें दूसरे व्यक्ति को नीचा समझने और उसका शोषण करने का भाव जागृत करता है। पुलिस का काम सुरक्षा प्रदान करना है लेकिन वह भी इस भ्रष्ट व्यवस्था का हिस्सा बनकर पीड़ित लोगों को न्याय नहीं दिलवा पाती। 'महाभोज' में मन्नू भंडारी लिखती हैं, "लोग दौड़े-दौड़े थाने पहुंचे, पर थानेदार साहब उस दिन छुट्टी पर थे; और जो दो लोग वहाँ ड्यूटी पर थे उन्होंने यह कहकर बात टाल दी कि थानेदार साहब के आने पर ही मौके पर आएँगे और तहकीकात होगी।"[5] जिस प्रकार उपन्यास में पुलिस ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा वही स्थिति समाज में हमें देखने को भी मिल जायेगी जब भी कोई बड़ी घटना होती है तो पुलिस के बड़े अधिकारी छुट्टी पर ही रहते हैं। उनका कर्तव्य है लोगों के झगड़े सुलझाना और शांति बहाल करना लेकिन पुलिस से समाज के आम लोग डरते हैं वह क्या शान्ति बहाल करवायेंगे, वह क्या झगड़े सुलझाएँगे जो खुद भ्रष्ट हैं। इसलिए समाज का पुलिस से भरोसा उठ गया है। समाज में पुलिस का डर बन गया है कहीं पुलिस आए तो वह अपराधी के साथ-साथ पीड़ित को भी परेशान करेगी और अगर अपराधी शक्तिशाली है तो साँठ-गाँठ करके पीड़ित को ही अपराधी घोषित न कर दे। इस डर से समाज में पुलिस जैसी संस्था पर भरोसा नहीं रहा है। महाभोज उपन्यास में पुलिस की स्थिति कुछ इसी प्रकार की दिखाई गई है।

मन्नू भण्डारी ने 'महाभोज' उपन्यास में समाज में व्याप्त घिनौनी राजनीति करने वाले और समाज के सौहार्द बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को दिखाया है, जो गाँधी व नेहरू को आदर्श बनाकर अपने घिनौने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। इस उपन्यास में घिनौनी राजनीति के कारण आम जनमानस बलि का बकरा बन रही है। इस तरह की राजनीति समाज में अराजकता, अत्याचार, पाखंडों तथा भ्रष्टाचार की स्थिति उत्पन्न करती है। उपन्यास को लिखते समय मन्नू भंडारी ने समाज में व्याप्त राजनीतिक उठा पटक, भ्रष्टाचार, और लोगों की स्थिति का अनुभव अवश्य किया होगा। उपन्यास की भूमिका में वह लिखती हैं, "अपने व्यक्तिगत दुख-दर्द, अन्तर्द्वंद्व या आन्तरिक नाटक को देखना बहुत महत्वपूर्ण सुखद और आश्वस्तिदायक तो मुझे भी लगता है, मगर जब घर में आग लगी हो तो सिर्फ अपने अंतर्जगत में बने रहना या उसी का प्रकाशन करना क्या खुद ही अप्रासंगिक, हास्यास्पद और किसी हद तक अश्लील नहीं लगने लगता? सम्भवत: इस उपन्यास की रचना के पीछे यही प्रश्न रहा हो।"[6] महाभोज उपन्यास में एक पात्र है दा साहब जिनका चरित्र वर्तमान में उन लोगों से मेल खाता है जो महिमामण्डित हैं और खुद को राजनेता समझे बैठे हैं। जो अपनी संस्कृति गर्व का अनुभव करते हैं। लेकिन वह अपना

पूरा ध्यान सत्ता पर पकड़ बनाने में लगाएं रखते हैं। वहीं दूसरी तरफ एक पात्र है सुकुल बाबू जो परिस्थिति तथा अवसर के अनुकूल खुद को बदलने में माहिर है जो किराए के लोगों की भीड़ इकट्ठा करना जानता है। सुकुल बाबू को अपनी चिकनी चुपड़ी बातों से किसी को अपने पक्ष में करना आता है। 'महाभोज' का एक संवाद देखिए ''सुकुल बाबू ने आवाज और अदा बदलकर बड़ी नाटकीय मुद्रा में कहा-आप लोग मुझसे नाराज हुए हक था आपका, पर बदले में मैं भी नाराजगी दिखाता तो गुनाह होता मेरा।''[7] सुकुल बाबू जैसे राजनेता आपको समाज में देखने को मिल ही जाएँगे जो अपने पद की लोलुपता में इतने डूब गए हैं कि उसको पाने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। डॉ. जगन्नाथ राय के अनुसार, ''महाभोज आज के राजनैतिक जीवन में आई हुई मूल्यहीनता, तिकड़मबाजी, शैतानियत और सड़ांध का चित्रण करने वाला पहला साहसपूर्ण उपन्यास है। आज भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है गरीबों के लिए झूठे आँसू बहाने में निपुण मगरमच्छनुमा नेताओं द्वारा लगाये गये खोखले नारों के पीछे कुत्सित षड्यन्त्रों और दमघोटू स्थितियों की निर्भीक चीर-फाड़ इसमें हुई है।''[8]

देश के विकास के लिए हम एक सरकार चुनते हैं। इस आशा से कि वह सरकार राष्ट्र व उसमें निवास कर रही जनता को सुरक्षित रखेगी उसके विकास के लिए कार्य करेगी। लेकिन जब वही सरकार भ्रष्ट हो जाए और सरकार में बैठे लोग अपने मूल्यों से डिग जाएँ तो उस समाज के लोगों की क्या स्थिति होती है यही महाभोज के आम जन के लोगों की स्थिति हो गई है। उपन्यास की शुरुआत जैसे होती उसकी कुछ पंक्तियां ''लावारिस लाश को गिद्ध नोच-नोचकर खा जाते हैं। पर बिसेसर लावारिस नहीं। उसकी लाश सड़क के किनारे पुलिस को पड़ी मिली, शायद इसीलिए लावारिस लाश का ख्याल आ गया वरना उसके तो माँ भी है, बाप भी। गरीब भले ही हों पर हैं तो।''[9] बिसेसर वही पात्र है जो शोषण के खिलाफ आवाज उठाता है और अपने अधिकारों के लिए लड़ता है। यहाँ बिसेसर ने उन लोगों को चुनौती देने का कार्य किया जो सदियों से कमजोर लोगों का शोषण करते हैं और मारे जाते हैं। बिसेसर के साथ जो हुआ वह कोई नई घटना नहीं थी। थोड़ा पीछे जाकर देखें तो समाज शुरुआत से ही दो वर्गों में विभाजित था। एक वह वर्ग जो शोषण करता था, दूसरा वह जो शोषण झेल रहा था। यहाँ देखा जाए तो शोषक वर्ग के लोगों के पास संसाधनों पर एकाधिकार प्राप्त था इसलिए वह कमजोर और शक्तिहीन लोगों का मनमाने ढंग से शोषण करते थे।

'महाभोज' की रचना के समय मन्नू भंडारी के जहन में यह बात रही होगी और इस दृष्टि से समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान हेतु वे सजग नजर आती हैं। अपनी सटीक तथा पैनी व्यंग्यात्मक शैली द्वारा मन्नू जी बिसेसर की मृत्यु पर अखबार में छपने वाली खबर पढ़ने वाले पाठकों पर व्यंग्य करते हुए लिखती हैं। ''किसी ने खुमारी में अंगड़ाई लेते हुए तो किसी ने चाय की चुस्की के साथ पढ़ा व देखा, देखते ही चेहरे पर विषाद की गहरी छाया पुत गई, चाय का घूँट भी कडुवा हो गया।''[10] लेखिका ने समाज पर बहुत ही सटीक व्यंग्य किया है। ऐसा लगता है कि वह खुद तीक्ष्ण दृष्टि से समाज को देख रही हैं। समाज जिसमें मानवीय मूल्य मर चुके हैं। इसी की आगे की पंक्तियां देखिए ''ढेर सारी सहानुभूति और दुख में लिपटकर निकला 'ओह, हॉरिबल... सिंपली इनह्यूमेन ! कब तक यह सब चलता रहेगा? त् त् त्!' और पन्ना पलट गया। थोड़ी देर के बाद गांव वालों की जिन्दगियों की तरह ही अखबार भी रद्दी के ढेर में जा पड़ा।''[11] शहरी लोग जो एक तरह से खुद भी शोषक वर्ग में शामिल हैं, उन्हें इस तरह की खबरों पर बस खेद प्रकट करना होता उनके लिए कुछ करने की वो सोचते भी नहीं हैं। रद्दी जैसे लोगों के बारे में सोचने को इस समाज के पास समय ही नहीं है। उपन्यास में दा साहब एक जगह कहते हैं, ''दुहाई सब गरीबों को देते हैं पर उनके हित की बात कोई नहीं सोचता, जनता को बाँटकर रखो. कभी जात की दीवार खींचकर तो कभी वर्ग की दीवारें खींचकर। जनता का बँटा बिखरापन ही तो स्वार्थी राजनेताओं की शक्ति का स्रोत है।''[12] दा साहब के कथन से आपको राजनीति का एक और सच पता चलता और इससे भी हम अवगत हो पाते हैं कि आम जनता नेताओं की कठपुतली बन कर रह जाती है।

**निष्कर्ष**

सामाजिक चेतना समाज को अपने आस-पास की समस्याओं, अन्याय और असमानताओं को समझने के लिए जागरूक बनाता है, उन्हें उसके समाधान के लिए प्रेरित करता है। यह केवल समस्याओं को पहचानने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज को बेहतर बनाने के लिए सही तथा सक्रिय कदम उठाने की भावना को उजागर करता है। महाभोज भी एक ऐसा ही उपन्यास है जो सामाजिक चेतना को जगाने का काम करता है, पाठकों को अपने आसपास की समस्याओं पर

सोचने-समझने के लिए जागरूक करता है। मुन्नू भंडारी ने न केवल इस उपन्यास में सामाजिक और राजनीतिक समस्याओं को उजागर किया है, बल्कि यह भी बताया है कि समाज को किस तरह अपनी चुप्पी या खामोशी को तोड़कर और एकसाथ मिलकर बदलाव लाना चाहिए। सामाजिक चेतना सिर्फ एक विचार नहीं है यह समाज को बदलने की पहली शर्त है। 'महाभोज' उपन्यास यथार्थ बोध का एक सशक्त उदाहरण हमारे सामने प्रस्तुत करता है। इस उपन्यास में समाज की उन परतों को उजागर किया गया है, जिसे अक्सर हम नजरअंदाज कर देते है या कहें की जो हमें नंगी आंखों से नहीं दिखीं। इसमें सत्ता, समाज और व्यवस्था का गहराई से विश्लेषण करते हुए यथार्थ की कटुता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। महाभोज में ग्रामीण समाज का यथार्थ तथा उसके जीवन की वास्तविक स्थिति को चित्रित किया गया है। गांव की अशिक्षा, गरीबी तथा ग्रामीण समाज में व्याप्त असमानता से मन्नू भंडारी ने पाठकों को अवगत करवाया है। दलित और गरीब वर्ग समाज में सबसे अधिक शोषित हैं तथा उनकी समस्याओं की ओर शासन और प्रशासन गंभीर नहीं होता। एक सामान्य घटना को राजनीतिक दल अपने हितों के लिए मुद्दा बना लेते हैं। चुनाव जीतने और सत्ता पाने के लिए नेताओं द्वारा जनता की भावनाओं का दुरुपयोग किया जाता है। प्रशासनिक तंत्र की विफलता पुलिस और प्रशासन निष्पक्ष होकर काम करने के बजाय सत्ता और नेताओं के दबाव में काम करते दिखाई देते हैं। न्याय की प्रक्रिया कमजोर पड़ जाती है और सच्चाई सामने नहीं आ पाती। उपन्यास यह भी दिखाता है कि जनमत और मीडिया किस प्रकार राजनीतिक प्रभाव में आ सकते हैं। कभी-कभी सच्चाई के बजाय प्रचार अधिक महत्वपूर्ण बन जाता है। उपन्यास का सबसे मार्मिक पक्ष आम आदमी की असहाय स्थिति है। गरीब और दलित वर्ग न्याय की उम्मीद करता है, लेकिन अंततः वह राजनीतिक षड्यंत्रों और सत्ता संघर्ष के बीच दब जाता है।

**शोधार्थी, हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल -shreya.singh.du1296@gmail.com**

**सन्दर्भ सूची**

1. पांडे, मैनेजर, साहित्य के समाजशास्त्र की भूमिका, हरियाणा साहित्य अकादमी, प्र.स. 1989, पृष्ठ 13
2. जैन निर्मला, साहित्य का समाजशास्त्रीय अध्ययन, हिंदी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दि. वि. वि., पृष्ठ 5
3. शुक्ल, रामचन्द्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, लोकभारती प्रकाशन, पृष्ठ 2
4. भंडारी मन्नू, महाभोज, राधाकृष्ण पेपरबैक्स, दसवाँ संस्करण, 2020, पृष्ठ 7
5. वही, पृष्ठ 8
6. वही, पृष्ठ, भूमिका
7. वही, पृष्ठ 8
8. चौधरी, जगन्नाथ राय, महाभोज सृजन और समीक्षा, पृष्ठ 5
9. वही, पृष्ठ 7
10. वही, पृष्ठ 8
11. वही, पृष्ठ 8
12. वही, पृष्ठ 110

# वैश्वीकरण के दौर में भाषा और पहचान : 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म के सन्दर्भ में



निवेदिता


## शोध सार

आज के वैश्वीकृत समाज में भाषा केवल विचारों के आदान-प्रदान का साधन नहीं है, बल्कि व्यक्ति की सामाजिक पहचान, आत्मविश्वास और सम्मान से भी गहराई से जुड़ी हुई है। प्रस्तुत शोध में 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया गया है कि भाषा किस प्रकार व्यक्ति की पहचान को प्रभावित करती है और वैश्वीकरण के प्रभाव में अंग्रेजी भाषा का महत्व किस तरह बढ़ा है। फिल्म की मुख्य पात्र शशि एक साधारण भारतीय गृहिणी है, जो अपने परिवार और समाज में अंग्रेजी न जानने के कारण उपेक्षा और असहजता का अनुभव करती है। उसके जीवन के अनुभव यह दर्शाते हैं कि आज के समय में अंग्रेजी को अक्सर योग्यता, आधुनिकता और सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जाता है। शोध में शशि की आत्मनिर्भरता की यात्रा का विश्लेषण किया गया है, जिसके माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि भाषा का संबंध केवल संचार से नहीं, बल्कि व्यक्ति के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास से भी है।

यह अध्ययन इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि वैश्वीकरण के कारण भाषाओं के बीच एक प्रकार का शक्ति-संबंध विकसित हुआ है, जहाँ अंग्रेजी को विशेष महत्व प्राप्त है। इसके बावजूद फिल्म यह संदेश देती है कि किसी व्यक्ति की क्षमता और पहचान का मूल्यांकन केवल उसकी अंग्रेजी दक्षता के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। प्रत्येक भाषा अपने साथ एक सांस्कृतिक विरासत और मानवीय अनुभव लेकर चलती है, इसलिए सभी भाषाओं का समान सम्मान आवश्यक है।



**बीज शब्द**

वैश्वीकरण, भाषा, पहचान, आत्मसम्मान, सांस्कृतिक अस्मिता, अंग्रेजी भाषा, इंग्लिश विंग्लिश।


## मूल आलेख

वैश्वीकरण की प्रक्रिया ने भाषा के स्वरूप और उसकी सामाजिक भूमिका में व्यापक परिवर्तन उत्पन्न किए हैं। एंथनी गिडेन्स के अनुसार, "वैश्वीकरण विश्वव्यापी सामाजिक संबंधों के विस्तार और सघनीकरण की वह प्रक्रिया है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न देशों और समाजों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक स्तर पर परस्पर निर्भरता बढ़ती है। इस प्रक्रिया में स्थानीय जीवन भी वैश्विक घटनाओं और प्रवृत्तियों से प्रभावित होने लगता है।"[1] वर्तमान समय में अंग्रेजी केवल एक संप्रेषण की भाषा नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा, आधुनिकता और अवसरों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पूंजी के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसी संदर्भ में 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म भाषा और पहचान के अंतर्संबंधों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। फिल्म की नायिका शशि एक कुशल, संवेदनशील और आत्मनिर्भर गृहिणी है, किंतु अंग्रेजी भाषा में दक्षता के अभाव के कारण वह अपने परिवार और सामाजिक परिवेश में अपेक्षित सम्मान प्राप्त नहीं कर पाती। यह स्थिति दर्शाती है कि वैश्वीकरण के प्रभाव में भाषा व्यक्ति की योग्यता से अधिक उसकी सामाजिक स्वीकृति और पहचान का आधार बनती जा रही है। फिल्म में शशि का अंग्रेजी सीखने का प्रयास केवल भाषाई ज्ञान अर्जित करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और स्व-पहचान की पुनर्स्थापना का प्रतीक है। उसके अनुभव यह संकेत करते हैं कि भाषा व्यक्ति के आत्मबोध को प्रभावित

अवश्य करती है, किंतु उसकी संपूर्ण पहचान को परिभाषित नहीं करती। फिल्म इस तथ्य को रेखांकित करती है कि किसी व्यक्ति का मूल्यांकन उसकी भाषाई क्षमता के बजाय उसके व्यक्तित्व, कौशल और मानवीय गुणों के आधार पर किया जाना चाहिए। इस प्रकार इंग्लिश विंग्लिश वैश्वीकरण, भाषा और पहचान के संबंधों पर गंभीर विमर्श प्रस्तुत करती है तथा यह प्रश्न उठाती है कि क्या किसी भाषा विशेष का ज्ञान ही व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा का एकमात्र मानदंड होना चाहिए।

**सिनेमा की यात्रा**

"हिन्दी सिनेमा को केवल मनोरंजन उद्योग के रूप में नहीं देखा जा सकताय यह भारतीय समाज, संस्कृति, भाषा और पहचान के विकास का एक महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक दस्तावेज है।"[2] सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समय-समय पर समाज की संवेदनाओं, संघर्षों, मूल्यों और बदलती हुई जीवन-दृष्टि को अभिव्यक्त करने वाला सशक्त सांस्कृतिक उपकरण भी रहा है। भारतीय सिनेमा की शुरुआत 1913 में दादासाहेब फाल्के द्वारा निर्मित राजा हरिश्चंद्र से मानी जाती है। यह वह समय था जब चलचित्रों ने भारतीय जनमानस के समक्ष अभिव्यक्ति की एक नई दुनिया प्रस्तुत की। इसके पश्चात 1931 में आलम आरा के प्रदर्शन ने भारतीय सिनेमा को ध्वनि और संवाद का नया आयाम प्रदान किया। बोलती फिल्मों के आगमन के साथ भाषा, गीत-संगीत और संवाद सिनेमा के अभिन्न अंग बन गए तथा फिल्मों का प्रभाव समाज के व्यापक वर्ग तक पहुँचने लगा।

स्वतंत्रता आंदोलन और उसके बाद के दशकों में हिन्दी सिनेमा ने भारतीय समाज की जटिल वास्तविकताओं को गहराई से चित्रित किया। ग्रामीण जीवन, सामाजिक असमानता, राष्ट्रीय चेतना, स्त्री-अनुभव और मानवीय संबंधों जैसे विषय फिल्मों के केंद्र में रहे। विशेष रूप से 1950 और 1960 के दशक में निर्मित दो बीघा जमीन, मदर इंडिया, प्यासा और बंदिनी जैसी फिल्मों ने समाज के यथार्थ को संवेदनशीलता और कलात्मकता के साथ प्रस्तुत किया। इस दौर में सिनेमा सामाजिक विमर्श और जनचेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा।

उदारीकरण और वैश्वीकरण के पश्चात हिन्दी सिनेमा की विषयवस्तु, भाषा और सांस्कृतिक दृष्टि में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देने लगे। वैश्विक संस्कृति, उपभोक्तावाद और अंग्रेजी भाषा का बढ़ता प्रभाव फिल्मों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होने लगा। परिणामस्वरूप भाषा और पहचान से जुड़े प्रश्न अधिक महत्वपूर्ण हो गए। समकालीन हिन्दी सिनेमा में व्यक्ति की सांस्कृतिक अस्मिता, भाषायी आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकृति के प्रश्न नए रूपों में सामने आते हैं। इंग्लिश विंग्लिश जैसी फिल्में इसी संदर्भ में विशेष महत्व रखती हैं, क्योंकि वे यह रेखांकित करती हैं कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्ति के आत्मसम्मान, सामाजिक स्थिति और पहचान के निर्माण का भी महत्वपूर्ण आधार है। इस प्रकार हिन्दी सिनेमा का इतिहास समाज, भाषा और पहचान के बदलते संबंधों को समझने का एक महत्वपूर्ण स्रोत प्रदान करता है।

**इंग्लिश विंग्लिश में भाषा, आत्मसम्मान और पहचान का पुनर्निर्माण**

5 अक्टूबर 2012 को गौरी शिंदे द्वारा निर्देशित फिल्म 'इंग्लिश विंग्लिश' एक साधारण भारतीय गृहिणी के जीवन-संघर्ष, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति की संवेदनशील कथा प्रस्तुत करती है। फिल्म का आरंभ शशि के लड्डू बनाने के कार्य से होता है, जो यह संकेत देता है कि वह एक कुशल, परिश्रमी और आत्मनिर्भर महिला है, जिसने अपने घरेलू कौशल को एक छोटे व्यवसाय का रूप दिया है। इसके बावजूद परिवार और समाज उसकी इस क्षमता को वह सम्मान नहीं देते जिसके वह योग्य है। फिल्म में अंग्रेजी भाषा को सामाजिक प्रतिष्ठा, आधुनिकता और बौद्धिक श्रेष्ठता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। शशि का अंग्रेजी न बोल पाना उसके परिवार के लिए उपहास का कारण बन जाता है। प्रारंभिक दृश्यों में भोजन-तालिका पर परिवार के साथ बातचीत करते समय जब वह "जैज डांस" के स्थान पर "झास डांस"[3] उच्चारित करती है, तो उसकी बेटी और पति उसका मजाक उड़ाते हैं। यह प्रसंग केवल भाषायी त्रुटि का चित्रण नहीं है, बल्कि उस मानसिकता को उजागर करता है जिसमें किसी व्यक्ति के मूल्यांकन का आधार उसकी भाषा-क्षमता को बना दिया जाता है। परिवार के भीतर निरंतर होने वाला यह उपहास शशि के आत्मविश्वास को आहत करता है और उसे हीनभावना की ओर धकेलता है। हालांकि इस उपेक्षा और अवमानना के वातावरण में उसका छोटा बेटा तथा सास उसके प्रति संवेदनशील और सहयोगी दृष्टिकोण रखते हैं। उनके व्यवहार में शशि के व्यक्तित्व और श्रम के प्रति सम्मान दिखाई देता है। इस प्रकार फिल्म का प्रारंभिक भाग भाषा, सामाजिक प्रतिष्ठा और पारिवारिक संबंधों के बीच मौजूद जटिल अंतर्संबंधों को रेखांकित


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

करते हुए यह प्रश्न उठाता है कि क्या किसी व्यक्ति की योग्यता और सम्मान का निर्धारण केवल उसकी अंग्रेजी दक्षता के आधार पर किया जा सकता है।

फिल्म में भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि पारिवारिक संबंधों, आत्मसम्मान और पीढ़ियों के बीच संवाद को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण सामाजिक कारक बन जाती है। शशि और उसकी बेटी सपना के संबंधों में उभरता हुआ संवाद-अंतराल इसका प्रमुख उदाहरण है। यह दूरी किसी भावनात्मक अभाव के कारण नहीं, बल्कि अंग्रेजी भाषा को सामाजिक प्रतिष्ठा और बौद्धिक श्रेष्ठता के मानक के रूप में स्वीकार कर लेने की मानसिकता के कारण उत्पन्न होती है। सपना अपनी माँ को इसलिए कमतर समझने लगती है क्योंकि वह अंग्रेजी में दक्ष नहीं है। एक प्रसंग में जब सपना अपनी माँ से झूठ बोलकर मित्रों के साथ बाहर जाती है और लौटने पर शशि उससे सामान्य ढंग से प्रश्न करती है, तब सपना व्यंग्यपूर्ण स्वर में कहती है—''आप पढ़ाएँगी इंग्लिश लिटरेचर?''[4] यह कथन केवल एक तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि उस दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करता है जिसमें ज्ञान, शिक्षा और बुद्धिमत्ता को केवल अंग्रेजी भाषा के साथ जोड़कर देखा जाता है। यहाँ 'इंग्लिश लिटरेचर' शाब्दिक अर्थ से अधिक एक व्यंग्यात्मक प्रतीक के रूप में उपस्थित है, जो शशि की भाषायी सीमाओं का उपहास करता है।

फिल्म में यह संवादहीनता केवल माँ-बेटी तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पति-पत्नी के संबंधों में भी दिखाई देती है। शशि का पति एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत है, जहाँ अंग्रेजी कार्य-संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा है। धीरे-धीरे यह भाषायी अंतर उनके वैवाहिक संबंधों में भी दूरी उत्पन्न कर देता है। कई अवसरों पर शशि स्वयं कटाक्षपूर्ण स्वर में कहती है कि ''मुझसे क्यों करेंगे आप बात, मुझे कौन सा अंग्रेजी आती है।''[5] ये छोटी-छोटी टिप्पणियाँ देखने में साधारण प्रतीत होती हैं, किंतु इन्हीं के माध्यम से संबंधों में उपेक्षा, असमानता और भावनात्मक दूरी का भाव विकसित होता है। भाषा यहाँ शक्ति-संबंधों का रूप ग्रहण कर लेती है, जहाँ अंग्रेजी जानने वाला व्यक्ति अनजाने में श्रेष्ठ और न जानने वाला व्यक्ति हीन समझा जाने लगता है।

विद्यालय में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM) का प्रसंग इस मानसिकता को और अधिक स्पष्ट करता है। सपना अपनी माँ को अपने साथ ले जाने में संकोच अनुभव करती है, क्योंकि उसे भय है कि उसकी माँ की अंग्रेजी न जानने की स्थिति उसके लिए शर्मिंदगी का कारण बन सकती है। विद्यालय पहुँचने पर जब शशि अंग्रेजी साहित्य के शिक्षक से हिंदी में बातचीत करने का आग्रह करती है, तब शिक्षक सहजता से हिंदी को अपनाते हुए कहते हैं कि हिंदी हमारी भाषा है और उसमें संवाद करने में कोई समस्या नहीं है। विडंबना यह है कि जिस स्थिति को शिक्षक सामान्य रूप से स्वीकार करते हैं, वही सपना के लिए असहजता का कारण बन जाती है। उसे लगता है कि उसकी माँ ने अपनी अंग्रेजी न आने की बात कहकर शिक्षक को असुविधाजनक स्थिति में डाल दिया है। यह प्रसंग दर्शाता है कि नई पीढ़ी का एक वर्ग अंग्रेजी को केवल भाषा नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मछवि के साधन के रूप में देखने लगा है। इन घटनाओं के माध्यम से शशि के भीतर यह अनुभूति गहराती जाती है कि आज के समय में बच्चे अपने माता-पिता की पहचान और मूल्यांकन भी सामाजिक मानकों के आधार पर करने लगे हैं। घर लौटने पर उसकी सास का यह कहना कि एक उम्र के बाद बच्चे अपने माता-पिता को कम समझने लगते हैं, इस अनुभव को और अधिक अर्थपूर्ण बना देता है। किंतु शशि का उत्तर कि ''बच्चे माता-पिता को नहीं, बल्कि विशेष रूप से माँ को कमतर समझते हैं''[6] फिल्म के केंद्रीय भाव को उद्घाटित करता है। यह कथन उस सामाजिक वास्तविकता की ओर संकेत करता है जहाँ गृहिणी का श्रम, त्याग और अनुभव अक्सर अदृश्य बना दिया जाता है, जबकि उसकी भाषायी या शैक्षिक सीमाओं को उसकी सम्पूर्ण पहचान का आधार बना दिया जाता है।

शशि और उसके पति सतीश के बीच का संबंध बाहरी दृष्टि से सामान्य और स्थिर प्रतीत होता है, किंतु संवादों और दैनिक व्यवहार के स्तर पर उसमें भावनात्मक दूरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। एक महत्वपूर्ण दृश्य में सतीश अपने एक सहकर्मी का आत्मीयतापूर्वक आलिंगन करता है। इस पर शशि सहज जिज्ञासा के साथ कहती है कि वह अपने सहकर्मी को बहुत निकटता से गले लगा रहा है, क्या उनके बीच कोई विशेष संबंध है। इसके उत्तर में सतीश कहता है ''It was just a hug, Shashi· यह केवल अभिवादन करने का एक तरीका है, इससे कोई विशेष या करीबी रिश्ता नहीं बन जाता।''[7] यह संवाद केवल सांस्कृतिक भिन्नताओं को व्यक्त नहीं करता, बल्कि पति-पत्नी के बीच मौजूद भावनात्मक दूरी को भी

उजागर करता है। सतीश के उत्तर पर शशि का यह कहना कि "हम लोग तो कभी हग नहीं करते, मतलब हमारा रिश्ता करीबी नहीं है क्या?"[8] एक साधारण प्रश्न नहीं, बल्कि उसके भीतर वर्षों से संचित उपेक्षा और भावनात्मक रिक्तता की अभिव्यक्ति है। इस कथन में व्यंग्य भी है, पीड़ा भी, और अपने संबंध की वास्तविक स्थिति को समझने की एक मौन कोशिश भी। शशि का यह प्रश्न दर्शाता है कि वह अपने वैवाहिक जीवन में केवल आर्थिक सुरक्षा या सामाजिक मान्यता नहीं, बल्कि आत्मीयता, सम्मान और भावनात्मक साझेदारी की भी अपेक्षा रखती है। यह दृश्य इस तथ्य को भी रेखांकित करता है कि किसी संबंध की वास्तविक निकटता केवल साथ रहने से नहीं बनती, बल्कि पारस्परिक संवाद, सम्मान और भावनात्मक अभिव्यक्ति से निर्मित होती है। शशि का प्रश्न दरअसल उस अदृश्य अकेलेपन का संकेत है जिसे वह अपने ही परिवार के बीच अनुभव करती है। इसलिए यह प्रसंग फिल्म में केवल पति-पत्नी के बीच हुई एक सामान्य बातचीत नहीं है, बल्कि आधुनिक पारिवारिक संबंधों की उस विडंबना का प्रतीक है जहाँ लोग शारीरिक रूप से निकट होते हुए भी भावनात्मक रूप से एक-दूसरे से दूर होते चले जाते हैं।

फिल्म में विमान यात्रा के दौरान अमिताभ बच्चन द्वारा निभाया गया पात्र शशि के भीतर व्याप्त भाषाई हीनभावना को दूर करने का प्रयास करता है। वह उसे समझाता है कि किसी नई जगह पर जाना, विशेषकर पहली बार किसी विदेशी देश में पहुँचना, भय या संकोच का नहीं बल्कि नए अनुभवों को आत्मसात करने का अवसर होता है। उसका कथन कि "पहली बार केवल एक ही बार होता है"[9] शशि को अपनी झिझक छोड़कर वर्तमान क्षण का आनंद लेने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रसंग का महत्त्व इस बात में निहित है कि वह भाषा को मनुष्य के मूल्यांकन का आधार नहीं मानता। यद्यपि वह स्वयं हिंदी में संवाद करता है, फिर भी उसके व्यक्तित्व में कहीं भी आत्मग्लानि या असुरक्षा दिखाई नहीं देती। इसके माध्यम से फिल्म यह संदेश देती है कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम है, व्यक्ति की योग्यता, गरिमा अथवा पहचान का अंतिम मापदंड नहीं। अमिताभ बच्चन का पात्र शशि को यह एहसास कराता है कि आत्मविश्वास और मानवीय गुण किसी भी भाषा से अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। इस प्रकार यह दृश्य वैश्वीकरण के दौर में भाषा के कारण उत्पन्न होने वाली हीनभावना का प्रतिरोध करते हुए आत्मस्वीकृति और आत्मसम्मान की भावना को सशक्त बनाता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका पहुँचने के बाद शशि के जीवन में एक ऐसी घटना घटित होती है जो भाषा, आत्मसम्मान और सामाजिक व्यवहार के जटिल संबंधों को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ उजागर करती है। एक कैफे में जब वह अपने लिए कॉफी और सैंडविच लेने का प्रयास करती है, तब भाषा की अपरिचितता उसके लिए गहरे मानसिक दबाव का कारण बन जाती है। वहाँ उपस्थित लोगों के बीच स्वयं को अभिव्यक्त न कर पाने की स्थिति उसे असहज, भयभीत और संकोचग्रस्त बना देती है। संवाद स्थापित करने में होने वाली कठिनाई के कारण वह घबरा जाती है और अनजाने में एक अन्य व्यक्ति का भोजन गिरा देती है। इस घटना के बाद उसे सार्वजनिक रूप से अपमान और शर्मिंदगी का अनुभव होता है। वह कैफे से बाहर निकलकर भावनात्मक रूप से टूट जाती है और उसके आँसू इस तथ्य को रेखांकित करते हैं कि भाषा का अभाव केवल संप्रेषण की समस्या नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के आत्मविश्वास और आत्मसम्मान को भी गहराई से प्रभावित करता है। इसी प्रसंग में मानवीय संवेदना का एक सकारात्मक पक्ष भी सामने आता है। एक अपरिचित व्यक्ति शशि की स्थिति को समझते हुए उसके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करता है और उसके लिए कॉफी लेकर आता है। यह व्यवहार इस बात का संकेत है कि मानवीय संबंध केवल भाषा पर आधारित नहीं होते, बल्कि संवेदनशीलता और समझ भी उनमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके पश्चात उसकी भतीजी राधा का चरित्र विशेष रूप से उल्लेखनीय बनकर उभरता है। राधा शशि की भाषा संबंधी कठिनाइयों का उपहास नहीं करती, न ही उसे किसी प्रकार हीन या अयोग्य मानती है। इसके विपरीत, वह उसे निरंतर प्रोत्साहित करती है और विश्वास दिलाती है कि वह नई भाषा सीखने में सक्षम है। राधा का यह दृष्टिकोण नई पीढ़ी की उदार, सहयोगी और सहानुभूतिपूर्ण सोच को अभिव्यक्त करता है। वह शशि के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानती है तथा उसे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। इस प्रकार यह प्रसंग केवल भाषा सीखने की प्रक्रिया को ही नहीं दर्शाता, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास के पुनर्निर्माण में पारिवारिक सहयोग, सकारात्मक प्रोत्साहन और मानवीय संवेदनाएँ कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

फिल्म के एक प्रसंग में शशि का कथन केवल एक

व्यक्तिगत अनुभव की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि वह भारतीय समाज में लैंगिक भूमिकाओं और श्रम के सांस्कृतिक मूल्यांकन पर गहरी टिप्पणी प्रस्तुत करता है। जब लॉरेंट भोजन बनाने को एक कला के रूप में देखता है, तब शशि यह कहती है कि ''मर्द अगर खाना बनाए तो वह कला होती है, लेकिन औरत जब खाना बनाती है तो वह उसका फर्ज माना जाता है।''[10] यह संवाद समाज में स्त्री और पुरुष के कार्यों के प्रति अपनाए जाने वाले भिन्न दृष्टिकोण को उजागर करता है। वस्तुत: वही कार्य, जो पुरुष के द्वारा किए जाने पर रचनात्मकता, प्रतिभा और पेशेवर दक्षता का प्रतीक बन जाता है, स्त्री के द्वारा किए जाने पर उसके स्वाभाविक दायित्व के रूप में देखा जाता है। परिणामस्वरूप स्त्री के श्रम को न तो पर्याप्त मान्यता मिलती है और न ही उसे विशेष उपलब्धि के रूप में स्वीकार किया जाता है।

शशि का यह कथन घरेलू श्रम के उस अदृश्य स्वरूप की ओर संकेत करता है, जो परिवार और समाज के संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण होने के बावजूद अक्सर अवमूल्यित रहता है। एक गृहिणी के रूप में शशि प्रतिदिन भोजन बनाती है, किंतु उसके इस कौशल को कभी कला या प्रतिभा के रूप में नहीं देखा जाता; जबकि वही कार्य किसी पुरुष शेफ के हाथों संपन्न होने पर प्रतिष्ठा, सम्मान और पेशेवर पहचान प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार यह संवाद लैंगिक असमानता, श्रम के सामाजिक मूल्यांकन तथा स्त्री की पहचान के प्रश्न को अत्यंत संवेदनशील ढंग से सामने लाता है। शशि के अनुभव के माध्यम से फिल्म यह दर्शाती है कि समस्या स्त्री की क्षमता में नहीं, बल्कि उस सामाजिक दृष्टि में निहित है जो स्त्री के योगदान को सामान्य और पुरुष के योगदान को असाधारण मानने की प्रवृत्ति रखती है। इसलिए यह दृश्य केवल भोजन या पाक-कला की चर्चा नहीं करता, बल्कि स्त्री-अस्तित्व, आत्मसम्मान और सामाजिक मान्यता के व्यापक विमर्श को भी उद्घाटित करता है।

राधा का चरित्र शशि के आत्मविश्वास-विकास की प्रक्रिया में सकारात्मक भूमिका निभाता है। जब उसे अपनी मौसी के अंग्रेजी सीखने के प्रयास के बारे में पता चलता है, तो वह न केवल उसका समर्थन करती है, बल्कि उसे नए अनुभवों को अपनाने और अपने दिन का आनंद लेने के लिए भी प्रेरित करती है। राधा का यह व्यवहार शशि के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का परिचायक है। दूसरी ओर, फिल्म पारिवारिक संबंधों में मौजूद असमानताओं को भी उजागर करती है। जब भारत से शशि की बेटी का फोन आता है और वह अपनी माँ से स्क्रैपबुक के विषय में असम्मानजनक ढंग से बात करती है तथा यह कहती है कि "पढ़ना आता तब न''[11], तब शशि गहरे भावनात्मक आघात का अनुभव करती है। इसके बाद लॉरेंट के सामने उसकी प्रतिक्रिया यह स्पष्ट करती है कि परिवार के भीतर लगातार मिलने वाला तिरस्कार उसके आत्मसम्मान को प्रभावित कर रहा है। वह कहती है कि ''बच्चे मासूम होते हैं, पर यह कैसी मासूमियत है कि हर बार हमारा दिल दुखाया जाए''[12], तब वह इस धारणा पर प्रश्न उठाती है कि बच्चों की हर बात को केवल उनकी नासमझी मानकर अनदेखा कर दिया जाए। शशि का मानना है कि ज्ञान, भाषा, व्यवहार और कौशल तो सिखाए जा सकते हैं, किन्तु दूसरों की भावनाओं का सम्मान करना और उनके आत्मसम्मान को समझना केवल औपचारिक शिक्षा से नहीं सीखा जा सकता। इसके लिए संवेदनशीलता, सहानुभूति और मानवीय मूल्यों की आवश्यकता होती है। यह संवाद दर्शाता है कि किसी व्यक्ति को सबसे अधिक चोट तब पहुँचती है जब उसके अपने ही उसकी भावनाओं को महत्व नहीं देते।

फिल्म का एक प्रसंग स्त्री की आत्मविकास-यात्रा और पारिवारिक दायित्वों के बीच उत्पन्न द्वंद्व को अत्यंत संवेदनशीलता से प्रस्तुत करता है। जब शशि अपने पति सतीश और बच्चों के अमेरिका आने के बाद भी अपनी अंग्रेजी कक्षा जारी रखने का प्रयास करती है, तो परिस्थितिवश उत्पन्न एक छोटी-सी घटना उसके प्रति परिवार की अपेक्षाओं और सामाजिक दृष्टिकोण को उजागर कर देती है। सतीश के तानों से आहत होकर शशि स्वयं को एक स्वार्थी माँ और पत्नी के रूप में देखने लगती है तथा यह निर्णय लेती है कि वह अंग्रेजी सीखने का प्रयास छोड़ देगी। यह स्थिति दर्शाती है कि पितृसत्तात्मक समाज में जब कोई स्त्री अपने आत्मविकास, शिक्षा या व्यक्तिगत पहचान के लिए समय निकालती है, तो उसके इस प्रयास को प्राय: पारिवारिक जिम्मेदारियों की उपेक्षा के रूप में देखा जाता है। परिणामस्वरूप वह अपराधबोध से भर जाती है और अपनी आकांक्षाओं का त्याग करने लगती है। शशि का यह भावनात्मक संघर्ष केवल एक पात्र की कहानी नहीं, बल्कि उन असंख्य महिलाओं के अनुभवों का प्रतिनिधित्व करता है जो स्वयं के लिए कुछ करने पर भी स्वयं को परिवार के प्रति दोषी महसूस करने लगती हैं। वहीं जब शशि के बनाए

हुए लड्डूओं की सभी लोग प्रशंसा करते हैं, तब सतीश यह कहता है कि ''मेरी पत्नी तो लड्डू बनाने के लिए ही पैदा हुई है।''[13] यद्यपि वह इस कथन को मजाक और प्रशंसा के रूप में प्रस्तुत करता है, परंतु इसके भीतर एक गहरा व्यंग्य और लैंगिक पूर्वाग्रह छिपा हुआ है। यह टिप्पणी शशि की संपूर्ण पहचान को उसके घरेलू कौशल तक सीमित कर देती है और उसके ज्ञान, प्रतिभा, इच्छाओं तथा आत्मविकास के प्रयासों को महत्वहीन बना देती है। सतीश के लिए यह एक सामान्य हास्यपूर्ण टिप्पणी हो सकती है, किंतु शशि के लिए यह उसके अस्तित्व को केवल रसोई और घरेलू कार्यों तक बाँध देने वाला दृष्टिकोण है। यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि पितृसत्तात्मक सामाजिक संरचना में स्त्री की उपलब्धियों को प्राय: घरेलू भूमिकाओं के संदर्भ में ही सराहा जाता है, जबकि उसकी बौद्धिक क्षमता और व्यक्तिगत आकांक्षाओं को अपेक्षित सम्मान नहीं मिल पाता। इस प्रकार यह दृश्य स्त्री के आत्मसम्मान, पहचान और सामाजिक मान्यता से जुड़े प्रश्नों को अत्यंत मानवीय और संवेदनशील रूप में सामने लाता है।

फिल्म के अंतिम भाग में शशि का यह संवाद ''मुझे प्यार की जरूरत नहीं है, मुझे बस इज्जत की जरूरत है।''[14] फिल्म की केंद्रीय संवेदना को अत्यंत ढंग से अभिव्यक्त करता है। यह कथन केवल व्यक्तिगत भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उस सामाजिक यथार्थ की ओर संकेत करता है जहाँ स्त्री के अस्तित्व का मूल्यांकन अक्सर उसकी भाषाई दक्षता, शैक्षिक योग्यता अथवा सामाजिक प्रस्तुति के आधार पर किया जाता है। शशि अपने परिवार से प्रेम तो प्राप्त करती है, किन्तु वह सम्मान नहीं प्राप्त कर पाती जिसकी वह वास्तविक अधिकारिणी है। अंग्रेजी न बोल पाने के कारण उसे बार-बार कमतर समझा जाता है, उसकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता और उसकी घरेलू दक्षताओं को भी पर्याप्त मान्यता नहीं मिलती। ऐसी स्थिति में शशि का यह कथन स्पष्ट करता है कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर स्त्री, के लिए केवल स्नेह पर्याप्त नहीं होता; उसके आत्मसम्मान, उसकी क्षमताओं और उसकी पहचान की स्वीकृति भी उतनी ही आवश्यक है।

फिल्म के अंतिम भाग में शशि की आत्मविश्वासपूर्ण यात्रा अपने चरम पर पहुँचती है। चार सप्ताह की अंग्रेजी कक्षा पूरी होने के बाद जब उसकी परीक्षा का समय आता है, तो पारिवारिक परिस्थितियों के कारण वह परीक्षा केंद्र नहीं जा पाती। किंतु उसकी भांजी राधा, जो शुरू से ही शशि के प्रयासों को समझती और उसका समर्थन करती रही है, शशि के अंग्रेजी शिक्षक को विवाह समारोह में ही परीक्षा लेने के लिए आमंत्रित कर लेती है। इस बात की जानकारी स्वयं शशि को भी नहीं होती। विवाह समारोह में जब सभी लोग अपने विचार व्यक्त कर रहे होते हैं, तब शशि भी अंग्रेजी में अपना भाषण देती है। उसकी सहज और प्रभावशाली अभिव्यक्ति को सुनकर वहाँ उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह जाते हैं। विशेष रूप से उसकी बेटी और पति, जो पहले उसकी अंग्रेजी को लेकर उसे कमतर समझते थे, यह देखकर हैरान हो जाते हैं कि शशि अब आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी बोल रही है। यह क्षण केवल भाषा सीखने की उपलब्धि नहीं, बल्कि उसके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति का प्रतीक बन जाता है।

फिल्म के अंत में शशि का बेटा अपनी बहन से कहता है कि ''अब माँ के सामने अंग्रेजी बोलने से पहले सोचना, क्योंकि वह तुमसे भी बेहतर अंग्रेजी बोल सकती है।''[15] यह संवाद संकेत करता है कि परिवार में यदि किसी ने शशि के प्रति सबसे कम पूर्वाग्रह रखा था, तो वह उसका बेटा था। राधा के अतिरिक्त वही एक ऐसा सदस्य था जिसने शशि का उपहास नहीं किया। वहीं दूसरी ओर, जो शशि कभी अपनी भाषा संबंधी असुरक्षा के कारण उपेक्षा और उपहास का सामना करती थी, आज उसी के लिए सभी लोग तालियाँ बजा रहे हैं। इस प्रकार फिल्म यह स्थापित करती है कि व्यक्ति का सम्मान किसी भाषा-विशेष के ज्ञान से नहीं, बल्कि उसके व्यक्तित्व, क्षमता और आत्मविश्वास से निर्धारित होना चाहिए।

फिल्म के अंत में जब शशि लॉरेंट को धन्यवाद देती है, तब वह एक अत्यंत भावनात्मक संवाद कहती है - ''जब हम स्वयं से प्रेम नहीं करते, तब अपनी ही जिंदगी हमें बोझिल और नीरस लगने लगती है। लेकिन जब हम अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर लेते हैं और स्वयं को स्वीकार करना सीख जाते हैं, तब वही पुरानी जिंदगी भी नई और सुंदर प्रतीत होने लगती है। इसलिए मुझे स्वयं से प्रेम करना सिखाने के लिए धन्यवाद।''[16] यह संवाद शशि के व्यक्तित्व में आए गहरे परिवर्तन को व्यक्त करता है। यहाँ लॉरेंट केवल एक मित्र के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे व्यक्ति के रूप में दिखाई देता है जिसने शशि को उसकी क्षमता पहचानने और आत्मविश्वास विकसित करने में सहायता की। इस प्रसंग में दोनों के बीच एक विशेष भावनात्मक जुड़ाव भी दिखाई देता है, जिसे फिल्म

अत्यंत संयमित ढंग से प्रस्तुत करती है। यही कारण है कि कुछ क्षणों में सतीश के व्यवहार में भी हल्की असहजता और ईर्ष्या का भाव दिखाई देता है। फिर भी फिल्म इस संबंध को प्रेम-कथा के रूप में नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मस्वीकृति की यात्रा में मिले मानवीय सहयोग के रूप में प्रस्तुत करती है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि 'इंग्लिश विंग्लिश' फिल्म वैश्वीकरण के दौर में भाषा, पहचान और आत्मसम्मान के जटिल संबंधों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। फिल्म यह स्पष्ट करती है कि अंग्रेजी सामाजिक प्रतिष्ठा का माध्यम अवश्य बन गई है, किंतु व्यक्ति की वास्तविक पहचान केवल भाषा-ज्ञान से निर्धारित नहीं होती। शशि की यात्रा आत्मविश्वास, आत्मस्वीकृति और सम्मान की पुनर्प्राप्ति की यात्रा है, जो समकालीन समाज में भाषायी असमानताओं पर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है।

***शोधार्थी / रिसर्च स्कॉलर**
**हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

---

**सन्दर्भ सूची**

1. The Consequences of Modernity. Cambridge : Polity Press, 1990, p. 64.
2. राजाध्यक्ष एवं विलेमेन; द्वायर; प्रसाद
3. शशि - सपना संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 07:00 -07:07)
4. शशि - सपना संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय 08:02 - 08:48)
5. शशि - सतीश संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 10:00 - 10:14)
6. शशि अपनी सास से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 16:35 - 16:56)
7. शशि - सतीश संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 22:39 -22:49)
8. शशि - सतीश संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 22:50- 22:56)
9. अमिताभ बच्चन शशि से हवाई यात्रा के दौरान, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 31:41 - 31:57)
10. शशि - लॉरेंट का संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 1:03:56 - 1:04:45)
11. सपना- अपनी माँ शशि से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 1:10:56 - 1:11:24)
12. शशि - लॉरेंट से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 1:12:02 -1:12:50)
13. सतीश का संवाद, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय-1:41:41 - 1:42:04)
14. शशि - राधा से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय - 1:45:55 - 1:46:17)
15. सागर - सपना से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 2:01:36 - 2:01:45)
16. शशि-लॉरेंट से, इंग्लिश विंग्लिश फिल्म (समय- 2:02:19-2:03:10)

**Research Paper**



**Kalim**

# Environmental Federalism and Centre–State Relations in Climate Governance in India (2015–2025)

**Abstract**

*Climate change has become one of the most acute governance issues of the twenty-first century, which needs to be tackled on the levels of several governments. Climate governance in a federal polity like India is influenced by the relations between the Union and State governments and thus, environmental federalism is an important framework to be considered in the context of policy formulation and implementation. This article will analyze how the Centre-State relations and environmental federalism in India changes with time with the climate governance of the country between 2015 and 2025, a decade of major policy changes such as the Paris Agreement, revised Nationally Determined Contributions (NDCs), the Panchamrit commitments, and the declaration of the net-zero emission target by 2070. The paper evaluates the legal and constitutional background of environmental governance, institutional frameworks, and the emergence of states in climate adaptation and renewable energy transitions. It points out the development of the concept of cooperative federalism as a central tool to use in applying climate policies based on the sharing of responsibility, fiscal transfers and collaborative governance frameworks. The article also discusses how climate finance, State Action Plans on Climate Change (SAPCCs), and state-level innovations can be used to engage in the problem that is region-specific. Simultaneously, it outlines key limitations, such as overlapping institutional jurisdictions, Centre-State conflicts, unequal financial abilities, environmental vulnerability, and lack of climate data and monitoring infrastructure. The results indicate that although India has gone a long way in terms of incorporating climate issues into its federal system of governance, it still faces a lot of difficulties in terms of proper coordination and equal distribution of resources. The article contends that to meet climate commitments and sustainable development goals of India, the reinforcement of cooperative federalism, increased fiscal support mechanisms, and decentralized and participatory government is key. Finally, there is a need to balance national leadership, state autonomy, and local involvement in environmental decision-making as it is the future of climate governance in India.*

**Keywords**

Environmental Federalism, Climate Governance, Cooperative Federalism, Centre–State Relations, India, etc.

## Introduction

Climate change has become one of the greatest challenges in governance of the twenty first century that demands a concerted action among various levels of government. Its effects cut across administrative borders and impact a wide range of fields, including agriculture, water resources, energy, the health of the population, biodiversity, and disaster management. Therefore, successful climate governance requires the

cooperation between national, state and local institutions. Given the constitutionally shared powers and responsibility of various levels of government of federal countries like India, climate action is more and more reliant on the quality of intergovernmental relationship and coordination of policies.

The system of environmental governance in India is federally based with centralized authority and autonomy of the states. Although the environmental protection is mostly assigned to the Concurrent List of the Constitution, allowing both union and State governments to legislate, climate governance must be complicated between national obligations and regional actions. The Union government develops general climate policies, concludes international treaties, and gathers financial funds, but the state governments are also very significant in introducing mitigation and adaptation strategies based on local ecological, economic, and social factors. This interrelationship among the various governmental levels is commonly referred to as environmental federalism which is the sharing of environmental duties and authority in a federal system.

Between 2015 and 2025 is a particularly crucial stage in the Indian climate governance process. In 2015, the signing of the Paris Agreement marked a new chapter of international collaboration on climate and India made bold Nationally Determined Contributions (NDCs) to mitigate the intensity of emissions and increase renewable energy sources. This is the decade when India reinforced its climate commitments with the National Action Plan on Climate Change, renewable energy missions and updated NDC targets. The declaration of a net-zero target by 2070 at COP26 further demonstrated how the country is long-term committed to climate action. At the same time, the growing rate of climate-related disasters, such as heatwaves, floods, cyclones, droughts, and extreme rainfall events, underlines the necessity to make the Centre-State coordination and climate resilience more powerful.

**Environmental Federalism and Climate Governance**

As the concept of climate governance involves in India, a conceptual framework is needed that incorporates environmental federalism, climate governance, and cooperative federalism. These notions describe the allocation of duties in dealing with climate change between levels of government and how coordination processes influence the environmental policy outcomes. Environmental federalism is the separation and distribution of environmental functions to various levels of government in a federal political system. It is founded on the principle that environmental issues need to be addressed on the level of government that can handle them in the best way possible. Environmental federalism theories developed out of the political theory of federalism and the state of public administration, focusing on the relationships between centralized power, on the one hand, and decentralized decision-making, on the other. One of the main aspects of environmental federalism is the decentralization of the environmental responsibilities. As national governments formulate general environmental standards and international commitments, sub-national governments have a greater understanding of local ecological situations and socio-economic realities. Decentralization thus facilitates better solutions to environmental problems that are more context-specific. States in India have a significant role in enforcement of environmental legislation, management of natural resources, control of pollution as well as development of climate adaptation policies that are regionally appropriate. Also included in environmental federalism is the sharing of powers between the national and sub-national governments. International negotiations, creating national policy, and providing financial assistance are usually done at the central government level, whereas implementation and enforcement is done by state governments. This decentralization of power aims at achieving both national coordination and local flexibility.

The concept of climate governance is used to refer to the institutions, policies, processes and actors who deal with climate change. It is inclusive of decision-making mechanisms targeted at minimizing greenhouse gas emissions and promoting resilience to climate impacts. Governance of climate covers more than just governments, and encompasses civil society organizations, and private sector actors, international

institutions and local communities. Mitigation and adaptation are the two main aspects of climate governance. Mitigation entails the attempts to lower the emission of greenhouse gases by increasing renewable energy sources, conserving energy, planting trees, and sustainable development. Adaptation is concerned with enhancing the ability of societies and ecosystems to respond to climate-related risks like floods, droughts, heatwaves, and sea-level rise. Both goals need to be balanced in order to achieve effective climate governance.

The multi-level governance approach is becoming a key characteristic of climate governance as it acknowledges that climate action cannot be realized by one level of government. The international agreements, national policies, state-level plans, and local implementation mechanisms should collaborate to reach climate objectives. Cooperative federalism is a concept of the governance whereby the Centre and the States collaborate to solve common problems. Climate change is one such area of policy cooperation since environmental issues are not limited by administrative boundaries. The Union government sets national goals and policy frameworks whereas state governments set up climate programs and adaptation initiatives. Centre-State cooperation is very important in climate policy implementation, which includes development of renewable energy, forest protection, disaster management, sustainable agriculture and climate finance. Coordination promotes policy coherence, mobilization of resources and capacity of the institution.

A number of theoretical approaches are useful in representing the issues of environmental federalism and climate governance. Fiscal Federalism is based on sharing financial resources and duties between various levels of government, which brings out the significance of climate finance and intergovernmental transfers. Multi-Level Governance Theory is based on the principle that policymaking is an interplay of various actors acting at different territorial levels as opposed to hierarchical system. Ecological Federalism is an expansion of traditional federalism with ecological sustainability and environmental protection becoming the principles of governance. The Collaborative Governance Theory emphasizes collaboration between governments, civil society, private actors and the local communities in tackling complex public issues.

**Constitutional and Legal Foundations of Environmental Federalism in India**

The constitutional and legal framework of environmental federalism in India is the foundation of environmental protection and climate governance. The original Constitution did not specifically mention anything about environmental protection, but amendments to the Constitution and judicial interpretations that followed have improved the environmental responsibilities on both Union and State level. "The other significant development was the 42 nd Constitutional Amendment Act, 1976, which suggested Article 48A and Article 51A(g). Part 48A of the Directive Principles of State Policy provides the State to preserve the environment and improve forests and wildlife. To complement this provision, Article 51A(g) gives it a Fundamental Duty of every citizen to protect and improve the natural environment including forest, lakes, rivers, and wildlife".

"The Seventh Schedule of the Constitution gives legislative powers to the Centre and the States". The subjects of national interest such as the international treaties and inter-state affairs are contained in the Union List that enables the Central Government to enforce the international climate commitments. Areas mentioned in the State List, such as the public health, agriculture, water supply and land management are directly related to the climate adaptation. "The Concurrent List lists the forests, protection of wild animals and birds, and environmental issues, and through this, the Centre and the States can legislate, and cooperate on environmental matters".

The environmental jurisprudence has been established with the help of the Supreme Court of India. "It has also used judicial activism to broaden the scope of the interpretation of the right to life in Article 21 to encompass a right to a healthy environment". The Court has also incorporated burning environment principles in the Indian law. "The Public Trust Doctrine rests on the premise that state owns the natural resources acting on behalf of the people and that it cannot make use of the resources to the benefit of individuals". The Precautionary

Principle is that there must be some preventative action in the case where we are not scientifically certain that the environment will be damaged. "In the same way, the Sustainable Development Principle aims at achieving a balance between economic growth and environmental protection".

There are several landmark cases in India that have had an impact on the environmental law. "In Rural Litigation and Entitlement Kendra v. State of Uttar Pradesh (1985) the Supreme Court ordered the closure of the limestone quarries which were affecting the environment". The M.C. Mehta cases were a series of cases that dealt with pollution in the industry, conservation of rivers and automobile emissions. "The Court came up with the Precautionary Principle and Sustainable Development as the Indian environmental law in Vellore Citizens Welfare Forum v. Union of India (1996)". All these constitutional provisions and judicial interventions are the constitutional basis of environmental federalism and climate regulation in India.

**Evolution of India's Climate Governance Framework**

The years 2015-2025 were the years of the radical change in the climate governance system in India when the international obligation, the national efforts to develop the country policy and the increased interest towards the sustainable development led to the change. On the international scale, India was actively involved in the instrumentation of the Paris Agreement in 2015, during which India vowed to reduce the intensity of the GDP in relation to the emissions and expand the potential of non-fossil fuel energy. "In 2022, India made revised Nationally Determined Contributions (NDCs) that promise a reduction in emissions intensity by 45 percent of 2005 levels by 2030 and reach about 50 percent of cumulative power generation of non-fossil fuel. India constantly highlighted climate justice, equity and the common but differentiated responsibility concept through multiple Conferences of Parties (COP) meetings under the UN Framework Convention on Climate Change".

"At the federal level, the National Action Plan on Climate Change (NAPCC) continued to serve as the overall framework to guide the climate policy through its eight national missions". Nation Adaptation Fund to Climate change offered adaptation initiatives by undertaking projects to enhance resilience in susceptible regions. In 2023, the National Green Hydrogen Mission was introduced, which will be an important step to decarbonize industry and promote clean energy. Similarly, "the National Electric Mobility Mission was also to accelerate the adoption of electric vehicles and reduce the use of fossil fuels. India has ambitious Panchamrit targets at COP26 in Glasgow with an aim to have 500 GW of non-fossil energy capacity by 2030 and reduce the estimated carbon emissions by a huge margin".

This was a decade that had some significant developments. India had turned into one of the largest producers of renewable energy in the world, and the solar and wind power plants were becoming commonplace. In 2021, a breakthrough was made with India putting its targets to a net-zero by 2070. Another initiative by the government was the Carbon Credit Trading Scheme that was implemented in order to establish carbon market reforms to encourage the reduction of emissions in the sectors. In addition, there was a shift in energy transition policies to emphasize more on clean technologies, energy efficiency, green manufacturing, and sustainable infrastructure. Together, these developments demonstrate how the Indian climate governance system has developed to become more of an integrated framework that integrates economic growth, energy security, and climate resilience along with an agenda that is mostly environmental in nature.

**Institutional Architecture and the Role of State Governments in Climate Governance**

"The climate governance system in India has a multi-level institutional structure whereby the central and state governments have a pivotal role. The Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEFCC) is the nodal ministry in the country in the area of environmental protection, formulating climate policies, and conducting international negotiations in climate change". The Ministry of New and Renewable Energy ( MNRE ) is encouraging the development of renewable energy sources, especially solar, wind, and green hydrogen projects. Strategic policy guidance on sustainable development, energy transition, and

climate resilience is given by NITI Aayog, with the Central Pollution Control Board (CPCB) monitoring the environmental quality and implementing pollution control standards nationwide.

On the state level, special State Climate Change Cells have been formed to organize the climate-related planning and implementation. "The role of the State Pollution Control Boards (SPCBs) is the enforcement of environmental regulations and monitoring of pollution in their jurisdictions". One of the main tools of state-level climate governance is the State Action Plans on Climate Change (SAPCCs), the plans that, based on national climate goals, translate them into regional strategies. SAPCCs evolved over time since their first development after the National Action Plan on Climate Change (NAPCC) to be able to cover the local vulnerabilities, adaptation priorities, and mitigation opportunities and to comply with the national or international climate pledges.

Climate governance necessitates well-coordinated mechanisms. Inter-ministerial committees promote collaboration between different ministries of central ministries addressing the energy, agriculture, water, transport, and disaster management. Bi-monthly Centre-State consultations contribute to aligning policy priorities and implementation plans. Moreover, the Finance Commission mechanisms have also adopted an ecological and environmental requirement in the distribution of resources, which makes states invest in climate resilience and environmental protection.

State governments have become significant actors in climate with much innovation being evident in dealing with climate challenges. Gujarat has become a pioneer in the development of solar energy through the development of solar parks and investments in renewable energy. Another type of climate adaptation that the state has put in place is water management and coastal resilience. To achieve urban climate resilience, Maharashtra has focused on sustainable urban planning, climate action plans, and green mobility policies to adopt electric vehicles and public transport.

Tamil Nadu has increased renewable energy production, especially through wind and solar energy, and has also implemented coastal adaptation strategies to overcome the problem of sea-level rise and cyclone risks. Rajasthan with rich solar energy resources has established some of the largest solar energy parks in India and has also established water conservation projects to fight drought and desertification. With the disastrous floods experienced in the past years, Kerala has intensified flood resilience policies, disaster preparedness policies, and climate adaptation planning. These instances show that the states are not only implementers of national policies but they are also proactive innovators in climate governance. There are however great regional differences because of geographical differences, economic structures, availability of resources and climate susceptibility. As a result, national frameworks are necessary to give general direction, but state-level efforts are critical in meeting the overall targets of climate in India and delivering context-specific responses to climate change.

**Centre–State Relations and Climate Finance in India's Environmental Federalism**

In India, the two factors of Centre-State relations and financial resources significantly determine the climate governance. Considering the country has a federal system, the ability to deal with climate would require cooperation to be founded on cooperative federalism, which focuses on collaboration between the Union and State governments to deal with common environmental issues. States have the key role of implementing policies related to renewable energy, sustainable agriculture, water management, and disaster resilience, as the Centre develops national climate policies and international commitments. This has resulted in climate governance being a collective responsibility that necessitates sustained coordination and harmonization of policies. Fiscal aspect of environmental federalism is also significant. The Finance Commission has a major part to play in financing environmental initiatives by way of grants and devolution. Green budgeting has been a significant policy instrument in recent years that allows governments to determine the environmental cost of government spending. The Centre and the States finance climate change through climate finance, which helps in adaptation projects, renewable energy development, and disaster preparedness, as well as

sustainable infrastructure. Such financial provisions can be beneficial to fill resource gaps and enhance climate action at the state level.

A number of regions are good examples of Centre-State cooperation. Policymaking, incentives, and regulations have helped to boost renewable energy growth. Conservation of forests is done through co-operation in afforestation and biodiversity conservation. National and state disaster response structures have made disaster management more collaborative. Likewise, the urban climate action, such as sustainable transport, waste management, and climate-resilient infrastructure, must be closely coordinated across the various levels of government. Regardless of these successes, a number of conflict areas still exist. There are frequent disagreements about clearing forests to build industries and infrastructure, whereby the states desire economic growth, and the Centre focuses on environmental protection. The regulations of Coastal Regulation Zone (CRZ) have created conflicts between environmental conservation and developmental interests in the coastal states. Renewable energy projects are often confronted with land acquisition and local resistance issues. The climate change has also exacerbated the water-sharing conflicts among the states especially in the river basins that are experiencing growing scarcity and fluctuations.

Another important pillar of environmental federalism is climate finance. The sources of funding are central government schemes, international climate funds, Green Climate Fund, multilateral development agencies and state government budgets. Environmental concerns are becoming more prominent in fiscal devolution as the Finance Commission has acknowledged the ecological criteria in fiscal devolution. An example is forest cover, which has been considered as a parameter in making transfers, thus encouraging conservation activities among states. Nevertheless, there are still considerable challenges. The financial capabilities of states are not equal, and climate preparedness and implementation have disparities. Central transfers remain a staple in the climate-related projects of many states, and the local governments tend to have insufficient funds and technical capabilities. The compromise between the national climate priorities and the state autonomy thus appears to be one of the key challenges. The enhancement of climate governance framework and long-term sustainability objectives will be highly important to strengthen fiscal cooperation and climate finance and ensure that resources are distributed fairly in India.

**Conclusion**

The years between 2015 and 2025 can be described as an important stage in the development of climate governance in India, where there is an increasing understanding of the significance of environmental federalism. With climate change becoming a critical concern to economic development, public health, agriculture, water security, and disaster management, the management of environmental problems has become a collective responsibility among the Union, State and local governments. In turn, the concept of environmental federalism has become a key cornerstone of the Indian climate governance system as it offers the institutional framework in which national obligations are converted into regional and local action. The climate governance framework of India in this decade was gradually shifted to the model of cooperative federalism. The Union government was a key participant in global climate talks, national policy development and mobilisation of climate finance with states playing a more proactive role on implementation via State Action Plans on Climate Change, renewable energy efforts, and adaptation plans. Nevertheless, with heightened collaboration, there are still conflicts over matters of environmental clearances, resource distribution, regulatory jurisdiction, and development priorities as it is part and parcel of a complex set of a federal government.

The state governments have become significant players in climate governance. States like Gujarat, Rajasthan, Tamil Nadu, Maharashtra and Kerala have been innovative in their development of renewable energy, climate adaptation, and resilience to disasters and sustainable management of resources. Their experiences explain that effective climate action needs policies that are grounded in different ecological, economic and social conditions in the country. However, there are still major financial, institutional,

and political limits when it comes to the implementation of climate policies. Centre-State disagreements, ineffective climate finance, fragmented governance structures and uneven state capacities tend to hinder policy effectiveness. Moreover, growing environmental stressors such as air pollution, water shortages, and severe weather conditions require more robust institutional reactions and an enhanced coherence of policies. In future, there is a need to increase the Centre-State coordination, decentralization of governance and fiscal support to fulfill the climate pledges of India under the Paris Agreement and long-term net-zero objectives. More engagement of local governments, communities, and civil society organizations will also contribute to better climate resilience and more effective policies. In the end, the future of climate governance in India lies in striking a delicate balance between national leadership and state autonomy and ensuring local participation is meaningful. This balanced and cooperative approach will play an important role in developing sustainable development and creating an India resistant to climate in the upcoming decades.

**Department of Political Science**
**Insitution - University of Delhi**
**Mail : kalim675987@gmail.com**

---

**References:**


- Arora, N. K., & Mishra, I. (2019). United Nations sustainable development goals 2030 and environmental sustainability: Race against time. *Environmental Sustainability, 2*(4), 339–342.
- Bandyopadhyay, J., & Perveen, S. (2003). The interlinking of rivers in India: Assessing the justification. *Economic and Political Weekly, 38*(50), 5307–5316.
- Centre for Science and Environment. (2022). State of India's environment 2022. Centre for Science and Environment. https://www.cseindia.org/state-of-india-s-environment-2022-11072
- Dubash, N. K. (2011). From norm taker to norm maker? Indian energy governance in global context. *Global Policy, 2*(S1), 66–79.
- Government of India. (2008). *National Action Plan on Climate Change (NAPCC)*. Prime Minister's Council on Climate Change.
- Government of India. (2022). *India's updated first nationally determined contribution under the Paris Agreement*. Ministry of Environment, Forest and Climate Change.
- Intergovernmental Panel on Climate Change. (2023). *Climate change 2023: Synthesis report*. IPCC.
- Pillai, A. V., & Dubash, N. K. (2023). Climate governance and federalism in India. In A. Fenna, S. Jodoin, & J. Setzer (Eds.), Climate governance and federalism: A Forum of Federations comparative policy analysis (pp. 177–197). Cambridge University Press. https://doi.org/10.1017/9781009249676.010
- Singh, A. (2025). Fiscal federalism and climate change: Building the institutional framework in India. Indian Public Policy Review, 6(1), 78–122. https://doi.org/10.55763/ippr.2025.06.01.003
- Ministry of Environment, Forest and Climate Change. (2021). *India: Third biennial update report to the UNFCCC*. Government of India.
- Ministry of Environment, Forest and Climate Change. (2022). *Annual report 2021–22*. Government of India.
- Ministry of Finance. (2021). *Economic Survey 2020–21*. Government of India.
- The Ozone Cell. (2019, March). India cooling action plan (ICAP) – e-circulation version. Ministry of Environment, Forest & Climate Change. https://ozonecell.nic.in/wp-content/uploads/2019/03/INDIA-COOLING-ACTION-PLAN-e-circulation-version080319.pdf
- Ostrom, E. (2010). Polycentric systems for coping with collective action and global environmental change. *Global Environmental Change, 20*(4), 550–557.
- Rajamani, L. (2012). The changing fortunes of differential treatment in the evolution of international environmental law. *International Affairs, 88*(3), 605–623.
- Sachs, J. D. (2015). *The age of sustainable development*. Columbia University Press.
- Sahu, G. (2014). Implications of Indian environmental jurisprudence on environmental governance. *Journal of Human Values, 20*(1), 61–72.
- Shankar, U., & Rodrigues, V. (2011). State-level climate change adaptation planning in India. *Climate and Development, 3*(4), 289–299.
- Stern, N. (2007). *The economics of climate change: The Stern review*. Cambridge University Press.

शोध-पत्र



मानसी

# संत रविदास और समतामूलक समाज की कल्पना : बेगमपुरा एक दृष्टि

**शोध-सार**

हिन्दी साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल का उदय एक विशेष सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में हुआ है। लगभग 14वीं से 17वीं शताब्दी के मध्य भारतीय समाज राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक संकीर्णता और सामाजिक विषमता से ग्रस्त था। उक्त समाज वर्ण व्यवस्था पर आधारित था, धार्मिक क्षेत्र में कर्मकांड और बाह्य आडंबरों की प्रधानता थी। जिस समय भक्तिकालीन समाज का उदय हो रहा था उस समय इस समाज का परिवेश सामाजिक अन्याय, धार्मिक रूढ़ियों और राजनीतिक अस्थिरता से भरा हुआ था, भक्तिकालीन साहित्य का मुख्य उद्देश्य ईश्वर-भक्ति के माध्यम से समाज में नैतिकता, समानता और करुणा की स्थापना करना था। इस काल में सगुण और निर्गुण भक्ति की दो धाराएँ विकसित हुईं। राम और कृष्ण भक्ति के साथ-साथ निर्गुण संत परंपरा (कबीर, रविदास, नानक, दादू आदि) का उदय हुआ। संत कवि रविदास मध्यकाल के एक ऐसे ही साधक थे जिनकी रचनाओं में जीवन की गहरी स्वानुभूति प्रतीत होती हैं, तथा उन्होंने उस वातावरण में भी सामाजिक भेदभाव और असमानता के खिलाफ आवाज उठाते हैं। प्रस्तुत शोध-पत्र में, संत रविदास की 'बेगमपुरा' अवधारणा का विश्लेषण उनके सामाजिक दृष्टिकोण के संदर्भ में किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह स्पष्ट करना हैं, कि रविदास की भक्ति चेतना सामाजिक परिवर्तन की चेतना से अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। उनकी काव्य-दृष्टि मध्यकालीन समाज की सीमाओं को लाँघते हुए एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की परीकल्पना प्रस्तुत करती है।

**बीज शब्द**

निर्गुण भक्ति, मध्यकालीन समाज, सामाजिक समानता।

**प्रस्तावना**

भक्ति आंदोलन भारतीय साहित्य का वह चरण हैं जिसमें साहित्य, समाज और धर्म एक-दूसरे के साथ गहनता से जुड़े है। संत रविदास मध्यकाल के निर्गुण शाखा के प्रमुख रचनाकार माने जाते हैं। निर्गुण निराकार उपासक रविदास ने अपने इष्ट को केवल निर्गुण रूप में नहीं पहचाना अपितु वे उन्हें सामान्य जीवन में समाज का कल्याण करने के लिए भी स्वीकारते हैं। वे उस स्वरूप की व्यापकता सृष्टि के हर अंश में देखते हैं। इस प्रकार संत रविदास की रचनाए सामाजिक परोपकार तथा विश्व कल्याण का भी साधन बनी। आत्मनिवेदन, नाम स्मरण की साधना, सात्विक गुणों का महत्व तथा उसके लिए दिया गया उपदेश ने सामाजिक रूप से हर वर्ग के व्यक्ति को साथ रहने, जोड़े रखने में सकारात्मक साबित हुआ। आपकी रचनाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों, आडंबरों ने मनुष्य और मनुष्य के बीच भेद को कम कर दिया था। यह कहा जा सकता है कि संत कवियों में रविदास ने शोषित, पीड़ित, दलित मानव समाज को वाणी देने का भरसक प्रयास किया। मनुष्य को मनुष्य बनाना ही तो साहित्य का प्रधान लक्ष्य हैं और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए रचनाकार को सामाजिक पीड़ा, विषमता, संत्रास आदि को महसूस करना ही पड़ता है। संत रविदास ने युगीन सामाजिक विषमता को स्वयं झेला और भोगा था। चर्मकार जाति से होने, अपने पेशे को हृदय से स्वीकार करते हुए रविदास ने अपनी रचनाओं में समाज के एक ऐसे परिवेश का अंकन किया जहाँ हर वर्ग स्वतंत्र रूप से एक दूसरे से

जुड़ा हुआ था। वह परमतत्व की अनुभूति को साधक के लिए आवश्यक मानते हैं, उनका यह परमतत्व ब्रह्मांड के हर अंश में व्याप्त है।

''सब में हरि हैं हरि में सब है, हरि अपनो जिव जाना॥''[1]

रविदास की भक्ति ईश्वर की उपासना तक सीमित नहीं रहती, बल्कि सामाजिक संरचना की आलोचना का माध्यम भी बनती है। वह कहते हैं—

''जाति-पाँति पूछै नहिं कोई,
हरि को भजै सो हरि का होई।''[2]

आपकी यह विचारधारा जाति व्यवस्था तथा समाज में फैली नकारात्मक सोच का खंडन-मंडन करती हैं और एक ऐसे समाज की अवधारणा प्रस्तुत करती हैं जहाँ जाति व्यवस्था के नाम पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता है।

## भक्तिकाल का सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं साहित्यिक परिवेश

### *सामाजिक परिवेश*

हिन्दी साहित्य में मध्यकालीन परिवेश सामंती दौर का तथा धार्मिक उथल-पुथल का युग माना जाता है। सामाजिक दृष्टि से वह समाज शोषण एवं पतन का काल था, ऐसी विकट परिस्थितियों में संत रविदास अपने विचार से समाज को एक करने का भरसक प्रयास करते हैं। श्रमिक वर्ग आर्थिक शोषण और सामाजिक अपमान का शिकार था। शूद्रों और अछूतों को सामाजिक अधिकार प्राप्त नहीं थे, स्त्रियों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं थी, बाल-विवाह, सती-प्रथा और पर्दा-प्रथा जैसी कुरीतियाँ समाज में व्याप्त थीं। निर्धनता, अशिक्षा और भय का वातावरण था, ऐसे समाज में सामान्य जन के लिए जीवन कठिन था।

### *धार्मिक परिवेश*

धार्मिक सत्ता इस असमानता को ईश्वरीय विधान के रूप में वैध ठहराने का कार्य कर रहा था। छुआछूत, जातिगत भेदभाव और कर्मकांडों की प्रधानता ने समाज को विवेकशून्य और जड़ बना दिया था। ज्ञान और धर्म आम जनमानस से दूर हो चुका था। ऐसे समय में संत कवियों की वाणी एक प्रतिरोधी चेतना के रूप में उभरती है। धार्मिक क्षेत्र में कर्मकांड और बाह्य आडंबरों की प्रधानता थी। पूजा-पाठ, तीर्थ-व्रत और यज्ञों को ही धर्म समझा जाने लगा था। वर्ग विशेष ने धर्म को कठिन और जटिल बना दिया था, जिससे सामान्य जनता उससे दूर होती जा रही थी। ईश्वर, भक्ति जनसामान्य की पहुँच से बाहर हो गई थी। ऐसे वातावरण में भक्तिकाल ने सरल और सहज भक्ति का मार्ग प्रस्तुत किया। मध्यकाल मे संत गुरु रविदास को निम्न जाति के लोगों ने अपनाया उन्होंने उन्हें अपना गुरु माना क्योंकि वो चमार जाति मे पैदा हुए थे और चमड़े से जूती 'श्रम' करते हुए अपनी साधना जारी रखते थे। अपनी आध्यात्मिक शक्ति से हर क्षेत्र मे अंधविश्वासी लोगों को हराते हुए साक्षात् दिखा दिया कि इंसान की पहचान जाति से नहीं गुणों से होती है।

''रविदास बामन न पूजिए जो होय गुनहीन।
पूजिए पैर चांडाल के, जो होय गुणप्रवीन॥''[3]

### *राजनीतिक परिवेश*

मध्यकालीन समाज जहाँ एक ओर धार्मिक प्रवृत्तियों से घिरा था, वहीं एक ओर राजनीतिक परिवेश में बहुत उथल-पुथल मचा हुआ था, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के शब्दों में कहें तो ''देश में मुसलमानों का राज्य प्रतिष्ठित हो जाने पर हिन्दू जनता के हृदय में गौरव, गर्व, और उत्साह के लिए वह अवकाश न रह गया। उनके सामने ही उनके देवमंदिर गिराए जाते थे, देवमूर्तियों को तोड़ा जाता था, पूज्य पुरुषों का अपमान किया जाता था और वे कुछ भी नहीं कर सकते थे। इतने भारी राजनीतिक उलटफेर के पीछे हिन्दू जनसमुदाय पर बहुत दिनों तक उदासी सी छायी रही। अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान की शक्ति और करूणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था?''[4] युद्ध, लूट और असुरक्षा की स्थिति बनी रहती थी। जनता पर करों का बोझ था। राजसत्ता का सीधा संबंध जनता के दु:ख-दर्द से नहीं था। राजनीतिक अस्थिरता सामाजिक जीवन को भी प्रभावित कर रही थी। संत रविदास का युग संक्रांति का युग था। हिन्दू और मुसलमान के बीच निरंतर ईर्ष्या और द्वेष का बोलबाला था। अंत: ऐसे परिवेश में अपने हृदय के आक्रोश, असहायता, निराशा, और दीनता को प्रभु के सम्मुख रखकर मन को शक्ति देने के अतिरिक्त और रास्ता क्या था? तत्कालीन समाज की स्थिति का वर्णन करते हुए संत रविदास कहते हैं कि-

''त्राहि-त्राहि त्रिभुवन पति पावन,
अतिशय शुल शकल बलि जाऊ।''[5]

### *साहित्यिक परिवेश*

भक्तिकालीन परिवेश में जो हो रहा था, वही संत कवियों के माध्यम से उनकी वाणियों और पोथियों में दिखाई देता है। भक्तिकालीन साहित्य का मुख्य उद्देश्य जहाँ एक ओर ईश्वर

भक्ति था वहीं संत कवियों ने भक्ति के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को खंडित करने का मार्ग निकाला, साहित्य का मुख्य उद्देश्य समाज में नैतिकता, समानता और करुणा की स्थापना करना था। इस काल में भक्तिकालीन भक्तों की दो धारायें विकसित हुईं। राम, कृष्ण सगुण भक्ति के साथ-साथ निर्गुण परंपरा के भक्त भी हुए जिन्होंने मूर्तिपूजा, अवतारवाद, तथा समाज में व्याप्त रूढ़ियों को इंगित किया और धार्मिक पाखंड को जोर-शोर से अपनी वाणी के माध्यम से उठाया और समाज को जागृत करने का प्रयास किया। भक्त कवियों ने जाति-पाति, पाखंड और आडंबर का विरोध किया तथा प्रेम, भक्ति और मानवता का संदेश दिया है। साहित्य लोकभाषा में रचा गया, जिससे जनसामान्य तक उसकी पहुँच बनी रही।

**संत रविदास की विचारधारा**

किसी भी समाज की गरिमा, वहाँ के जीवन मूल्य होते हैं। कह सकते हैं कि मानव समाज जैसे जैसे सुसंस्कृत होता गया, उसने अपनी आवश्यकता के अनुरूप मानव मूल्यों को स्वीकार करना आरंभ किया, यही उनकी सामाजिक दृष्टि थी। संत रविदास जी ने जिस मूल्यों को अपनी वाणी में स्थान दिया उससे केवल उनके इर्द-गिर्द ही प्रभाव नहीं पड़ा अपितु, उसका प्रभाव सर्वव्यापी सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। आपका जीवन भारतीय जीवन मूल्यों का ही विषम रूप है। आपका समग्र आचार-विचार लोक कल्याण की चेतना में अनुप्राणित हैं। आपने सभी जगह अपने आप को ब्रह्म का अंश एवं अंग स्वीकार किया है। जब आप धार्मिक विश्वास की बात करते हैं तब तो यह स्पष्ट हो जाता है कि आपने किसी एक धर्म को उसकी अनन्य धारणाओं के वजह से स्वीकार नहीं किया, बल्कि उसके उदारवादी पथ के कारण उसे अपने जीवन में स्थान दिया है। सच तो यह है कि जहाँ एक ओर आपने हिन्दू पूजा पाठ तथा कर्मकांड का विरोध किया वहीं दूसरी ओर मुस्लिम समाज के अंदर व्याप्त रूढ़ियों को भी आपने अपने साहित्य के माध्यम से मे उजागर किया है।

''मंदिर मसजिद दोउ एक हैं। इन महं अंतर नाही।
रैदास राम रहमान का, झगड़उ कोउ नाही॥''[6]

इसी प्रकार साम्प्रदायिकता का विरोध कर हिन्दू और मुसलमान के अंतर को समाप्त कर आपने सभी को एक दृष्टि से देखने का प्रयत्न किया है—

''हिंदू तुरक महि नाहीं कछु भेदा,
सभ महँ एक रत अरु मासा।
दोहू एकै दूजा को नाहीं, पेख्यो सोधि रविदासा॥''[7]

रविदास ने केवल अपने साहित्य के माध्यम से ही इन मूल्यों को प्रचारित प्रसारित नहीं किया बल्कि अपने सामान्य जीवन में भी ऐसा ही आचरण किया है। तथाकथित निम्न जाति से होने के कारण जहाँ एक ओर उन्होंने धार्मिक भेदभाव को अपने निजी जीवन में भी महसूस किया है। इस वजह से भी रविदास आडंबर प्रभाव धर्म की उपेक्षा कर वैयक्तिक आचरण को ही धर्म का मूल आधार माना है। आपने समाज में व्याप्त आडंबर का डट कर विरोध किया, आपने जन्म से किसी को ऊँचा या नीचा नहीं माना बल्कि अपने कर्मों से हर व्यक्ति अच्छा या बुरा होता है, इस पक्ष को समाज के सामने उजागर किया है। तथाकथित निम्न जाति के प्रति समाज में व्याप्त अवहेलना, उपेक्षा, संत्रास की भावना आपकी वाणी में प्रत्यक्ष दिखाई देती हैं।

''मेरी जाति कमीनी, पाति कमीनी, ओछा जनमु हमारा''[8]

**'बेगमपुरा' की परिकल्पना**

मध्यकालीन युग में संतों ने धार्मिक अंधविश्वास के स्थान पर कर्म को प्रधानता दिया है। गुरु महिमा, मर्यादा को महत्व, कर्मनिष्ठा, सामाजिक लोक कल्याण में विशेष ध्यान दिया है। रविदास की वाणी में जिस सामाजिक चेतना की बात कही गई है, यदि उस पर ध्यान दिया जाए तो वह आज भी समाज में प्रासंगिक है। साहित्यकार की कल्पना चाहे आकाश में विचरण करती रहे पर उसके पैर जमीन पर ही रहते हैं। रविदास जी का समय राजनीतिक दृष्टि से बहुत उथल-पुथल का समय था। ऐसे में रविदास की 'बेगमपुरा' रचना उनकी सामाजिक दृष्टि का चरमोत्कर्ष रूप है। 'बेगमपुरा' के माध्यम से संत रविदास एक ऐसे नगर की परिकल्पना करते हैं जहाँ न दु:ख है, न भय है, न कर है और न ही सामाजिक विभाजन है।

''बेगम पुरा शहर कौ नाऊं , दुखू अंदोह नहीं तिहि ठाउ।''[9]

बेगमपुरा को आपके सपनों का भारत कह सकते हैं। बेगमपुरा, जहाँ सभी लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। जहाँ धार्मिक, जातिगत भेदभाव नहीं बल्कि कर्म और मनुष्यता को महत्व दिया जाता है। बेगमपुरा में श्रम साधना और आत्मनिर्भरता के विषय में भी बात कही गई है। क्योंकि आप जानते थे, बिना आर्थिक संरचना के भारतवर्ष के उज्ज्वल भविष्य की कामना नहीं किया जा सकता। यही एकमात्र उपाय है, जिससे भारत में गरीबी के विरुद्ध लड़ाई लड़ी जा सकती है। रविदास कहते हैं कि ऐसे हाथ में हाथ रखकर कुछ

नहीं होगा, सभी समस्या को केवल उबासियाँ लेकर चिंतामग्न होकर नहीं सुलझाया जा सकता है। इसके लिए हमें अपने कर्म पर ध्यान देना होगा,यह श्रम साधन ही ईश्वर भक्ति हैं।

''रविदास श्रम करि खाइहि, जौ लों पार बसाइ।
नेक कमाई जउ करै, कबहुँ न निफल जाइ॥''[10]

बेगमपुरा की भवना के अनुसार धन संग्रह का विरोध, रोटी, कपड़ा, मकान का महत्व, समाज में हर वर्ग को खाने पहनने, रहने का समान अधिकार होना चाहिए, यह समस्या सिर्फ रविदास जी के समय नहीं, वर्तमान में भी व्याप्त है।

''ऐसा चाहौं राज मै, जहाँ मिलै सबन को अन्न।
छोट-बड़ों सब सम बसैं, रविदास रहैं प्रसन्न॥''[11]

निंदा, शोषण और स्वार्थ का लोप आपकी चिंतन का एक महत्वपूर्ण बिन्दु है, आपके कथनानुसार जो मनुष्य निंदा रस में डूबा रहता है, वह चाहे कितना ही दान, धर्म, तीर्थ, व्रत क्यों ना कर ले उसका पुण्य उसे नहीं मिल सकता है।

''निंदा कहा करहु संसारा, निंदक का परगटि पहारा॥''[12]

समाज सुधार तभी संभव हैं, जब मनुष्य के सोच में सुधार होगा। यही धारणा है कि व्यक्तिगत चरित्र, सरलता तथा सहजता पर बल देते हुए सदा सत्य कहने, श्रम साधना, करने और विनम्रतापूर्वक जीवन व्यतीत करने पर बल दिया गया है। इन सब प्रवृत्तियों के बाद ही बेगमपुरा की परिकल्पना पूरी होगी-

''बेगम पुरा शहर कौ नाउं, दुखू-अंदोह नहीं तिहिं ठांउ।
ना तसवीस खिराजु न मालु,
खउफु न खता न तरसु जवालु॥
अब मोहि खूद वतन गह पाई, ऊंहा खैरी सदा-मेरे भाई।
काइमु दाइमु सदा पातसाही, दोम न सेम एक सो आही॥
आबादानु सदा मसहूर, ऊँहा गनी बसहि मामूर।
तिउ तिउ सैल करहि जिउ भावै,
महरम महल न कौ अटकावै।
कहि रैदास खलास चमारा,
जो हम सहरी सु मीत हमारा॥[13]

संत रविदास की 'बेगमपुरा' कविता मध्यकालीन हिंदी साहित्य की उन कुछ रचनाओं में है, जहाँ काव्य केवल आध्यात्मिक अनुभूति तक सीमित नहीं रहकर, सामाजिक चिंतन का सशक्त माध्यम बन जाती है। यह कविता एक ऐसे आदर्श समाज की परिकल्पना प्रस्तुत करती है, जो मध्यकालीन सामंती, जातिगत और शोषणपरक व्यवस्था के पूर्णत: खिलाफ है।

''बेगमपुरा शहर कौ नाउं, दुखू-अंदोह नहीं तिहिं ठांउ।''[14]

इस पंक्ति में बेगमपुरा को एक ऐसे नगर के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जहाँ समाज का हर वर्ग सुख, समृद्धि तथा बिना पीड़ा के अपना जीवन व्यतीत कर रहा है। आधुनिक परिवेश में देखा जाए तो यह पंक्ति एक ऐसे समाज की परिकल्पना पर बल देती है जहाँ व्यक्ति न तो धर्म, जाति, ऊँच-नीच के बंधन से मुक्त है। यहाँ दुख व्यक्तिगत कष्ट नहीं बल्कि सामाजिक अन्याय, आर्थिक शोषण और जातिगत उत्पीड़न है।

''अब मोहि खूब वतन गही पाई,
ऊँच-नीच महि नाहीं कोई।''[15]

यह पंक्ति इस रचना की वैचारिक आत्मा है, यहाँ रविदास सामाजिक समानता की बात करते हैं। यहाँ न कोई ऊँची जाति का है, ना नीची जाति का है। सामाजिक विमर्श की दृष्टि से देखा जाए तो यह पंक्ति सामाजिक समानता और मानवाधिकार की घोषणा करती है। रविदास का बेगमपुरा कोई भगौलिक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं बल्कि एक वैचारिक और नैतिक समाज है। जहाँ मनुष्य की पहचान किसी वर्ग से नहीं मनुष्यता से निर्धारित होती है।

**निष्कर्ष**

उपयुक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि रविदास जी का चिंतन और उनके रोजमर्रा जीवन में कोई अंतर नहीं था। मध्यकालीन समाज में अपनी वाणी के माध्यम से समाज के सभी वर्गों के समानता की भावना के लिए अपना विचार प्रकट करना बहुत बड़ा संकल्प था। आप जीवन पर्यंत ऐसे समाज की संरचना में संलग्न रहें, जहाँ पारस्परिक भेदभाव, घृणा, वैमनस्य एवं आडंबर का स्थान नहीं था। संत रविदास की यह रचना केवल भक्ति, काव्य नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय, मानव गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों की वैचारिक प्रस्तावना भी है। इसी कारण 'बेगमपुरा' आज भी सामाजिक विमर्श, दलित अध्ययन और आधुनिक लोकतांत्रिक चिंतन में अत्यंत प्रासंगिक बनी हुई है। ऊँच-नीच की व्यवस्था ने लाखों लोगों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित कर रखा था, तथा नीची जाति वालों को पशुओं से भी हेय और घृणित जीवन बिताने के लिए मजबूर कर दिया था। वह स्थिति आज भी बहुत कुछ यथावत है। तत्कालीन समाज में नीची जाति की स्थिति अत्यंत सोचनीय थी, यही देखकर रविदास ने कहा मानव सब बराबर है, उनकी दृष्टि में ऊँच-नीच का कोई भेद नहीं है।

**शोधार्थी, हिन्दी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

**सन्दर्भ सूची**


1. डॉ. श्यामसुंदर दास, रविदास पदावली, लोकभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ–43
2. वही, पृष्ठ–67
3. वही, पृष्ठ–71
4. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास, दूसरा संस्करण, पृष्ठ–55
5. गौतम मीरा, गुरु रविदास : वाणी एवं महत्व, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ–28
6. वही, पृष्ठ–32
7. वही, पृष्ठ–45
8. डॉ. धर्मवीर, कबीर और रविदास की काव्य चेतना, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ–65
9. वही, पृष्ठ–55
10. डॉ. श्यामसुंदर दास, रविदास पदावली, लोकभारती प्रकाशन, वाराणसी
11. डॉ. बाबुराम, संत रविदास की काव्य चेतना, वाणी प्रकाशन, पृष्ठ–88
12. वही, पृष्ठ–102
13. वही, पृष्ट–102
14. वही, पृष्ठ–106
15. कमलेश कुमारी रवि, क्रांतिकारी संत शिरोमणि गुरु रविदास, पृष्ठ–98


**आधार ग्रंथ**


1. रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास
2. डॉ. श्यामसुंदर दास, रविदास पदावली
3. संत रविदास, डॉ. धर्मवीर
4. संत काव्य, परशुराम चतुर्वेदी

# गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों में समकालीन बोध



रवितोष कुमार पाण्डेय


## शोध सार

प्रस्तुत शोध पत्र गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों के माध्यम से 'समकालीन बोध' का सूक्ष्म विश्लेषण करता है। शोध का मुख्य उद्देश्य यह पड़ताल करना है कि मिश्र ने अपने कथा-साहित्य में मध्यवर्गीय जीवन की विसंगतियों, बदलते मानवीय मूल्यों और सामाजिक-मनोवैज्ञानिक द्वंद्वों को किस प्रकार चित्रित किया है। शोध के अनुसार, समकालीनता केवल समय में उपस्थित रहने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लेखक का अपने युग और परिवेश के प्रति एक जागरूक, सार्थक एवं सजग हस्तक्षेप है। गोविंद मिश्र की कहानियाँ 'सुनंदो की खोली' और 'कचकौंध' के माध्यम से महानगरीय जीवन की भौतिक दरिद्रता, प्रशासनिक संवेदनहीनता और सांस्कृतिक भटकाव को उजागर करती हैं। वहीं, 'पगला बाबा' और 'मायकल लोबो' जैसी कहानियाँ क्रमश: आधुनिकता की अंधी दौड़ में मनुष्य के 'लावारिस' होने की त्रासदी और व्यसन के कारण हो रहे पारिवारिक विघटन के साथ-साथ आत्म-सुधार की जिजीविषा को रेखांकित करती हैं। गोविंद मिश्र अपनी कहानियों में आधुनिकता के दबाव में टूटते-बिखरते मध्यवर्गीय मनुष्य के अंतर्द्वंद्व और मानवीय गरिमा के संघर्ष को आधुनिक शिल्प के साथ प्रस्तुत करने में पूर्णत: सफल रहे हैं।



## बीज शब्द

मानवीय मूल्य, भौतिकवाद, आधुनिकता, महानगरीय बोध, शहरीकरण, प्रशासनिक संवेदनहीनता, मूल्य सापेक्षता, मध्यवर्गीय विसंगतियाँ, कालबोध, आदिम करुणा।


## आलेख

साहित्य-इतिहास में कहानी का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। आलोचकों ने इसे जीवन को समझने की कला एवं एक साहित्यिक विधा के रूप में ग्रहण किया है। हिन्दी के विश्व प्रसिद्ध कथाकार प्रेमचंद और रूस के महत्त्वपूर्ण कहानीकार मैक्सिम गोर्की भी कहानी को मानव जीवन का अभिन्न अंग मानते थे। इसी का परिणाम है कि जब भी साहित्य के इतिहास पर विचार होता है, उसमें कहानी और उसके इतिहास एवं कहानी में अभिव्यक्त मानव-जीवन के यथार्थ को धरातल पर अलग से समझने की कोशिशें होती रही हैं। विशेषकर जब हम गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों को देखते हैं, तब यह प्रश्न और भी गहरा हो जाता है कि उन्होंने समकालीन जीवन की जटिलताओं को अपनी कहानियों में किस सीमा तक आत्मसात किया है? उनकी कहानियाँ 'समकालीन बोध' के किन अनछुए पहलुओं को उजागर करती हैं और क्या वे आज के मनुष्य की संवेदनात्मक बेचौनी का सटीक दस्तावेज प्रस्तुत करने में सफल रही हैं?

बीसवीं सदी के आरंभ से हिन्दी कहानी की जो विकास-यात्रा प्रारंभ हुई वह अनेक पड़ावों से गुजरती हुई समकालीन समय तक पहुँची। अनेक मार्गों से गुजरने से जहां वह सशक्त हुई वहीं उसकी पहचान परिवर्तित होती रही। तब क्या इससे इंकार किया जा सकता है कि समकालीन हिन्दी कहानीकारों ने भी इसमें कुछ नया न जोड़ा हो? समकालीन समय व समाज में घटित परिवर्तन एवं विकास की प्रक्रियाओं ने उनकी कहानी की दुनिया को प्रभावित न किया हो? क्या समकालीन हिंदी कहानी समकालीन समय के दबाव मुक्त रही होगी? क्या इस परिवेश में निर्मित मनुष्य और समाज के अंतर्संबंधों को गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों के माध्यम से समझा जा

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

सकता है? इस शोध का मुख्य उद्देश्य यह पड़ताल करना है कि गोविंद मिश्र ने अपनी कहानियों में समकालीन बोध के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक द्वंद्व को किस प्रकार चित्रित किया है? साथ ही, यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि उनके कथा-साहित्य में मध्यवर्गीय जीवन की विसंगतियां और बदलते मानवीय मूल्य समकालीनता के किन नए प्रतिमानों को स्थापित करते हैं?

समकालीन शब्द का प्रयोग बीसवीं सदी के सातवें दशक में हिंदी आलोचना के क्षेत्र में प्रयुक्त होने लगा। इससे पूर्व इस पद का इस्तेमाल इतना अधिक नहीं हुआ था। विद्वानों ने समकालीनता को अपने-अपने दृष्टिकोण से व्याख्यायित और विश्लेषित किया है और आज भी कर रहे हैं। परंतु यह आश्चर्यजनक है कि उसकी एक सर्वमान्य सैद्धांतिक व्याख्या अभी तक नहीं हो पाई है। ऐसा होने की पृष्ठभूमि में कौन सी जटिलताएं हैं? क्यों इस पद को लेकर अभी भी भ्रामक स्थिति बनी हुई है? कभी इसे समसामयिक समझा जाता है तो कभी तात्कालिक! कुछ आलोचक इसे मूल्य सापेक्ष स्थिति में देखते हैं तो कुछ आलोचक इसे समय सापेक्ष मानते हैं। परंतु इसके वस्तुगत कारणों पर प्रकाश नहीं डालते! कुछ आलोचक इसे समय को देखने की खास दृष्टि भी मानते हैं। कुल मिलाकर समकालीन की निश्चित एवं सर्वमान्य परिभाषा अभी भी दूर की कौड़ी है। इसकी सिद्धांतिकी विकसित नहीं हो पाई है। ऐसे ही समकालीन कहानी का अर्थ क्या है? इसकी विकास प्रक्रिया या इतिहास क्या और कैसा रहा है? इस पर भी अनुसंधान की आवश्यकता बराबर बनी हुई है। इसके स्वरूप के निर्धारण को लेकर भी अभी भी विद्वानों में पर्याप्त मतभेद है। ऐसी स्थिति में इस विषय पर शोध करना क्या प्रासंगिक नहीं है?

**समकालीनता का अर्थ**

हिन्दी में समकालीनता शब्द आंग्ल भाषा के विशेषण परक 'कण्टेम्परेनियस' Contemporanceous अथवा 'कण्टेम्परेनिटि' Contemporaneity शब्दों के रूप में प्रचलित है। जिसका अर्थ है, 'एक ही समय में घटने वाला' या 'समान काल में विद्यमान' (Existing or occurring at the same time).[1]

डॉ. रवीन्द्र भ्रमर ने समकालीन शब्द के तीन अर्थ दिये हैं (1) काल विशेष से सम्बद्ध, (2) व्यक्ति विशेष के काल यापन से सम्बद्ध, (3) साहित्य, समाज अथवा प्रवृत्ति विशेष से संश्लिष्ट काल खंड।[2]

समय या काल यापन की दृष्टि से समकालीनता शब्द की लघुतम व्याप्ति एक क्षण में भी सिमट सकती है। व्यक्ति विशेष की दृष्टि से समकालीनता का अन्वेषण करने पर तो उसकी संपूर्ण आयु का कालखण्ड ही इसकी सीमा में आ जाता है। साहित्य के मूल्याँकन की दृष्टि से किसी भी लेखक, कवि, साहित्यकार अथवा आलोचक के लेखन काल में व्याप्त प्रवृत्तियों के परिप्रेक्ष्य में इसका निर्धारण किया जा सकता है।

समकालीन शब्द विशेषण है और समकालीनता भाववाचक संज्ञा है। किसी व्यक्ति के समय या किसी कालखण्ड में प्रचलित या व्याप्त प्रवृत्तियों या स्थितियों को उस व्यक्ति के समकालीन माना जा सकता है और इन प्रवृत्तियों या स्थितियों के होने का भाव समकालीनता है।

अशोक सिंह समकालीनता को समसामयिकता से अलग करके देखते हैं। उनके अनुसार, ''समकालीनता का अर्थ समसामयिकता नहीं होता। तात्कालिकता से इसका अर्थ लेने से इसका अर्थ संकुचित हो जाता है। वस्तुतः समकालीनता एक व्यापक एवं बहुआयामी शब्द है और आधुनिकला का आधार तत्व है। जो समकालीन है, वह आधुनिक भी हो, यह आवश्यक नहीं किन्तु जो आधुनिक चेतना से संचालित दृष्टि है, वह निश्चित रूप से समकालीन भी हो सकती है। इसी संदर्भ में समकालीनता के अर्थ एवं तात्पर्य को थोड़ा व्यापक करके ही गृहीत करना चाहिए।।''[3]

समकालीनता से तात्पर्य है किसी रचनाकार का अपने समय के प्रति जागरुक, सार्थक एवं सजग हस्तक्षेप। लेखक अपने युग एवं परिवेश को छोड़कर अपनी कृति को प्रासंगिकता एवं सार्थकता प्रदान नहीं कर सकता है। अपने समय के विशेष संदर्भो से प्रभावित लेखकों की रचना में अगर उसका परिवेश नहीं आता है तो उसको समकालीनता संदिग्ध मानी जायेगी। समकालीनता मूल्य सापेक्ष भी है।

मनुष्य की नियति से ज्यादा उसकी स्थिति की चिंता है। आज उसको स्थिति क्या है? उसकी चिंता अधिक है। आज की चिंता, परिवार, समाज, देश-दुनिया और पर्यावरण को लेकर है। वर्तमान के इन्हीं संकटों की चिंता और उनको समझने की कोशिश समकालीनता है।

समकालीनता समय में उपस्थित रहने मात्र से नहीं बल्कि युग चेतना से संबद्ध होने से प्राप्त होती है। ''समकालीनता पद में आज हमारे विविध ज्ञानात्मक संवेदनों के परिप्रेक्ष्य का

व्यापक अर्थ अंर्तनिहित है। समकालीनता केवल दैहिक जीवन काल की ही नहीं, वैचारिक चिंतन धरातल व दर्शन-संबंधी सौंदर्यबोधी सृजनात्मकता की भी होती है।''[4]

प्रत्येक लेखक का अपना दृष्टिकोण हैय समाज व राजनीति को देखने का। किंतु समकालीनता एक ही समय में एक साथ रहने वाले लेखक के लिए समान नहीं हो सकती है। उदाहरण के तौर पर पंत कम समकालीन है जबकि निराला में समकालीनता अधिक है। समकालीनता एक सातत्य अवधारणा है, साथ ही यह एक ऐतिहासिक स्थिति भी है। समय के बदलते क्रम में प्रत्येक दौर की अपनी मुख्य प्रवृत्तियाँ चुनौतियाँ, समस्याएँ होती हैं। इन समस्याओं की अभिव्यक्ति आंदोलन के जरिए हो या बगैर आंदोलन के। जहां से या जिस भी समय से बदलाव के ऐसे संकेत मिलते हैं और नए रुख की स्थिति उत्पन्न होती है वहीं से समकालीनता का प्रस्थान बिंदु माना जा सकता है। हिंदी साहित्य जगत में 'समकालीन' जैसे शब्दों का शोर सन् 1960 के नेहरू युग से सुनाई पड़ी। यह मोहग्रस्त काल था, इससे पहले हिंदी कविता में नई कविता आंदोलन ने इस मोह भंग, आत्मनिर्वासन, अकेलापन, विसंगति-विद्रूपता आदि को अभिव्यक्ति दी।

आधुनिकता जहां मूल्य, दृष्टि, व बौद्धिक गतिशील परंपरा है जो मूल्य आधारित विचार के रूप में अधिक सामने आती है वही समकालीनता काल विषयक धारणा के अधिक निकट है जो अपने समय के सत्य को प्रस्तुत करती है अर्थात् वर्तमान के सत्य को। समकालीनता में वर्तमान की पीड़ा मौजूद है और उसी पीड़ा की अभिव्यक्ति समकालीन कवि करता है।

समकालीनता सिर्फ संज्ञावाचक नहीं है बल्कि मूल्य सापेक्ष भी है। जहाँ एक ओर श्कालबोधश की भावना है तो दूसरे ओर 'शाश्वतता' की भावना। कवि लेखक या उन जीवंत समस्याओं को पकड़ने की कोशिश करता है जिनसे वह निरन्तर रोज जूझ रहा है। अपने समय में व्याप्त इन केन्द्रीय समस्याओं का सार्थक हस्तक्षेप श्समकालीनता है।

गोविन्द मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों में समकालीनता की अवधारणा के निम्नांकित बिन्दु की तलाश अपेक्षित है। ''देशकाल का बोध, राजनैतिक चेतना, बौद्धिकता, विवेकशीलता, संयम और संतुलन, गहरी मानवीय संवेदना, जीवनधर्मिता, अवैयक्तिकता, लोकोन्मुखता, प्रकृति और वस्तुजगत की स्वायत्तता और उनके साथ मनुष्य का गैर भावुक किन्तु मानवीय जनतांत्रिक रिश्ता।''[5]

गोविन्द मिश्र समकालीन कहानी के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर हैं। सन् 1967 से वे लगातार सृजनशील हैं। उनकी प्रतिनिधि कहानियों 'जनतंत्र', 'आल्हखंड', 'शुरआत', 'कचकौंध', 'फॉस', 'खाक इतिहास', 'मुझे घर ले चलो', 'वरणांजलि', 'पगला बाबा', 'मायकल लोबो' इत्यादि कहानियों में सामाजिक व राजनैतिक यथार्थ देखने को मिलता है। गोविंद मिश्र जी की कहानियाँ विभिन्न जीवन संदर्भो में गहरी मानवीय पीड़ा को चित्रित करती हैं। वे पीड़ितों के माध्यम से समाज में व्याप्त संवेदनहीनता और अमानुषिकता को अपनी कहानियों के माध्यम से व्यक्त करते हैं। उनकी कहानियों में कहीं न कहीं प्रतिरोध की चेतना भी दृष्टिगत होती है। वे जीवनानुभवों की रोशनी में अपनी कथाओं की पृष्ठभूमि और पात्रों का सृजन करते हैं। उनके पात्रों में बनावटीपन नहीं है। उनकी कहानियाँ मध्यवर्गीय समाज की विसंगतियाँ, असंतोष, स्वप्न, आशा निराशा इत्यदि त्रासदियों को रेखांकित करती है।

गोविन्द मिश्र ने अपनी रचना 'सुनंदो की खोली' में महानगरीय बोध के भाव को चित्रित किया है। बंबई के 'चाल' में जीवन व्यतीत करते लोगों के संघर्षो का उन्होंने बड़ी सूक्ष्मता से चित्रण किया है। महानगर बंबई में श्चालश का अपना अलग वैशिष्ट्य होता है। 'चाल' वहाँ उस इमारत को कहते हैं जिसकी कई मंजिलें और हर मंजिल पर कई कमरे होते हैं। एक-एक कमरे में एक-एक परिवार रहता है।

सुनंदो की यह खोली पचास साल पहले उसके पिता ने ली थी, जिसमें आज उनकी पाँच संतानें रहती हैं। बड़ा लड़का कमाता है और बाकी लोग उस पर आश्रित हैं। सभी भाई चालीस की उम्र पार कर चुके हैं और बहन तीस को छू रही है। चूंकि बड़े भाई का विवाह नहीं हुआ, इसलिए शेष भाई-बहनों के भी विवाह नहीं हुए। घर की व्यवस्था ऐसी थी कि बड़ा भाई पलंग पर सोता था और शेष जमीन पर।

एक भाई चित्रकार था, तो दूसरा दिन भर पूजा-पाठ में लीन रहता था; वहीं एक भाई उतना ही काम करता था जितना उसे बोला जाता था। वे न कमाने का प्रयास करते थे और न ही कभी घर के बाहर जाते थे। ''सभी में कोई न कोई विशेष बात है। फिर भी वे सब एक कोने में पुराने लत्तों से पड़े हैं.... सिर्फ इसलिए कि उन्होंने कमाना नहीं सीखा? क्या पैसा ही इष्ट है जीवन का? यह नहीं है तो तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा, आदमी होने की इज्जत भी नहीं?''[6]

फिर भी, उन पर इन बातों का कोई असर नहीं होता। वे

उम्र में बड़े तो हो गए, किंतु और भी ज्यादा आश्रित होते चले गए। ''अब वे निष्क्रियता पर आ पहुँचे हैं। बीमारी घर भर में फैलती जा रही है, बड़े ही हैं जो खटते हैं बाकी सब बैठे-बैठे खा रहे हैं। उन पर पिस्सुओं की तरह चिपके हैं।''[7] सुनंदो ने स्वयं से सवाल किया कि क्या जिंदगी का यही खाका है और क्या इसके अलावा कुछ नहीं किया जा सकता? किया तो जा सकता है पर कोई करे तब। स्वयं सुनंदो क्या करता है?

गोविंद मिश्र की कहानी 'सुनंदो की खोली' बंबई की 'चाल' में रहने वाले परिवारों के संघर्षमय जीवन और वहां की वस्तुस्थिति का अत्यंत बारीक चित्रण करती है। विकास की चकाचौंध के बीच यह संकुचित जीवन एक गंभीर प्रश्न खड़ा करता है, जहाँ अनियमितताओं के कारण अनगिनत युवा 'खोली' के कुंठापूर्ण वातावरण में तिल-तिल कर खत्म हो जाते हैं। ये प्रसंग न केवल समकालीन समय के कड़वे सच को उजागर करते हैं, बल्कि गोविंद मिश्र की उन चिंताओं को भी रेखांकित करते हैं जो शहरीकरण की विभीषिका में पिसती मनुष्यता को लेकर हैं।

इसी तरह, गोविंद जी की 'कचकौंध' महानगरीय बोध पर आधारित एक सफल और सशक्त कहानी है। इसके मुख्य पात्र पंडित जी, जब तीस वर्ष बाद दिल्ली आते हैं, तो महसूस करते हैं कि दिल्ली शहर में कितना परिवर्तन हो गया है। शहर की स्थिति पर वे गौर करते हैं कि - ''ज्यादातर सड़कों पर भीड़-भाड़ है। तिसके ऊपर आए दिन कोई-न-कोई जलूस कोई धरना। बसों में ऐसी झींकातानी है कि मजाल है, कोई निर्बल चढ़ जाए। एक-दो बार उन्होंने कोशिश की यह जरूर है कि जहाँ जाना है, अजरिन-फजरिन पहुँच गए, पर पाँव धरने की भी जब जगह मिले तब न? और कहाँ तक खाली बस की राह जोहते रहो। जो आती है ठसाठस भरी।''[8]

दिल्ली की भीड़ भरी जिंदगी और व्यस्तता के बीच वे अपनी ग्राम्य संस्कृति को याद करते हुए अपने लड़के से कहते हैं कि ''किसी को खाने-पीने की फुरसत ही नहीं है। भागते-दौड़ते जो भी सामने आया, दूँसा और दै भगे। और भाई, कहाँ के लिए इतनी जल्दी है। अगर ऐसा ही कुछ महत्त्व का करते होते, तो देश की यह गति होती?''[9]

निश्चित तौर पर, 'सुनंदो की खोली' और 'कचकौंध' जैसी कहानियाँ एक-दूसरे की पूरक हैं। जहाँ एक भौतिक दरिद्रता और संघर्ष की कहानी है, वहीं दूसरी मानसिक और सांस्कृतिक भटकाव की। दोनों ही महानगरीय यथार्थ को पूर्णता प्रदान करती हैं।

गोविंद मिश्र की कहानी 'पगला बाबा' कहानी में निरुद्देश्य काम करने वाले समाज सेवक का चित्रण है। पूरी कहानी एक ही केंद्रीय पात्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसका नाम श्पगला बाबाश है। कहानीकार ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है - ''छड़ी-सा शरीर, गेंदे के मोटे-मोटे फूलों से लदा, कमर से नीचे झूलता लाल रंग का गमछा, नीचे लंगोट रक्तिम चेहरे पर बिखरी खिचड़ी दाढ़ी, माथे पर भभूत और सिर पर दूल्हे वाला मोर। एक हाथ में घंटी और दूसरे में भिक्षापात्र।''[10]

उनका यह नामकरण स्थानीय लोगों ने किया है। उनके आगे-पीछे (परिवार में) कोई नहीं था। एक दिन उन्होंने घाट पर एक अज्ञात महिला का शव देखा, जहाँ अंधेरा होने तक कोई भी वारिस नहीं आया। उस लावारिस लाश का क्रिया-कर्म करने के लिए उन्होंने स्वयं लकड़ियाँ इकट्ठी कीं, आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और विधि-विधान से दाह-संस्कार किया। यह सब उन्होंने किसी अनजान व्यक्ति का शव न मानकर, अपने ही किसी सगे-संबंधी का मानकर किया। उसी शाम उन्हें अपने जीवन का वास्तविक धर्म मिल गया - जिसका कोई नहीं, उसके वे सब कुछ बन गए।

उस घटना के बाद से, जब भी शहर में किसी लावारिस शव की सूचना मिलती है, वे तुरंत वहां पहुंच जाते हैं। वे पूरे सम्मान और विधि-विधान के साथ उसका अंतिम संस्कार करते हैं। इस सेवा के पीछे उनका कोई निजी लाभ या लालच नहीं है; वे इसे केवल मानवता के धरातल पर करते हैं। दिन में कई-कई बार यह कठिन कार्य करने के बावजूद ये कभी थकते नहीं हैं और निरंतर अपने सेवा-पथ पर अग्रसर रहते हैं। लोग उनके संदर्भ में कहते हैं - ''कर्म से डोम, फिर भी अस्पृश्य नहीं मानते लोग। कहते हैं पगला बाबा का कलेजा गजब का है। कोई कहता शिवाजी के गण हैं, कोई उन्हें काशी के कोतवाल बाबा भैरवबाबा का अवतार बताता है।''[11]

मंदिर गए उन्हें बरसों बीत चुके हैं, परंतु उन्हें अपना यह सेवा-कर्म ही प्रभु की सच्ची आराधना लगता है। वे स्वयं बीमार होने पर भी लावारिस प्रेतों की ही चिंता करते हैं। वस्तुत:, ऐसी नि:स्वार्थ समाज सेवा का उदाहरण समाज में विरल ही मिलता है।

गोविंद मिश्र की यह कहानी समकालीन समाज की उस विसंगति को उजागर करती हैं जहाँ विकास की अंधी दौड़ में

मनुष्य 'लावारिस' होता जा रहा है। वहाँ पगला बाबा का चरित्र केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस संस्थानिक रिक्तता को भरने वाली इकाई के रूप में उभरता है जिसे आधुनिक राज्य और समाज ने त्याग दिया है। उनके माध्यम से लेखक ने यह प्रतिपादित किया है कि समकालीनता का अर्थ केवल आधुनिक होना नहीं, बल्कि उस आदिम करुणा को बचाए रखना है जो मनुष्य को 'मनुष्य' बनाए रखती है। बाबा का कर्मकांडों से दूर रहकर शवदाह को ही 'प्रभु सेवा' मानना, वर्तमान दौर के धर्म के बाजारीकरण और प्रदर्शनवाद को चुनौती देता है, जिससे यह कहानी आज के समय में और भी प्रासंगिक हो जाती है।

'मायकल लोबो' आज के दौर के यथार्थ को उजागर करने वाली कहानी है। यह कहानी एक ऐसे व्यक्ति के पतन और फिर सुधार की गाथा है, जो अपनी बुरी आदतों के कारण जीवन के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया था। मुख्य पात्र मायकल लोबो पेशे से एक सफल वकील है और उसके पास धन-संपत्ति की कोई कमी नहीं है, लेकिन वह शराब के व्यसन में पूरी तरह डूबा रहता है। नशे की इस लत ने न केवल उसके शरीर को जर्जर कर दिया, बल्कि समाज और परिवार के बीच उसकी गरिमा को भी धूल में मिला दिया। लेखक ने मायकल लोबो की शारीरिक दुर्दशा का वर्णन करते हुए लिखा है : "गोया कि पैंट-कमीज-कोट में कोई बाँस एक पतला टुकड़ा गलती से डाला गया और डालकर भूल गया। रंग धुर काला, सिगारेट पी-पीकर और भी काला। काले के ऊपर पीलेपन की गोट। दाँत.... अँधेरे में चमकती हुई कोई सफेद लहर नहीं बल्कि ढहती हुई इमारत की जहाँ-तहाँ से उखड़ती ईंटे। हाँथ-पैर लुंजपुंज।"[12]

इसके बाद लोबो के जीवन में एक बड़ा मोड़ तब आता है जब वह लोबो शराब के नशे में चूर होकर रास्ते में गिर जाता है। जब उसकी बेटी उसे उठाकर घर ला रही होती है, तब वह उससे कहती है, "पापा, मैं कब तक आपको इस तरह उठाती रहूँगी?" बेटी के इस कथन का लोबो पर गहरा प्रभाव पड़ता है और वह शराब छोड़ने का दृढ़ निश्चय कर लेता है। आगे चलकर उसने अपने जीवन का उद्देश्य बदल लिया और खुद के कड़वे अनुभवों से दूसरे शराबियों को शराब छोड़ने के लिए प्रेरित करना शुरू किया। उसकी यह कोशिश निस्वार्थ मानवीय सेवा का एक अनुपम उदाहरण बन गई।

इस कहानी का समकालीन बोध मुख्य रूप से व्यसन और पारिवारिक विघटन के अंतर्सबंधों को दर्शाता है। आज के भौतिकवादी युग में, जहाँ सफलता का पैमाना केवल धन और पद माना जाता है, यह कहानी याद दिलाती है कि नैतिक और शारीरिक पतन किसी भी उपलब्धि को शून्य कर सकता है। लेखक ने लोबो की शारीरिक दुर्दशा के माध्यम से उस खोखलेपन को दर्शाया है, जिसमें आधुनिकता की आड़ में पनप रही नशे की आदतें व्यक्ति के अस्तित्व को शून्य बना देती हैं।

गोविंद मिश्र की कहानी 'कचकौंध' समकालीन जीवन के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए व्यक्ति और समाज के अंतर्सबंधों को गहराई से उजागर करती है। इस कहानी के संदर्भ में सुधीर चंद्र लिखते हैं "यह कहानी, शिल्प, शैली और कथ्य की दृष्टि से आधुनिक हिंदी कथा-साहित्य की एक उपलब्धि है।"[13]

कहानीकार ने एक बुजुर्ग अध्यापक के पात्र के माध्यम से व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राजनीतिक यथार्थ को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया है। यह यथार्थ त्रासद स्थितियों से भरा हुआ है, जिसका सीधा और नकारात्मक प्रभाव उस वृद्ध शिक्षक के जीवन पर पड़ता है। इस पात्र की त्रासदी का विस्तार जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव इस कदर है कि स्कूलों की छत से पानी टपकता है, सड़कें नालों में तब्दील हो गई हैं और ट्रेनों व बसों में आम आदमी के लिए जगह नहीं है। एक ओर राजधानी में भव्य महलों का निर्माण हो रहा है, तो दूसरी ओर आम जनता के लिए दवाइयाँ तक बेअसर साबित हो रही हैं। सत्ता और प्रशासन की संवेदनहीनता का आलम यह है कि मंत्री सम्मेलनों में और अधिकारी बैठकों में व्यस्त व मदमस्त हैं। निजी स्वार्थ की होड़ ने देश की प्रगति को बाधित कर दिया है। आए दिन होने वाली हड़तालें, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनुशासनहीनता व्यवस्था के खोखलेपन को दर्शाते हैं। इन तमाम विसंगतियों के बीच बूढ़ा अध्यापक स्वयं को बेहद असहाय और पीड़ित महसूस करता है। इस प्रकार, यह कहानी वर्तमान देश के राजनीतिक, सामाजिक और व्यक्तिगत परिवेश का एक जीवंत एवं यथार्थवादी चित्रण पेश करती है।

**निष्कर्ष**

समकालीनता समय में उपस्थित रहने मात्र से नहीं बल्कि युग चेतना से संबद्ध होने से प्राप्त होती है। समकालीनता से तात्पर्य है किसी रचनाकार का अपने समय के प्रति जागरुक, सार्थक एवं सजग हस्तक्षेप। समकालीनता मूल्य सापेक्ष भी है।

मनुष्य की नियति से ज्यादा उसकी स्थिति की चिंता है। आज उसकी स्थिति क्या है? उसकी चिंता अधिक है। आज की चिंता, परिवार, समाज, देश-दुनिया और पर्यावरण को लेकर है। वर्तमान के इन्हीं संकटों की चिंता और उनको समझने की कोशिश समकालीनता है।

गोविंद मिश्र की प्रतिनिधि कहानियों का अनुशीलन करने पर यह स्पष्ट होता है कि उनके यहाँ 'समकालीनता' केवल एक कालखंड की गणना नहीं, बल्कि युग-बोध के साथ एक गहरा वैचारिक और संवेदनात्मक सरोकार है। 'सुनंदो की खोली' और 'कचकौंध' जैसी रचनाओं के माध्यम से वे भौतिक विकास की चकाचौंध के पीछे छिपी उस दरिद्रता और प्रशासनिक संवेदनहीनता को बेनकाब करते हैं, जहाँ आम आदमी केवल एक श्संख्याश बनकर रह गया है।

गोविन्द मिश्र की कहानियों में समकालीन बोध का निष्कर्ष यह है कि वे बदलते हुए भारतीय समाज के मानसिक और सामाजिक संक्रमण को बहुत गहराई से पकड़ते हैं। उनकी कहानियाँ केवल बाहरी घटनाओं का वर्णन नहीं करतीं, बल्कि आधुनिकता के दबाव में टूटते-बिखरते मध्यमवर्गीय मनुष्य के अंतर्द्वंद्व को उजागर करती हैं। वह अपनी कहानियों के माध्यम से यह दिखाते हैं कि समकालीन समय में व्यक्ति आर्थिक प्रगति और महानगरीय चकाचौंध के बीच किस तरह अपनी जड़ों से कटकर अकेलेपन और अलगाव का शिकार हो गया है। उनकी कथा-दृष्टि केवल समस्याओं के चित्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि वे 'पगला बाबा' जैसे पात्रों के माध्यम से उस 'आदिम करुणा' की पुनर्स्थापना करते हैं, जो आज के बाजारीकरण के दौर में दुर्लभ होती जा रही है। इसी तरह 'मायकल लोबो' की कहानी नैतिक पतन से उबरने और आत्म-सुधार की उस जिजीविषा को रेखांकित करती है, जो समकालीन समाज के लिए एक अनिवार्य मूल्य है। अंततः, गोविंद मिश्र अपनी कहानियों में मध्यवर्गीय जीवन के अंतर्द्वंद्वों, सामाजिक विद्रूपताओं और मानवीय गरिमा के संघर्ष को आधुनिक शिल्प के साथ प्रस्तुत करने में पूर्णतः सफल रहे हैं।

**शोधार्थी, पीएच.डी (हिंदी)**
**हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल : kumarravitoshpandey1819@gmail.com**

---

**सन्दर्भ सूची**

1. The Oxford Mini Dictionary, Complied by Jayce M. Hawkins, page 103.
2. भ्रमर, रवींद्र, समकालीन कविता. पृष्ठ 09
3. सिंह, अशोक, समकालीन कविता एक विश्लेषण. पृ. सं. 09
4. रोहिताश्व, समकालीन कविता और सौंदर्य बोथ, पृष्ठ 16
5. कुमार, आशुतोष, समकालीन कविता और मार्क्सवाद, पृष्ठ 67
6. मिश्र, गोविन्द, निर्धारिणी भाग-2, पृष्ठ 283
7. वही, पृष्ठ 284
8. मिश्र, गोविंद, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पांचवां संस्करण, 2021, पृष्ठ 11
9. वही, पृष्ठ 14
10. मिश्र, गोविंद, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पांचवां संस्करण, 2021, पृष्ठ 104
11. मिश्र, गोविंद, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पांचवां संस्करण, 2021, पृष्ठ 107
12. मिश्र, गोविंद, प्रतिनिधि कहानियाँ, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, पांचवां संस्करण, 2021, पृष्ठ 109
13. बांदिवड़ेकर, चंद्रकांत - गोविंद मिश्र सृजन के विविध आयाम, वाणी प्रकाशन, नयी दिल्ली, संस्करण 2019, पृष्ठ 297

शोध-पत्र

# संत रविदास के काव्य में मानवीय मूल्य



शुभम मणि त्रिपाठी


**शोध सार**

संत रविदास की वैचारिकी तत्कालीन समाज में प्रचलित अनेक समस्याओं का समाधान देने में आज भी प्रासंगिक है। एक लोकतांत्रिक समाज के निर्माण में जिन जिन साधनों की जरूरत है उन सभी का संत रविदास ने समर्थन किया है। दूसरी ओर मानवीय मूल्यों के लिए घातक विचारों को त्यागने का भी वे बार-बार जनता से आग्रह करते हैं। जैसे वे जीवनभर वर्ण एवं जाति व्यवस्था का विरोध करते हुए नजर आते हैं। समाज में फैले अंधविश्वास एवं कर्मकांडों के पक्षपाती नहीं रहे। वे पराधीनता को सबसे बड़ा पाप मानते हैं जिसके प्रति जनमानस को निरंतर सचेत करते हैं। मन की पवित्रता के प्रति विशेष आग्रह उनका रहा है। सत्य वचन का सदैव समर्थन किया है। यही वजह है कि सभी धर्मों में निहित बुराइयों को अस्वीकार करना उनकी प्राथमिकता रही। उन्होंने सदैव समाज में लोगों से अपील की कि मानव को जीवन भर अपने श्रम पर विश्वास करना चाहिए। रविदास के जीवन का मुख्य उद्देश्य शोषित पीड़ित जनता को मानसिक एवं शारीरिक गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराना रहा है। इसलिए उनका समस्त जीवन दर्शन मानवतावादी विचारधारा पर आधारित है। वे संपूर्ण समाज को सुखी एवं संपन्न बनाने में प्रतिपल संलग्न दिखाई देते हैं। यही उनके समस्त काव्य का जीता जागता उदाहरण है।



**बीज शब्द**

मानवीय मूल्य, जातिगत भेद, अंधविश्वास, धार्मिक कर्मकांड, श्रम, पवित्र मन, सत्य वचन, सम दृष्टि, अहिंसा, पराधीनता, मानव सेवा, कर्म का महत्व, स्वतंत्रता, बेगमपुरा।


**मूल आलेख**

हिंदी साहित्य में भक्ति काल की अपनी अलग पहचान है। भक्ति काल को दो भागों में बांटा गया है—एक भाग में सगुण संत कवि दूसरे में निर्गुण संत कवि। लेकिन अगर ध्यान से देखा जाए तो मानवीय एवं आत्म सम्मान की दृष्टि से निर्गुण काव्य सगुण काव्य पर भारी पड़ता है। निर्गुण संत कवियों ने अपनी वाणी के माध्यम से अलग तरह की सामाजिक क्रांति पैदा की। यह क्रांति पूरे भारत के कोने-कोने में फैल गई। भक्ति काल का समय ऐसा था जब आम जनमानस का मानसिक एवं शारीरिक शोषण चरम पर था। लगभग सभी निर्गुण कवियों ने इस प्रकार के शोषण से मुक्ति हेतु मानवीय मूल्यों की स्थापना पर विशेष जोर दिया। चाहे कबीर हो चाहे गुरु नानक, चाहे संत रविदास, चाहे संत गाडगे हो चाहे तेलुगु कवि वेमना ही क्यों ना रहे हो।

अब हम देखते हैं कि मानवीय मूल्य क्या है? जिनकी स्थापना के प्रति सभी का आग्रह बराबर बना रहता है। इसे साधारण तरीके से इस प्रकार समझ सकते हैं कि मानवीय मूल्य ही वह कड़ी है जो व्यक्तिगत अनुभव, निर्णय, उद्देश्य तथा कार्यों को जोड़ता है। सामाजिक तथा राजनीतिक जीवन को समझने में मदद करते हैं। मानवीय मूल्य संपूर्ण मानव समाज को असत्य से सत्य की ओर लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हम एक नजर विश्व के उन महापुरुषों पर डालें जिन्होंने मानवीय मूल्यों की खातिर अपना संपूर्ण जीवन दांव पर लगा दिया जैसे- डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत गाडगे, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, ई. वी. रामास्वामी, ललई सिंह यादव, मार्टिन लूथर किंग, नेल्सन मंडेला, अब्राहम लिंकन, आनसाग सुकी की, गौतम बुद्ध, कबीर, रैदास आदि लोगों की एक लंबी श्रृंखला है। इन सभी लोगों ने जिन मानवीय मूल्यों पर विशेष जोर दिया वे इस प्रकार हैं—स्वतंत्रता, समानता,

बंधुत्व, मानवता, न्याय, अहिंसा, परोपकार, नैतिकता, शांति, सत्यता, मानवीय प्रेम एवं दया आदि।

किसी सभ्य समाज की पहचान इन्हीं मानवीय मूल्यों के आधार पर की जा सकती है। जिस समाज में यह मानवीय मूल्य नहीं होते या इनका अनुसरण नहीं किया जाता तो वह समाज पशुओं से भी बदतर समाज कहा जाएगा। संत रविदास के समय में भी ऊंच-नीच, छुआछूत की भावना अपनी चरम सीमा पर थी। इसके मूल में सिर्फ एक ही कारण था हिंदू धर्म के पाखंड और अमानवीय कुरीतियां। वर्ण व्यवस्था ने जनमानस में इतनी दरारें पैदा कर दी जो 21वीं सदी में भी आज पूरी तरह से नहीं भरी गई हैं। आज पूरे विश्व में व्यक्ति की पहचान उसके गुणों से होती है लेकिन भारत ऐसा देश है जहां आज भी यहां लोगों की पहचान जाति और धर्म से सबसे पहले की जाती है। संत रविदास ने इन सभी रूढ़ियों का विरोध किया। इसके साथ ही लोगों को समझाया कि कोई भी व्यक्ति जन्म से नीच नहीं होता है, वह अपने कर्म के आधार पर नीच होता है

''रैदास जन्म के कारणे, होत न कोऊ नीच
नर कूँ नीच कर डारि है, ओछे करम की कीच।''[1]

कबीर ने भी जाति व्यवस्था का घोर विरोध किया। यह जाति व्यवस्था उत्तर भारत तक ही सीमित नहीं है बल्कि उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूर्व से लेकर पश्चिम तक फैली है। तभी तो तेलुगु कवि वेमना भी भारतीय समाज में फैली ऊँच-नीच की भावना से आहत होते हैं, और इसे मिटाने का संकल्प लेते हैं। साथ ही समाज में समस्त जनमानस से आग्रह करते हैं कि इसे जल्दी से जल्दी मिटाया जाए। तभी तो वे कहते हैं—

''छूए नहात अछूत को क्यों
बने कर्म से अछूत है नर,
सभी जानते सत्य इससे क्यों
नहीं मानते मनुज जानवर!''[2]

कई बार हम अनुभव करते हैं कि कुछ विचारधाराएं परंपरा और रूढ़ियों का रूप ले लेती हैं। इनमें से परंपराएं तो समय के साथ-साथ परिवर्तित हो जाती हैं लेकिन रूढ़ियों में परिवर्तन की कोई गुंजाइश नहीं रहती। यही धार्मिक रूढ़ियां और अंधविश्वास पूरे समाज को दीमक की तरह खोखला कर देते हैं। इन्हीं सामाजिक विषमताओं के बीच से जन्म होता है ऐसे संत महापुरुषों का जो इन्हें मिटाने के लिए रात-दिन बेचैन रहते हैं। उन्हीं में से एक नाम है संत रविदास। संत रविदास के समय भी समाज में जातिगत भेदभाव अपने चरम पर था। इसे समाप्त करने के लिए उन्होंने लोगों को अनेक तरह से समझाया। इतना ही नहीं उन्होंने सड़ी हुई परंपराओं और अंधविश्वास का जीवन भर विरोध किया—

''रविदास इकही बूंद सो सभ ही भयो विस्तार।
मूरख हैं जो करत हैं वर्ण-अवर्ण विचार॥''[3]
''रविदास इकही नूर ते जिमि उपज्यो संसार।
ऊंच-नीच किह विधि भयो, बामन और चमार॥''[4]

आजादी के पहले भी और आज भी जातिवाद ने भारतीय समाज के टुकड़े-टुकड़े करने का ही कार्य किया है। नफरत की आग इसी जातिवाद की देन है। यह एक ऐसी मानसिक बीमारी है जो दलित-सवर्ण को ही अलग नहीं करती बल्कि दलित-दलित व समस्त स्त्री-पुरुष को भी खंड-खंड करती है। तभी तो रविदास कहते हैं कि इस भारतीय समाज में तब तक प्रत्येक स्तर पर समरसता नहीं पैदा होगी जब तक इस देश से जातिवाद की मानसिक बीमारी खत्म नहीं होती—

''जाति-जाति में जात है, ज्यों केलन के पात।
रैदास न मानुष जुड़ सके, ज्यों लो जात न जात॥''[5]

भारतीय समाज में सबसे पहले वर्ण व्यवस्था की मानसिक बीमारी शुरू हुई। इसने भारतीय समाज को टुकड़े-टुकड़े कर दिया। लेकिन इसके बाद भी धर्म और ईश्वर के नाम पर पाखंड करने वालों का इतनी से भी पेट न भरा। उन्होंने इसमें भी जातिगत विभाजन करके इसे और अधिक पुष्पित और पल्लवित किया। इसका एकमात्र कारण था कि इस व्यवस्था को बनाने वाले केवल अपने स्वार्थ के लिए लोगों को आपस में बांटते रहे और उनका मानसिक और शारीरिक शोषण करते रहे। इसका प्रभाव इतना गहरा हुआ कि आज 21वीं सदी में प्रतिदिन स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। संत रविदास कहते हैं कि यह ऐसी बीमारी है जो प्रत्येक मानव को जिंदा लाश बना देती है। यह संपूर्ण मानवता के लिए लाइलाज बीमारी बन चुकी है। यदि इसको न रोका गया तो समाज एक दिन नफरत के जंगलों में बदल जाएगा।

''जात-पात के फेर महा उलझ रहे सभ लोगा।
मानुसता कूँ खात है रविदास जात का रोगा॥''[6]

भारतीय समाज की संरचना को यदि ध्यान से देखा जाए तो मंडल आयोग के अनुसार यहां लगभग 7000 जातियां पाई जाती हैं। इतना ही नहीं इनके अंदर हजारों उपजातियां कुकुरमुत्ते की तरह से उपजी हुई हैं। उनके अंदर भी ऊंच-नीच की

भावना की जड़ें बहुत गहरी हैं। तभी तो रैदास मानते हैं कि भारत में जाति व्यवस्था केले के पत्ते की परतों की तरह है। एक को हटाने पर दूसरी और दूसरी को हटाने पर तीसरी और तीसरी को हटाने पर चौथी। इसी प्रकार केले के अंत के साथ ही परतें समाप्त होती हैं। इसी वजह से केले में रीढ़ नहीं होती जिससे वह कमजोर होता है। क्योंकि वे परतें आपस में कभी मिल नहीं सकीं। यही उसकी ताकत की सबसे बड़ी कमजोरी है। ऐसे देश में समतामूलक समाज की कल्पना करना बेईमानी होगी। किस आधार पर आप बंधुत्व एवं एकता की बात कर सकते हैं? लेकिन दूसरा सत्य यह भी है कि परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। प्रकृति के नियम को ध्यान में रखकर ही संत कवियों ने समाज में आशा की किरण दिखाई। अपने समय में सामाजिक परिवर्तन की बात को लोगों से साझा करते हैं। यह सामाजिक परिवर्तन की जो चिंगारी है वह गौतम बुद्ध, डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत गाडगे, फुले आदि के द्वारा निरंतर आगे बढ़ रही थी। महाराष्ट्र के संत शिरोमणि संत गाडगे ने भी सहर्ष स्वीकार किया कि ''भारतीय समाज अनेक जातियों-उपजातियों का समाज है। हिंदू धर्म में प्रत्येक जाति दूसरी जाति से नफरत करती है। इसलिए इस खाई को पाटना बहुत मुश्किल है। इसलिए वे स्वास्थ्य, शिक्षा और मानव सेवा पर विशेष ध्यान देते थे।''[7]

धार्मिक पाखंडों एवं कर्मकांडों ने भारतीय समाज की बहुतसंख्यक आबादी को मानसिक गुलाम बना दिया है। वह लोग शिक्षा की जगह रात-दिन कर्मकांड में फंसे रहते हैं। काल्पनिक दुनिया को ही वास्तविक मान लेते हैं। हंसी की बात यह है कि भगवान के भक्त अपने माता-पिता को छोड़कर पत्थर का सम्मान करते हैं। मंदिर में पूजा करना, व्रत रखना, रोजा रखना, तिलक लगाना, मस्जिद में अजान, गंगा स्नान, माला फेरना, यज्ञ करना, सत्यनारायण की कथा, शुभमुहूर्त आदि रूढ़ियों ने जनमानस को मकड़ी के जाल की तरह आज भी जकड़े रखा है।

इससे स्पष्ट है कि यह बीमारी लगभग सभी धर्मों में है। एक मजदूर की हत्या होने पर कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन किसी भगवान या धर्म के बारे में एक शब्द भी बोल देते हैं तो शहर के शहर दंगों की भेंट चढ़ जाते हैं। यह मानसिक रोग नहीं तो क्या है? इसलिए संत रविदास भी कबीर की तरह हिन्दू-मुस्लिम सभी को बराबर लताड़ते नजर आते हैं–

''कहा भयो नाचे अरु गाये,
कहा भयो तप कीन्हे।
कहा भयो जे चरण पखारे,
जौं लौ परम तत्व नहीं चीन्हे,
कहा भयो ये मुण्ड मुड़ाये,
बहु तीरथ व्रत कीन्हे।''[8]

निर्गुण संत किसी ऐसे धर्म का प्रचार नहीं करते जो मानव-मानव में भेद करे। यही वजह है कि वे हिंदू एवं मुस्लिम दोनों धर्मों के पाखंड और रूढ़ियों का जमकर विरोध किया। संत सदा मानव मात्र का कल्याण चाहते रहे हैं। सम्पूर्ण मानव जाति की मुक्ति चाहते हैं। जिससे एक समतामूलक समाज का निर्माण हो सके। सभी लोग सुख से रह सकें। मुस्लिम समुदाय को भी नहीं छोड़ा है। इन्हीं सब कारणों से पूरे भारतीय समाज को संत रविदास आगाह करते हैं कि व्यक्ति का सम्मान गुण के आधार पर करना चाहिए न कि जन्म के आधार पर

''रविदास बामन मत पूजिए जउ होवे गुणहीन।
पूजहि चरण चंडाल के जउ होवे गुण परवीन॥''[9]

इसके साथ-साथ उन्होंने मुस्लिम धर्म के पाखंड एवं रूढ़ियों का भी जमकर विरोध किया क्योंकि वह किसी धर्म के पक्षपाती ही नहीं थे। वे केवल मानव मात्र का कल्याण चाहते थे। जिससे एक समतामूलक समाज का निर्माण हो सके। सभी लोग सुख-चैन से जीवन व्यतीत कर सकें। मुसलमानों की रूढ़ियों एवं अंधविश्वास का भी विरोध करते हुए कहते हैं–

''देता रहे हजार बरस, मुल्ला चाहे अजान।
रविदास खुदा नहिं मिल सके॥''[10]

अर्थात् इसका सीधा सा अर्थ है कि यदि इंसान के व्यवहार में परिवर्तन नहीं होता है तो ऐसे पूजा-पाठ एवं अजान लगाने से क्या लाभ? ऐसे ढोंग-पाखंडों से समाज को कोई लाभ नहीं होगा और न ही भविष्य में समतामूलक समाज का निर्माण हो पाएगा। स्वतंत्रता की बात की जाए तो निर्गुण संत कवियों ने इसे कभी अपने चिंतन से अलग नहीं होने दिया। लेकिन निर्गुण संतों की स्वतंत्रता अन्य लोगों की स्वतंत्रता से बिल्कुल अलग है। संतों ने सर्वप्रथम प्रत्येक भारतीय को स्वतंत्र होने पर बल दिया। कोई किसी व्यक्ति का मानसिक एवं शारीरिक शोषण न कर सके। इसका सीधा सा अर्थ है कि निर्गुण संत सबसे पहले आंतरिक स्वतंत्रता के पक्षधर रहे। इसके बाद राष्ट्रीय स्वतंत्रता के। तभी तो वे समस्त शोषित-पीड़ित लोगों को संबोधित करते हुए कहते हैं–

''पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत।

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

रविदास दास पराधीन सो कौन करे है प्रीत॥''[11]

इससे एक बात तो साफ होती है कि गुलाम मानव का कोई मित्र नहीं होता, न कोई देश होता है, न कोई धर्म होता है, न कोई जाति, न कोई घर। वह ऐसे कैदखाने में रहता है जिसमें बाहर आने को तड़पता रहता है लेकिन ज्ञान के बिना बाहर नहीं आ सकता। अर्थात् वह अदृश्य बेड़ियों में बंधा रहता है। इसलिए बार-बार वे बेगमपुरा शहर की कल्पना करते दिखाई देते हैं, जिसमें कोई गम न हो बेगमपुरा शहर। हाँ, एक सवाल फिर उठता है कि निर्गुण संतों को अपने देश की बहुसंख्यक आबादी की दोहरी आजादी की चिंता क्यों हुई? इसका सीधा सा उत्तर होगा कि अधिकांश निर्गुण संत श्रमजीवी एवं शोषित-पीड़ित समुदाय से थे। उन्होंने जीवन भर गुलामी और अपमान का विष पिया था। इसलिए वे पीड़ित जनता का दुख-दर्द आसानी से महसूस कर सके। वे समझ गए थे कि यदि समाज इसी तरह से विभाजित होता रहा तो गोरे लोगों से मिली आजादी का रंग फीका ही रहेगा। डॉ. अंबेडकर, संत गाडगे, ज्योतिबा फुले महापुरुषों की शैक्षिक क्रांति ने पूरे देश में भूचाल ला दिया। इन्हीं लोगों के प्रयास से आज देश की बहुसंख्यक आबादी मानसिक गुलामी से धीरे-धीरे बाहर आ रही है। इसका परिणाम यह हुआ कि जहां तिलक भारतीयों से कह रहे थे कि ''स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार'', इसका करारा जवाब देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे तर्कशास्त्री ने कहा– ''आज तुम्हें इतने समय में अपनी आजादी गंवाकर यह एहसास हुआ, लेकिन क्या कभी यह भी सोचा है कि हजारों सालों की गुलामी से मुक्त होना दलितों का भी जन्मसिद्ध अधिकार है।'' इसी प्रकार पेरियार जैसे अनेक तर्कशास्त्री अपने-अपने ढंग से भारतीय जनमानस को जागृत कर रहे थे। इसका प्रभाव कहीं न कहीं हिंदी साहित्य के आंदोलनों पर भी पड़ा। दक्षिण अफ्रीका के ब्लैक पैंथर के प्रभाव के परिणाम-स्वरूप भारत में भी दलित पैंथर जैसे क्रांतिकारी संगठनों की स्थापना हुई, जो मानव मुक्ति का पक्षधर है।

संत रविदास ने जनता को सदैव अपने श्रम पर जीवित रहने का संदेश दिया। उसे कभी परजीवी बनने की सलाह नहीं दी। वे अपने जीवन में श्रम के महत्व को अच्छी तरह से जानते थे। तभी तो लोगों से बार-बार अपील करते थे कि जब तक मानव का वश चले तब तक अपनी मेहनत की कमाई से पेट भरना चाहिए। इससे आत्मा को सच्चा सुख मिलता है। कहने का भाव यह है कि सुख को कभी पैसे से खरीदना संभव नहीं है। यही विचार थे निर्गुण संतों के। वे समस्त जन-जन को सम्मान के साथ जीना सिखाते थे। कबीर दास, रविदास जैसे संतों ने सदैव मन की पवित्रता पर सबसे अधिक ध्यान दिया। क्योंकि व्यक्ति का मन पवित्र नहीं है तो उसके सारे धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलाप व्यर्थ हैं, धोखा हैं। यही वजह रही कि संत रविदास बार-बार कहते हैं

''सत ईमान न छोड़िए, जग जाए जो जाए।''

अर्थात् सत्य की खातिर संसार भी छोड़ना पड़े तो तनिक भी संकोच नहीं करना चाहिए। निर्गुण संतों की एक और विशेषता थी, वह है अहिंसा के प्रति आग्रह। वे प्रत्येक धर्म में ईश्वर के नाम पर होने वाली हिंसा का विरोध करते हैं। वे कहते हैं कि ऐसा कौन सा भगवान या अल्लाह है जो जीव हत्या को पसंद करता है। अर्थात् कोई नहीं हो सकता। मानव ने केवल अपने स्वार्थ के लिए लोगों को अंधविश्वास में फंसाने के लिए, अपने धर्म के धंधे चलाने के लिए यह नियम, रीति और परंपराएं बना रखी हैं। वे किसी भी जीव की हत्या को सबसे नीच और बुरा काम मानते हैं। यही वजह है कि उनकी वाणी में कदम-कदम पर प्राणी वध का विरोध किया गया है ।

''प्राणी वध नहीं कीजिए, जीवहि ब्रह्म समान।
रविदास पाप नहीं छूटहि, करोर गऊन करि दान॥''[12]

अधिकांशतः तर्कशील विद्वानों का मत है कि जो विवेकशील मानव होगा वह कभी भी अंधविश्वास का समर्थन नहीं करेगा और न ही किसी दूसरे को ऐसा करने की सलाह देगा। इस प्रकार के विद्वानों की श्रृंखला की अगर बात की जाए तो यह बहुत लंबी है, लेकिन इसी श्रृंखला की एक कड़ी के रूप में संत रविदास का नाम लिया जाता है जिन्होंने जीवन पर्यन्त धार्मिक कर्मकांड और रूढ़ियों का प्रबल विरोध किया–

''कहा भयो नाचे अरु गाये, कहा भयो तप कीने।
कहा भयो जग चरण पखारे, जौलो परम तत्व नहीं चीने॥''[13]

इसी मानवीय लगाव के कारण रविदास लोगों से बार-बार आग्रह करते हैं कि मानव सेवा से बढ़कर कोई दूसरा धर्म नहीं। दीन-दुखी की सहायता से बड़ा कोई कर्म नहीं–

''दीन दुखी कर सेव मह लागी रहयो रविदासा।
निसि बासर की सेव सो प्रभु मिलन की आसा॥''[14]

निष्कर्ष : अतः हम निष्कर्ष रूप से कह सकते हैं कि निर्गुण संतों का जीवन स्वयं अनेक मानसिक एवं शारीरिक कष्टों के साथ में पला है। इसलिए उन्होंने सदैव मानव धर्म

की स्थापना का प्रयास किया है, क्योंकि इसी में छिपे हैं मानवीय मूल्य। एक लोकतांत्रिक समाज की स्थापना के लिए सर्वप्रथम अपने समाज की आंतरिक मानसिकता में परिवर्तन करना लाजमी है। तभी हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं और यह परिवर्तन सबसे पहले अपनी सोच में करना होगा। तभी आप समाज में परिवर्तन लाने की बात कर सकते हैं। इन्हीं मानवीय मूल्यों की रक्षा करने के लिए आज भी हम सैकड़ों और हजारों साल पहले पैदा हुए कम शिक्षित या अशिक्षित संतों की वाणी को आज भी पढ़ते और पढ़ाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि भारत जैसे देश का कि हम मानवतावादी महापुरुषों पर बोलते बहुत अच्छा हैं, लिखते बहुत अच्छा हैं, सोचते बहुत अच्छा हैं, लेकिन महापुरुषों के द्वारा बताई गई मानवीय बातों को अपने जीवन का हिस्सा नहीं बनाते। आजादी के लगभग 76 वर्ष बाद भी देश की मानसिकता में उतना परिवर्तन नहीं हुआ जितना होना चाहिए था। आज चारों तरफ लूट, हत्या, बेईमानी, नफरत, स्वार्थ की आग अपनी चरम सीमा पर है। इतना होने के बावजूद भी सच्चे और ईमानदार लोगों का प्रयास निरंतर जारी है, जो लोकतांत्रिक एवं मानवीय मूल्यों की स्थापना के लिए प्रतिदिन संकल्परत हैं। क्योंकि इसी से बनेगा संत रविदास के सपनों का समाज बेगमपुरा शहर, जहाँ खिले होंगे रंग-बिरंगे फूल, प्रेम की कलियाँ खिल रही होंगी और हम गर्व से कह सकेंगे कि हम भारतीय हैं, जिसका दूसरा नाम बेगमपुरा भी है।

**शोधार्थी, हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

---

**सन्दर्भ सूची**

1. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, श्री गुरु रविदास संस्थान, चंडीगढ़, 1973, साखी-51, पेज नं.-55।
2. सूर्य नारायण भानु, वेमना की वाणी, सम्पादक, अनुवादक, सुकवि, तेलुगु विश्वविद्यालय, कला भवन, हैदराबाद, प्रथम संस्करण, 1986, पेज नं.-37।
3. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, श्री गुरु रविदास संस्थान, चंडीगढ़, 1973, साखी-48, पृष्ठ संख्या 51।
4. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, श्री गुरु रविदास संस्थान, चंडीगढ़, 1973, साखी-49, पृष्ठ संख्या 55।
5. डॉ. एन. सिंह, रैदास ग्रंथावली, साहित्य संस्थान, गाजियाबाद, 2003, साखी-162, पेज नं.-153।
6. एस. के. पंकज, संत रविदास : जन रविदास, दिव्यांश प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ संख्या 180।
7. डॉ. विमल कीर्ति, संत गाडगेबाबा : सचित्र जीवन, सम्यक प्रकाशन, पश्चिमपुरी, नई दिल्ली-63, पेज नं.-08।
8. योगेन्द्र सिंह, संत रविदास, पद-78, पेज नं.-154।
9. योगेन्द्र सिंह, संत रविदास, पद-79, पेज नं.-185।
10. योगेन्द्र सिंह, संत रविदास, पद संख्या-74, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1998, पेज नं.-76।
11. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, साखी-192, पेज नं.-190।
12. योगेन्द्र सिंह, संत रविदास, पद संख्या-78, पृष्ठ संख्या 154।
13. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, साखी-181, पृष्ठ संख्या 174।
14. आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद, रविदास दर्शन, साखी-175, पृष्ठ संख्या 183।



ओम प्रकाश

# ब्लाइंड स्ट्रीट में दृष्टिबाधितों की अंधेरी दुनिया का सच

**शोध सारांश**

समय के बदलाव के साथ साहित्य में भी बदलाव स्वाभाविक है। बीते कुछ समय से हिंदी साहित्य में विकलांगों को केंद्र में रखकर साहित्यिक रचनाएं होने लगी हैं। इस कड़ी में प्रदीप सौरभ द्वारा लिखा गया उपन्यास 'ब्लाइंड स्ट्रीट' अपनी विषय वस्तु के लिहाज से दृष्टिबाधितों पर लिखा गया हिंदी भाषा में प्रथम उपन्यास है। इसमें दृष्टिबाधितों के जीवन के यथार्थ और अनुभवों को तल्लीनता से अभिव्यक्त किया गया है। समाज में होने वाले उनके तिरस्कार और उपेक्षा, जीवन के कठिन संघर्ष, अपना अधिकार, अस्तित्व और अस्मिता के लिए जद्दोजहद, पढ़ लिखकर जीवन में अपना एक मुकाम हासिल करने की कोशिश, ब्लाइंडों के नाम पर होने वाले गोरख धंधे, और उनके शारीरिक-मानसिक तथा यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों और जीवन के अनेक पहलुओं को उपन्यास में जगह दी गई है।

**बीज शब्द**

दृष्टिबाधित, संवेदना, दिव्यांग, संघर्ष, तिरस्कार, उपेक्षा, मानसिक पीड़ा, विकलांगता विमर्श, इंद्रिय शक्तियां, समावेशी समाज आदि।

Dalit railway board chairman after 70 years of independence. Which is still the matter of celebration or tokenisation by state? The absence of targeted data on railway vendors how many are lower-caste, how many are women, what specific barriers they face suggests a blind spot in policymaking. Without such data, policies remain generic, failing to address the intersectional vulnerabilities[8] of gender. For instance, the National Urban Livelihoods Mission (NULM), aimed at supporting informal workers, rarely extends to railway vendors, who fall through the cracks of urban-rural divides and sectorial silos. This ignorance is not malicious but structural, a by-product of a bureaucratic system that prioritizes visible, formal economies over the invisible labour of vendors.

Yet, there are signs of deliberate failure, particularly in the government's reluctance to confront gender biases head-on. The railway authorities, including the Government Railway Police Force (GRPF) and ticket checkers, often perpetuate discrimination by targeting vendors for bribes or eviction as they are lack of social capital. This is not a policy directive but a cultural failure, where state actors mirror societal prejudices. The state inaction in disciplining such behaviour or training staff to recognize caste-gender dynamics suggests a lack of political will to dismantle entrenched hierarchies. Moreover, welfare schemes like the Pradhan Mantri Street Vendor's Atma Nirbhar Nidhi (PMSVANidhi), which offers micro-loans to vendors, are poorly tailored for railway vendors. Vendors face barriers in accessing these loans due to lack of documentation, digital literacy, or trust in formal systems issues the government has not adequately addressed.

Do the government want to repair this? There are glimmers of intent policies like the Street Vendors Act and PMSVANidhi signal recognition of informal workers' importance. The Ministry of Housing and Urban Affairs has occasionally pushed for better implementation, and some state governments have experimented with vendor-friendly initiatives, like designated vending zones. However, these efforts are sporadic and lack the sustained commitment needed to tackle gender disparities. The government's broader economic agenda, focused on formalization and digitalization, often side-lines informal workers, who are seen as peripheral to "modern" India. Confronting casteism and patriarchy requires not just policy but cultural change, which demands political courage that has been lacking. The persistence of manual scavenging by Dalits in railway cleaning, despite legal bans, is a stark reminder of how caste-based exploitation continues under state oversight.

The path forward lies in addressing these lacunas with urgency and empathy. The government must collect disaggregated data on railway vendors to understand their gender profiles, enabling targeted interventions. Legal recognition within the railway ecosystem, perhaps through a specific vending policy, could legitimize their work and reduce harassment. Training programs for railway staff to combat gender biases, coupled with strict anti-corruption measures, would create a safer environment. Welfare schemes must be accessible, with simplified processes and outreach to ensure lower-caste women can benefit. Finally, the government must foster dialogue with vendors themselves, amplifying their voices in policy design to ensure solutions reflect their realities.

The government's response to caste-gender disparities in railway vending is marked by a mix of ignorance and failure, rooted in structural blind spots and a lack of will to challenge societal biases. The lacunaslack of recognition, inadequate policies, and weak enforcement,leave vendors, especially lower-caste women, vulnerable to exploitation and exclusion. Yet, their resilience offers hope, a reminder that change is possible if the state listens. By honouring their humanity and contributions, the government can transform the railway into a space of true equality, where every vendor's story is valued and their dreams supported. This research calls for that transformation, urging a commitment to justice that matches the courage of those who keep India's trains alive.

**Conclusion**

This paper delves into these questions, exploring the government's role in addressing the economic and social inequalities faced by railway vendors. Drawing on insights and the lived realities of vendors, it examines the gaps in policy, the intent behind government actions, and the human cost of inaction, all while seeking a path toward justice that honours the dignity of these resilient workers.The Indian

government has long recognized the informal economy's significance, with vendors like those in the railways contributing to urban livelihoods and passenger convenience. The Street Vendors (Protection of Livelihood and Regulation of Street Vending) Act of 2014 was a landmark step, designed to protect informal workers by ensuring their right to vend, access to designated spaces, and representation in local committees. For railway vendors, this act holds potential, as it could legitimize their presence in a space where they are often seen as encroachers. However, its implementation in the railway context is woefully inadequate, revealing a disconnect between policy intent and reality. The act mandates Town Vending Committees (TVCs) to include representation from marginalized groups, including women and Scheduled Castes, yet studies show these committees are often dominated by upper-caste men, side-lining the very communities they are meant to serve. This gap is not merely administrative but a reflection of deeper societal biases that the government has failed to challenge, leaving vendors like Dalit women to navigate harassment and exclusion without institutional support.

**Does the government want to repair this? There are glimmers of intent policies like the Street**

Vendors Act and PMSVA Nidhi which hint towards the recognition of informal workers' importance. The Ministry of Housing and Urban Affairs has occasionally pushed for better implementation, and some state governments have experimented with vendor-friendly initiatives, like designated vending zones. However, these efforts are sporadic and lack the sustained commitment needed to tackle gender disparities. The government's broader economic agenda, focused on formalization and digitalization, often side-lines informal workers, who are seen as peripheral to "modern" India. Confronting casteism and patriarchy requires not just policy but cultural change, which demands political courage that has been lacking. The persistence of manual scavenging by Dalits in railway cleaning, despite legal bans, is a stark reminder of how caste-based exploitation continues under state oversight.

The path forward lies in addressing these lacunas with urgency and empathy. The government must collect disaggregated data on railway vendors to understand their gender profiles, enabling targeted interventions. Legal recognition within the railway ecosystem, perhaps through a specific vending policy, could legitimize their work and reduce harassment. Training programs for railway staff to combat gender biases, coupled with strict anti-corruption measures, would create a safer environment. Welfare schemes must be accessible, with simplified processes and outreach to ensure lower-caste women can benefit. Finally, the government must foster dialogue with vendors themselves, amplifying their voices in policy design to ensure solutions reflect their realities.

In conclusion, the government's response to caste-gender disparities in railway vending is marked by a mix of ignorance and failure, rooted in structural blind spots and a lack of will to challenge societal biases. The various aspects like lack of recognition, inadequate policies, and weak enforcement leave vendors, especially lower-caste women, vulnerable to exploitation and exclusion. Yet, their resilience offers hope, a reminder that change is possible if the state listens. By honouring their humanity and contributions, the government can transform the railway into a space of true equality, where every vendor's story is valued and their dreams supported. This research calls for that transformation, urging a commitment to justice that matches the courage of those who keep India and train system alive.

**Student, MA Political Science (Final Year)**
**Department Political Science**
**University of Delhi**
**Email : akshaybagale25@gmail.com**

---

**References:**

1. All economic activities that operate outside of formal legal and regulatory framework
2. The societal rules, expectations, and beliefs that prioritize men and male dominance, often leading to gender inequalities and discrimination against women.
3. A person who is not considered a "twice-born"

in the traditional Hindu varna (caste) syste.

4. Informal settlements through social capital.
5. Traditionally called as sahukars or mahajans.

**Bibliography:**


- Aggarwal, Aditi. (2024), 'Pleasure, Pain, and Profits: How Women Vendors Live And Thrive In Mumbai's Locals', University of Illinois Chicago.
- Arundhathi (2020) 'Piloting' Gender in The Indian Railways: Women Loco-Pilots, Labour and Technology, Economic & Political Weekly, lV (18), pp. 40–41.
- Dastidar, Avishek G (8 Nov, 2019), 'Railway Catering Firm Faces Flak for Casteist Aid' The Indian Express
- Deshpande, Ashwini (2011), 'The Grammar of Caste', New Delhi: Oxford University Press
- Mandal, Mrinal and Biswaranjan Mistri (2010), 'The Question of Justice and Railway Hawkers', Practicing Geographer (Summer 2010).
- Mohanty, Mohanty (2004), 'Class, Caste, Gender vol. 1', Sage Publication, Indian Antiquary, XLI, 1.
- Mint (2024), 'Who is Satish Kumar? First Dalit CEO of railway board', Livemint
- Srinivas, M. N. (1957), 'Caste In Modern India', The Journal of Asian Studies, 16(4), 529. https://doi.org/10.2307/2941637

शोध-पत्र

# हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत



ज्योति

**शोध सार**

हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत आधुनिक लोक प्रशासन एवं संगठनात्मक प्रबंधन के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण बौद्धिक योगदान माना जाता है। इस सिद्धांत ने पारंपरिक प्रशासनिक दृष्टिकोण में निहित 'पूर्ण तर्कसंगतता' (Perfect Rationality) की अवधारणा को चुनौती देते हुए यह प्रतिपादित किया कि वास्तविक परिस्थितियों में निर्णयकर्ता सीमित जानकारी, सीमित समय, सीमित संसाधनों तथा मानवीय संज्ञानात्मक क्षमताओं के कारण पूर्णतः तर्कसंगत निर्णय नहीं ले सकते। इसी आधार पर साइमन ने 'सीमित तर्कसंगतता' (Bounded Rationality) तथा 'संतोषजनक निर्णय' (Satisficing) की अवधारणाओं को विकसित किया, जिनके अनुसार व्यक्ति उपलब्ध विकल्पों में सर्वश्रेष्ठ के स्थान पर ऐसा विकल्प चुनता है जो उसकी आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप पर्याप्त रूप से संतोषजनक हो।

प्रस्तुत लेख का उद्देश्य हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत की अवधारणा, उसके प्रमुख तत्वों, निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया, प्रशासन एवं लोक नीति में उसके अनुप्रयोग, आलोचनाओं तथा समकालीन प्रासंगिकता का विश्लेषण करना है। लेख में यह स्पष्ट किया गया है कि साइमन का सिद्धांत प्रशासनिक निर्णयों को अधिक यथार्थवादी, वैज्ञानिक एवं व्यवहारपरक आधार प्रदान करता है। यह सिद्धांत संगठनात्मक दक्षता, नीति-निर्माण, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा उत्तरदायी प्रशासन को समझने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही, डिजिटल शासन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिग डेटा विश्लेषण तथा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण के वर्तमान युग में भी इसकी उपयोगिता बनी हुई है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत प्रशासनिक व्यवहार को समझने के लिए आज भी एक प्रभावशाली सैद्धांतिक आधार प्रस्तुत करता है। यद्यपि इस सिद्धांत की कुछ सीमाएँ हैं, फिर भी बदलते प्रशासनिक परिवेश में इसकी अवधारणाएँ प्रभावी निर्णय-निर्माण, सुशासन तथा पारदर्शी प्रशासन के लिए अत्यंत प्रासंगिक और उपयोगी सिद्ध होती हैं।

**कुंजी शब्द**

हर्बर्ट साइमन, निर्णय-निर्माण, सीमित तर्कसंगतता, संतोषजनक निर्णय, लोक प्रशासन।

**प्रस्तावना**

निर्णय-निर्माण किसी भी प्रशासनिक संगठन, सार्वजनिक संस्था अथवा शासन व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। किसी संगठन की सफलता या असफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करती है कि उसके निर्णय कितने तर्कसंगत, प्रभावी और समयानुकूल हैं। लोक प्रशासन के क्षेत्र में निर्णय-निर्माण केवल नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उपलब्ध संसाधनों, मानवीय व्यवहार, संगठनात्मक उद्देश्यों तथा परिवर्तित परिस्थितियों के अनुरूप उपयुक्त विकल्पों के चयन की एक सतत प्रक्रिया है। इसी कारण आधुनिक प्रशासनिक चिंतन में निर्णय-निर्माण को प्रशासन का केंद्रीय तत्व माना जाता है।

आधुनिक लोक प्रशासन के प्रमुख विद्वानों में हर्बर्ट ए. साइमन (Herbert A. Simon) का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने प्रशासनिक सिद्धांत को व्यवहारवादी (Behavioural) एवं वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हुए

निर्णय-निर्माण को प्रशासन का मूल आधार बताया। साइमन ने पारंपरिक प्रशासनिक सिद्धांतों, विशेषकर 'आर्थिक मनुष्य' (Economic Man) की पूर्ण तर्कसंगतता की धारणा की आलोचना करते हुए यह प्रतिपादित किया कि वास्तविक जीवन में कोई भी व्यक्ति सभी उपलब्ध सूचनाओं का पूर्ण विश्लेषण करने और प्रत्येक विकल्प का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करने में सक्षम नहीं होता। व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, उपलब्ध समय, संसाधनों तथा सूचनाओं की सीमाएँ उसके निर्णयों को प्रभावित करती हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने 'सीमित तर्कसंगतता' (Bounded Rationality) तथा 'संतोषजनक निर्णय' (Satisficing) जैसी अवधारणाएँ प्रस्तुत कीं, जिन्होंने प्रशासनिक अध्ययन में एक नए दृष्टिकोण का विकास किया।

हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत केवल प्रशासनिक संगठनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग सार्वजनिक नीति निर्माण, व्यवसाय प्रबंधन, आर्थिक नियोजन, मानव संसाधन प्रबंधन, न्यायिक प्रशासन तथा समकालीन डिजिटल शासन में भी व्यापक रूप से किया जाता है। वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), डेटा विश्लेषण तथा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण के बढ़ते महत्व ने इस सिद्धांत को और अधिक प्रासंगिक बना दिया है। प्रस्तुत लेख में हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत की अवधारणा, प्रमुख तत्वों, निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया, प्रशासनिक उपयोगिता, आलोचनाओं तथा समकालीन प्रासंगिकता का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया गया है, जिससे आधुनिक प्रशासनिक चिंतन में इस सिद्धांत के योगदान का सम्यक् मूल्यांकन किया जा सके।

## हर्बर्ट साइमन का जीवन परिचय एवं बौद्धिक योगदान

हर्बर्ट अलेक्जेंडर साइमन का जन्म 15 जून 1916 को संयुक्त राज्य अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य के मिलवॉकी नगर में हुआ। वे बीसवीं शताब्दी के सबसे प्रभावशाली बहुविषयक विद्वानों में से एक थे। उन्होंने राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, संगठनात्मक व्यवहार, प्रबंधन विज्ञान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विविध क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। साइमन ने शिकागो विश्वविद्यालय से अपनी उच्च शिक्षा प्राप्त की तथा बाद में कार्नेगी मेलॉन विश्वविद्यालय में दीर्घकाल तक अध्यापन एवं अनुसंधान किया। उनका मानना था कि प्रशासन का अध्ययन केवल नियमों और सिद्धांतों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे वास्तविक मानवीय व्यवहार, निर्णय प्रक्रिया तथा संगठनात्मक परिस्थितियों के आधार पर समझा जाना चाहिए।

प्रशासनिक चिंतन के क्षेत्र में हर्बर्ट साइमन का योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने पारंपरिक प्रशासनिक सिद्धांतों, विशेषकर हेनरी फेयोल तथा लूथर गुलिक द्वारा प्रतिपादित प्रशासन के तथाकथित "सार्वभौमिक सिद्धांतों" की आलोचना करते हुए उन्हें ष्प्रशासनिक कहावतेंष कहा। साइमन का तर्क था कि प्रशासनिक निर्णय केवल निश्चित नियमों के आधार पर नहीं लिए जा सकते, क्योंकि प्रत्येक संगठन की परिस्थितियाँ, उद्देश्य तथा संसाधन अलग-अलग होते हैं। उन्होंने प्रशासन को एक व्यवहारवादी और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखने पर बल दिया तथा निर्णय-निर्माण को प्रशासन का केंद्रीय तत्व माना। उनके विचारों ने लोक प्रशासन को पारंपरिक मानकवादी दृष्टिकोण से निकालकर अनुभवजन्य और व्यवहारपरक अध्ययन की दिशा प्रदान की।

हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत का विकास उनके प्रसिद्ध ग्रंथ Administrative Behavior (1947) के माध्यम से हुआ। इस पुस्तक में उन्होंने यह प्रतिपादित किया कि वास्तविक जीवन में व्यक्ति पूर्णतः तर्कसंगत (Perfectly Rational) निर्णय नहीं ले सकता, क्योंकि उसके पास समय, संसाधन, जानकारी तथा मानसिक क्षमता सीमित होती है। इसी आधार पर उन्होंने सीमित तर्कसंगतता की अवधारणा प्रस्तुत की। उनके अनुसार निर्णयकर्ता सभी संभावित विकल्पों का विश्लेषण करने के बजाय ऐसा विकल्प चुनता है जो उपलब्ध परिस्थितियों में पर्याप्त रूप से उपयुक्त एवं संतोषजनक हो। इस विचार को उन्होंने संतोषजनक निर्णय का नाम दिया। यह सिद्धांत प्रशासन, प्रबंधन, अर्थशास्त्र तथा सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण वैचारिक परिवर्तन का आधार बना।

हर्बर्ट साइमन के असाधारण बौद्धिक योगदान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक मान्यता प्राप्त हुई। वर्ष 1978 में उन्हें आर्थिक संगठनों के निर्णय-निर्माण संबंधी अग्रणी अनुसंधान के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल स्मृति पुरस्कार (Nobel Memorial Prize in Economic Sciences) प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें ए. एम. ट्यूरिंग पुरस्कार (A.M. Turing Award) सहित अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुए। वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रारंभिक विकासकर्ताओं में भी अग्रणी थे और उन्होंने मानव निर्णय प्रक्रिया को कंप्यूटर मॉडल के माध्यम से समझने का महत्वपूर्ण


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

प्रयास किया। उनकी प्रमुख कृतियों Administrative Behavior, The Sciences of the Artificial तथा Models of Man ने लोक प्रशासन, प्रबंधन, अर्थशास्त्र और संज्ञानात्मक विज्ञान के अध्ययन को नई दिशा प्रदान की। आज भी हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत आधुनिक प्रशासनिक अध्ययन, सार्वजनिक नीति निर्माण तथा संगठनात्मक प्रबंधन का एक मूलभूत सैद्धांतिक आधार माना जाता है।

**निर्णय-निर्माण सिद्धांत की अवधारणा एवं प्रमुख तत्व**

निर्णय-निर्माण (Decision-Making) किसी भी प्रशासनिक संगठन की मूलभूत एवं सतत प्रक्रिया है। इसका तात्पर्य उपलब्ध विकल्पों में से संगठन के उद्देश्यों, उपलब्ध संसाधनों तथा परिस्थितियों के अनुरूप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रशासनिक कार्य चाहे वह नीति-निर्माण हो, संसाधनों का आवंटन, कर्मचारियों का प्रबंधन अथवा जनहित से संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन किसी न किसी निर्णय पर आधारित होता है। इसलिए निर्णय-निर्माण को प्रशासन का केंद्रीय तत्व माना जाता है। हर्बर्ट साइमन के अनुसार प्रशासन का वास्तविक स्वरूप निर्णयों की एक श्रृंखला है और किसी भी संगठन की कार्यकुशलता उसके निर्णयों की गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

प्रशासन में निर्णय का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यही प्रक्रिया संगठन को उसके निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा प्रदान करती है। प्रभावी निर्णय-निर्माण से संसाधनों का उचित उपयोग, कार्यों का समन्वय, उत्तरदायित्व की स्पष्टता तथा संगठनात्मक दक्षता में वृद्धि होती है। इसके विपरीत, त्रुटिपूर्ण अथवा विलंबित निर्णय संगठन की कार्यक्षमता, जनविश्वास तथा प्रशासनिक परिणामों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर सकते हैं। इसी कारण आधुनिक लोक प्रशासन में निर्णय-निर्माण को प्रबंधन, नेतृत्व तथा नीति-निर्माण का आधार माना जाता है।

हर्बर्ट साइमन ने निर्णय-निर्माण के संदर्भ में तर्कसंगतता (Rationality) को विशेष महत्व दिया। तर्कसंगतता का अर्थ है कि निर्णयकर्ता उपलब्ध तथ्यों, सूचनाओं तथा संभावित विकल्पों का निष्पक्ष विश्लेषण करके ऐसा निर्णय ले जो संगठन के उद्देश्यों की अधिकतम पूर्ति करे। पारंपरिक आर्थिक सिद्धांत यह मानता था कि व्यक्ति पूर्ण जानकारी के आधार पर सदैव सर्वोत्तम निर्णय लेने में सक्षम होता है। साइमन ने इस धारणा को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि वास्तविक परिस्थितियों में ऐसा संभव नहीं है।

इसी आधार पर साइमन ने सीमित तर्कसंगतता (Bounded Rationality) का सिद्धांत प्रतिपादित किया। उनके अनुसार निर्णयकर्ता की तर्कसंगतता कई कारणों से सीमित होती है, जैसे सूचनाओं का अभाव, समय की कमी, संसाधनों की सीमाएँ, भविष्य की अनिश्चितता तथा मानवीय मानसिक क्षमता की सीमाएँ। इसलिए कोई भी व्यक्ति सभी संभावित विकल्पों का पूर्ण विश्लेषण नहीं कर सकता। वह केवल उपलब्ध जानकारी और परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लेने का प्रयास करता है। इस प्रकार निर्णय-निर्माण पूर्णत: तर्कसंगत न होकर व्यावहारिक और परिस्थितिजन्य होता है।

सीमित तर्कसंगतता की इसी अवधारणा के आधार पर साइमन ने संतोषजनक निर्णय (Satisficing) का सिद्धांत प्रस्तुत किया। उनके अनुसार निर्णयकर्ता प्रत्येक स्थिति में सर्वोत्तम (Optimal) विकल्प की खोज नहीं करता, बल्कि ऐसा विकल्प चुनता है जो उपलब्ध संसाधनों, समय और जानकारी के भीतर संगठन की आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करता हो। अर्थात् वह 'सर्वश्रेष्ठ' के बजाय 'पर्याप्त रूप से उपयुक्त' विकल्प को स्वीकार करता है। यही संतोषजनक निर्णय की अवधारणा है। यह सिद्धांत वास्तविक प्रशासनिक परिस्थितियों को अधिक यथार्थवादी ढंग से प्रस्तुत करता है, क्योंकि अधिकांश सरकारी एवं निजी संगठनों में निर्णय सीमित संसाधनों और अपूर्ण सूचनाओं के बीच ही लिए जाते हैं। इस प्रकार हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत प्रशासनिक व्यवहार को समझने का एक वैज्ञानिक एवं व्यवहारपरक दृष्टिकोण प्रदान करता है। निर्णय-निर्माण की अवधारणा, तर्कसंगतता, सीमित तर्कसंगतता तथा संतोषजनक निर्णय जैसे तत्व आधुनिक लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति, प्रबंधन तथा संगठनात्मक अध्ययन के आधारभूत सिद्धांत बन चुके हैं। आज के जटिल प्रशासनिक परिवेश में भी ये अवधारणाएँ प्रभावी, उत्तरदायी एवं यथार्थवादी निर्णय-निर्माण के लिए समान रूप से प्रासंगिक हैं।

**हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत की प्रक्रिया**

हर्बर्ट साइमन ने निर्णय-निर्माण को एक क्रमबद्ध, तार्किक एवं सतत प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया। उनके अनुसार प्रभावी निर्णय किसी एक क्षण में नहीं लिया जाता, बल्कि विभिन्न चरणों से होकर गुजरता है। निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया का उद्देश्य समस्या की सही पहचान करना, उपलब्ध विकल्पों का विश्लेषण करना, उपयुक्त विकल्प का चयन करना तथा

उसके परिणामों का मूल्यांकन करना है। साइमन ने इस प्रक्रिया को मुख्यत: Intelligence, Design और Choice नामक तीन चरणों में विभाजित किया, जबकि आधुनिक प्रशासनिक अध्ययन में Implementation (क्रियान्वयन) एवं Feedback (प्रतिपुष्टि) को भी निर्णय प्रक्रिया का अभिन्न अंग माना जाता है।

**Intelligence चरण (समस्या की पहचान एवं सूचना संग्रह)**

यह निर्णय-निर्माण प्रक्रिया का प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इस स्तर पर निर्णयकर्ता समस्या की पहचान करता है, उसके कारणों का विश्लेषण करता है तथा उससे संबंधित आवश्यक तथ्यों एवं सूचनाओं का संग्रह करता है। किसी भी निर्णय की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि समस्या को कितनी स्पष्टता से समझा गया है। यदि समस्या का सही निदान नहीं किया गया, तो आगे के सभी निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए इस चरण में आँकड़ों का विश्लेषण, पर्यावरण का अध्ययन तथा संगठन की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाता है।

**Design चरण (विकल्पों का निर्माण एवं विश्लेषण)**

दूसरे चरण में समस्या के समाधान हेतु विभिन्न संभावित विकल्प तैयार किए जाते हैं। प्रत्येक विकल्प की व्यवहारिकता, लागत, लाभ, जोखिम तथा संभावित परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। इस चरण का उद्देश्य ऐसे विकल्प विकसित करना है जो संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप हों और उपलब्ध संसाधनों के भीतर कार्यान्वित किए जा सकें। साइमन के अनुसार निर्णयकर्ता को यथासंभव अधिक विकल्पों पर विचार करना चाहिए, किंतु उनकी उपयोगिता का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन भी आवश्यक है।

**Choice चरण (उपयुक्त विकल्प का चयन)**

इस चरण में उपलब्ध विकल्पों में से सबसे उपयुक्त अथवा संतोषजनक विकल्प का चयन किया जाता है। साइमन के सीमित तर्कसंगतता सिद्धांत के अनुसार निर्णयकर्ता प्रत्येक परिस्थिति में सर्वोत्तम विकल्प नहीं चुन पाता, क्योंकि उसके पास समय, सूचना और संसाधनों की सीमाएँ होती हैं। इसलिए वह ऐसा विकल्प स्वीकार करता है जो परिस्थितियों के अनुसार पर्याप्त रूप से उपयुक्त हो तथा संगठन के लक्ष्यों की प्रभावी पूर्ति कर सके। यही 'संतोषजनक निर्णय' (Satisficing) की अवधारणा का व्यावहारिक रूप है।

**Implementation एवं Feedback (क्रियान्वयन एवं प्रतिपुष्टि)**

निर्णय का वास्तविक महत्व उसके प्रभावी क्रियान्वयन में निहित होता है। चयनित निर्णय को योजनाबद्ध ढंग से लागू करना, आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करना तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित करना इस चरण के प्रमुख कार्य हैं। क्रियान्वयन के पश्चात निर्णय के परिणामों का मूल्यांकन किया जाता है, जिसे प्रतिपुष्टि (Feedback) कहा जाता है। यदि अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं होते, तो आवश्यक संशोधन किए जाते हैं। इस प्रकार निर्णय-निर्माण एक सतत एवं गतिशील प्रक्रिया बन जाती है, जिसमें अनुभव से सीखकर भविष्य के निर्णयों को अधिक प्रभावी बनाया जाता है।

**निर्णय प्रक्रिया के प्रमुख मॉडल :** हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत में विभिन्न निर्णय मॉडल भी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनमें तर्कसंगत मॉडल (Rational Model), सीमित तर्कसंगतता मॉडल (Bounded Rationality Model) तथा संतोषजनक निर्णय मॉडल (Satisficing Model) प्रमुख हैं। तर्कसंगत मॉडल यह मानता है कि निर्णयकर्ता सभी सूचनाओं के आधार पर सर्वोत्तम विकल्प का चयन करता है, जबकि सीमित तर्कसंगतता मॉडल वास्तविक परिस्थितियों में मानवीय सीमाओं को स्वीकार करता है। संतोषजनक निर्णय मॉडल इस विचार को व्यावहारिक रूप देता है कि निर्णयकर्ता उपलब्ध विकल्पों में से ऐसा विकल्प चुनता है जो पर्याप्त रूप से प्रभावी हो। यही कारण है कि साइमन का निर्णय-निर्माण मॉडल आधुनिक लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति, प्रबंधन तथा संगठनात्मक व्यवहार में वैज्ञानिक, यथार्थवादी और व्यवहारपरक दृष्टिकोण का आधार माना जाता है।

**निर्णय-निर्माण सिद्धांत का प्रशासन एवं लोक नीति में अनुप्रयोग**

हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत आधुनिक लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति, संगठनात्मक प्रबंधन तथा डिजिटल शासन का एक महत्वपूर्ण सैद्धांतिक आधार है। इस सिद्धांत ने प्रशासनिक प्रक्रिया को केवल नियमों एवं औपचारिक संरचनाओं तक सीमित न रखकर वास्तविक मानवीय व्यवहार, उपलब्ध संसाधनों तथा परिस्थितिजन्य आवश्यकताओं के अनुरूप समझने का दृष्टिकोण प्रदान किया। वर्तमान समय में जब प्रशासनिक निर्णय जटिल, बहुआयामी तथा साक्ष्य-आधारित

होते जा रहे हैं, तब साइमन का सिद्धांत प्रभावी एवं उत्तरदायी शासन के लिए अत्यंत प्रासंगिक माना जाता है। लोक प्रशासन में इस सिद्धांत का व्यापक उपयोग प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व को बढ़ाने में किया जाता है। किसी भी सरकारी विभाग में योजनाओं का निर्माण, संसाधनों का आवंटन, बजट निर्धारण, मानव संसाधन प्रबंधन, संकट प्रबंधन तथा जनसेवाओं के वितरण जैसे कार्य प्रभावी निर्णय-निर्माण पर आधारित होते हैं। साइमन का मत है कि प्रशासकों को निर्णय लेते समय उपलब्ध तथ्यों, विकल्पों तथा संभावित परिणामों का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करना चाहिए। साथ ही, उन्हें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि समय, संसाधनों और सूचनाओं की सीमाओं के कारण प्रत्येक निर्णय पूर्णत: आदर्श नहीं हो सकता। यह दृष्टिकोण प्रशासनिक व्यवहार को अधिक यथार्थवादी बनाता है।

सार्वजनिक नीति निर्माण के क्षेत्र में भी साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, कृषि, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक विकास से संबंधित नीतियों का निर्माण व्यापक आँकड़ों, विशेषज्ञों की राय तथा सामाजिक आवश्यकताओं के विश्लेषण के आधार पर करती हैं। नीति-निर्माण की प्रक्रिया में समस्या की पहचान, विभिन्न विकल्पों का मूल्यांकन, उपयुक्त नीति का चयन, उसका क्रियान्वयन तथा परिणामों की समीक्षा ये सभी चरण साइमन के निर्णय-निर्माण मॉडल से मेल खाते हैं। इस प्रकार यह सिद्धांत साक्ष्य-आधारित तथा तर्कसंगत नीति-निर्माण को प्रोत्साहित करता है।

संगठनात्मक प्रबंधन में निर्णय-निर्माण सिद्धांत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी संगठन की सफलता उसके नेतृत्व की निर्णय क्षमता पर निर्भर करती है। कर्मचारियों की नियुक्ति, कार्यों का विभाजन, संसाधनों का प्रबंधन, तकनीकी नवाचार, वित्तीय योजना तथा संगठनात्मक परिवर्तन जैसे निर्णय वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित विश्लेषण की अपेक्षा करते हैं। साइमन के सीमित तर्कसंगतता सिद्धांत के अनुसार प्रबंधकों को उपलब्ध सूचनाओं और संसाधनों के भीतर सर्वोत्तम संभव निर्णय लेने चाहिए। इससे संगठन में कार्यकुशलता, समन्वय, उत्पादकता तथा उत्तरदायित्व में वृद्धि होती है।

ई-गवर्नेंस एवं डिजिटल प्रशासन के युग में हर्बर्ट साइमन का सिद्धांत नई प्रासंगिकता प्राप्त कर चुका है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, बिग डेटा, डेटा विश्लेषण, मशीन लर्निंग तथा डिजिटल सूचना प्रणालियों के माध्यम से निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और त्वरित हो रही है। डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रशासकों को वास्तविक समय में सूचनाएँ उपलब्ध कराते हैं, जिससे योजनाओं का बेहतर मूल्यांकन, संसाधनों का प्रभावी उपयोग तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करना संभव हो पाता है। यद्यपि अंतिम निर्णय मानव द्वारा ही लिया जाता है, फिर भी आधुनिक तकनीक निर्णय प्रक्रिया को अधिक साक्ष्य-आधारित और दक्ष बनाती है।

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में भी हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत की उपयोगिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। नीति आयोग, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (Direct Benefit Transfer), ई-ऑफिस प्रणाली, सेवा वितरण पोर्टल, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य मिशन तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तथ्यपरक एवं डेटा-आधारित निर्णयों को प्राथमिकता दी जा रही है। भारतीय प्रशासनिक सेवा सहित विभिन्न लोक सेवाओं में अधिकारियों को परिस्थितियों के अनुरूप विवेकपूर्ण, उत्तरदायी तथा जनहितकारी निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। इस संदर्भ में साइमन का सीमित तर्कसंगतता एवं संतोषजनक निर्णय का सिद्धांत प्रशासनिक व्यवहार की वास्तविकताओं को समझने और प्रभावी शासन सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है।

इस प्रकार हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत केवल एक सैद्धांतिक अवधारणा नहीं है, बल्कि आधुनिक प्रशासन, सार्वजनिक नीति, संगठनात्मक प्रबंधन तथा डिजिटल शासन के लिए एक व्यावहारिक मार्गदर्शक भी है। बदलते प्रशासनिक परिवेश में यह सिद्धांत वैज्ञानिक दृष्टिकोण, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व तथा सुशासन को सुदृढ़ करने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

**निर्णय-निर्माण सिद्धांत की आलोचनाएँ एवं समकालीन प्रासंगिकता**

हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत आधुनिक लोक प्रशासन और संगठनात्मक अध्ययन के सबसे प्रभावशाली सिद्धांतों में से एक माना जाता है। इस सिद्धांत ने प्रशासनिक निर्णयों को व्यवहारवादी एवं वैज्ञानिक आधार प्रदान किया तथा पारंपरिक प्रशासनिक सिद्धांतों की अनेक सीमाओं को स्पष्ट किया। इसके बावजूद यह सिद्धांत आलोचनाओं से मुक्त नहीं है। विभिन्न विद्वानों ने इसकी कुछ वैचारिक तथा

व्यावहारिक सीमाओं की ओर संकेत किया है। फिर भी बदलते प्रशासनिक परिवेश, तकनीकी विकास तथा डिजिटल शासन के संदर्भ में इसकी उपयोगिता आज भी व्यापक रूप से स्वीकार की जाती है। हर्बर्ट साइमन के सिद्धांत की सबसे प्रमुख आलोचना यह है कि यह निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया को अत्यधिक तर्कसंगत एवं संगठन-केंद्रित मानता है। आलोचकों का मत है कि वास्तविक प्रशासनिक निर्णय केवल तथ्यों और तर्कों पर आधारित नहीं होते, बल्कि उन पर राजनीतिक दबाव, सामाजिक मूल्य, नैतिक मान्यताएँ, वैचारिक प्रतिबद्धताएँ तथा व्यक्तिगत हित भी प्रभाव डालते हैं। अनेक परिस्थितियों में निर्णयकर्ता राजनीतिक नेतृत्व, जनमत, मीडिया तथा दबाव समूहों के प्रभाव में निर्णय लेने के लिए बाध्य होते हैं, जिन्हें साइमन का मॉडल पर्याप्त रूप से स्पष्ट नहीं करता।

व्यवहारवादी दृष्टिकोण की भी कुछ सीमाएँ हैं। यद्यपि साइमन ने प्रशासन में मानवीय व्यवहार को महत्त्व दिया, किंतु उनका विश्लेषण मुख्यत: संगठन के आंतरिक निर्णयों तक सीमित माना जाता है। यह सिद्धांत भावनात्मक, सांस्कृतिक तथा नैतिक कारकों के प्रभाव का समुचित विश्लेषण नहीं करता। इसके अतिरिक्त, विभिन्न संगठनों की संरचना, नेतृत्व शैली तथा बाह्य राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण में अंतर होने के कारण एक ही निर्णय मॉडल को सभी परिस्थितियों में समान रूप से लागू करना संभव नहीं होता। इसलिए कई विद्वानों का मत है कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया को समझने के लिए सामाजिक, राजनीतिक और संस्थागत कारकों का भी समावेश आवश्यक है।

इन आलोचनाओं के बावजूद आधुनिक प्रशासन में हर्बर्ट साइमन के सिद्धांत की उपयोगिता अत्यंत महत्त्वपूर्ण बनी हुई है। वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था में योजनाओं का निर्माण, संसाधनों का आवंटन, वित्तीय प्रबंधन, संकट प्रबंधन, मानव संसाधन विकास तथा सार्वजनिक सेवाओं के वितरण जैसे सभी कार्य व्यवस्थित निर्णय-निर्माण पर आधारित हैं। साइमन का सीमित तर्कसंगतता सिद्धांत प्रशासकों को यह समझने में सहायता करता है कि निर्णय सदैव अपूर्ण जानकारी और सीमित संसाधनों के बीच लिए जाते हैं। इसलिए व्यावहारिक एवं परिस्थितिजन्य निर्णय ही प्रभावी प्रशासन का आधार होते हैं। यही कारण है कि आधुनिक लोक प्रशासन, प्रबंधन, सार्वजनिक नीति तथा संगठनात्मक व्यवहार के अध्ययन में साइमन का सिद्धांत आज भी केंद्रीय स्थान रखता है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), बिग डेटा (Big Data), मशीन लर्निंग (Machine Learning) तथा डिजिटल गवर्नेंस के वर्तमान युग में हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गया है। आधुनिक प्रशासन में डेटा-आधारित निर्णय (Data-Driven Decision Making) को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे नीति-निर्माण अधिक सटीक, पारदर्शी तथा उत्तरदायी बन रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता विशाल मात्रा में उपलब्ध आँकड़ों का तीव्र विश्लेषण कर निर्णयकर्ताओं को विभिन्न विकल्पों और उनके संभावित परिणामों की जानकारी प्रदान करती है। हालांकि अंतिम निर्णय अभी भी मानव विवेक, नैतिक मूल्यों तथा सार्वजनिक हित को ध्यान में रखकर ही लिया जाता है। इसलिए डिजिटल तकनीक और मानवीय निर्णय क्षमता का संतुलित समन्वय सुशासन की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है।

भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में भी डिजिटल इंडिया, ई-गवर्नेंस, नीति आयोग, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT), ऑनलाइन सेवा वितरण, स्मार्ट गवर्नेंस तथा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण जैसी पहलें साइमन के निर्णय-निर्माण दृष्टिकोण की समकालीन प्रासंगिकता को स्पष्ट करती हैं। इन पहलों ने प्रशासनिक निर्णयों को अधिक पारदर्शी, त्वरित और नागरिक-केंद्रित बनाया है। अत: यह कहा जा सकता है कि यद्यपि हर्बर्ट साइमन के निर्णय-निर्माण सिद्धांत की कुछ सीमाएँ हैं, फिर भी यह आधुनिक प्रशासन, लोक नीति, डिजिटल शासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में प्रभावी, उत्तरदायी और वैज्ञानिक निर्णय-निर्माण के लिए एक अत्यंत प्रासंगिक एवं उपयोगी सैद्धांतिक आधार प्रदान करता है।

**निष्कर्ष**

हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत आधुनिक लोक प्रशासन, प्रबंधन तथा संगठनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण वैचारिक उपलब्धि माना जाता है। इस सिद्धांत ने पारंपरिक प्रशासनिक दृष्टिकोण में प्रचलित पूर्ण तर्कसंगतता की अवधारणा को चुनौती देते हुए यह स्थापित किया कि वास्तविक प्रशासनिक परिस्थितियों में निर्णय सीमित जानकारी, सीमित संसाधनों, समय के अभाव तथा मानवीय संज्ञानात्मक क्षमताओं के कारण प्रभावित होते हैं। इसी आधार पर साइमन द्वारा प्रतिपादित सीमित तर्कसंगतता (Bounded Rationality) तथा संतोषजनक निर्णय (Satisficing) की अवधारणाओं ने प्रशासनिक निर्णय-निर्माण को अधिक यथार्थवादी, वैज्ञानिक

और व्यवहारपरक आधार प्रदान किया। यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि प्रभावी प्रशासन केवल नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उचित परिस्थितियों में उपलब्ध विकल्पों का विवेकपूर्ण विश्लेषण कर सर्वोत्तम संभव निर्णय लेने की क्षमता पर निर्भर करता है। निर्णय-निर्माण की चरणबद्ध प्रक्रिया समस्या की पहचान, विकल्पों का निर्माण, उपयुक्त विकल्प का चयन, क्रियान्वयन तथा प्रतिपुष्टि आज भी प्रशासनिक दक्षता और संगठनात्मक सफलता का आधार मानी जाती है। यही कारण है कि लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन तथा विकास प्रशासन जैसे क्षेत्रों में साइमन के सिद्धांत का व्यापक उपयोग किया जाता है।

समकालीन प्रशासनिक परिदृश्य में, जहाँ डिजिटल गवर्नेंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence), बिग डेटा, डेटा विश्लेषण तथा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण का महत्व निरंतर बढ़ रहा है, वहाँ हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत और अधिक प्रासंगिक हो गया है। आधुनिक तकनीक निर्णय प्रक्रिया को अधिक त्वरित, सटीक और पारदर्शी बनाने में सहायक है, किंतु मानवीय विवेक, नैतिक मूल्यों, संवेदनशीलता तथा जनहित का स्थान आज भी सर्वोपरि है। इसलिए तकनीकी साधनों और मानवीय निर्णय क्षमता के मध्य संतुलन स्थापित करना प्रभावी प्रशासन की अनिवार्य शर्त है।

यद्यपि इस सिद्धांत की कुछ सीमाएँ हैं, जैसे राजनीतिक, सामाजिक एवं नैतिक कारकों का सीमित विश्लेषण, फिर भी इसकी मूल अवधारणाएँ आज भी प्रशासनिक व्यवहार को समझने का सुदृढ़ आधार प्रदान करती हैं। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि हर्बर्ट साइमन का निर्णय-निर्माण सिद्धांत केवल लोक प्रशासन का ही नहीं, बल्कि समग्र शासन एवं प्रबंधन विज्ञान का एक आधारभूत सिद्धांत है, जिसने प्रशासनिक अध्ययन को वैज्ञानिक, व्यवहारपरक और परिणामोन्मुख दृष्टिकोण प्रदान किया है। बदलते वैश्विक एवं डिजिटल युग में भी यह सिद्धांत प्रभावी निर्णय-निर्माण, सुशासन, पारदर्शिता तथा उत्तरदायी प्रशासन के लिए समान रूप से प्रासंगिक और मार्गदर्शक बना हुआ है।

**शोधार्थी**
**राजनीति विज्ञान विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल : jyoti270399@gmail.com**

**सन्दर्भ**


- ★ अवस्थी, ए., एवं महेश्वरी, एस. आर. (2019). लोक प्रशासन (48वाँ संस्करण). आगरा : लक्ष्मी नारायण अग्रवाल।
- ★ अरोड़ा, रमेश के., एवं गोयल, राजेन्द्र (2017). भारतीय लोक प्रशासन : संस्थाएँ एवं मुद्दे. नई दिल्ली : विशल पब्लिकेशन।
- ★ ऐप्पलबी, पॉल एच. (1953). पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया: रिपोर्ट ऑफ ए सर्वे. नई दिल्ली: भारत सरकार प्रेस।
- ★ ड्रकर, पीटर एफ. (1954). द प्रैक्टिस ऑफ मैनेजमेंट. न्यूयॉर्क : हार्पर एंड ब्रदर्स।
- ★ गुलिक, लूथर, एवं उर्विक, एल. (सम्पा.). (1937). पेपर्स ऑन द साइंस ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन. न्यूयॉर्क : इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन।
- ★ मार्च, जेम्स जी., एवं साइमन, हर्बर्ट ए. (1958). ऑर्गनाइजेशन्स. न्यूयॉर्क : जॉन वाइली एंड सन्स।
- ★ महेश्वरी, एस. आर. (2021). भारतीय प्रशासन (10वाँ संस्करण). नई दिल्ली : ओरिएंट ब्लैकस्वान।
- ★ मोहित भट्टाचार्य. (2020). लोक प्रशासन : संरचना, प्रक्रिया एवं व्यवहार (नई दिल्ली: जवाहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स)।
- ★ निग्रो, फेलिक्स ए., एवं निग्रो, लॉयड जी. (1989). मॉडर्न पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन. न्यूयॉर्क : हार्पर कॉलिन्स।
- ★ प्रसाद, रविन्द्र डी., प्रसाद, वी. एस., एवं सत्यनारायण, पी. (2010). प्रशासनिक चिंतक. नई दिल्ली : स्टर्लिंग पब्लिशर्स।
- ★ रॉबिंस, स्टीफन पी., एवं कुल्टर, मैरी. (2018). मैनेजमेंट (14वाँ संस्करण). बोस्टन : पियरसन।
- ★ साइमन, हर्बर्ट ए. (1947). एडमिनिस्ट्रेटिव बिहेवियर : ए स्टडी ऑफ डिसीजन-मेकिंग प्रोसेसेज इन एडमिनिस्ट्रेटिव ऑर्गनाइजेशन्स. न्यूयॉर्क : मैकमिलन।
- ★ साइमन, हर्बर्ट ए. (1957). मॉडल्स ऑफ मैन : सोशल एंड रैशनल. न्यूयॉर्क : जॉन वाइली एंड सन्स।
- ★ साइमन, हर्बर्ट ए. (1960). द न्यू साइंस ऑफ मैनेजमेंट डिसीजन. न्यूयॉर्क : हार्पर एंड रो।
- ★ साइमन, हर्बर्ट ए. (1969). द साइंसेज ऑफ द आर्टिफिशियल. कैम्ब्रिज, एमए : एमआईटी प्रेस।
- ★ वाल्डो, ड्वाइट. (1948). द एडमिनिस्ट्रेटिव स्टेट. न्यूयॉर्क : रोनाल्ड प्रेस।
- ★ व्हाइट, लियोनार्ड डी. (1926). इंट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन. न्यूयॉर्क : मैकमिलन।

# नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध



डॉ. ज्योति सिंह

**बीज शब्द**

स्त्री प्रतिरोध, समकालीन हिंदी कहानी, पितृसत्ता, अस्मिता, सामाजिक चेतना, शोषित वर्ग, स्त्री अस्मिता, नारी विमर्श, हिंदी कहानी।

**शोध सार**

समकालीन हिंदी कथा-साहित्य में नासिरा शर्मा का नाम उन रचनाकारों में अग्रणी है जिन्होंने समाज के हाशिए पर खड़े समुदायों, विशेषकर महिलाओं और अल्पसंख्यकों की आवाज को मुखरता दी है। उनकी कहानियों में स्त्री केवल एक मूक दर्शक या पीड़ित इकाई नहीं है, बल्कि वह अपनी नियति को बदलने के लिए निरंतर संघर्षरत है। नासिरा शर्मा की कहानियों में 'स्त्री प्रतिरोध' पारंपरिक बेड़ियों को तोड़ने, पितृसत्तात्मक संरचनाओं को चुनौती देने और अपनी स्वतंत्र अस्मिता (Identity) स्थापित करने का एक सशक्त वैचारिक उपकरण बनकर उभरता है। समकालीन हिंदी कथा-साहित्य में नासिरा शर्मा का विशिष्ट स्थान है। उनकी कहानियाँ केवल स्त्री-जीवन की पीड़ा का चित्रण नहीं करतीं, बल्कि स्त्री के आत्मसम्मान, आत्मनिर्णय और प्रतिरोध की चेतना को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करती हैं। उनकी कथा-दृष्टि भारतीय सामाजिक यथार्थ, सांस्कृतिक विविधता तथा विशेष रूप से मुस्लिम समाज की स्त्रियों के जीवन-संघर्ष को मानवीय संवेदना के साथ प्रस्तुत करती है। उनकी कहानियों में स्त्री प्रतिरोध किसी उग्र विद्रोह के रूप में नहीं, बल्कि आत्मचेतना, स्वाभिमान और अस्तित्व की रक्षा के नैतिक संकल्प के रूप में सामने आता है। नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री पात्र पारंपरिक सामाजिक संरचनाओं और पितृसत्तात्मक मान्यताओं से जूझते हुए दिखाई देते हैं। वे अन्याय, शोषण, लैंगिक भेदभाव और सामाजिक रूढ़ियों को मौन रूप से स्वीकार नहीं करतीं, बल्कि अपनी परिस्थितियों के भीतर रहते हुए भी प्रतिरोध का मार्ग चुनती हैं। यह प्रतिरोध कभी आत्मनिर्भरता के रूप में, कभी शिक्षा के माध्यम से, तो कभी आत्मसम्मान की रक्षा हेतु लिए गए निर्णयों में अभिव्यक्त होता है।

लेखिका की कहानियों का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि वे स्त्री को केवल पीड़िता के रूप में चित्रित नहीं करतीं, बल्कि उसे विचारशील, निर्णयक्षम और परिवर्तनकारी व्यक्तित्व प्रदान करती हैं। उनके स्त्री पात्र परिवार और समाज दोनों के भीतर अपनी पहचान स्थापित करने का प्रयास करते हैं। यह प्रतिरोध पुरुष-विरोध नहीं, बल्कि अन्याय और असमानता के विरोध का स्वर है।समकालीन हिंदी कथा-साहित्य में नासिरा शर्मा का विशिष्ट स्थान है। उन्होंने भारतीय समाज, विशेषतः मुस्लिम समाज, मध्यवर्गीय जीवन तथा स्त्री-अस्तित्व के विविध आयामों को अत्यंत संवेदनशीलता एवं यथार्थपरक दृष्टि से चित्रित किया है। उनकी कहानियाँ स्त्री के केवल शोषण और पीड़ा का आख्यान नहीं हैं, बल्कि उनमें स्त्री की आत्मचेतना, आत्मसम्मान, स्वाधीनता तथा प्रतिरोध की सशक्त अभिव्यक्ति भी दिखाई देती है। नासिरा शर्मा का स्त्री-विमर्श पश्चिमी उग्र नारीवाद से भिन्न भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भों में विकसित होता है। उनके कथा-साहित्य में स्त्री अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती है, परंतु परिवार, समाज और मानवीय मूल्यों को भी समान रूप से महत्त्व देती है। प्रस्तुत शोध-पत्र में उनकी प्रमुख कहानियों के आधार पर स्त्री प्रतिरोध के विविध रूपों का विश्लेषण किया गया है।

नासिरा शर्मा का कथा-साहित्य वर्ग, धर्म, संस्कृति और लिंग इन सभी आयामों को समग्रता में देखता है। उनकी कहानियों में मुस्लिम समाज की स्त्रियों की समस्याएँ विशेष रूप से उभरती हैं, किंतु उनका संघर्ष सार्वभौमिक स्त्री-अनुभव का प्रतिनिधित्व करता है। लेखिका स्त्री की स्वतंत्रता को सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ते हुए संतुलित दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। यही कारण है कि उनका स्त्री-विमर्श भारतीय सामाजिक यथार्थ से गहराई से जुड़ा हुआ दिखाई देता है।

'संगसार' जैसी कहानी में प्रतिरोध का रूप अत्यंत तीव्र है, जहाँ वे धार्मिक और सामाजिक कुप्रथाओं के नाम पर स्त्रियों के दमन का पर्दाफाश करती हैं। उनका प्रतिरोध केवल चिल्लाने या विलाप करने तक सीमित नहीं है; यह एक शांत, दृढ़ और वैचारिक प्रतिरोध है जो शोषक व्यवस्था की जड़ों को हिला देता है। स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी में स्त्री-विमर्श ने साहित्य को नई दिशा प्रदान की है। स्त्री अब केवल करुणा और त्याग की प्रतीक नहीं रही, बल्कि अपने अस्तित्व, अधिकार और अस्मिता के लिए संघर्ष करने वाली सजग व्यक्तित्व के रूप में सामने आई है। इस परिवर्तनशील साहित्यिक परिदृश्य में नासिरा शर्मा का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्त्री को सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक बंधनों के भीतर रहते हुए भी अपनी पहचान बनाने वाली सशक्त मानवीय सत्ता के रूप में चित्रित किया है।

उनकी कहानियाँ यह स्थापित करती हैं कि स्त्री का प्रतिरोध केवल विद्रोह नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध मानवीय गरिमा की रक्षा का संघर्ष है। उनकी दृष्टि स्त्री को पुरुष के विरोध में खड़ा नहीं करती, बल्कि अन्यायपूर्ण सामाजिक संरचनाओं के विरुद्ध खड़ा करती है। यही उनकी रचनात्मक दृष्टि को विशिष्ट बनाती है।

**आर्थिक स्वावलंबन और अस्मिता की खोज**

शर्मा जी का मानना है कि स्त्री का वास्तविक प्रतिरोध तब तक अधूरा है जब तक वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र नहीं होती। उनकी कहानियों में मध्यमवर्गीय और निम्नवर्गीय स्त्रियाँ शिक्षा और श्रम के माध्यम से अपनी पहचान बनाती हैं। वे केवल पुरुषों के रहमोकरम पर जीने वाली 'आश्रित' नहीं हैं। यह आर्थिक आत्मनिर्भरता उन्हें पुरुषों के वर्चस्व को नकारने और अपनी शर्तों पर जीवन जीने का साहस देती है। उनकी कहानियों की नायिकाएं अपनी देह से आगे बढ़कर अपने मस्तिष्क, अपनी बौद्धिकता और अपनी रचनात्मकता के बल पर समाज में स्पेस (Space) मांगती हैं।

**बहुआयामी प्रतिरोध : मुस्लिम समाज और वर्ग चेतना**

नासिरा शर्मा के लेखन का एक विशिष्ट आयाम मुस्लिम समाज की स्त्रियों का चित्रण है। वे उन बंद दरवाजों और पर्दों के पीछे की दुनिया को सामने लाती हैं जहाँ स्त्रियाँ तिहरे दमन (पितृसत्ता, वर्ग और धार्मिक रूढ़िवादिता) से जूझ रही हैं। इन कहानियों में स्त्री प्रतिरोध केवल पुरुषों के विरोध तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह उस पूरी व्यवस्था के खिलाफ जाता है जो उसे शिक्षा और मौलिक अधिकारों से वंचित रखती है। उनकी कहानियों में एक अनूठा 'वर्ग-सरोकार' भी है, जहाँ गरीब और श्रमिक वर्ग की स्त्रियाँ अपने अस्तित्व की लड़ाई अधिक आक्रामकता के साथ लड़ती हैं।

प्रस्तुत शोध गुणात्मक (Qualitative) एवं विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। अध्ययन हेतु नासिरा शर्मा के प्रमुख कहानी-संग्रहों तथा उनके साहित्य पर उपलब्ध आलोचनात्मक एवं शोधपरक सामग्री का उपयोग किया गया है।

**नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध**

नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध अनेक स्तरों पर अभिव्यक्त होता है। यह प्रतिरोध केवल बाह्य संघर्ष नहीं, बल्कि मानसिक, वैचारिक, सांस्कृतिक तथा नैतिक प्रतिरोध भी है। उनकी स्त्रियाँ परिस्थितियों के आगे आत्मसमर्पण नहीं करतीं, बल्कि अपनी चेतना और विवेक के आधार पर जीवन के निर्णय स्वयं लेने का साहस रखती हैं।

**1. आत्मसम्मान का प्रतिरोध**

उनकी कहानियों की स्त्रियाँ आत्मसम्मान को जीवन का सबसे बड़ा मूल्य मानती हैं। वे अपमान, उपेक्षा तथा अन्याय को नियति मानकर स्वीकार नहीं करतीं। आत्मसम्मान की रक्षा ही उनके प्रतिरोध का मूल आधार बनती है।

**2. पितृसत्ता के विरुद्ध संघर्ष**

भारतीय समाज की पितृसत्तात्मक व्यवस्था स्त्री की स्वतंत्रता को सीमित करती रही है। नासिरा शर्मा इस व्यवस्था की विसंगतियों को अत्यंत सूक्ष्मता से उद्घाटित करती हैं। उनकी स्त्रियाँ विवाह, पारिवारिक निर्णय, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता जैसे प्रश्नों पर अपनी स्वतंत्र पहचान स्थापित करने का प्रयास करती हैं। नासिरा शर्मा की कहानियों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे स्त्री को परंपरा के नाम पर थोपे गए रूढ़िवादी ढांचों के खिलाफ खड़ा करती हैं। उनके कथा-संसार (जैसे 'शामी कागज', 'संगसार' और 'इब्ने

मरियम') में स्त्रियाँ घरेलू हिंसा, सामाजिक बहिष्कार और धार्मिक कट्टरता के सामने घुटने नहीं टेकतीं।

**3. शिक्षा और आत्मनिर्भरता**

लेखिका के अनुसार शिक्षा स्त्री मुक्ति का सबसे प्रभावी माध्यम है। शिक्षित स्त्री केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वतंत्र होती है। उनकी अनेक कहानियों में शिक्षा स्त्री प्रतिरोध का सशक्त उपकरण बनकर सामने आती है।

**4. मौन प्रतिरोध की शक्ति**

नासिरा शर्मा की स्त्रियाँ हमेशा उग्र विद्रोह नहीं करतीं। अनेक बार उनका मौन, उनका निर्णय और उनका आत्म-विश्वास ही सबसे प्रभावशाली प्रतिरोध सिद्ध होता है। यह मौन अन्याय की स्वीकृति नहीं, बल्कि आत्मबल का परिचायक है।

**5. मुस्लिम समाज की स्त्री का संघर्ष**

नासिरा शर्मा ने मुस्लिम समाज की स्त्रियों की समस्याओं को अत्यंत प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत किया है। पर्दा-प्रथा, रूढ़िवादिता, धार्मिक कट्टरता तथा सामाजिक असमानताओं के बीच उनकी स्त्रियाँ अपनी पहचान बनाने का संघर्ष करती हैं। यह संघर्ष किसी धर्म के विरुद्ध नहीं, बल्कि रूढ़ मानसिकता के विरुद्ध है।

**स्त्री प्रतिरोध की विशेषताएँ**

नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध की निम्नलिखित विशेषताएँ प्रमुख रूप से दिखाई देती हैं

- प्रतिरोध में संतुलन एवं विवेक।
- परिवार और समाज के प्रति उत्तरदायित्व।
- आत्मसम्मान और स्वाभिमान की रक्षा।
- शिक्षा एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता पर बल।
- सामाजिक परिवर्तन की सकारात्मक चेतना।
- मानवीय संवेदना का संरक्षण।

उनकी स्त्री न तो परम्परा का अंधानुकरण करती है और न आधुनिकता का अंधानुकरण। वह दोनों के मध्य संतुलित जीवन-दृष्टि का निर्माण करती है।

**नासिरा शर्मा का स्त्री-विमर्श**

नासिरा शर्मा का स्त्री-विमर्श भारतीय सांस्कृतिक परिवेश में विकसित हुआ है। वे पश्चिमी नारीवाद की उग्र अवधारणाओं के स्थान पर भारतीय समाज की वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप स्त्री की स्वतंत्रता और सम्मान की बात करती हैं। उनके अनुसार स्त्री और पुरुष समाज के पूरक हैं; संघर्ष व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि अन्यायपूर्ण व्यवस्था के विरुद्ध होना चाहिए। यही कारण है कि उनका साहित्य स्त्री-अधिकारों की वकालत करते हुए भी सामाजिक समरसता का पक्षधर दिखाई देता है।

**निष्कर्ष**

संक्षेप में, नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री प्रतिरोध कोई कृत्रिम या आयातित विमर्श नहीं है, बल्कि यह मिट्टी से जुड़ा और यथार्थवादी संघर्ष है। वे स्त्री को 'बेचारी' के रूप में चित्रित करने के बजाय उसे 'लड़ाकू' और 'चेतन' रूप में प्रस्तुत करती हैं। उनका साहित्य यह संदेश देता है कि स्त्री का प्रतिरोध तब तक जारी रहेगा जब तक समाज उसे एक स्वतंत्र और गरिमापूर्ण इंसान के रूप में स्वीकार नहीं कर लेता। यह शोध पत्र नासिरा शर्मा के कथा-साहित्य को समकालीन नारीवादी विमर्श के केंद्र में स्थापित करता है। नासिरा शर्मा की कहानियाँ स्त्री प्रतिरोध की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। उनकी रचनाओं में प्रतिरोध केवल विद्रोह नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, मानवीय गरिमा और सामाजिक न्याय की स्थापना का माध्यम है। उनके स्त्री पात्र अपने संघर्ष के माध्यम से यह सिद्ध करते हैं कि परिवर्तन की शुरुआत व्यक्ति की चेतना से होती है। इस प्रकार नासिरा शर्मा का कथा-साहित्य हिंदी के स्त्री-विमर्श को व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय आधार प्रदान करता है तथा समकालीन हिंदी कहानी को नई वैचारिक दिशा देता है। नासिरा शर्मा की कहानियाँ स्त्री प्रतिरोध की एक सशक्त साहित्यिक अभिव्यक्ति हैं। उन्होंने स्त्री को केवल करुणा या शोषण की प्रतीक के रूप में नहीं, बल्कि संघर्षशील, स्वाभिमानी, विवेकशील और परिवर्तनकारी व्यक्तित्व के रूप में प्रस्तुत किया है। उनकी कहानियों का प्रतिरोध हिंसा या उग्रता पर आधारित नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्णय, शिक्षा, नैतिक साहस तथा मानवीय संवेदना पर आधारित है। इस दृष्टि से उनका कथा-साहित्य समकालीन हिंदी साहित्य में स्त्री-विमर्श को नई वैचारिक ऊँचाई प्रदान करता है। नासिरा शर्मा की कहानियाँ आज भी समाज में समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की स्थापना के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

**असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी विभाग)**
**नाथ चन्द्रावत महाविद्यालय,**
**जगदीशपुर गोरखपुर (उ.प्र.)**
**Email : rajputsinghjyotiparmar@gmail.com**

**सन्दर्भ**

1. शर्मा, नासिरा. (1997). शामी कागज. किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली।
2. शर्मा, नासिरा. (2002). संगसार. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
3. सिंह, नामवर. (2010). सेंचुरी की हिंदी कहानी. राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. कुमार, राम. (2015). समकालीन हिंदी कहानी में स्त्री विमर्श और नासिरा शर्मा. भारतीय साहित्य पत्रिका, अंक-4, पृष्ठ 85-92।
5. शर्मा, नासिरा. पत्थर गली. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
6. शर्मा, नासिरा. संगसार. नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
7. यादव, ममता. ''नासिरा शर्मा की कहानियों में अभिव्यक्त : स्त्री दृष्टि.'' Shodhshauryam (2020).
8. जीतबाला. ''नासिरा शर्मा और कृष्णा सोबती की कहानियों में नारी विमर्श : तुलनात्मक अध्ययन.'' अंतर्राष्ट्रीय हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका (2025).
9. शर्मा, नासिरा। पत्थर गली। नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
10. शर्मा, नासिरा। संगसार। नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
11. शर्मा, नासिरा। खुदा की वापसी। नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
12. शर्मा, नासिरा। इब्ने मरियम। नई दिल्ली : राजकमल प्रकाशन।
13. यादव, ममता। ''नासिरा शर्मा की कहानियों में अभिव्यक्त : स्त्री दृष्टि।'' Shodhshauryam International Research Journal.
14. ''नासिरा शर्मा की कहानियों में स्त्री विमर्श : लैंगिक असमानता और सामाजिक परिवर्तन की दृष्टि से एक आलोचनात्मक समीक्षा।'' Research Gate.
15. जीतबाला। ''नासिरा शर्मा और कृष्णा सोबती की कहानियों में नारी विमर्श : तुलनात्मक अध्ययन।'' अंतर्राष्ट्रीय हिंदी एवं सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका।



# हड़प्पा सभ्यता की निरंतरता और आर्य आक्रमण पर समकालीन दृष्टिकोण

डॉ. विक्रम सिंह चौधरी


**सार**

आर्य आक्रमण सिद्धांत (Aryan Invasion Theory - AIT), जिसके अनुसार इंडो-यूरोपीय भाषा बोलने वाले आर्य भारत में बाहर से आए एवं उन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप को गहराई से प्रभावित किया और भारतीय इतिहास में एक लंबे समय से विवादित विषय रहा है। समय के साथ इस सिद्धांत की भारतीय और विदेशी इतिहासकारों द्वारा व्यापक आलोचना की गई है, जिसके परिणामस्वरूप आर्यों की उत्पत्ति और हड़प्पा सभ्यता की निरंतरता को लेकर एक नई समझ विकसित हुई है। यह नई समझ पुरातात्विक, आनुवंशिक और सांस्कृतिक अध्ययनों पर आधारित है। यह आलेख आर्य आक्रमण सिद्धांत से जुड़े प्रमुख तर्कों और साक्ष्यों की समीक्षा करता है तथा हड़प्पा सभ्यता के स्वदेशी विकास एवं निरंतरता पर आधारित एक संशोधित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।



**बीज शब्द**

हड़प्पा सभ्यता, आर्य आक्रमण सिद्धांत, आर्य प्रवासन, स्वदेशी आर्य, राखीगढ़ी, वैदिक संस्कृति, पुरातत्वय आनुवंशिक निरंतरता, सरस्वती सभ्यता, बी.बी. लाल, वी. शिंदे।


आर्य आक्रमण सिद्धांत मुख्यत: भाषाई और सांस्कृतिक साक्ष्यों पर आधारित था। हालांकि आरम्भिक दौर में आर्य आक्रमण ही माना गया परन्तु बाद में इतिहासकारों ने आर्य प्रवासन माना। जैसे कि आर.सी. मजूमदार[1] ने आर्य आक्रमण को अस्वीकार कर क्रमिक प्रवासन माना और उन्होंने स्थानीय समुदायों के साथ सांस्कृतिक समन्वय स्थापित किया। आर्य आक्रमण सिद्धांत के समर्थकों में सर विलियम जोन्स, डेविड एंथनी, पी. गाइल्स और मैक्स मूलर जैसे विद्वान शामिल थे, जिन्होंने यह तर्क दिया कि आर्यों की उत्पत्ति यूरोप या मध्य एशिया में हुई और वे  वहीं से भारत आए।

जोन्स[2] और एंथनी[3] ने भाषाई समानताओं के आधार पर आर्यों का मूल निवास यूरोप माना, जबकि मैक्समूलर[4] ने ऋग्वेद और जेन्द अवेस्ता के बीच समानताओं को आधार बनाकर यह सिद्धांत प्रस्तुत किया कि आर्य मध्य एशिया से भारत सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास कर गए।

लंबे समय तक यह माना गया कि ये इंडो-यूरोपीय भाषी आर्य भारत आए, यहाँ के मूल निवासियों को विस्थापित किया और भारतीय समाज को नया रूप दिया। किंतु बाद में अनेक विद्वानों ने इस सिद्धांत पर प्रश्न उठाए और तर्क दिया कि आर्य न ही आक्रमणकारी थे और न ही बाहर से आये बल्कि भारत के ही मूल निवासी थे। ए. सी. दास, गंगानाथ झा, सम्पूर्णानन्द जैसे विद्वानों ने यह मत प्रस्तुत किया कि आर्यों की उत्पत्ति भारत में हुई और वे बाद में विश्व के अन्य भागों में फैले।

यह विचार कि आर्य भारतीय उपमहाद्वीप के ही मूल निवासी थे, भाषाई और सांस्कृतिक साक्ष्यों से भी समर्थित है। सम्पूर्णानन्द, गंगानाथ झा और आर. सी. मजूमदार जैसे विद्वानों ने इस ओर संकेत किया है कि वेदों में वर्णित ''सप्त-सिन्धु'' (सात नदियाँ) का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम भारतीय उपमहाद्वीप से मेल खाता है।

**सप्त-सिन्धु क्षेत्र**

सम्पूर्णानन्द[5] के अनुसार आर्यों का मूल निवास सप्त-सिन्धु क्षेत्र था, जहाँ सिंधु, झेलम, रावी, ब्यास, सतलुज और सरस्वती जैसी नदियाँ बहती थीं। ये सभी नदियाँ वर्तमान भारत और पाकिस्तान के क्षेत्र में स्थित हैं।

**पंचनद और वैदिक संदर्भ**

गंगानाथ झा[6] ने वेदों में वर्णित पंचनद क्षेत्र (वर्तमान

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

पंजाब) की ओर संकेत किया, जिसे ऋग्वैदिक आर्यों का पवित्र क्षेत्र माना गया है। यहाँ वे अपने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करते थे, जो इस विचार को और सुदृढ़ करता है कि आर्य भारत के ही मूल निवासी थे।

हाल के आनुवंशिक, पुरातात्विक और सांस्कृतिक अध्ययनों ने आर्य आक्रमण सिद्धांत को गंभीर चुनौती दी है। विशेष रूप से मिशेल डैनिनो, बी. बी. लाल, के. एन. दीक्षित, एस. पी. गुप्ता, आर. एस. बिष्ट, नीरज राय, डेविड राइख और प्रो. वसंत शिंदे जैसे विद्वानों ने ऐसे साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो आर्य आक्रमण की धारणा को कमजोर करते हैं और हड़प्पा सभ्यता के स्वदेशी विकास का समर्थन करते हैं।

**आनुवंशिक साक्ष्य**

वसंत शिंदे[7] द्वारा हरियाणा के राखीगढ़ी स्थल की खुदाई से प्राप्त 61 हड़प्पाई कंकाल अवशेषों पर किया गया महत्वपूर्ण आनुवंशिक अध्ययन आर्य आक्रमण सिद्धांत के विरुद्ध ठोस प्रमाण प्रस्तुत करता है। इस अध्ययन उन्होंने कई निम्न निष्कर्ष निकाले रू

1. हड़प्पावासियों में स्टेपी पशुपालक समुदायों से कोई आनुवंशिक संबंध नहीं मिला, जिन्हें प्रायः आर्यों के भारत आगमन से जोड़ा जाता है।

2. हड़प्पावासियों की आनुवंशिक संरचना स्पष्ट रूप से दक्षिण एशियाई थी। साथ ही, हड़प्पावासियों और आधुनिक भारतीय जनसंख्या के बीच उल्लेखनीय आनुवंशिक निरंतरता पाई गई, जिससे संकेत मिलता है कि भारतीय उपमहाद्वीप की जनसंख्या हजारों वर्षों से काफी हद तक स्थिर रही है। अतः इन तर्कों के आधार पर शिंदे का मानना है कि आर्य लोग स्वदेशी ही थे।

**पुरातात्विक साक्ष्य**

मिशेल डैनिनो[8] और अन्य विद्वानों ने इस बात पर बल दिया है कि आर्य आक्रमण सिद्धांत के समर्थन में कोई ठोस पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। हड़प्पा सभ्यता, जो उन्नत नगर नियोजन, लेखन प्रणाली और तकनीकी विकास के लिए प्रसिद्ध थी, उसमें किसी व्यापक विनाश या सांस्कृतिक उथल-पुथल के प्रमाण नहीं मिलते, जो किसी बड़े आक्रमण की स्थिति में अपेक्षित होते हों। उनका कहना है कि हड़प्पा सभ्यता में सांस्कृतिक निरंतरता देखने को मिलती है। हड़प्पा स्थलों से प्राप्त अवशेषों और प्रतीकों में बाद की दक्षिण एशियाई परंपराओं के साथ स्पष्ट निरंतरता दिखाई देती है। इससे संकेत मिलता है कि हड़प्पा संस्कृति समाप्त नहीं हुई, बल्कि स्थानीय रूप से विकसित हुई।

बी. बी. लाल[9] ने आर्य आक्रमण सिद्धांत का गंभीर पुनर्मूल्यांकन करते हुए स्वदेशी निरंतरता के पक्ष में महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रस्तुत किया। लाल औपनिवेशिक इतिहासलेखन द्वारा प्रस्तुत "आर्य आक्रमण" की अवधारणा को अस्वीकार करते हैं और वैदिक संस्कृति के स्वदेशी विकास पर बल देते हैं। लाल ने सिंधु सभ्यता की भौतिक संस्कृति और ऋग्वेद के बीच विशेषकर धार्मिक अनुष्ठानों, अग्नि-वेदी और यज्ञ परंपराओं में समानताएँ खोजीं।

साथ ही लाल[10] ने वैदिक साहित्य में वर्णित सरस्वती नदी को सूखी नदी-धाराओं के पुरातात्विक प्रमाणों से जोड़ा, जिससे हड़प्पा स्थलों और वैदिक संसार के बीच संबंध स्थापित होता है। लाल ने मैक्स मूलर और अन्य विद्वानों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आर्य आक्रमण सिद्धांत को ठोस पुरातात्विक प्रमाणों के बजाय केवल भाषाई आधार पर स्थापित किया।

**अस्थि एवं जनसांख्यिकीय साक्ष्य**

हड़प्पा स्थलों से प्राप्त कंकाल अवशेषों के अध्ययन में किसी नए बाहरी समूह के अचानक आगमन या शारीरिक संरचना में बड़े परिवर्तन के संकेत नहीं मिले। इससे स्पष्ट होता है कि हड़प्पावासी इस क्षेत्र के मूल निवासी थे और उनकी जनसांख्यिकीय संरचना में कोई बड़ा बाहरी परिवर्तन नहीं हुआ। यह तथ्य भी आर्य आक्रमण सिद्धांत को अस्वीकार करता है।

**सांस्कृतिक और भाषाई निरंतरता**

प्रो. शिंदे के अनुसार हड़प्पा सभ्यता का प्रभाव बाद के दक्षिण एशियाई समाजों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह धार्मिक परंपराओं, अनुष्ठानों और सामाजिक संरचनाओं में निरंतरता के रूप में परिलक्षित होता है। उदाहरणस्वरूप, हड़प्पाई अग्नि-वेदी और वैदिक यज्ञ-वेदी के बीच समानता देखी जा सकती है। कुछ विद्वानों का यह भी मत है कि हड़प्पा लिपि ने आगे चलकर संस्कृत के विकास को प्रभावित किया, जिसने बाद में वैदिक परंपराओं में केंद्रीय भूमिका निभाई।

आर्य आक्रमण सिद्धांत (AIT) लंबे समय तक भारतीय इतिहास का एक महत्वपूर्ण लेकिन विवादास्पद विषय बना रहा। इसका आधार मुख्यतः 19वीं शताब्दी की औपनिवेशिक धारणाएँ थीं। किंतु आज पुरातात्विक, आनुवंशिक और भाषाई

साक्ष्यों का बढ़ता हुआ भंडार इस सिद्धांत की मूल अवधारणा को चुनौती देता है। राखीगढ़ी जैसे स्थलों की खुदाइयाँ सिंधु सभ्यता और बाद की वैदिक परंपराओं के बीच एक सतत सांस्कृतिक निरंतरता का संकेत देती हैं। आनुवंशिक अध्ययन भी इस विचार को खारिज करते हैं कि किसी बड़े बाहरी प्रवास ने भारतीय उपमहाद्वीप की मूल जनसंख्या को विस्थापित किया।

भाषाई अनुसंधान भी यह इंगित करता है कि संस्कृत और अन्य इंडो-आर्य भाषाओं का विकास भारतीय उपमहाद्वीप के भीतर ही हुआ। यह निष्कर्ष धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक संरचनाओं और सांस्कृतिक परंपराओं में दिखाई देने वाली निरंतरता से भी मेल खाता है।

प्राचीन भारतीय इतिहास को औपनिवेशिक और विभाजनकारी दृष्टिकोण से देखने के बजाय अब समय आ गया है कि भारतीय सभ्यता की जटिलता, निरंतरता और स्वदेशी जड़ों को स्वीकार किया जाए। आर्य आक्रमण सिद्धांत को त्यागकर हम अपने पूर्वजों की सृजनशीलता, वैज्ञानिकता और सांस्कृतिक निरंतरता का सम्मान करते हैं।

अब समय आ गया है कि भारतीय उपमहाद्वीप को एक ऐसी सभ्यता के रूप में देखा जाए, जिसने निरंतर नवाचार किया, जिसने स्वयं को अपने ही सामाजिक-सांस्कृतिक विकास से गढ़ा, और जिसकी महान उपलब्धियों को समझाने के लिए किसी बाहरी आक्रमण की आवश्यकता नहीं है। यह दृष्टिकोण न केवल ऐतिहासिक त्रुटियों को सुधारता है, बल्कि भारतीय सभ्यता की समृद्ध, सतत और अखंड विरासत से हमारे संबंध को और अधिक सशक्त बनाता है।

**सह-प्राध्यापक**
**इतिहास विभाग**
**किरोड़ीमल कॉलेज**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

## सन्दर्भ सूची

1. Mazumdar, R.C. (1951). The History and Culture of Indian People, Vol. 1: The Vedic Age. Bharatiya Vidya Bhawan, Mumbai.
2. Jones, Sir William (1788), "The Third Anniversary Discourse ", Delivered before the Asiatic Society on 2February 1786, Volume :1, Published in Asiatic Researches, Calcutta, p.422
3. Anthony, D.W. (2007). The Horse, The Wheel and Language: How Bronze Riders from The Eurasian Steppes Shaped the Modern World, Princeton University Press, New Jersey (USA), pp. 408-456.
4. Muller, F. M. (1861), Lectures on the Science of Language, 1st Series, London, pp. 211-216.
5. Sampoornanand (1944), The Individual and The State (A Study of Political Theory), Kitab Mahal, Allahabad, p. 142.
6. Jha, Ganganath (1940),"Aryan Invasion of India —Is it a Myth?", In D. R. Bhandarkar Volume, Indian Research Institute, Calcutta, pp. 1-2
7. Shinde, V., Vagheesh M. Narasimhan, Nadin Rohland, Nick Patterson, Niraj Rai, and David Reich et al. (2019). An Ancient Harappan Genome Lacks Ancestry from Steppe Pastoralists or Iranian Farmers. Cell, 179(3), Cell Press.
8. Danino, M. (2018). The Myth of the Aryan Invasion of India. Journal of Indian Council of Historical Research, 45(1), New Delhi, pp. 1-22.
9. Lal, B. B. (2015), The Rigvedic People: Invaders? Immigrants or Indigenous, Aryan Books International, New Delhi.
10. Lal, B. B. (2015), The Indus Valley Civilization and The Aryan Invasion Theory, Journal of The Indian History and Culture Society, 22, New Delhi, pp. 1-18
11. Bryant, E. (2017). Rethinking the Aryan Invasion Theory. Journal of the American Oriental Society, 137(2), American Oriental Society (United States), pp.257-274.
12. Das, A.C. (1921). Rig Vedic India. Calcutta: University of Calcutta.

शोध-पत्र

# प्रेमचंद के बाल-साहित्य में कौतूहल और सामाजिक यथार्थ का द्वंद्वात्मक अध्ययन



विजय शंकर गुप्ता

## प्रस्तावना

किसी भी प्रगतिशील समाज के निर्माण में बाल-साहित्य की भूमिका नींव की ईंट के समान होती है। हिंदी बाल-साहित्य की परंपरा में मुंशी प्रेमचंद का योगदान इसलिए विशिष्ट है कि उन्होंने बालकों को न तो अलौकिक शक्तियों से संपन्न आदर्श पात्र के रूप में प्रस्तुत किया और न ही उन्हें केवल मनोरंजन का माध्यम बनाया। इसके विपरीत, उन्होंने बच्चों के स्वाभाविक मनोविज्ञान, उनके चरित्र-निर्माण, कौतूहल, जिज्ञासा तथा सामाजिक यथार्थ के बीच विद्यमान अंतर्संबंधों को अत्यंत संवेदनशीलता और यथार्थपरक दृष्टि से चित्रित किया।

मुंशी प्रेमचंद की बाल-कहानियों के आधार पर यह अध्ययन स्पष्ट करता है कि उनके बाल-पात्र जैसे 'शेर और लड़का' बनमानुष की दर्दनाक कहानी अथवा 'गुब्बारे पर चीता' का बलदेव केवल आदर्शवादी या काल्पनिक चरित्र नहीं हैं, बल्कि वे जिद, साहस, भय, जिज्ञासा, संवेदनशीलता और आत्मविश्वास जैसे स्वाभाविक मानवीय गुणों से संपन्न हैं। प्रेमचंद बच्चों को जीवन की वास्तविकताओं और सामाजिक विषमताओं से दूर रखने के पक्षधर नहीं हैं; बल्कि वे अपनी कहानियों के माध्यम से उन्हें समाज का वास्तविक चेहरा दिखाते हुए जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करते हैं। उनके बाल-साहित्य में दो प्रमुख धाराएँ समानांतर रूप से विकसित होती हैं एक ओर बालकों का असीम कौतूहल, जिज्ञासा और साहस, तो दूसरी ओर जीवन का कठोर सामाजिक यथार्थ। चाहे रात के सन्नाटे में खोई हुई गाय को खोजने का साहसिक दायित्व हो अथवा सर्कस के आकर्षण में विद्यालय की मनाही को तोड़ने की बाल-सुलभ जिद, प्रेमचंद इन प्रवृत्तियों का अत्यंत स्वाभाविक और मनोवैज्ञानिक चित्रण करते हैं।

## 'गुब्बारे पर चीता' : बाल-हठ, कौतूहल और यथार्थ का साक्षात्कार

बलदेव का चरित्र बाल-मनोविज्ञान के एक बहुत बड़े सत्य 'बाल-हठ' को प्रदर्शित करता है। बाल्यावस्था में जिज्ञासा और इच्छा-पूर्ति की प्रवृत्ति इतनी प्रबल होती है कि बच्चा अनेक बार सामाजिक, पारिवारिक अथवा संस्थागत अनुशासनों की उपेक्षा कर देता है। उसके लिए उस समय सबसे महत्वपूर्ण उसकी अपनी जिज्ञासा और उसे संतुष्ट करने की आकांक्षा होती है। प्रेमचंद ने बलदेव के माध्यम से इसी स्वाभाविक मनोवैज्ञानिक अवस्था का अत्यंत सजीव चित्रण किया है। बलदेव किसी प्रकार का विद्रोही बालक नहीं है, बल्कि वह अपनी बाल-सुलभ जिज्ञासा और दृढ़ निश्चय के कारण नियमों का उल्लंघन करता है। उसकी यह जिद नकारात्मक नहीं, बल्कि बाल-मन की स्वाभाविक सक्रियता और अनुभव प्राप्त करने की तीव्र इच्छा का परिणाम है।

हेडमास्टर साहब की मनाही के बाद बलदेव कहता है "हेडमास्टर साहब का हुक्म सुनकर वह जामे से बाहर हो गया। छुट्टी होते ही वह बाहर मैदान में निकल आया और लड़कों से बोला, "मैं तो जाऊँगा, जरूर जाऊँगा। चाहे कोई छुट्टी दे या न दे।" मगर और लड़के इतने साहसी न थे। कोई उसके साथ जाने पर राजी न हुआ। बलदेव अब अकेला पड़ गया। मगर वह बड़ा जिद्दी था, दिल में जो बात बैठ जाती, उसे पूरा करके ही छोड़ता था। शनीचर को और लड़के तो मास्टर के साथ गेंद खेलने चले गए, बलदेव चुपके से खिसककर सरकस की ओर चला। वहाँ पहुँचते ही उसने जानवरों को देखने के लिए एक आने का टिकट खरीदा और जानवरों को देखने लगा। इन जानवरों को देखकर बलदेव मन में बहुत

झुंझलाया। वह शेर है! मालूम होता है महीनों से इसे मलेरिया बुखार आ रहा हो। वह भला क्या बीस हाथ ऊँचा उछलेगा! और यह सुंदर-वन का बाघ है? जैसे किसी ने इसका खून चूस लिया हो।''[1]

यह प्रसंग स्पष्ट करता है कि बालक का निर्णय अनेक बार तर्क से अधिक उसकी जिज्ञासा और कल्पना से संचालित होता है। साथ ही, प्रेमचंद यह भी दिखाते हैं कि बालक अनुभव प्राप्त करने के लिए जोखिम उठाने से भी नहीं हिचकता। बलदेव का अकेले सर्कस जाना उसके साहस, आत्मविश्वास और हठ का परिचायक है। किंतु लेखक इस घटना के माध्यम से केवल बाल-हठ का चित्रण नहीं करते, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि वास्तविक जीवन के अनुभव ही बालक के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाते हैं। उपदेश की अपेक्षा प्रत्यक्ष अनुभव बाल-मन पर कहीं अधिक स्थायी प्रभाव छोड़ता है।

बच्चों का कौतूहल विज्ञापनों से बढ़ता है ''क्योंकर शेर और बकरी एक बर्तन में पानी पिएँगे? और इतना बड़ा हाथी पैरगाड़ी पर कैसे बैठेगा?''[2] विज्ञापन बच्चों की कल्पना को असाधारण ऊँचाइयों तक पहुँचा देते हैं। वे अपने मन में अद्‌भुत और रोमांचकारी संसार की रचना कर लेते हैं। किंतु जब बलदेव वास्तव में सर्कस पहुँचता है, तब उसका यह कौतूहल यथार्थ के कठोर स्पर्श से टूट जाता है ''वह शेर है! मालूम होता है महीनों से इसे मलेरिया बुखार आ रहा हो... वाह रे भालू! भालू है या सूअर...''।[3]

यह प्रसंग केवल एक बालक की निराशा का चित्रण नहीं है, बल्कि आधुनिक उपभोक्तावादी संस्कृति में प्रचार और वास्तविकता के बीच विद्यमान अंतर की ओर भी संकेत करता है। प्रेमचंद अपने समय में ही यह समझ चुके थे कि आकर्षक प्रचार अक्सर वास्तविक स्थिति को छिपा देता है। बलदेव का अनुभव इस तथ्य को उजागर करता है कि बाहरी चमक-दमक और वास्तविक जीवन में पर्याप्त अंतर होता है। इस प्रकार, कहानी बच्चों को आलोचनात्मक दृष्टि विकसित करने और किसी भी आकर्षक दावे को बिना परखे स्वीकार न करने की अप्रत्यक्ष शिक्षा देती है।

**'शेर और लड़का' : कर्तव्यबोध, भय पर विजय और अदम्य साहस**

यह कहानी बाल-चरित्र में 'उत्तरदायित्व' की भावना के उदय को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से रेखांकित करती है। प्रेमचंद इस कथा के माध्यम से यह सिद्ध करते हैं कि बालक का व्यक्तित्व केवल खेल-कूद और मनोरंजन तक सीमित नहीं होता, बल्कि परिस्थितियाँ आने पर उसमें कर्तव्यनिष्ठा, आत्मविश्वास और नैतिक साहस जैसे गुण भी विकसित हो सकते हैं। कहानी का नायक अपनी आयु से कहीं अधिक परिपक्वता का परिचय देता है। वह कठिन परिस्थितियों से पलायन नहीं करता, बल्कि उनका सामना करने का साहस जुटाता है। यही कारण है कि यह कहानी बालकों में उत्तरदायित्वबोध और आत्मनिर्भरता की भावना को विकसित करने वाली महत्वपूर्ण रचना बन जाती है।

प्रेमचंद के कथा-साहित्य की एक विशिष्ट विशेषता यह है कि वे बालकों को उपदेश देकर नहीं, बल्कि परिस्थितियों के माध्यम से जीवन-मूल्यों का बोध कराते हैं। इस कहानी में भी बालक के सामने आने वाली प्रत्येक चुनौती उसके व्यक्तित्व के किसी न किसी पक्ष को विकसित करती है। आरम्भ में वह एक साधारण ग्रामीण बालक दिखाई देता है, किन्तु जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ती है, उसके भीतर छिपे साहस, धैर्य, निर्णय-क्षमता और उत्तरदायित्व का क्रमिक विकास सामने आता है। प्रेमचंद यह स्थापित करते हैं कि मनुष्य का वास्तविक चरित्र सुख-सुविधाओं में नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में प्रकट होता है। बालक अपने व्यवहार से यह सिद्ध करता है कि आयु का छोटापन किसी व्यक्ति की नैतिक ऊँचाई का निर्धारण नहीं करता। दृढ़ इच्छाशक्ति और कर्तव्य के प्रति निष्ठा ही उसे महान बनाती है।

गाय खो जाने पर बालक मालिक के डर से और कर्तव्यबोध के कारण रात में अकेले जंगल निकल पड़ता है ''उस छोटे लड़के की यह हिम्मत देखो! अँधेरा हो रहा है, चारों तरफ सन्नाटा छाया हुआ है... पर वह बेखौफ जंगल में बढ़ा चला जा रहा था।''[4] यह प्रसंग केवल उसकी निडरता का चित्रण नहीं करता, बल्कि यह दर्शाता है कि अपने दायित्व के प्रति ईमानदारी व्यक्ति को भय से ऊपर उठने की शक्ति प्रदान करती है। यहाँ प्रेमचंद बालकों को यह संदेश देते हैं कि उत्तरदायित्व का निर्वाह आयु का नहीं, बल्कि चरित्र की दृढ़ता का विषय है।

जब वह तीन दिन से पेड़ पर भूखा-प्यासा बैठा है और शिकारियों को आते देखता है, तो वह अपनी जान की परवाह किए बिना उन्हें सचेत करता है ''अगर मैं उन्हें होशियार न कर दूँ तो यह दुष्ट किसी-न-किसी को जरूर चोट कर जाएगा। यह सोचकर वह पूरी ताकत से चिल्लाने लगा होशियार

रहो!...''[5] इस प्रसंग में बालक का आत्मत्याग, परोपकार और मानवीय संवेदना अपने चरम पर दिखाई देती है। वह व्यक्तिगत सुरक्षा की अपेक्षा दूसरों के जीवन को अधिक महत्त्व देता है। इस प्रकार प्रेमचंद साहस को केवल शारीरिक वीरता के रूप में नहीं, बल्कि नैतिक उत्तरदायित्व और सामाजिक संवेदनशीलता के रूप में परिभाषित करते हैं।

यह प्रसंग बालक के चरित्र को साधारण से असाधारण स्तर तक पहुँचा देता है। तीन दिनों की भूख, प्यास और थकान के कारण उसका शरीर दुर्बल हो चुका है, फिर भी उसकी मानवीय चेतना जीवित रहती है। वह अपने कष्टों को भूलकर दूसरों के जीवन की रक्षा के बारे में सोचता है। यह व्यवहार निस्वार्थ सेवा और लोकमंगल की उस भावना का परिचायक है, जिसे प्रेमचंद अपने समूचे साहित्य में प्रतिष्ठित करना चाहते हैं। बालकों के लिए यह अत्यंत प्रेरक संदेश है कि महानता केवल अपनी सफलता में नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन की रक्षा और उनके हित में किए गए कार्यों में निहित होती है।

इस घटना के माध्यम से प्रेमचंद बच्चों में सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। बालक समझता है कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का जीवन दूसरे व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। यदि वह समय रहते चेतावनी नहीं देगा, तो किसी निर्दोष व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है। इसलिए वह अपने व्यक्तिगत भय और संकट से ऊपर उठकर सामाजिक हित को प्राथमिकता देता है। इस प्रकार कहानी बालकों को यह शिक्षा देती है कि सच्चा नागरिक वही है जो केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए भी सजग रहे।

प्रेमचंद यहाँ स्पष्ट करते हैं कि साहस का अर्थ भय का अभाव नहीं है, बल्कि भय की उपस्थिति में भी सत्य, कर्तव्य और मानवता के पक्ष में खड़े होने की क्षमता है। इस कहानी का बालक बच्चों के सामने ऐसा आदर्श प्रस्तुत करता है, जो उन्हें 'परोपकार', 'साहस', 'कर्तव्यनिष्ठा' और 'मानवीय संवेदना' जैसे जीवन-मूल्यों की ओर प्रेरित करता है। इस दृष्टि से यह कहानी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बाल-चरित्र निर्माण की प्रभावी पाठशाला सिद्ध होती है।

इसके अतिरिक्त यह कहानी बालकों में आत्मानुशासन, धैर्य, निर्णय-क्षमता तथा संकट-प्रबंधन जैसे गुणों के विकास की भी प्रेरणा देती है। प्रेमचंद यह विश्वास व्यक्त करते हैं कि यदि बालकों को उचित संस्कार, उत्तरदायित्व और नैतिक दिशा प्रदान की जाए, तो वे समाज के सजग, साहसी और संवेदनशील नागरिक बन सकते हैं। कहानी का नायक किसी अलौकिक शक्ति का स्वामी नहीं हैय उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसका चरित्र है। यही कारण है कि यह कहानी आज भी बाल-साहित्य में चरित्र-निर्माण की दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक बनी हुई है। यह बालकों को यह विश्वास दिलाती है कि साहस, ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और मानवता जैसे गुण किसी भी व्यक्ति को असाधारण बना सकते हैं।

**'कुत्ते की कहानी' : सामाजिक विषमता और यथार्थवादी चेतना**

प्रेमचंद का बाल-साहित्य केवल नैतिक आदर्शों की स्थापना तक सीमित नहीं है, बल्कि वह बच्चों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से भी परिचित कराता है। 'कुत्ते की कहानी' इसी दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण रचना है। इस कहानी के माध्यम से प्रेमचंद सामाजिक विषमता, वर्गभेद और मानवीय संवेदनहीनता का ऐसा चित्र प्रस्तुत करते हैं, जो बालकों के मन में सामाजिक न्याय और करुणा की भावना का विकास करता है। वे बच्चों को कृत्रिम और काल्पनिक संसार में नहीं रखते, बल्कि उन्हें यह समझाने का प्रयास करते हैं कि समाज में सुख और दुःख, समृद्धि और अभाव, दोनों साथ-साथ विद्यमान हैं।

प्रेमचंद का यथार्थवाद यहाँ अत्यंत स्वाभाविक रूप में सामने आता है। वे समाज की विसंगतियों को किसी कटु उपदेश के रूप में प्रस्तुत नहीं करते, बल्कि घटनाओं और पात्रों के माध्यम से बच्चों को स्वयं सोचने और निष्कर्ष निकालने का अवसर देते हैं। यही उनकी रचनात्मक शक्ति है। बालक जब इस कहानी को पढ़ता है, तो उसके सामने केवल एक कुत्ते की कथा नहीं आती, बल्कि वह समाज के उस चेहरे से परिचित होता है जहाँ संपन्नता और अभाव के बीच गहरी खाई विद्यमान है। इस प्रकार कहानी बालकों में संवेदनशील दृष्टि और सामाजिक विवेक का विकास करती है।

कहानी में एक तरफ बनिए के यहाँ ब्राह्मण-भोज है ''सैकड़ों आदमी यहाँ आए...''[6], और दूसरी तरफ वफादार कुत्ता और उसकी माँ भूख से तड़प रहे हैं। यह विरोधाभासी दृश्य समाज की आर्थिक और नैतिक असमानताओं को अत्यंत मार्मिक रूप से उद्‌घाटित करता है। एक ओर भोजन की प्रचुरता है, दूसरी ओर जीवन के लिए आवश्यक अन्न का भी अभाव है। प्रेमचंद इस विरोधाभास के माध्यम से बच्चों का

ध्यान सामाजिक असंतुलन की ओर आकर्षित करते हैं।

चारित्रिक विश्लेषण की दृष्टि से यह कहानी बच्चों में 'सामाजिक चेतना', 'करुणा', 'समानुभूति' और 'नैतिक उत्तरदायित्व' का विकास करती है। प्रेमचंद बच्चों को यह सोचने के लिए प्रेरित करते हैं कि किसी भी सभ्य समाज का वास्तविक मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि वह अपने निर्बल, उपेक्षित और मूक प्राणियों के प्रति कितना संवेदनशील है। इस प्रकार यह कहानी बालकों में केवल भावुकता नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ को समझने और उसके प्रति उत्तरदायी दृष्टिकोण विकसित करने का कार्य करती है।

इसके अतिरिक्त कहानी बालकों को यह भी सिखाती है कि सामाजिक परिवर्तन केवल शासन या व्यवस्था का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी भी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने आसपास के अभावग्रस्त और पीड़ित लोगों तथा प्राणियों के प्रति करुणा का व्यवहार करे, तो समाज अधिक मानवीय और न्यायपूर्ण बन सकता है। इस प्रकार 'कुत्ते की कहानी' बालकों के भीतर सामाजिक उत्तरदायित्व, मानवीय सहानुभूति और न्यायपूर्ण दृष्टिकोण का विकास करने वाली अत्यंत प्रभावशाली रचना सिद्ध होती है।

**'राम कथा (बालकांड)' : सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आदर्श चरित्र की नींव**

प्रेमचंद का बाल-साहित्य यथार्थ और आदर्श के संतुलित समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। जहाँ एक ओर वे बच्चों को जीवन की कठिन वास्तविकताओं से परिचित कराते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, ऐतिहासिक चेतना और नैतिक आदर्शों से भी जोड़ते हैं। 'राम कथा (बालकांड)' इस दृष्टि से विशेष महत्त्व रखती है, क्योंकि इसमें भारतीय संस्कृति, आदर्श नेतृत्व, सत्य, त्याग और लोकमंगल की परंपरा को बालकों की सहज समझ के अनुरूप प्रस्तुत किया गया है।

प्रेमचंद यहाँ इतिहास, संस्कृति और लोकपरंपरा को बालकों के लिए सरल, रोचक और बोधगम्य बनाते हैं। वे जानते हैं कि बालकों के मन में जिज्ञासा प्रत्यक्ष अनुभवों से उत्पन्न होती है। इसलिए वे कथा को ऐसे बिंदु से आरम्भ करते हैं जिससे प्रत्येक बालक स्वयं को जोड़ सके। इसके बाद वे क्रमशः उसे भारतीय इतिहास, संस्कृति और आदर्श चरित्रों के व्यापक संसार में ले जाते हैं। यह पद्धति प्रेमचंद की उत्कृष्ट शिक्षण-दृष्टि और बाल-मनोविज्ञान की गहरी समझ का परिचायक है।

वे कहानी की शुरुआत बच्चों के समकालीन अनुभव (रामलीला का मेला, रावण का पुतला) से करते हैं "इस मेले में तुमने मिट्टी या पीतल के बंदरों और भालुओं के-से चेहरे लगाये आदमी देखें होंगे..."[7] इसके बाद वे इतिहास की ओर ले जाते हैं "राजा दशरथ इसी प्रसिद्ध वंश के राजा थे... उस जमाने में अयोध्या नगरी विद्या और कला की केंद्र थी।"[8] यह प्रस्तुति प्रेमचंद की बाल-मनोविज्ञान संबंधी गहरी समझ को प्रकट करती है। वे बच्चों को प्रत्यक्ष अनुभव से जोड़ते हुए धीरे-धीरे इतिहास और संस्कृति के व्यापक संसार में प्रवेश कराते हैं, जिससे उनकी जिज्ञासा बनी रहती है और ज्ञान सहज रूप से आत्मसात होता है।

इस प्रकार प्रेमचंद इतिहास को केवल घटनाओं का क्रम न बनाकर जीवंत सांस्कृतिक अनुभव में परिवर्तित कर देते हैं। बालक यह अनुभव करता है कि भारतीय परंपरा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान जीवन से जुड़ी हुई सांस्कृतिक विरासत है। कथा के माध्यम से इतिहास, संस्कृति और नैतिकता एक-दूसरे से जुड़कर बालकों के व्यक्तित्व-विकास का आधार बनते हैं। यही प्रेमचंद की शिक्षण-दृष्टि की सबसे बड़ी विशेषता है।

**निष्कर्ष**

प्रेमचंद का बाल-साहित्य केवल उपदेशात्मक नहीं है, बल्कि वह व्यावहारिक है। वे बच्चों को जीवन के कठिन अनुभवों से गुजरने देते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि चरित्र का निर्माण संकटों के बीच ही होता है। बलदेव का सर्कस जाना या गड़ेरिये के लड़के का जंगल में रात बिताना, बच्चों को आत्मनिर्भरता और सूझबूझ सिखाता है। प्रेमचंद का बाल-साहित्य आज के समय में भी उतना ही प्रासंगिक है, जो बच्चों को मानसिक रूप से सुदृढ़ और यथार्थवादी बनाने की प्रेरणा देता है। प्रेमचंद बच्चों को हरिश्चंद्र जैसे दानी और रघु जैसे 'गरीब परवर' (गरीबों के रक्षक) राजाओं के उदाहरण देकर उनके भीतर उच्च नैतिक और सामाजिक मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास करते हैं। उनके लिए रामकथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि सत्य, त्याग, न्याय, लोककल्याण और उत्तरदायी नेतृत्व की जीवन-दृष्टि का परिचय है। इस प्रकार वे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को बालकों के चरित्र-निर्माण का सशक्त आधार बनाते हैं। यहाँ सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का अर्थ किसी संकीर्ण आग्रह से नहीं, बल्कि उन सार्वभौमिक

मानवीय मूल्यों से है जो भारतीय परंपरा में निहित हैं और जो बालकों को संवेदनशील, नैतिक तथा समाजोपयोगी नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।

प्रेमचंद की दृष्टि में राम का आदर्श केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व का आदर्श नहीं है, बल्कि आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श शासक और आदर्श नागरिक का आदर्श है। यही कारण है कि वे रामकथा को नैतिक शिक्षा का सशक्त माध्यम बनाते हैं। इस कथा के माध्यम से बालकों में सत्यनिष्ठा, अनुशासन, विनम्रता, कर्तव्यपरायणता, न्यायप्रियता तथा लोकसेवा की भावना का विकास होता है। वे यह विश्वास स्थापित करते हैं कि राष्ट्र का निर्माण केवल राजनीतिक व्यवस्था से नहीं, बल्कि उच्च चरित्र वाले नागरिकों से होता है।

**शोधार्थी**
**हिंदी विभाग**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**

**सन्दर्भ सूची**

1. प्रेमचंद। (2015), गुब्बारे पर चीता, निर्मल वर्मा एवं कमल किशोर गोयनका (सं.), प्रेमचंद रचना संचयन (पृ. 870)। नई दिल्ली : साहित्य अकादमी।
2. वही, पृ. 870
3. वही, पृ. 871
4. प्रेमचंद। (2015), शेर और लड़का, निर्मल वर्मा एवं कमल किशोर गोयनका (सं.), प्रेमचंद रचना संचयन (पृ. 870)। नई दिल्ली : साहित्य अकादमी।
5. वही
6. प्रेमचंद। (2015), शेर और लड़का, निर्मल वर्मा एवं कमल किशोर गोयनका (सं.), प्रेमचंद रचना संचयन (पृ. 873)। नई दिल्ली : साहित्य अकादमी।
7. प्रेमचंद। (2015), शेर और लड़का, निर्मल वर्मा एवं कमल किशोर गोयनका (सं.), प्रेमचंद रचना संचयन (पृ. 875)। नई दिल्ली : साहित्य अकादमी।
8. वही



लीशा

# अशोक के धम्म में धार्मिक समन्वय और सामाजिक नैतिकता : एक अध्ययन

"धम्म है साधुता, बहुत से कल्याणकारी अच्छे कार्य करना, पाप रहित होना, मृदुता, दूसरे के प्रति व्यवहार में मधुरता, दया, दान तथा सुचिता।"

*अशोक का दूसरा एवं सातवां अभिलेख*

## परिचय

भारतीय इतिहास में बौद्ध धर्म का काल एक अति महत्वपूर्ण समय है। आधुनिक सदंर्भ में बौद्ध धर्म का धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व स्पष्ट है। जबकि तत्कालीन समय में इस महत्व को विस्तारित करने में उस समय के सम्राटों की भूमिका सराहनीय रही है। उदाहरण के लिए, मौर्य वंश के महान सम्राट अशोक और कुषाण वंश के राजा कनिष्क।

वर्तमान समय में किसी व्यक्ति के आचरण, व्यवहार, आंतरिक शांति की स्थापना में बौद्ध धम्म के तत्वों का योगदान अकल्पनीय है। इसी क्रम में सामाजिक असमानता को कम करने के दलाई लामा जैसे व्यक्तित्वों के प्रयास भी सराहनीय हैं।

**बीज शब्द**

सम्राट अशोक, धम्म, बौद्ध धर्म, समाज, धर्म, इतिहास।

गौतम बुद्ध के 'धर्म' तथा अशोक के 'धम्म' के मध्य लगभग 300 वर्षों का समयांतराल रहा, किंतु फिर भी वास्तविक बौद्ध धम्म के तत्वों का अनुसरण निरंतर जारी रहा। यही नहीं आने वाले समय में कुछ परिवर्तनों के बावजूद ये चलायमान रहे।

'धम्म' संस्कृत शब्द 'धर्म' का प्राकृत रूप है, जिसका अर्थ सार्वदेशिक विधान अथवा न्यायप्रियता या सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था है। अशोक के स्तंभ अभिलेख 6 में दर्ज है कि धम्म अभिलेखों का व्यवहार जिसे अशोक धम्मलिपि कहता है उसके राज्याभिषेक के 12 वर्षों के बाद शुरू हुआ। इतिहासकारों में यह मतभेद है कि धम्म का स्वरूप क्या था? अहिंसा 'धम्म' का एक बुनियादी सिद्धांत है। अहिंसा का तात्पर्य है युद्ध तथा हिंसा द्वारा विजय-प्राप्ति का त्याग और जीव-हत्या का निरोध। लेकिन वह पूर्ण हिंसा के लिए आग्रहशील नहीं था। वह मानता था कि ऐसे अवसर होते हैं जब हिंसा अपरिहार्य हो जाती है। जैसे वन्य आदिवासियों के उत्पीडक हो उठने पर।[1] अहिंसा किसी भी धर्म की सहिष्णुता और सामाजिक सौहार्द का आवश्यक तत्व है। जबकि अशोक के धम्म के प्रमुख तत्वों में अहिंसा की विशेष रूप से व्याख्या की गई है। अशोक के प्रथम अभिलेख में विशेष अवसरों, उत्सवों, दिवसों पर पशुवध पर प्रतिबंध का उल्लेख है। अच्छे नैतिक आचार और सामाजिक दायित्व धम्म के दो मूल तत्व हैं। शिलालेख सख्या 9 में विभिन्न उत्सवों की आलोचना की गई है।[2] विशेष रूप से शादी-विवाह, जन्मोत्सव इत्यादि। इस प्रकार का सामाजिक दिखावा वर्तमान समय में समाज की बहुत बड़ी बुराई बन गई है जिसे समाप्त करने के लिए हमें प्राचीन काल की शिक्षाओं से सीखना चाहिए।

इन कर्मकांडों और उत्सवों के संबंध में अशोक का मानना था कि इनके आयोजित करने के परिणाम अनिश्चित हैं और शायद ये बिना किसी महत्व के किए भी जाते हैं, जिनका किसी को कोई लाभ नहीं होता है। अशोक इनकी तुलना धम्म के अत्सवों से करता हैं जिनके निश्चित परिणाम होते हैं। जो न

 Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

केवल इस संसार में प्राप्त होते हैं, बल्कि अगले जन्म में भी इनके परिणाम सुनिश्चित हैं।

धम्म के उत्सव के अतंर्गत अपने अनुचरों के प्रति अच्छा व्यवहार, बुजुर्गों के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार, तथा किसी जीव के प्रति सहिष्णुता के भाव की चर्चा की गई है।[3] यही किसी समाज को सही अर्थों में मानव को अच्छा जीवन प्रदान करते हैं।

अशोक के धम्म में एक महत्वपूर्ण तत्व है विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के बीच सहअस्तित्व एवं सहिष्णुता का भाव रखना। इससे स्पष्ट हो जाता है कि विधान के द्वारा अशोक ने किसी सम्प्रदाय विशेष के प्रचार-प्रसार पर बल नहीं दिया।[4] अशोक के शिलालेख 12 में सम्राट ने यह स्पष्ट किया है कि लोगों को दूसरे सम्प्रदायों की आलोचना नहीं करनी चाहिए और न ही अपने धर्म के प्रति विशेष बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिए। राजा अपनी प्रजा से यह अपील करता है कि दूसरे सम्प्रदायों और धर्मों को समझने का प्रयास करें, उनका सम्मान करना सीखें। अशोक का मानना था कि उसकी धम्म-नीति के द्वारा इन सभी सम्प्रदायों और धर्मों के उत्कृष्ट तत्वों को अपने जीवन में उतारा जा सकता है। शिलालेख 6 में अशोक ने अपने धम्म के आदर्शों और उसके उद्देश्यों की चर्चा की है। इसके अतंर्गत जनकल्याण के साथ-साथ उन सभी जीवों के प्रति अपनी ऋण की चर्चा की गई है जो उसके दायित्व हैं। इनसे इस समाज में सुख की प्राप्ति होगी और इसके साथ ही अगले जन्म में भी सुखी होने का वह दावा करता है।

अशोक जनकल्याण तथा जंतुओं की चिकित्सा एवं उनकी सुरक्षा की भी चिंता करता है। अशोक के अभिलेखों से प्रतीत होता है कि वह धम्म के आदर्शों का वैचारिक स्तर पर और व्यवहारिक स्तर पर अनुपालन कर रहा था।[5]

भारतीय परंपरा में वर्णाश्रम धर्म या पारंपरिक धर्म के सरंक्षक के रूप में राजा की भूमिका रही है। किंतु एक सक्रिय शिक्षक, सरंक्षक, उद्घोषक के रूप में अशोक का धम्म अविस्मरणीय है। अशोक के शिलालेख 4 से पता चलता है कि किसी भी धर्म की अपेक्षा सम्राट अपने कर्तव्यों और दायित्वों को सबसे अधिक महत्व देता है। अशोक के धम्म-विजय तथा कौटिल्य के अर्थशास्त्र के धर्म-विजय में बहुत अतंर है। दोनों एक-दूसरे से काफी भिन्न हैं। अशोक के धम्म में हिंसा या दण्ड की भूमिका प्राय: नगण्य है। अशोक बौद्ध था, त्रिरत्न में विश्वास करता था। किंतु जिस धम्म के उपदेश का उसने लोगों में प्रचार किया वह सर्वसाधारण का धम्म था। यह मानव धम्म था। 13वें शिलालेख में वर्णित है कि यूनान, दक्षिण आदि सभी देशों में लोग धम्मानुशासन धर्म की शिक्षा सुनते हैं और धम्म के अनुकूल आचरण करते हैं।[6]

अशोक निस्संदेह बौद्ध मत की ओर आकर्षित हुआ था और बौद्ध सिद्धांतों पर आचरण भी करने लगा था। लेकिन उसके समय का बौद्ध मात्र एक धार्मिक विश्वास नहीं था, अपितु अनेक स्तरों पर वह एक सामाजिक और बौद्धिक आंदोलन भी था जिसने समाज के अनके पक्षों को प्रभावित किया था। अशोक ने 'धम्म' को औपचारिक धार्मिक विश्वासों द्वारा प्रेरित शुभ कार्य करने से उत्पन्न धार्मिकता के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की एक वृत्ति के रूप में देखा।[7]

अशोक ने अभिलेख 6 में कहा है कि अशोक के राज्याभिषेक के 13 वर्षों बाद धम्म लिपि को उत्कीर्ण करने का प्रचलन प्रारंभ किया गया। प्रथम अभिलेख से पता चला है कि पूर्णिमा अथवा आषाढ़, कार्तिक, फाल्गुन, तिष्य मुहूर्तो जैसे विशेष अवसरों पर इनसे जुड़े प्रवचन और व्याख्या की व्यवस्था की जाती थी। अशोक ने रज्जुक और प्रादेशिक नामक अधिकारियों को प्रत्येक 5 वर्षों पर साम्राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर अन्य कार्यों के साथ धम्म के प्रचार-प्रसार का दायित्व भी सौंपा था। इसी के साथ अपने राज्याभिषेक के 13 वर्षों पश्चात् धम्म महामात्य का विभाग स्थापित किया था।

धम्म के सवांद का सबसे प्रमुख संवाहक स्वयं सम्राट अशोक था। अपने अभिषेक के 10 वर्षों पश्चात् उसने बोधगया की तीर्थ यात्रा की। इस प्रकार के कार्य आम प्रजा को सम्राट तथा दरबार के साथ सामाजिक व धार्मिक तौर पर जोड़ने का भी कार्य करते हैं। उन्होंने राजकीय यात्राओं-विहार यात्रा के स्थान पर धम्म यात्राओं का अनिवार्य प्रचलन प्रारंभ किया।

बी.एन. मुखर्जी ने कहा है कि अशोक के धम्म अभिलेखों में प्राय: सभी स्थानों पर समरूपता और समानता का बोध होता है किंतु ग्रीक एवं अरामाइक अभिलेखों में कुछ रोचक भिन्नताएं भी निर्देशित होती हैं। जैसे- कंधार के ग्रीक अभिलेखों में यह कहा गया है कि प्रजा को सम्राट की रूचि के प्रति विशेष भक्ति या आशक्ति होनी चाहिए जो धम्म का प्रमुख हिस्सा है।

अशोक के धम्म की अवधारण और उसके स्वरूप के संबंध में विद्वानों में काफी मतभेद हैं। कुछ विद्वानों के अनुसार यह एक वैश्विक धर्म था जिसमें विभिन्न सम्प्रदायों के अच्छे तत्वों का समावेश किया गया था। कुछ विद्वानों ने इसकी

राजधर्म के रूप में व्याख्या की है जिसमें अशोक के सम्राट के रूप में राजनीतिक, सामाजिक तथा नैतिक सिद्धांतों पर बल दिया गया है।[8] बौद्ध धर्म के अनावश्यक प्रभाव को कम आंकते हुए रोमिला थापर का मानना है कि किसी भी राजनयिक की व्यक्तिगत आस्था और उसके द्वारा प्रतिपादित सामाजिक सिद्धांतों के बीच हो सकता है कि कोई सीधा संबंध नहीं हो। उनके अनुसार दरअसल धम्म अशोक के द्वारा उपयोग में लाया गया एक सैद्धांतिक और वैचारिक माध्यम था जिसके द्वारा उसने अपने विस्तृत साम्राज्य को एक सूत्र में पिरोने का आधार निर्मित किया।[9]

अशोक के धम्म में प्रतिबिंबित संदेशों और सियालवाद-सुत्त जैसे बौद्ध ग्रंथों में उपासक धम्म अर्थात् सामान्य बौद्ध जनता के प्रति प्रस्तावित धार्मिक जीवन शैली में काफी समानता देखी जा सकती है। भाबना लघु शिलालेख में अशोक ने बौद्ध उपासकों को 6 प्रमुख बौद्ध ग्रंथों को पढ़ने तथा उनके अनुशीलन करने की सलाह दी है जो धम्म के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं।

यद्यपि अशोक का धम्म जहां एक ओर बौद्ध धर्म में वर्णित उपासक धम से प्रेरित है, किंतु दोनों को एक नहीं कहा जा सकता। अशोक दरअसल एक विस्तृत परिप्रेक्ष्य और सदंर्भ से अपने धम्म की कल्पना कर रहा था। अशोक ने जिस स्तर पर परस्पर सम्मान और सहिष्णुता पर बल दिया है और अपने व्यक्तिगत आस्थाओं को सामाजिक कोड के रूप में रेखांकित किया है वह उस काल के धार्मिक सम्प्रदाय अथवा धार्मिक भावनाओं में दिखाई नहीं पड़ता है। अशोक ने कहा है कि ''सभी सम्प्रदायों तथा धर्मों का सम्मान करना चाहिए न केवल अपने धर्म का।''

सम्राट अशोक के 'धम्म' और गौतम बुद्ध के 'धर्म' में काफी समानताएं हैं। फिर भी अशोक का धम्म समाज और धर्म के क्षेत्र में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। धम्म प्रजा को उचित मार्ग पर लाने तथा धर्म के आचरण के साधन से भी अधिक अहम् था। धम्म का औचित्य समाज और धर्म के साथ-साथ अशोक के साम्राज्य के लिए भी आवश्यक था। इसने प्रजा-जन में सदाचार, सहिष्णुता और भाईचारा को बढ़ाया तथा धार्मिक सौहार्द को भी समाज में स्थापित करने में योगदान दिया।

अशोक ने मूल बौद्ध धर्म में कुछ परिवर्तन कर उसे सरल बनाया और अमानवीय एवं औचित्यहीन कर्मकांडों को समाप्त कर उसे साधारण प्रजा के अनुकूल किया। सम्राट अशोक के धम्म ने समाज को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर मौर्य साम्राज्य को भी ऊँचाईयों पर पहुँचाया।

अशोक एंड द डिक्लाइन ऑफ मौर्या में रोमिला थापर ने अपनी इस रचना की शुरुआत 1960 में की और इसे प्रो. ए. एल. भसम को समर्पित किया है। थापर इस पुस्तक की शुरुआत 1837 ई. में जेम्स प्रिंसेप के प्रयासों से करती हैं।

थापर कहती हैं कि ''कभी-कभी यह कहा जाता है कि किसी ताकत में व्यक्ति की नीतियों के लिए उसकी व्यक्तिगत आदतें जिम्मेदार होती हैं।'' और ये उस समाज तथा उम्र से असंबंधित होती हैं जिसमें वह रह रहा होता है। थापर बताती हैं कि अशोक का धम्म अनेक आदर्शों और कर्मकांडों का परिणाम था। जीव हत्या को रोकना इसी प्रकार का एक महत्वपूर्ण नियम था।

थापर 'धम्म' पद की व्याख्या करते हुए सावधान रहने की बात करती हैं कि इसे बौद्ध धर्म या किसी अन्य मिलते-जुलते शब्द से तुलना नहीं करनी चाहिए। धम्म की सच्ची व्याख्या, इसकी विस्तृत व्याख्या और इसके उपयोग एवं विश्लेषण के बाद ही की जा सकती है। विधि एवं सामाजिक क्रम के अर्थ में धर्म की धारणा मौर्यों के लिए कोई नहीं चीज नहीं थी बल्कि 'धम्म' नई चीज थी।

रामशरण शर्मा 'प्रारंभिक भारत का इतिहास' यह पुस्तक सामान्य प्रकृति की कृति है जो शुरुआती विद्यार्थियों के लिए बेहद सहायक है। यह पुस्तक केवल राजनीतिक इतिहास तक ही सीमित नहीं है। इसमे सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विषयों का भी प्रतिपादन है। पुस्तक में शर्मा ने प्रारंभ से सातवीं सदी तक के भारतीय इतिहास का सर्वेक्षण किया है। यह एक संक्रमण काल था जिसे राम शरण शर्मा ने हमारे सामने लाने का प्रयास किया है। अशोक बिंदुसार का पुत्र और मौर्य राजाओं में सबसे महान था। बौद्ध परपंरा के अनुसार, वह अपने प्रारंभिक जीवन में परम क्रूर था। किंतु अशोक के बौद्ध भिक्षु बनने पर कलिंग युद्ध का गहरा प्रभाव है। उसने एक धम्मनीति अपनाई। हालांकि इस पर उसके सम्राट होने अथवा उसके शासन का कोई असर नहीं पड़ा या कहें कि उसने इस पर असर पड़ने ही नहीं दिया।

डी. आर. भंडारकर 'अशोक' अपनी इस किताब में अशोक पर हुए सम्पूर्ण कार्यों में से भी बहुत कुछ छूटे हुए तथ्यों को समेटने का प्रयास करते हैं। वह कहते हैं कि अशोक के प्रस्तर लेख स्वयं एक साहित्य हैं जिन्हें प्रारंभ से ही विद्वानों द्वारा समझने का प्रयास किया जाता रहा है।


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

भंडारकर अपने अध्ययन में अशोक पर अनेक प्रश्नों के बाकी रहने की बात करते हैं जो काफी जटिल प्रकृति के हैं। जैसे, भारत पर उसकी विदेश नीति का प्रभाव। उसके प्रयासों में मिशनरियों द्वारा बौद्ध धर्म पश्चिमी एशिया में कितना फैल सका।

**निष्कर्ष**

सम्राट अशोक का धम्म भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण और अनूठी विचारधारा के रूप में स्थापित होता है। अशोक का धम्म केवल किसी विशेष धार्मिक संप्रदाय का प्रतिनिधि नहीं था, बल्कि एक व्यापक मानवीय मूल्यों, नैतिक सिद्धांतों और सामाजिक दायित्वों पर आधारित जीवन दृष्टिकोण था। मौर्य साम्राज्य के सम्राट के रूप में अशोक ने धम्म को अपनी शासन नीति का आधार बनाया और इसके माध्यम से प्रजा कल्याण, नैतिकता और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा दिया।

गौतम बुद्ध के धर्म से प्रभावित होने के बाद अशोक के विचारों में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया। कलिंग युद्ध की विनाशकारी परिणति ने उसके जीवन और शासन के दृष्टिकोण को बदल दिया। उसने विजय की नीति के स्थान पर धम्म विजय को महत्व दिया। अशोक का मानना था कि वास्तविक विजय युद्ध और हिंसा से नहीं, बल्कि प्रेमा, सहिष्णुता और नैतिक आचरण से प्राप्त किया जा सकता है।

अशोक के धम्म का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत अहिंसा था। उसके अभिलेखों से पता चलता है कि उसने जीव हत्या को कम करने, पशुओं की सुरक्षा और प्राणिमात्र के प्रति दया का भाव रखने पर बल दिया। हालांकि अशोक की अहिंसा व्यावहारिक थी और वह राज्य व्यवस्था की आवश्यकताओं को पूर्णतः नकारते नहीं थे। इस प्रकार उसका धम्म आध्यात्मिकता के साथ-साथ व्यावहारिक राजनीतिक दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करता है।

अशोक के धम्म में विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के बीच सहिष्णुता और सहअस्तित्व को विशेष स्थान दिया गया। शिलालेख 12 में सम्राट ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने धर्म की प्रशंसा करते समय अन्य धर्मों की आलोचना नहीं करनी चाहिए। उसके अनुसार सभी धर्मों के उत्तर तत्वों को समझना और उनका सम्मान करना समाज में शांति और भाईचारे के लिए आवश्यक है। यह विचार आज के बहुधार्मिक समाज में भी अत्यंत प्रासंगिक है।

अशोक ने धम्म को केवल विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे व्यवहार में लाने का प्रयास किया। धम्म महामात्रों की नियुक्ति, धम्म यात्राओं का प्रचलन और शिलालेखों के माध्यम से उन्होंने अपने सिद्धांतों को प्रजा तक पहुंचाने का कार्य किया। उसके धम्म में बुजुर्गों का सम्मान, सेवकों के प्रति उचित व्यवहार, प्राणियों के प्रति कया और समाज में सदाचार को महत्व दिया गया।

इतिहासकारों ने अशोक के धम्म की प्रकृति को विभिन्न दृष्टिकोणों से समझने का प्रयास किया है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह एक वैश्विक नैतिक व्यवस्था थी, जबकि कुछ इसको अशोक की राजनीतिक और सामाजिक नीति का आधार मानते हैं। रोमिला थापर के अनुसार अशोक का धम्म केवल बौद्ध धर्म का प्रतिबिंब नहीं था, बल्कि एक विशेष सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में विकसित विचारधारा थी।

इस प्रकार, सम्राट अशोक का धम्म भारतीय इतिहास की एक महत्वपूर्ण विरासत है जो मानवीय मूल्यों, सामाजिक समानता, धार्मिक सहिष्णुता और शांति का संदेश देता है। अशोक ने बौद्ध विचारों को एक व्यापक सामाजिक और नैतिक आधार प्रदान किया। उसका धम्म आज भी समाज में सहिष्णुता, सद्भाव और मानवता की स्थापना के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दृष्टि से अशोक का धम्म न केवल प्राचीन भारत की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि मानवीय सभ्यता के लिए एक स्थायी मूल्यवान विचारधारा भी है।

**पीएच.डी. शोधार्थी**
**दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली**
**ईमेल : lishabagri@gmail.com**

**सन्दर्भ सूची**

1. रोमिला थापर, भारत का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, पृ. 77.
2. उपिंदर सिंह, प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन पब्लिकेशन, पृ. 376.
3. उपिंदर सिंह, प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन पब्लिकेशन, पृ. 377.
4. वही, पृ. 377.
5. वही, पृ. 378.
6. झा और श्रीमाली, प्राचीन भारत का इतिहास, हिंदी माध्यम

कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, पृ.186,

7. रोमिला थापर, भारत का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, पृ. 75-76.
8. उपिंदर सिंह, प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास, पियर्सन पब्लिकेशन, पृ. 380.
9. रोमिला थापर, अशोक एंड द डिक्लाइन ऑफ मौर्या, ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, पृ. 81-136.

**संदर्भ ग्रंथ सूची**


* सिंह, उपिंदर. प्राचीन एवं पूर्व मध्यकालीन भारत का इतिहास. दिल्ली: पियर्सन, 2017.
* थापर, रोमिला. भारत का इतिहास. नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 2012.
* थापर, रोमिला. अशोक एंड द डिक्लाइन ऑफ मौर्या. दिल्ली: ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, 1987.
* झा, द्विजेन्द्र नारायण और कृष्णमोहन श्रीमाली. प्राचीन भारत का इतिहास. दिल्ली: हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, 2010.
* उपाध्याय, आचार्य बलदेव. बौद्ध-दर्शन-मीमांसा. नई दिल्ली: चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस, 2014.
* शर्मा, रामशरण. प्रारंभिक भारत का परिचय. नई दिल्ली: ओरियंट ब्लैकस्वॉन, 2017.
* शर्मा, रामशरण. इंडियाज एंसियंट पास्ट. न्यूयॉर्क: ऑक्सफॉर्ड यनिवर्सिटी प्रेस, 2009
* झा, द्विजेन्द्र नारायण. एन्सिएंट इंडिया इन हिस्टोरिकल आउटलाइन. दिल्ली: मनोहर पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रिब्यूटर्स, 2010.
* भसम, ए.एल. द वंडर दैट वास इंडिया. न्यूयॉर्क: ग्रावे प्रेस, 1959.
* झा. द्विजेन्द्र नारायण. प्राचीन भारत: सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की पड़ताल. दिल्ली: ग्रंथ शिल्पी, 2000.
* भंडारकर, डी.आर. अशोक. दिल्ली: एस. सतीश चन्द्र एंड. कम्पनी, 1923.

Research Paper



# The Dilemma of Post-Colonial Statehood: Democracy and Authoritarianism in South Asia

Shwetank Shukla

## Introduction

The transition from British imperial hegemony to sovereign statehood in South Asia did not merely entail the creation of new borders; it involved the nationalization of colonial administrative, classification, and control mechanisms. Under British rule, political authority was consolidated through territorial mapping, centralized bureaucracy, and the rigid categorization of fluid social identities. When the British exited the subcontinent, the newly independent states of India, Pakistan, Bangladesh, and Myanmar inherited these structural architectures. Instead of dismantling the exclusionary classification systems of the empire, these post-colonial states repurposed them to define the legal, ethnic, and religious contours of their national communities.

Consequently, the democratic experiments in South Asia have been fundamentally shaped by the persistent tension between the universal principles of representative governance and the deeply exclusionary administrative legacies of the colonial state. This structural inheritance transformed citizens into subjects of bureaucratic management, where the apparatuses of policing, sedition laws, and emergency powers originally designed for subjugation became permanent fixtures of post-colonial governance, reinforcing structural inequalities along the lines of caste, class, and ethnicity.

## Conceptualizing the Post-Colonial State and the South Asian Democratic Imagination

The democratic trajectory of the region challenges conventional Western-centric theories of transition, often referred to as transitology, which assert that democratic consolidation is strictly contingent upon socio-economic precursors such as high literacy, low inequality, and pre-existing institutional stability. The experience of South Asia, particularly India, demonstrates that democratic institutions can take root and deepen even in environments characterized by pervasive poverty, ethnic fragmentation, and structural violence. However, while these challenges have not prevented democratic transitions, they have severely strained long-term consolidation. The region presents a distinctive "third way" of combining democratic politics with market reforms. Yet, this model remains highly vulnerable to the dual pressures of majoritarian mobilization and institutional regression, with several states entering cycles of democratic backsliding, military intervention, and executive aggrandizement. The Western paradigm fails to account for how deeply embedded communal ties and subaltern social movements can simultaneously drive high voter participation while bypassing liberal norms, creating an unpredictable landscape where electoral fervor coexists with systemic human rights challenges.

The baseline evaluation carried out by the "State of Democracy in South Asia" (SDSA) project emphasizes that democracy has become part of the "political common sense" of South Asia. It was not merely an anti-colonial project but a modernizing initiative aimed at transforming deeply hierarchical societies. However, the modernization process in South Asia has occurred under conditions of

"compressed modernity," where rapid economic integration and technological changes have strained the social fabric, leaving democratic processes highly vulnerable to institutional capture. This has generated a persistent polarization between liberal democratic objectives and traditional communal perspectives, driving populations that profess exclusive, hierarchical social identities into the fold of authoritarian and majoritarian political movements. By packing centuries of socio-economic evolution into a few volatile decades, this compressed timeline has prevented the organic growth of mediating civic institutions, leaving vulnerable populations susceptible to the appeal of hyper-nationalist rhetoric that promises stability amid rapid economic displacement.

**The Political Economy of Electoral Systems in Democracy**

The root cause of the democratic crises in South Asia is the highly expensive electoral process, which has been subverted by the role of illegally acquired money and localized muscle power. Across the region, political parties spend massive sums on elections, treating these expenditures as investments to be recouped later through state patronage, procurement corruption, and nepotism. This dynamic has replaced the normative democratic goals of devolved authority and transparent governance with embedded cultures of dependency, silence, and bureaucratic corruption. The monetization of politics creates a high entry barrier that blocks authentic grassroots leaders, transforming elections into a high-stakes marketplace where policy formulation is bartered for corporate campaign financing and the loyalty of local political syndicates.

Furthermore, while South Asia historically produced some of the world's first elected female Heads of State—such as Sirimavo Bandaranaike in Ceylon/Sri Lanka and Indira Gandhi in India—the region has failed to build sustainable pathways for female political empowerment. Women currently occupy less than 8 percent of leadership positions in policymaking circles, highlighting a structural exclusion that limits the representational legitimacy of South Asian legislatures. This representational gap is deeply tied to the "political centrality of cities" in South Asia, where a stark contrast exists between the weakness of local governments as a tier of authority and their rising significance as sites of capital accumulation. Municipal bodies are structurally marginalized by regional and national political arenas, leaving them incapable of driving urban change or delivering equitable public services. Consequently, local democracy has had to function under highly volatile conditions, operating under both fragile democratic regimes and outright military or monarchical autocracies. This institutional weakness has turned South Asian cities into primary sites of populist mobilization and struggle over resources. The hyper-concentration of wealth in urban spaces has decoupled economic development from social welfare, turning metropolitan centers into battlegrounds where political elites exploit disenfranchised migrant populations, leaving local municipal bodies toothless and dependent on central state funding.

**1. The Jana Andolan (People's Movements) in the Streets of Kathmandu**

These historic, multi-party mass mobilizations successfully dismantled centuries of absolute monarchical rule in Nepal. By occupying public spaces and defying royal curfews, the collective action of citizens forced the abdication of the monarchy and paved the way for a progressive secular federal republic. This shift underscored the capacity of street-level popular sovereignty to completely overhaul entrenched constitutional arrangements.

**2. The Massive Political Rallies of Benazir Bhutto in Lahore**

These historic gatherings represented a powerful civilian challenge to Pakistan's deeply entrenched military regimes. By mobilizing millions of working-class citizens, these historic rallies demonstrated the resilient democratic desire of the population. They weaponized the public sphere as a counter-weight to the praetorian state, forcing military dictators to repeatedly yield to electoral processes.

**3. The Anti-Corruption Campaigns Led by Anna Hazare in Delhi 2013**

This massive middle-class mobilization channeled public anger against systemic political corruption and corporate cronyism. Operating under the banner of the "India Against Corruption" movement, this campaign paralyzed the federal capital and captured the national consciousness. It effectively illustrated


Peer Reviewed Refereed Journal • ISSN : 2456-0898

how civil society could leverage anti-elite sentiment to upend established electoral coalitions and force transparency reforms onto the legislative agenda.

**4. The Violent Localized Assertions over Resources and Migration, such as the Shiv Sena's Campaigns in Mumbai**

These nativist mobilizations weaponized identity-based grievances to control urban resources, jobs, and political power. By framing demographic shifts and migration as economic threats to native residents, these campaigns successfully manipulated urban anxieties. The resulting dynamics transformed a cosmopolitan economic center into a polarized space where access to state patronage was strictly policed along linguistic and regional lines.

**India: The Secular Republic**

